In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

धन्वन्तरिनिघण्टुः

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अथ धन्वन्तरिनिघण्टुः

नमामि धन्वन्तरिमादिदेवं सुरासुरैर्वन्दितपादपद्मम् ।
लोके जरारुग्भयमृत्युनाशं धातारमीशं विविधौषधीनाम् ॥ १ ॥

आदिदेव, सुरों तथा असुरों से वन्दित, लोक में जरा (वार्धक्य), रोग, भय और मृत्यु को नष्ट करने वाले, जगत् के पालक तथा विविध औषधियों के स्वामी भगवान् धन्वन्तरि को नमस्कार करता हूँ ॥ १ ॥

अनेकदेशान्तरभाषितेषु सर्वेष्वथ प्राकृतसंस्कृतेषु ।
गूढेष्वगूढेषु च नास्ति संख्या द्रव्याभिधानेषु तथौषधीषु ॥ २ ॥
प्रयोजनं यस्य तु यावदेव तावत्स गृह्णाति यथाऽम्बु कूपात् ।
तथा निघण्टाम्बुनिधेरनन्ताद् गृह्णाम्यहं किञ्चिदिहैकदेशम् ॥ ३ ॥

अनेक देश-देशान्तरों की भाषा तथा प्राकृत एवं संस्कृत भाषाओं में प्रचलित और अप्रचलित औषधद्रव्यों तथा उनके नाम असंख्य हैं। अतः इस अगाध राशि से मनुष्य उतना ही ग्रहण करता है जितना उसे अभीष्ट होता है जैसे कुएँ में जल अधिक होने पर भी आवश्यकतानुसार ही लोग उससे जल ग्रहण करते हैं। उसी प्रकार अनन्त निघण्टुरूपी समुद्र से एक अंश लेकर मैं यहाँ प्रस्तुत कर रहा हूँ ॥ २–३ ॥

नामोक्तमेकस्य यदौषधस्य नामापरस्यापि तदेव चोक्तम् ।
शास्त्रेषु लोकेषु च यत् प्रसिद्धं न गृह्यतेऽसौ पुनरुक्तदोषः ॥ ४ ॥

एक औषध का जो नाम है वही दूसरी औषध का भी कहा गया है। शास्त्र और लोक में इस प्रकार प्रचलित होने के कारण इसे पुनरुक्त दोष नही मानते ॥४॥

तुल्याभिधानानि तु यानि शिष्टैर्द्रव्याणि योगे विनिवेशितानि ।
अर्थाधिकारागमसम्प्रदायैर्विभज्य तर्केण च तानि युञ्ज्यात् ॥ ५ ॥

आचार्यों ने एक नाम वाले जिन द्रव्यों का उल्लेख योगों में किया है उनके सम्बन्ध में प्रयोजन, अधिकार, सम्प्रदाय और परम्परा तथा तर्क के आधार पर निर्णय करें ॥ ५ ॥

किरातगोपालकतापसाद्या वनेचरास्तत्कुशलास्तथाऽन्ये ।
विदन्ति नानाविधभेषजानां प्रमाणवर्णाकृतिनामजातीः ॥ ६ ॥

किरात (एक वन्य जाति), गौ चराने वाले, तपस्वी आदि वनवासी तथा वनौषधियों के जानकार व्यक्ति विविध औषधद्रव्यों के प्रमाण (ऊँचाई आदि), वर्ण, आकृति (स्वरूप), नाम और जातियों की जानकारी रखते हैं ॥ ६ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

तेभ्यः सकाशादुपलभ्य वैद्यः पश्चाच्च शास्त्रेषु विमृश्य बुद्ध्या ।
विकल्पयेद् द्रव्यरसप्रभावान् विपाकवीर्याणि तथा प्रयोगात् ॥ ७ ॥

वैद्य सर्वप्रथम उनसे द्रव्यों के सम्बन्ध में उपर्युक्त जानकारी प्राप्त करे, तत्पश्चात् शास्त्रानुसार तथा अपनी बुद्धि से विचार कर उनके रस, विपाक, वीर्य और प्रभाव—इनका निर्धारण करें तथा प्रयोग से उनकी सम्पुष्टि करें ॥ ७ ॥

प्रायो जनाः सन्ति वनेचरास्ते गोपादयः प्राकृतनामसंज्ञाः ।
प्रयोजनार्था वचनप्रवृत्ति र्यस्मात्ततः प्राकृतमित्यदोषः ॥ ८ ॥

प्रायः वनों में रहने वाले एवं गौ चराने वाले आदि वनौषधियों के प्राकृत (स्थानीय) नाम का प्रयोग करते हैं। व्यवहार की सिद्धि के लिये भाषा का प्रयोग होता है अतएव प्राकृत होना उसका दोष नहीं है ॥ ८ ॥

एकं तु नाम प्रथितं बहूनामेकस्य नामानि तथा बहूनि ।
द्रव्यस्य जात्याकृतिवर्णवीर्यरसप्रभावादिगुणैर्भवन्ति ॥ ९ ॥

एक ही नाम अनेक द्रव्यों के हैं, तथा एक द्रव्य के अनेक नाम हैं। इसका आधार द्रव्यों की जाति, आकृति (स्वरूप), वर्ण, वीर्य, रस प्रभाव आदि गुण होते हैं ॥९॥

नाम श्रुतं केनचिदेकमेव तेनैव जानाति स भेषजं तु ।
अन्यस्तथाऽन्येन तु वेत्ति नाम्ना तदेव चान्योऽथ परेण कश्चित् ॥ १० ॥

कोई व्यक्ति एक ही नाम सुनकर उसी से औषध को जानता है, दूसरा व्यक्ति दूसरे नाम से तथा तीसरा व्यक्ति तीसरे नाम से जानता है ॥ १० ॥

बहून्यतः प्राकृतसंस्कृतानि नामानि विज्ञाय बहूँश्च पृष्ट्वा ।
दृष्ट्वा च संस्पृश्य च जातिलिङ्गैर्विद्याद्भिषग्भेषजमादरेण ॥ ११ ॥

अतः द्रव्यों के अनेक प्राकृत एवं संस्कृत नामों को जानकर तथा विशेषज्ञों से पूछकर, देख कर एवं स्पर्श कर जातिगत लक्षणों के आधार पर वैद्य सावधानी से औषध का ज्ञान प्राप्त करे ॥ ११ ॥

गोपालास्तापसा व्याधा ये चान्ये वनचारिणः ।
मूलाहाराश्च ये तेभ्यो भेषजव्यक्तिरिष्यते ॥ १२ ॥

गौ चराने वाले, तपस्वी, शिकारी अन्य जंगली आदिवासी तथा मूल आदि का आहार करने वाले अन्य व्यक्तियों से जानकारी करनी चाहिये ॥ १२ ॥

अनामविन्मोहमुपैति वैद्यो न वेत्ति पश्यन्नपि भेषजानि ।
क्रियाक्रमो भेषजमूलमेव तद् भेषजं चापि निघण्टुमूलम् ॥ १३ ॥

बिना नामों के जाने वैद्य भ्रान्त हो जाता है और औषधों को देखते हुए भी

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पहचान नहीं पाता। चिकित्सा औषध पर ही निर्भर होती है और औषध (के ज्ञान का) मूल (स्रोत) निघण्टु है ॥ १३ ॥

तस्मान्निघण्टुरित्येष नातिसंक्षेपविस्तरः ।
हिताय वैद्यपुत्राणां यथावत् संप्रकाश्यते ॥ १४ ॥

इस कारण यह निघण्टु न अति संक्षिप्त और न अधिक विस्तृत वैद्यपुत्रों (परंपरागत वैद्यों) के हितार्थ प्रकाशित किया जा रहा है ॥ १४ ॥

द्रव्यावलिं विना वैद्यास्ते वैद्या हास्यभाजनम् ।
द्रव्यावलि(ल्य)भिधानानां तृतीयमिव लोचनम् ॥ १५ ॥
द्रव्यावलिनिविष्टानां द्रव्याणां नामनिर्णयम् ।
लोकप्रसिद्धं वक्ष्यामि यथागमपरिस्फुटम् ॥ १६ ॥

द्रव्यावलि (के ज्ञान) के बिना वैद्य हास्य का पात्र होता है क्योंकि यह औषध नामों के लिये तृतीय नेत्र के समान है। द्रव्यावलि में समाविष्ट द्रव्यों का नाम-निर्धारण कहूँगा जो लोक प्रसिद्ध एवं शास्त्रानुमोदित हैं ॥ १५-१६ ॥

अनन्तपारस्य निगृह्य किंचित्सारं चिकित्सागमसागरस्य ।
उक्तो मया संप्रति कल्पयोगाद्द्रव्यावलीनामसमुच्चयोऽयम् ॥ १७ ॥

अपार चिकित्साशास्त्र के समुद्र से किंचित् सारभाग लेकर कल्पों में उपयोगी यह द्रव्यावलि नामक नाम का संग्रह मैंने कहा है ॥ १७ ॥

विचार्य दोषौषधदेशकालं वपुर्वयः सात्म्यबलाग्निमात्रम् ।
विकारहेत्वाकृतिसाध्यताश्च ततश्चिकित्सेद्भिषगामयार्तिम् ॥ १८ ॥

दोष, औषध, देश, काल, शरीर, आयु, सात्म्य, बल एवं अग्नि की मात्रा, संप्राप्ति, कारण, लक्षण और साध्यासाधता का विचार कर वैद्य रोग की चिकित्सा करे ॥ १८ ॥

ज्वराभिभूते षडहे व्यतीते विपक्वदोषे कृतलङ्घनाद्यैः ।
यद्भेषजं वैद्यवरप्रयुक्तं निःसंशयं हन्त्यचिरेण रोगान् ॥ १९ ॥

ज्वर के रोगी में ६ दिन बीतने पर लंघन आदि से दोषों का पाचन होने पर वैद्य द्वारा जो औषध प्रयुक्त होती है वह निश्चित रूप से शीघ्र रोगों को नष्ट कर देती है ॥ १९ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अथ गणद्रव्यावलिः

तत्राऽऽदौ गुडूच्यादिः प्रथमो वर्गः

गुडूच्यतिविषामूर्वामञ्जिष्ठाधन्वयासकैः ।
वासाखदिरनिम्बैश्च पिबेत्क्वाथं तु वातिके ॥ १ ॥
किराततिक्तकटुकामुस्तापर्पटकाम्बुभिः ।
पटोलद्विनिशाभ्यां च पिबेत्क्वाथं तु पैत्तिके ॥ २ ॥
शटीपुष्करभार्गीभिः पाठाकट्फलदारुभिः ।
कत्तृणेनाथ शृङ्ग्या च पिबेत्क्वाथं कफज्वरे ॥ ३ ॥

वातहर गण—गिलोय, अतीस, मूर्वा, मञ्जिष्ठा धन्वयास (धमासा), वासा, खदिर और निम्ब इन द्रव्यों का क्वाथ वातिक ज्वर में प्रयोग करे ।

पित्तहर गण—चिरायता, कुटकी, नागरमोथा पित्तपापड़ा, ह्रीवेर, पटोल, हल्दी और दारुहल्दी इन द्रव्यों का क्वाथ पैत्तिक ज्वर में प्रयोग करे ।

कफहर गण—कपूरकचरी, पुष्करमूल, भारंगी, पाठा, कायफल, देवदारु, कत्तृण और ककड़ासिंगी इन द्रव्यों का क्वाथ कफज्वर में प्रयुक्त होता है ॥ १–३ ॥

पर्ण्यौ बृहत्यौ गोकण्टो बिल्वोऽग्निमन्थनोऽरलुः ।
काश्मर्यः पाटला चेति संनिपातहरो गणः ॥ ४ ॥

संनिपातहर गण—शालपर्णी, पृश्निपर्णी, बृहती, कंटकारी, गोक्षुर (लघुपञ्चमूल), बिल्व, अरणी, श्योनाक, गम्भारी और पाटला (बृहत् पञ्चमूल) यह (दशमूल) संनिपातहर गण कहलाता है ॥ ४ ॥

जीवकर्षभकौ मेदे काकोल्यौ द्वे च योजिते ।
द्वे सुपर्ण्यौ च जीवन्ती मधुकं रक्तपित्तनुत् ॥ ५ ॥
(रक्तपित्तहरो वृष्यो मधुरोऽयं गणः स्मृतः)

मधुरगण—जीवक, ऋषभक, मेदा, महामेदा काकोली, क्षीरकाकोली माषपर्णी, मुद्गपर्णी, जीवन्ती और यष्टीमधु ये द्रव्य मिलकर मधुरगण कहलाते हैं ॥ ५ ॥

ऋद्धिर्विदार्यात्मगुप्ता शितिवाराश्मभेदकौ ।
श्रावण्यौ सारिवे चोभे बाकुची रक्तवातनुत् ॥ ६ ॥

रक्तवातहर गण—ऋद्धि, विदारी, कपिकच्छू, शितिवार, पाषाणभेद,

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

श्रावणी (मुण्डी), महाश्रावणी (महामुण्डी) दोनों सारिवा और बाकुची ये द्रव्य वातरक्त को नष्ट करते हैं ॥ ६ ॥

मदनेक्ष्वाकुजीमूतत्रपुसं कृतवेधनम् ।
धामार्गवोऽश्मन्तकश्च कोविदारो विषाणिकः ॥ ७ ॥

शणपुष्पी तथा बिम्बी स्नेहस्वेदवतां ततः ।
श्रेष्ठमेतत्प्रयोक्तव्यं वमनं श्लेष्मरोगिणाम् ॥ ८ ॥

वमन गण—मदनफल, कटुतुम्बी, देबदाली, खीरा, कड़वी तरोई, कड़वी नेनुआ, अश्मन्तक, कोविदार, कर्कटशृंगी, शणपुष्पी और कुन्दरु श्रेष्ठ वमनगण है। इसका प्रयोग स्नेहन, स्वेदन के बाद कफज विकारों में करना चाहिये।

त्रिफलाऽऽरग्वधो दन्ती द्रवन्ती नीलिनी सुधा ।
सप्तला काञ्चनक्षीरी त्रिवृता चेन्द्रवारुणी ॥ ९ ॥

विशाला त्रायमाणा च शङ्खिन्यङ्कोल एव च ।
श्रेष्ठं पित्तविकारेषु योज्यमेतद् विरेचनम् ॥ १० ॥

विरेचन गण—त्रिफला (हरीतकी, बिभीतक, आमलकी), अमलतास, दन्ती, द्रवन्ती, नीलिनी, सेहुण्ड, सातला, स्वर्णक्षीरी, त्रिवृत् , इन्द्रायण, बड़ी इन्द्रायण, त्रायमाणा, शंखिनी और अंकोल सर्वोत्तम विरेचन द्रव्य हैं। इनका प्रयोग पैत्तिक रोगों में करना चाहिये ॥ ९–१० ॥

अपामार्गस्तेजवती तथा ज्योतिष्मतीफलम् ।
योज्यं नस्यं कृमिव्याधौ शिरोरोगे च पीनसे ॥ ११ ॥

शिरोविरेचन गण—अपामार्ग, तेजबल तथा ज्योतिष्मती के बीज का नस्य उत्तम शिरोविरेचन है। इनका प्रयोग शिरोरोग, कृमिरोग और पीनस में करना चाहिये ॥ ११ ॥

रास्नाऽश्वगन्धा वर्षाभूस्तथा सहचरो बला ।
प्रसारणीशतावर्यावरेण्डश्चापि सर्वतः ॥ १२ ॥
आस्थापनं कल्पमेतैस्तथा वातानुलोमनम् ।
तैलं कषायपिष्टैश्च गोक्षीरैः साधितं जयेत् ॥ १३ ॥
वातशोणितमर्शांसि ज्वरमुन्मादमर्दितम् ।
कट्यूरुपार्श्वपृष्ठार्ति शोषं शोफं सवेपथुम् ॥ १४ ॥

आस्थापन गण—रास्ना, अश्वगन्धा, पुनर्नवा, सैरेयक, बला (खिरैटी), प्रसारिणी, शताबरी एवं महाशतावरी और एरण्ड ये प्रमुख आस्थापन तथा वातानुलोमक है। इन द्रव्यों के क्वाथ, कल्क तथा गोदुग्ध से सिद्ध तैल-वातरक्त,

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अर्श, ज्वर, उन्माद, अर्दित एवं कटी, ऊरु, पार्श्व तथा पृष्ठ की पीड़ा शोष, शोथ तथा कम्पन में उपयोगी होता है ॥ १२–१४ ॥

गुडूच्यादिरयं वर्गः प्रथमः परिकीर्तितः ।
ऊर्ध्वाधोदोषहरणः सर्वामयविनाशनः ॥ १५ ॥

इति गुडूच्यादिः प्रथमो वर्गः ।

यह प्रथम गुडूच्यादि वर्ग कहा गया है। यह उर्ध्व एवं अधोभाग से दोषों को दूर करने वाला तथा समस्त रोगों को नष्ट करने वाला है ॥ १५ ॥

अथ शतपुष्पादिर्द्वितीयो वर्गः

शतपुष्पा मिशिर्वचा हपुषा क्रिमिहा तथा ।
सवत्सकश्चेन्द्रयवा त्रिक्षारा लवणानि च ॥ १ ॥
हिङ्गुर्हिङ्गुशिवाटी च तुम्बरुत्वक्फलानि च ।
एभिः सुसाधितं सर्पिः पयसा योनिदोषनुत् ॥ २ ॥
मूत्रकृच्छ्रार्तिशूलघ्नं वन्ध्यानामपि गर्भदम् ।
ग्रहण्यर्शःपाण्डुरोगप्लीहगुल्मोदरापहम् ॥ ३ ॥

सोया, सौंफ, वचा, हाऊबेर, बायबिडंग, कुटज, इन्द्रयव, तीनों क्षार (यवक्षार, सज्जीक्षार और टंकण), पाँचो नमक, हींग, हिंगुशिवाटिका, तेजबल की छाल और फल इनसे सिद्ध गोदुग्ध के साथ घृत का प्रयोग योनिव्यापद्, मूत्रकृच्छ्र तथा मूत्रगत शूल को नष्ट करता है। यह वन्ध्यत्व को दूर कर गर्भस्थापन करता है तथा ग्रहणी, अर्श, पाण्डुरोग, प्लीहाभिवृद्धि और उदररोग को नष्ट करता है ॥ १–३ ॥

सूक्ष्मैला केसरं त्वक् च पत्रं तालीसकं तुगा ।
पृथ्वीका दाडिमं धान्यं जीरकं च द्विकार्षिकम् ॥ ४ ॥
पिप्पली पिप्पलीमूलं चव्यचित्रकनागरम् ।
मरीचं दीप्यकं चैव वृक्षाम्लं साम्लवेतसम् ॥ ५ ॥
अजमोदाजगन्धे च दधित्थं चेति कार्षिकम् ।
प्रदेयमिह शुद्धायाः शर्करायाश्चतुष्पलम् ॥ ६ ॥
चूर्णमग्निप्रदं नाम परमं रुचिवर्धनम् ।
प्लीहाकासामयार्शांसि श्वासं शूलं ज्वरं वमिम् ॥ ७ ॥
निहन्ति दीपयत्यग्निं बलवर्णकरं परम् ।
वातानुलोमनं हृद्यं कण्ठजिह्वाविशोधनम् ॥ ८ ॥

छोटी इलायची, नागकेशर, दालचीनी, तेजपत्र, तालिसपत्र, वंशलोचन, कलौंजी, अनारदाना, धनियाँ, सफेद जीरा ये २० ग्राम; पीपर, पिपरामूल, चव्य, चित्रक,

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सोंठ, अजवायन, वृक्षाम्ल, अम्लवेतस, अजमोदा, अजगन्धा और कपित्थ प्रत्येक १० ग्राम, चीनी १६० ग्राम इन सबका चूर्ण बना लें। यह अग्निप्रद नामक चूर्ण रुचिवर्धक, प्लीहा, कास, अर्श, श्वास, शूल, ज्वर एवं वमन को नष्ट करने वाला; वातानुलोमक, हृदय के लिये हितकर, कण्ठ एवं जिह्वा का विशोधक है ॥ ४–८ ॥

शतपुष्पादिको वर्गो द्वितीयः परिकीर्तितः।
कायाग्निदीपनो बल्यो वक्त्रसौगन्ध्यतीक्ष्णकृत् ॥ ९ ॥

इति शतपुष्पादिर्द्वितीयो वर्गः।

यह द्वितीय शतपुष्पादि वर्ग कहा गया। यह अग्निदीपक, बलवर्धक तथा मुख को तीव्र सुगन्धित करने वाला है ॥ ९ ॥

अथ चन्दनादिस्तृतीयो वर्गः

चन्दनं कुङ्कुमोशीरं प्रियङ्गुस्तुणिरोचना।
तुरुष्कागरुकस्तूर्यः कर्पूरो जातिपत्रिका ॥ १ ॥
जातिकक्कोलपूगानां लवङ्गस्य फलानि च।
नलिका नलदं कुष्ठं हरेणुस्तगरं प्लवम् ॥ २ ॥
नखं व्याघ्रनखं स्पृक्का बोलो दमनकं मुरा।
स्थौणेयकं चोरकं च शैलेयं त्वेलवालुकम् ॥ ३ ॥
सरलं सप्तपर्णं च लाक्षा तामलकी तथा।
लामज्जकं पद्मकं च धातक्याः कुसुमानि च ॥ ४ ॥
प्रपौण्डरीकं कर्चूरं समांशैः सममात्रिकैः।
महासुगन्धमित्येतत् प्रस्थं तैलस्य साधयेत् ॥ ५ ॥
प्रस्वेदमलदौर्गन्ध्यकण्डुकुष्ठहरं परम्।
अनेनाभ्यक्तगात्रस्तु वृद्धः सप्ततिकोऽपि वा ॥ ६ ॥
युवा भवति शुक्राढ्यः स्त्रीणामत्यन्तवल्लभः।
सुभगो दर्शनीयश्च गच्छेच्च प्रमदाशतम् ॥ ७ ॥
वन्ध्याऽपि लभते गर्भं षण्ढोऽपि पुरुषायते।
अपुत्रः पुत्रमाप्नोति जीवेच्च शरदां शतम् ॥ ८ ॥

चन्दन, केशर, खस, प्रियङ्गु, तून, गोरोचन, शिलारस, अगर, कस्तूरी, कपूर, जावित्री, जायफल, शीतलचीनी, सुपारी, लौंग, नलिका, जटामांसी, कूट, हरेणु, तगर, केवटीमोथा, नख और व्याघ्रनख, असबर्ग, हीराबोल, दमनक, मुरामांसी, थुनेर, चोरा, छरीला, एलवालुक, चीड़, सतवन, लाह, भुंई आमला, लामज्जक, पदुमकाठ, धाय के फूल, पुण्डरिया काठ और कचूर इन्हें प्रत्येक समभाग लेकर

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

६४० मि. लि. तिलतैल यथाविधि सिद्ध करे। यह महासुगन्ध नामक तैल स्वेदाधिक्य, दुर्गन्ध, कण्डू-कुष्ठ को नष्ट करता है। इसके अभ्यङ्ग से सत्तर वर्ष के वृद्ध भी युवा के समान प्रचुर शुक्रयुक्त तथा स्त्रियों के अत्यन्त प्रिय हो जाते हैं। ऐसा सुन्दर एवं दर्शनीय व्यक्ति सौ स्त्रियों के साथ रमण करता है। इसके प्रयोग से वन्ध्या स्त्री भी गर्भ, षण्ढ भी पुरुषत्व एवं पुत्रहीन भी पुत्र प्राप्त करता है तथा सौ वर्षों तक जीवित रहता है॥ १–८॥

मनःशिला ससिन्दूरं सौराष्ट्री गन्धकद्वयम्।
ससिक्थकः सर्जरसः कासीसं पुरकुन्दरु॥ ९॥
श्याह्वः सल्लकि कम्पिल्लं सकङ्कुष्ठमरुष्करम्।
एभिर्गोमूत्रसंसिद्धं कटुतैलं विपाचयेत्॥ १०॥
पामाविचर्चिकादद्रूकण्डूकुष्ठक्रिमिव्रणान्।
अभ्यङ्गान्नाशयत्येव नाम्ना विद्रावणं मतम्॥ ११॥

मैनसिल, सिन्दूर, मुलतानी मिट्टी, दोनों प्रकार का गन्धक, मोम, राल, कासीस, गुग्गुल, कुन्दरु, गन्धाविरोजा, शल्लकी, कबीला, कंकुष्ठ और भल्लातक इन सभी से गोमूत्र के साथ सरसो के तैल का यथाविधि पाक कर तैल सिद्ध कर ले। यह विद्रावण नाम का तैल है। इसके अभ्यङ्ग से पामा, विचर्चिका, दद्रु, कण्डू कुष्ठ, क्रिमिरोग और व्रण नष्ट हो जाते हैं॥ ९–११॥

तुत्थं तु ताप्याञ्जनधातुफेनैश्चक्षुष्यरीतीकतरोध्रशङ्खैः।
नेत्राञ्जनं काचमलार्तिकण्डूरुग्दाहतैमिर्यहरं परं च॥ १२॥

तुतिया, सोनामाखी, अञ्जन, गैरिक, समुद्रफेन, चाकसू, रीतिपुष्प (पुष्पाञ्जन), निर्मलीबीज, लोध और शंख इन द्रव्यों से बना नेत्राञ्जन काच, नेत्रगत मल, पीड़ा, कण्डू, दाह और तिमिर को नष्ट करता है॥ १२॥

चन्दनादिरयं वर्गस्तृतीयः परिकीर्तितः।
श्रीमतां भोगिनामर्हः प्रायो गन्धगुणाश्रयः॥ १३॥

इति चन्दनादिस्तृतीयो वर्गः।

यह तृतीय चन्दनादि वर्ग कहा गया। इस वर्ग में प्रायः गन्ध द्रव्यों का उल्लेख किया गया है और यह धनवान भोगियों के लिए सेवन योग्य है॥ १३॥

अथ करवीरादिश्चतुर्थो वर्गः

करवीरस्त्वेडगजो धतूरो लाङ्गली तथा।
भृङ्गार्कपुष्पकाकाह्वा मूलकं शिग्रुसर्षपौ॥ १॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

भूतिः सुरसजम्बीरं कुठेरः सुमुखासुरी।
एभिः सुतक्रसौवीरैर्दद्रुमण्डलतां जयेत् ॥ २ ॥
सिध्मातिपामापिटकाकृमिकुष्ठानि नाशयेत्।
एभिः गोमूत्रसंसिद्धं कटुतैलं विपाचयेत् ॥ ३ ॥

कनेर, चकवड़, धत्तूर, कलिहारी, भृङ्गराज, मदार के पुष्प, काकमाची, मूली, सहिजन, सर्षप, भूस्तृण, तुलसी, गन्धतृण, कुठेर, सुमुख और राई इन सब द्रव्यों को तक्र और सौवीर में पीस कर उद्वर्त्तन (उबटन) करने से दाद, सिध्म, पामा, पिटका, कृमि और कुष्ठ नष्ट होते हैं। इनसे गोमूत्र के साथ भी कटुतैल का पाक कर उसका भी उपर्युक्त रोगों में अभ्यंग करे ॥ १–३ ॥

काण्डीरजलपिप्पल्यौ रसोनो गृञ्जनं तथा।
पलाण्डुर्दुर्द्रुमश्चैव योज्यं कृमिविनाशनम् ॥ ४ ॥

देवकांडर, जलपिप्पली, रसोन, एकपुत्तिया लहसुन, पलाण्डु (प्याज) और दुर्द्रुम (पलाण्डुभेद) ये द्रव्य कृमिनाशन के लिए उपयोगी हैं ॥ ४ ॥

कदली सिन्दुवारश्च निर्गुण्डी गिरिकर्णिका।
जन्तुकारा च पद्मा च वाराही मांसरोहिणी ॥ ५ ॥
नन्दाकाऽऽदित्यकान्ता च नाकुल्यौ वृद्धदारुकः।
रक्तपाद्यौ शङ्खपुष्पी तण्डुली कासमर्दकः ॥ ६ ॥
पिष्टैस्तु बस्तमूत्रेण योज्यमेतद् गदे ज्वरे।
नस्ये धूमप्रयोगेषु सर्वभूतग्रहापहम् ॥ ७ ॥
उन्मादमोहज्वरकृच्छ्रलूता
जलाग्निचोरोरगवृश्चिकादीन्।
उपद्रवानेष विषाणि हन्ति
स कृत्रिमस्थावरजङ्गमानि ॥ ८ ॥

केला, सिन्दुवार, निर्गुण्डी (मेउड़ी), अपराजिता, जन्तुकारा, भार्ङ्गी, वाराहीकन्द, मांसरोहिणी, बान्दा, सूर्यकान्ता, नाकुली, गन्धनाकुली, विधारा, दोनों रक्तपादी, शंखपुष्पी, चौलाई और कासमर्द इन द्रव्यों को बकरे के मूत्र से पीस कर नस्य या धूम के रूप में उपयोग करना चाहिये। यह ग्रहदोष, ज्वर तथा समस्त भूतों और ग्रहों को नष्ट करने वाला है। यह उन्माद, मूर्च्छा, ज्वर, मूत्रकृच्छ्र, लूताविष, जल, अग्नि, चोर, सर्प, बिच्छू के कारण उत्पन्न उपद्रवों तथा विविध कृत्रिम स्थावर तथा जंगम विषों को नष्ट करता है ॥ ५–८ ॥

इक्षवस्त्रिविधाः काशो दर्भौ द्वौ च शरस्तथा।
वंशो नलश्च दूर्वा च श्वेतनीलारुणोत्पलम् ॥ ९ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पद्मिनी पद्मबीजं च मृणालं मूलकेशरम्।
एतद्धि रक्तपित्तोत्थे विकारे परमं हितम्॥ १०॥

तीनों प्रकार के ईख, काश, दर्भ, कुश, सरपत, बाँस, नरकट, दूर्वा, सफेद, नील तथा रक्त कुमुद, कमल, कमलगट्टा, कमलनाल और कमलकेशर ये द्रव्य रक्तपित्तजन्य विकार में परम हितकर हैं॥ ९–१०॥

करवीरादिको वर्गश्चतुर्थः समुदाहृतः।
नानाव्याधिप्रशमनो नानाद्रव्यसमाश्रयः॥ ११॥

इति करवीरादिश्चतुर्थो वर्गः।

यह चतुर्थ करवीरादि वर्ग कहा गया। यह नाना प्रकार के व्याधियों को दूर करने वाला विविध द्रव्यों का समूह है॥ ११॥

अथाऽऽम्रादिः पञ्चमो वर्गः

आम्राम्रातकजम्बीरं नारङ्गं बीजपूरकम्।
अम्लिकारुकभव्यानि तिन्दुकश्च विकङ्कतम्॥ १॥
मधूकं पीलु खर्जूरं द्राक्षाक्षोडपरुषकम्।
तूदं पालेवतं तालं प्रियालं नारिकेलकम्॥ २॥
वटाश्वत्थप्लक्षजम्बूदुम्बरं फल्गु क्षीरिणी।
श्लेष्मातकः शमी कोलं करीरं करमर्दकम्॥ ३॥
एषां फलानि हृद्यानि यथाकालर्तुकानि च।
समाहृत्य प्रयोज्यानि बलवर्णाग्निवृद्धये॥ ४॥

फल वर्ग—आम, आमड़ा, जम्बीरी नीबू, नारंगी, बिजौरा नींबू, इमली, आड़ू, चालता, गाभ, विकंकत, महुआ, पीलु, खजूर, अंगूर, अखरोट, फालसा, तूत, पालेवत, ताल, चिरौंजी, नारियल, बरगद, पीपल, पाकड़, जामुन, गूलर, अञ्जीर, खिरनी, लसोड़ा, शमी, बैर, करीर और करौंदा इनके फल रुचिकारक एवं हृदय के लिए हितकर हैं। ऋतु एवं काल के अनुसार जो उपलब्ध हो उनका उपयोग बल, वर्ण तथा अग्नि को बढ़ाने के लिए करना चाहिये॥ १–४॥

कदम्बौ द्वौ करञ्जौ च शिरीषार्जुनवेतसाः।
वरुणः शिंशपा सर्जः शाल्मली मुष्ककोऽरिमः॥ ५॥
एषां पयः प्रपिष्टानि वल्कलानि च योजयेत्।
विसर्पव्रणरुग्दाहशोफार्तानां प्रशान्तये॥ ६॥

दोनों कदम्ब, दोनों करंज, शिरीष, अर्जुन, वेतस, वरुण, शिंशपा, साज, सेमल,

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

मोखा, इरिमेद इन द्रव्यों की छाल जल से पीस कर लेप करे। इससे विसर्प, व्रण, दाह, शोफ तथा पीड़ा नष्ट हो जाती है ॥ ५–६ ॥

मल्लिका वार्षिकी जाती वासन्ती ग्रैष्मचम्पकाः ।
तरुण्यौ यूथिका कुन्दशतपत्रातिमुक्तकाः ॥ ७ ॥
बकुलः किंकिरातश्च तिलकाशोककिंशुकाः ।
पुष्पाण्येतानि धार्याणि हृद्यसौगन्ध्यमिच्छता ॥ ८ ॥

पुष्पवर्ग—बेला, चमेली, वर्षा वसन्त तथा ग्रीष्म में फूलने वाली बेला, चम्पा, तरुणी, रामतरुणी, जुही, कुन्द, सेवती गुलाब, माधवी, मौलसिरी, किङ्किरात, तिलक, अशोक और पलाश के पुष्प मनोहर सुगन्ध चाहने वाले व्यक्ति धारण करे ॥ ७–८ ॥

आम्रादिरयमुद्दिष्टो वर्गः श्रेष्ठस्तु पञ्चमः ।
हर्षणो गन्धसौरभ्यफलत्वक्पुष्पसंश्रयः ॥ ९ ॥

यह श्रेष्ठ पञ्चम वर्ग कहा गया। इस वर्ग में प्रीतिकर सुगन्ध, फल, त्वक् तथा पुष्प वाले द्रव्यों का वर्णन है ॥ ९ ॥

अथ सुवर्णादिः षष्ठो वर्गः

सुवर्णरौप्यताम्राणि त्रपु रीतिश्च सीसकम् ।
कांस्यं लौहं च योज्यानि गरदोषप्रशान्तये ॥ १ ॥

सोना, चाँदी, ताँबा, राँगा, पीतल, सीसा, काँसा और लोहा ये धातु विषविकार को नष्ट करते है ॥ १ ।

रसवैक्रान्तगारुत्मं हीरमुक्ताप्रवालकम् ।
क्षयं पाण्डुमतीसारं गरलादि विषं जयेत् ॥ २ ॥

पारद, वैक्रान्त, पन्ना, हीरा, मोती, मूंगा ये क्षय, पाण्डुरोग अतिसार और विषविकार को नष्ट करते हैं ॥ २ ॥

शालिव्रीहियवा मुद्गा राजमाषाश्च कोद्रवाः ।
नीवारश्यामकौ कङ्गुर्वनमुद्गाढकी तथा ॥ ३ ॥
श्लेष्मपित्तहरा ह्येताः शीतलाः शुक्रला अपि ।
तद्वन्मसूरिकां हन्ति मसूरीं ग्रहणीं तथा ॥ ४ ॥

शालिधान्य, व्रीहिधान्य, यव, मूंग, राजमाष, कोदो, नीवार, साँवा, कङ्गुनी, वनमूंग और अरहर ये धान्य कफपित्तहर, शीतवीर्य तथा शुक्रवर्धक हैं। इन्हीं के समानगुण मसूर है जो विशेषतः मसूरिका तथा ग्रहणी के लिये हितकर है ॥ ३–४ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गोधूमधान्यमाषाद्याः विज्ञेया गुरुशीतलाः।
वृष्याः मलकराः प्रोक्ताः स्निग्धा वातविनाशनाः॥ ५॥

चणका वर्तुला प्रोक्ता वातला रक्तपित्तहाः।
कुलित्थाः श्वासहिक्कार्शः कफशुक्रानिलापहाः॥ ६॥

गेहूँ आदि धान्य और उड़द गुरु, शीतवीर्य, शुक्रवर्धक, पुरीषवर्धक, स्निग्ध तथा वातहर है। चना और मटर वातवर्धक एवं रक्तरित्त को नष्ट करते हैं। कुलत्थ श्वास, हिचकी, अर्श, कफ, शुक्र तथा वात को दूर करने वाला है॥ ५-६॥

तैलं सर्पिः पयस्तक्रं क्षौद्रं युक्तं सकाञ्जिकम्।
सुरासवं मर्जिका च जलं च विविधं शुभम्॥ ७॥

पानाय परिषेकाय नस्यायालोडनाय च।
भेषजानां प्रयोज्यं स्यात् प्रयोगेषु यथाविधि॥ ८॥

तेल, घी, दूध, तक्र, मधु, शुक्त, काञ्जी, मद्य, आसव, मर्जिका तथा अनेक प्रकार के जल पान, स्नान, नस्य, आलोडन आदि अनेक औषधीय प्रयोगों में उपयुक्त होते हैं॥ ७-८॥

पुरुषस्त्रीवपुर्वाचा वातपित्तकफास्तथा।
मोहं प्रकृतिरेतानि शरीरं यैश्च तिष्ठति॥ ९॥

अस्थि मांसं वसा रक्तं शुक्रं मज्जा तथा रसः।
एते तु धातवः सप्त ज्ञातव्या हि भिषग्वरैः। १०॥

पुरुष, स्त्री, शरीर, वाणी, वात-पित्त-कफ, मोह और प्रकृति ये शरीरभाव तथा अस्थि, मांस, मेद, रक्त, शुक्र, मज्जा और रस ये सप्तधातु हैं। इनका ज्ञान वैद्य के लिए आवश्यक है॥ ९-१०॥

हस्त्यश्वोष्ट्रखराजाविवृकव्याघ्राश्च केशरी।
वराहमृग इत्येषां मांसं योज्यं तु बृंहणम्॥ ११॥
महिषोऽथ बलीवर्दो मत्स्यः कच्छप एव च।
आमूषिकाबिडालानां श्रृगालकपिबर्हिषाम्॥ १२॥
शिलीमुखशुकस्यापि सारिकाचक्रवाकयोः।
हंसकुक्कुटलावानां कोकिलोलूकभोगिनाम्। १३॥
भेकादीनां च विण्मूत्रैर्भेदस्त्वग्रोमसंयुतैः।
धूपं दद्याज्ज्वरार्तेभ्य उन्मत्तेभ्यो विशेषतः। १४॥
अपस्माराभिभूतेभ्यो ग्रहार्तेभ्यस्तथैव च।
प्राप्नुयादायुरारोग्यं बलं वर्णं मनः स्थिरम्॥ १५॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

योगानेतान् समाश्रित्य मांसद्रव्यसमाश्रयान् ।
द्रव्यावलिः समादिष्टा धन्वन्तरिमुखोद्गता ॥ १६ ॥

हाथी, घोड़ा, ऊँट, गधा, बकरा, भेंड़, भेडिया, बाघ, शेर, सूअर और हरिण इनके मांस बृंहण कर्म के लिए उपयोगी हैं ।

भैंस, बैल, मछली, कछुआ, छुछुन्दर, बिडाल, शृगाल, वानर, मयूर, भ्रमर, तोता, मैंना, चक्रवाक, हंस, मुर्गा, लाव, कोयल, उल्लू, सांप, मेढक आदि जन्तुओं के मल, मूत्र, चर्बी, त्वचा और रोम का धूप दें । यह ज्वर, उन्माद, अपस्मार तथा ग्रहबाधा के लिये उपयोगी है । इन मांस द्रव्यों का सेवन करने से आयु, आरोग्य, बल, वर्ण, मानसिक स्थिरता बढ़ती है ।

इस प्रकार धन्वन्तरि के मुख से निकली द्रव्यावली का वर्णन किया गया ॥ ११–१६ ॥

सुवर्णादिरयं वर्गः षष्ठ उक्तो यथाक्रमम् ।
धातुद्रव्यद्रवद्रव्यमांसद्रव्यसमाश्रयः ॥ १७ ॥

॥ इति सुवर्णादिः षष्ठो वर्गः ॥

यह सुवर्णादि षष्ठ वर्ग कहा गया । इसमें धातुद्रव्य, द्रवद्रव्य, और मांसद्रव्य क्रमशः वर्णित हैं ॥ १७ ॥

अथ मिश्रकादिः सप्तमो वर्गः

मिश्रको व्यस्तयोगाश्च विषाण्यष्टादशापि च ।
उपविषाणि सर्वाणि तथा प्रशमनानि च ॥ १ ॥

एतत् सर्वं समासेन वक्ष्याम्यत्र यथाक्रमम् ।
योगानेतान् प्रयुञ्जीत पुरुषो नित्यमात्मवान् ॥ २ ॥

सत्सु पूजामवाप्नोति परत्रेह च नन्दति ।

इस मिश्रकादि वर्ग में औषधगण अन्य योग, १८ प्रकार के विषद्रव्य, उपविष तथा इनके प्रशमन के उपाय वर्णित हैं ।

उपर्युक्त सभी का क्रमशः संक्षेप में वर्णन करूँगा । इन द्रव्यों के योगों का हितैषी पुरुष नित्य सेवन करे । इससे समाज में उसका आदर होता है तथा दोनों लोकों में सुख प्राप्त करता है ॥ १–२ ॥

शतत्रयं च द्रव्याणां त्रिसप्तत्यधिकोत्तरम् ॥ ३ ॥
हिताय वैद्यपुत्राणां द्रव्यावल्यां प्रकाशितम् ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गणद्रव्यावली ह्युक्ता सयोगा सह मात्रया।
पर्यायनामान्युच्यन्ते गुडूच्यादेर्यथाक्रमम् ॥ ४ ॥

॥ इति मिश्रकादिः सप्तमो वर्गः ॥

३७३ द्रव्यों की वह द्रव्यावली वैद्यपुत्रों के हित के लिए प्रकाशित की गई है। गणद्रव्यावली में योगों का मात्रासहित उल्लेख किया गया। अव गुडूच्यादि द्रव्णों का क्रमशः पर्याय-नाम कहेंगे ॥ ३–४ ॥

इति धन्वन्तरीये गणद्रव्यावली समाप्ता।

अथ गुडूच्यादिः प्रथमो वर्गः

धन्वन्तरिपदद्वन्द्वं नत्वा लोकहितार्थिना।
रसवीर्यविपाकादि द्रव्याणां कथ्यते मया॥

भगवान् धन्वन्तरि के दोनों चरणों को प्रणाम कर लोकहित की कामना से मैं द्रव्यों के रस, वीर्य, विपाक आदि (गुणों तथा कर्मों) का वर्णन करता हूँ।

१. गुडूची

Tinospora cordifolia (Willd) Miers

Fam.—Menispermacae. हि०—गिलोय, गुड़िच

गुडूच्यमृतवल्ली च छिन्ना छिन्नरुहाऽमृता।
छिन्नोद्भवाऽमृतलता धारा वत्सादनी स्मृता॥ १ ॥
सैवोक्ता सोमवल्ली च कुण्डली चक्रलक्षणा।
प्रोक्ता नागकुमारी च च्छिन्नाङ्गी ज्वरनाशिनी॥ २ ॥
जीवन्ती मधुपर्णी च तन्त्रिका देवनिर्मिता।
वयःस्था मण्डली सौम्या विशल्याऽमृतसम्भवा॥ ३ ॥
रसायनी मृत्तिका च चन्द्रहासा भिषिग्जिता।
अन्या कन्दोद्भवा कन्दाऽमृतकन्दगुडूचिका॥ ४ ॥
पिण्डामृता बहुच्छिन्ना सा चोक्ता कन्दरोहिणी।

पर्याय—अमृतवल्ली, छिन्ना, छिन्नरुहा, अमृता छिन्नोद्भवा, अमृतलता, धारा, वत्सादनी, सोमवल्ली, कुण्डली, चक्रलक्षणा, नागकुमारी, छिन्नाङ्गी, ज्वरनाशिनी, जीवन्ती, मधुपर्णी, तन्त्रिका, देवनिर्मिता वयःस्था, मण्डली, सौम्या, विशल्या, अमृतसम्भवा, पिण्डामृता, बहुछिन्ना, कन्दरोहिणी, रसायनी, मृत्तिका, चन्द्रहासा ओर भिषिग्जिता ये गुडूची के पर्याय हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कन्दोद्भवा, कन्दामृता, कन्दगुडूचिका, पिण्डामृता, बहुच्छिन्ना, कन्दरोहिणी ये कन्द (पिण्ड) गुडूची के पर्याय हैं ।। १–४ ।।

गुडूची स्वरसे तिक्ता कषायोष्णा गुरुस्तथा ।
त्रिदोषजन्तुरक्तार्शःकुष्ठज्वरहरा परा ।। ५ ।।

गुडूच्यायुष्प्रदा मेध्या तिक्ता संग्राहिणी बला ।
ज्वरतृट्पाण्डुवातास्रक्छर्दिमेहत्रिदोषजित् ।। ६ ।।

गुडूची कफवातघ्नी पित्तमेदोविशोषिणी ।
रक्तवातप्रशमनी कण्डूविसर्पनाशिनी ।। ७ ।।

गुण-कर्म—गुडूची रस में तिक्त, कषाय, उष्णवीर्य एवं गुरु है। यह त्रिदोषजन्य विकार, क्रिमि, रक्तविकार, अर्श, कुष्ठ और ज्वर को नष्ट करती है।

गुडूची आयुवर्धक, मेध्य, तिक्त, ग्राही, बलवर्धक एवं ज्वर, तृष्णा, पाण्डुरोग, वातरक्त, वमन, प्रमेह तथा त्रिदोष को नष्ट करने वाली है। यह विशेषतः कफ-वातहर, पित्त और मेद का शोषण करने वाली, रक्तवातशामक तथा कण्डू और विसर्प को दूर करने वाली है ।। ५–७ ।।

कन्दोद्भवा गुडूची च कटूष्णा संनिपातहा ।
विषघ्नी ज्वरभूतघ्नी वलीपलितनाशिनी ।। ८ ।।

कन्द (पिण्ड) गुडूची—कटु एवं उष्णवीर्य होती है। यह संनिपात, विष, ज्वर, भूतबाधा, वली तथा पलितरोग को दूर करती है।

विमर्श—गुडूची की जो जाति कन्दयुक्त होती है उसका लैटिन नाम Tinospora malabarica (Lam) Miers है। दोनों गुडूची के गुणकर्म प्रायः समान हैं ।। ८ ।।

२. अतिविषा

Aconitum heterophyllum Wall.

Fam.—Ranunculaceae. हि०—अतीस

अतिविषा शुक्लकन्दा ज्ञेया विश्वा च भङ्गुरा ।
श्यामकन्दा प्रतिविषा शृङ्गी चोपविषा विषा ।। ९ ।।
आर्द्रा श्वेता विरूपा च विषदा पित्तवल्लभा ।
घुणप्रियाऽतिसारघ्नी बालानां रोगनाशिनी ।। १० ।।

पर्याय—अतिविषा शुक्लकन्दा होती है। इसकी दूसरी जाति प्रतिविषा श्यामकन्दा होती है। विश्वा, भङ्गुरा, शृङ्गी, उपविषा, विषा, आर्द्रा, श्वेता,

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

विरूपा, विषदा, पित्तवल्लभा, घुणप्रिया, अतिसारघ्नी और बालरोगनाशिनी ये अतिविषा के पर्याय हैं ॥ ९–१० ॥

कटूष्णाऽतिविषा तिक्ता कफपित्तज्वरापहा।
आमातीसारकासघ्नी विषच्छर्दिविनाशिनी ॥ ११ ॥

गुण-कर्म—अतीस रस में कटु एवं तिक्त, उष्णवीर्य, कफपित्तहर, ज्वर, आमदोष, अतीसार, कास, विष और वमन को नष्ट करने वाली है।

विमर्श—प्रतिविषा का स्थानीय नाम पतीस (या विखमा) तथा लैटिन नाम Aconitum palmatum D. Don है ॥ ११ ॥

३. मूर्वा

Marsdenia tenacissima W. & A

Fam.—Asclepiadaceae. हि०—मरुआ बेल, जरतोड़

मूर्वा मधुरसा देवी पृथक्पर्णी त्रिपर्ण्यपि।
देवश्रेणी स्वादुरसा स्निग्धपर्णी च मोरटा ॥ १२ ॥

मूर्वा स्वादुरसा चोष्णा हृद्रोगकफवातजित्।
कुष्ठकण्डूवमीमेहविषमज्वरनाशिनी ॥ १३ ॥

पर्याय—मधुरसा, देवी, पृथक्पर्णी, त्रिपर्णी, देवश्रेणी, स्वादुरसा, स्निग्धपर्णी और मोरटा ये पर्याय मूर्वा के हैं।

गुण-कर्म—मूर्वा रस में मधुर, उष्णवीर्य, कफवातशामक एवं हृदयरोग, कुष्ठ, कण्डू, वमन, प्रमेह और विषमज्वर का नाशक है।

विमर्श—मूर्वा एक संदिग्ध द्रव्य है। इसके नाम से विभिन्न प्रदेशों में भिन्न-भिन्न द्रव्य प्रचलित हैं। अधिकांश सहमति-चिन्हारु Marsdenia tenacissima W. & A. को मूर्वा मानने के पक्ष में है ॥ १२–१३ ॥

४. मोरटः (मूर्वाविशेषः)

Maerua arenaria Hook f. & Th.

Fam.—Capparidaceae. हि०—मुरहरी

मोरटः कीर्णपुष्पश्च पीलुपुष्पो मधुस्रवः।
तेजनी दीर्घमूला च पुरुषः क्षीरमोरटः ॥ १४ ॥

ज्वरघ्नो मुखवैरस्यतृष्णादाहविनाशनः।
कफपित्तहरश्चासौ विज्ञेयः क्षीरमोरटः ॥ १५ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—मूर्वा का एक भेद मोरट या क्षीरमोरट है जिसके पर्याय हैं—कीर्णपुष्प, पीलुपुष्प, मधुस्रव, तेजनी, दीर्घमूला और पुरुष।

गुण-कर्म—मोरट ज्वरहर, मुख की विरसता, तृष्णा एवं दाह को नष्ट करनेवाला तथा कफपित्तहर है ॥ १४–१५ ॥

५. मञ्जिष्ठा

Rubia cordifolia Linn.

Fam.—Rubiaceae. हि०—मंजीठ

मञ्जिष्ठा कालमेषी च समङ्गा विकसाऽरुणा।
मञ्जुका रक्तयष्टी च भाण्डी योजनवल्ल्यपि ॥ १६ ॥
क्षेत्रिणी विजया रक्ता रक्ताङ्गी वस्त्रभूषणा।
जिङ्गी भण्डी तथा काला गण्डाली कालमेषिका ॥ १७ ॥

पर्याय—कालमेषी, समङ्गा, विकसा, अरुणा, मञ्जुका, रक्तयष्टी, भाण्डी, योजनवल्ली, क्षेत्रिणी, विजया, रक्ता, रक्ताङ्गी, वस्त्रभूषणा, जिङ्गी, भण्डी, काला, गण्डाली और कालमेषिका ये पर्याय मञ्जिष्ठा के हैं ॥ १६–१७ ॥

मञ्जिष्ठा मधुरा स्वादे कषायोष्णा गुरुस्तथा।
कफोग्रव्रणमेहास्रविषनेत्रामयाञ्जयेत् ॥ १८ ॥

गुण-कर्म—मञ्जिष्ठा रस में मधुर-कषाय, उष्णवीर्य गुरु है। यह कफ, उग्र व्रण, प्रमेह, रक्तविकार, विष और नेत्ररोगों को नष्ट करती है ॥ १८ ॥

६. धन्वयासः

Fagonia arabica Linn,

Fam.—Zygophyllaceae. हि०—धमासा

धन्वयासो दुरालम्भा ताम्रमूली च कच्छुरा।
दुरालभा च दुःस्पर्शा यासो धन्वयवासकः ॥ १९ ॥
दुरालम्भा स्वादुशीता तिक्ता दाहविनाशिनी।
विषमज्वरतृट्छर्दिमेहमोहविनाशिनी ॥ २० ॥

पर्याय—दुरालम्भा, ताम्रमूली, कच्छुरा, दुरालभा, दुःस्पर्शा, यास और धन्वयवासक ये पर्याय धन्वयास के हैं।

गुण-कर्म—धन्वयास मधुर, शीतवीर्य एवं तिक्त है। यह दाह, विषमज्वर, तृष्णा, वमन, प्रमेह और मूर्च्छा को नष्ट करता है ॥ १९–२० ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

७. यासः (धन्वयासविशेषः)

Alhagi pseudalhagi (Bieb) Desv.

Fam.—Leguminosae. हि०—यवासा

यासो यवासकोऽनन्तो बालपत्रोऽधिकण्टकः।
दूरमूलः समुद्रान्तो दीर्घमूलो मरूद्भवः ॥ २१ ॥
यवासकः स्वादुतिक्तो ज्वरतृड्रक्तपित्तनुत्।

पर्याय—यास, यवासक, अनन्त, बालपत्र, अधिकण्टक, दूरमूल, समुद्रान्त, दीर्घमूल और मरूद्भव ये यवासक के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—यवासक मधुर एवं तिक्त है। यह ज्वर, तृषा और रक्तपित्त को नष्ट करता है ॥ २१ ॥

८. वासकः

Adhatoda vasica Nees.

Fam.—Acanthaceae. हि०—अडूसा, बाकस

वासकः सिंहपर्णी च वृषो वासाऽथ सिंहिका।
आटरूषः सिंहमुखो भिषङ्माताऽऽटरूषकः ॥ २२ ॥
आटरूषो हिमस्तिक्तः पित्तश्लेष्मास्रकासजित्।
क्षयहृच्छर्दिकुष्ठघ्नो ज्वरतृष्णाविनाशनः ॥ २३ ॥

पर्याय—वासक, सिंहपर्णी, वृष, सिंहिका, आटरूष, सिंहमुख, भिषङ्माता और आटरूषक ये पर्याय वासा के हैं।

गुण-कर्म—वासा शीतवीर्य, तिक्त, पित्त, कफ, रक्तविकार एवं कास का नाशक है। यह क्षयनाशक, वमन एवं कुष्ठ का नाशक तथा ज्वर और तृष्णा को दूर करनेवाला है ॥ २२–२३ ॥

९. खदिरः

Acacia catechu Willd.

Fam.—Leguminosae. हि०—खैर, कत्था

खदिरो रक्तसारश्च गायत्री दन्तधावनः।
कण्टकी बालपत्रश्च जिह्वाशल्यः क्षतक्षमः ॥ २४ ॥
खदिरः स्याद्रसे तिक्तो हिमः पित्तकफास्रनुत्।
कुष्ठामकासकण्डूतिकृमिदोषहरः स्मृतः ॥ २५ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—रक्तसार, गायत्री, दन्तधावन, कण्टकी, बालपत्र, जिह्मशल्य और क्षतक्षम ये पर्याय खदिर के हैं।

गुणकर्म—खदिर तिक्त एवं शीतवीर्य है। यह पित्त, कफ, रक्तविकार, कुष्ठ, आमदोष, कास, कण्डू तथा कृमि का नाशक है ॥ २४–२५ ॥

१०. सोमवल्कः (खदिरविशेषः)

Acacia suma Kurz.

Fam.—Leguminosae. हि०—सफेद खैर

खदिरः श्वेतसारोऽन्यः सोमवल्कः पथिद्रुमः।
श्यामसारो नेमिवृक्षः कार्मुकः कुब्जकण्टकः ॥ २६ ॥
श्वेतस्तु खदिरस्तिक्तः शीतः पित्तकफापहः।
रक्तदोषहरश्चैव कण्डूकुष्ठविनाशनः ॥ २७ ॥

पर्याय—खदिर का एक अन्य भेद सोमवल्क (सफेद सारभाग से युक्त) होता है। पथिद्रुम, श्यामसार, नेमिवृक्ष, कार्मुक और कुब्जकण्टक ये पर्याय सोमवल्क के हैं।

गुणकर्म—सोमवल्क (श्वेत खदिर) तिक्त, शीत, पित्त, कफ, रक्तदोष, कण्डू और कुष्ठ को नष्ट करने वाला होता है ॥ २६–२७ ॥

११. निम्बः

Azadirachta indica A. Juss.

Fam.—Meliaceae. हि०—नीम

निम्बो नियमनो नेता पिचुमन्दः सुतिक्तकः।
अरिष्टः सर्वतोभद्रः प्रभद्रः पारिभद्रकः ॥ २८ ॥
निम्बस्तिक्तरसः शीतो लघुः श्लेष्मास्रपित्तनुत्।
कुष्ठकण्डूव्रणान्हन्ति लेपाहारादिशीलितः ॥ २९ ॥
अपक्वं पाचयेच्छोफं व्रणं पक्वं विशोधयेत्।

पर्याय—नियमन, नेता, पिचुमन्द, सुतिक्तक, अरिष्ट, सर्वतोभद्र, प्रभद्र और पारिभद्रक ये निम्ब के पर्याय हैं।

गुणकर्म—तिक्तरस, शीतवीर्य, लघु एवं कफ, पित्त शामक है। यह लेप, आहार आदि के रूप में सेवन करने से रक्तदोष, कुष्ठ, कण्डू और व्रण को नष्ट करता है। यह अपक्व व्रणशोफ का पाचन तथा पक्व व्रण का संशोधन करता है ॥ १२८–१२९ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१२. महानिम्बः (निम्बविशेषः)

Melia azedarach Linn.

Fam.—Meliaceae. हि०—बकायन

महानिम्बः स्मृतो द्रेकी कार्मुको विषमुष्टिकः।
केशमुष्टिर्निम्बवरो रम्यकोऽक्षीव एव च ॥ ३० ॥
कैडर्यः पिचुमन्दश्च निम्बोऽरिष्टो वरत्वचः।
छर्दिघ्नो हिङ्गुनिर्यासः प्रियशालश्च पार्वतः ॥ ३१ ॥
महानिम्बो रसे तिक्तः शीतः पित्तकफापहः।
कुष्ठरक्तविनाशी च विसूचीं हन्ति शीलितः ॥ ३२ ॥

पर्याय—द्रेकी, कार्मुक, विषमुष्टिक, केशमुष्टि, निम्बवर, रम्यक और अक्षीव, कैडर्य, पिचुमन्द, निम्ब, अरिष्ट, वरत्वच, छर्दिघ्न, हिंगुनिर्यास, प्रियशाल और पार्वत ये पर्याय महानिम्ब के हैं।

गुणकर्म—महानिम्ब रस में तिक्त और शीतवीर्य है। यह सेवन करने से पित्त, कफ, कुष्ठ रक्तविकार और विसूचिका को नष्ट करने वाला है ॥ ३०–३२ ॥

१३. किराततिक्तः

Swertia chirata Buch–ham.

Fam.—Gentianaceae. हि०—चिरायता

किराततिक्तको हैमः काण्डतिक्तः किरातकः।
भूनिम्बोऽनार्यतिक्तश्च किरातो रामसेनकः ॥ ३३ ॥

पर्याय—किराततिक्तक, हैम, काण्डतिक्त, किरातक, भूनिम्ब, अनार्यतिक्त, किरात और रामसेनक ये पर्याय किराततिक्त के हैं ॥ ३३ ॥

नेपालः कथितश्चान्यो जातिभेदो ज्वरान्तकः।
महातिक्तश्च तिक्तश्च निद्रारिः संनिपातहा ॥ ३४ ॥

पर्याय—नेपाल देश में जो होता है वह चिरायता की दूसरी जाति है। उसके पर्याय हैं—ज्वरान्तक, महातिक्त, तिक्त, निद्रारि और सन्निपातहा ॥ ३४ ॥

किरातको रसे तिक्तोऽनुष्णशीतो लघुस्तथा।
श्लेष्मपित्तास्रशोफार्तिकासतृष्णाज्वरापहा ॥ ३५ ॥

गुणकर्म—किराततिक्त रस में तिक्त, न उष्ण और न शीतवीर्य एवं लघु है। यह कफ, पित्त, रक्तदोष, शोथ, कास, तृष्णा और ज्वर को नष्ट करता है ॥ ३५ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१४. कटुका

Picrorhiza kurroa Royle ex Benth.

Fam.—Scrophulariaceae. हि०—कुटकी

कटुका मत्स्यशकला मत्स्यपित्ता च रोहिणी ।
कृष्णभेदा काण्डरुहा नाम्ना कटुकरोहिणी ॥ ३६ ॥
अशोकरोहिणी तिक्ता चक्राङ्गी शकुलादनी ।
कटुरोहिण्यरिष्टा च प्रोक्ता तिक्तकरोहिणी ॥ ३७ ॥
आमघ्नी शतपर्वा च विप्राङ्गी जननी जना ।
कटुका पित्तजित्तिक्ता कटुः शीतास्रदाहजित् ।
बलासारोचकान् हन्ति विषमज्वरनाशिनी ॥ ३८ ॥

पर्याय—मत्स्यशकला, मत्स्यपित्ता, रोहिणी, कृष्णभेदा, काण्डरुहा, कटुकरोहिणी, अशोकरोहिणी, तिक्ता, चक्राङ्गी, शकुलादनी, कटुरोहिणी, अरिष्टा, तिक्तकरोहिणी, आमघ्नी, शतपर्वा, विप्राङ्गी, जननी और जना ये पर्याय कटुका के हैं।

गुणकर्म—कटुका पित्तघ्न, तिक्त, कटु एवं शीतवीर्य है। यह रक्तदोष, दाह, कफ, अरुचि एवं विषमज्वर को नष्ट करने वाली होती है॥ ३६–३८ ॥

१५. मुस्ता

Cyperus rotundus Linn.,

C. scariosus R. Br.

Fam.—Cyperaceae. हि०—मोथा

मुस्ता चाम्बुधरो मेघो घनो राजकसेरुकः ।
भद्रमुस्तो वराहोऽब्दो गाङ्गेयः कुरुविन्दकः ॥ ३९ ॥
जीमूतोऽथ वृषध्वाङ्क्षी जलदोऽथ बलाहकः ।
नादेयः पिण्डमुस्तोऽन्यो नागरः परिकीर्त्तितः ॥ ४० ॥
मुस्ता तिक्तकषायाऽतिशिशिरा श्लेष्मरक्तजित् ।
पित्तज्वरातिसारघ्नी तृष्णाकृमिविनाशिनी ॥ ४१ ॥

पर्याय—अम्बुधर, मेघ, घन, राजकसेरुक, भद्रमुस्त, वराह, अब्द, गाङ्गेय, कुरुविन्दक, जीमूत, वृषध्वाङ्क्षी, जलद, बलाहक ये पर्याय मुस्तक के हैं। इसका नादेय (नदी में होने वाला) भेद नागरमुस्त या पिण्डमुस्त कहलाता है।

गुणकर्म—मोथा तिक्त, कषाय तथा अति शीतवीर्य है। यह कफ, रक्तविकार, पित्त, ज्वर, अतिसार, तृष्णा और कृमि को दूर करने वाला होता है॥ ३९–४१ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१६. जलमुस्तम् (मुस्ताविशेषः)

जलमुस्तं दाशपुरं वानेयं परिपेलवम् ।
कैवर्त्तमुस्तं शैवालं जलजं च शुकाह्वयम् ॥ ४२ ॥
जलजं तिक्तकटुकं कषायं कान्तिदं हिमम् ।
मेध्यं वातान्ध्यवीसर्पकण्डूकुष्ठविषापहम् ॥ ४३ ॥

पर्याय—दाशपुर, वानेय, परिपेलव, कैवंतमुस्त, शैवाल, जलज और शुकाह्वय ये जलमुस्त के पर्याय हैं।

गुणकर्म—जलमुस्त तिक्त-कटु-कषाय, कान्तिप्रद तथा शीतवीर्य है। यह मेध्य है तथा वातविकार, अन्धता, विसर्प, कण्डू, कुष्ठ तथा विष को नष्ट करता है ॥ ४२–४३ ॥

१७. पर्पट

Fumaria indica Pugsley.

Fam.—Fumariaceae. हि०—पित्तपापड़ा

पर्पटः स्यात्पर्पटको वरतिक्तः सुतिक्तकः ।
रजो रेणुश्च पांशुश्च कवचो वर्मकण्टकः ॥ ४४ ॥
पर्पटः शीतलस्तिक्तः पित्तश्लेष्मज्वरापहः ।
रक्तदाहारुचिग्लानिमदभ्रमविनाशनः ॥ ४५ ॥

पर्याय—पर्पटक, वरतिक्त, सुतिक्त, रज, रेणु, पांशु, कवच और वर्मकण्टक ये पर्याय पर्पट के हैं।

गुण-कर्म—पित्तपापड़ा शीतवीर्य, तिक्त, पित्त, कफ, ज्वर, रक्तविकार, दाह, अरुचि, ग्लानि, मद और भ्रम को नष्ट करता है ॥ ४४–४५ ॥

१८. बालकम्

Coleus vettiveroides K. C. Jacob.

Fam.—Labiatae

बालकं वारि तोयं च ह्रीवेरं जलमम्बु च ।
केश्यं वज्रमुदीच्यं च पिङ्गमाचमनं कचम् ॥ ४६ ॥
बालकं शीतलं तिक्तं पित्तश्लेष्मविसर्पजित् ।
ज्वरकुष्ठातिसारघ्नं केश्यं श्वित्रव्रणापनुत् ॥ ४७ ॥

पर्याय—वारि, तोय, ह्रीवेर, जल, अम्बु, केश्य, वज्र, उदीच्य, पिङ्ग, आचमन और कच ये पर्याय बालक के हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—बालक शीतवीर्य, तिक्त एवं पित्त, कफ, विसर्प, ज्वर, कुष्ठ, अतिसार, श्वित्र और व्रण को दूर करने वाला तथा बालों के लिए हितकर है ॥ ४६–४७ ॥

१९. पटोलः

Trichosanthes dioica Roxb.

Fam.—Cucurbitaceae. हि०—परवल

पटोलः कुलकः प्रोक्तः पाण्डुकः कर्कशच्छदः ॥ ४८ ॥
राजीफलः पाण्डुफलो राजनामाऽमृताफलः ।
वीर्यगर्भप्रतानश्च कुष्ठहा कासमुक्तिदः ॥ ४९ ॥
पटोलं कटुकं तिक्तमुष्णं पित्तविरोधि च ।
कफास्रक्कण्डुकुष्ठानि ज्वरदाहौ च नाशयेत् ॥ ५० ॥

पर्याय—कुलक, पाण्डुक, कर्कशच्छद, राजीफल, पाण्डुफल, राजनामा, अमृताफल ये पर्याय पटोल के हैं।

गुण-कर्म—पटोल रस में कटु-तिक्त, उष्णवीर्य तथा पित्त, कफ, रक्तविकार, कण्डु, कुष्ठ, ज्वर और दाह को दूर करने वाला होता है ॥ ४८–५० ॥

२०. स्वादुपत्रफला (पटोलविशेषः)

पटोली स्याद्द्वितीयाऽन्या स्वादुपत्रफला च सा ।
पटोलस्य तु पर्यायैर्योजयेद्भिषगुत्तमः ॥ ५१ ॥
पटोलपत्रं पित्तघ्नं वल्ली चास्य कफापहा ।
फलं त्रिदोषशमनं मूलं चास्य विरेचनम् ॥ ५२ ॥

पर्याय—पटोल का एक भेद पटोली है जिसके पत्र और फल मधुर होते हैं। पटोली के पर्याय पटोल के समान हैं।

गुण-कर्म—परवल के पत्ते पित्तनाशक, उसकी लता कफनाशक, उसका फल त्रिदोषहर तथा उसका मूल विरेचक होता है ॥ ५१–५२ ॥

२१. हरिद्रा

Curcuma longa Linn.

Fam.—Zingiberaceae. हि०—हल्दी, हरदी

हरिद्रा पीतिका पिङ्गा रजनी रञ्जिनी निशा ।
गौरी वर्णवती पीता हरिता वरवर्णिनी ॥ ५३ ॥
हलदिका भद्रलता ज्ञेया वर्णविलासिनी ।
विषघ्नी च जयन्ती च दीर्घरङ्गा तु रङ्गिणी ॥ ५४ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—पीतिका, पिङ्गा, रजनी, रञ्जिनी, निशा, गौरी, वर्णवती, पीता, हरिता, वरवर्णिनी, हलदिका, भद्रलता, वर्णविलासिनी, विषघ्नी, जयन्ती, दीर्घरङ्गा और रङ्गिणी ये पर्याय हरिद्रा के हैं ॥ ५३–५४ ॥

हरिद्रा स्वरसे तिक्ता रूक्षोष्णा विषमेहनुत् ।
कण्डूकुष्ठव्रणान्हन्ति देहवर्णविधायिनी ॥ ५५ ॥
विशोधनी कृमिहरा पीनसारुचिनाशिनी ।

गुण-कर्म—हरिद्रा रस में तिक्त, रूक्ष, उष्णवीर्य तथा विष, मेह, कण्डु, कुष्ठ एवं व्रण का नाशक है। यह कान्तिदायक, संशोधक, कृमि, पीनस एवं अरुचि को दूर करने वाली होती है ॥ ५५ ॥

२२. दारुहरिद्रा

Berberis aristata DC.

Fam.—Berberidaceae. हि०—दारुहल्दी

अन्या दारुहरिद्रा च पीतद्रुः पीतचन्दनम् ॥ ५६ ॥
निर्दिष्टा काष्ठरजनी सा च कालेयका स्मृता ।
कालीयकं दारुनिशा दार्वी पीताह्वपीतका ॥ ५७ ॥
कटंकटेरी पर्जन्या पीतदारु पचंपचा ।
हेमवर्णवती पीता हेमकान्ता कुसुम्भका ॥ ५८ ॥

पर्याय—पीतद्रु, पीतचन्दन, काष्ठरजनी, कालेयका, कालीयक, दारुनिशा, दार्वी, पीताह्व, पीतका, कटंकटेरी, पर्जन्या, पीतदारु, पचंपचा, हेमवर्णवती, पीता, हेमकान्ता और कुसुम्भका ये पर्याय दारुहरिद्रा के हैं ॥ ५६–५८ ॥

तिक्ता दारुहरिद्रा स्याद् रूक्षोष्णा व्रणमेहजित् ।
कर्णनेत्रमुखोद्भूतां रुजं कण्डूं च नाशयेत् ॥ ५९ ॥

गुण-कर्म—दारुहल्दी-रस में तिक्त, रूक्ष, उष्णवीर्य है। यह व्रण, प्रमेह तथा कर्ण, नेत्र और मुख के रोगों को एवं कण्डू को नष्ट करने वाली होती है ॥ ५९ ॥

२३. शटी

Hedychium spicatum Buch Ham.

Fam.—Zingiberaceae. हि०—कपूरकचरी

शटी शठी पलाशा च ज्ञेया पृथुपलाशिका ।
सुगन्धमूला गन्धाली षड्ग्रन्था सुव्रता वधूः ॥ ६० ॥
चन्द्राणी चन्द्रगन्धा च दुर्विधेयेति संज्ञिता ॥ ६१ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

शटी स्यात्तिक्ततीक्ष्णोष्णा संनिपातज्वरापहा ॥ ६२ ॥
कफोग्रव्रणकासघ्नी वक्त्रशुद्धिविधायिनी ।

पर्याय—शठी, पलाशा, पृथुपलाशिका, सुगन्धमूला, गन्धाली, षड्ग्रन्था, सुव्रता; वधू ; चन्द्राणी, चन्द्रगन्धा और दुर्विधेया ये पर्याय शटी के हैं।

गुण-कर्म—शटी तिक्त, तीक्ष्ण तथा उष्णवीर्य है। यह संनिपातज्वर, कफज-विकार, उग्र व्रण, कास को नष्ट करती है तथा मुखशोधक है ॥ ६०–६२ ॥

२४. गन्धपलाशी (शटीविशेषः)

अन्या गन्धपलाशी च स्थूलका तिक्तकन्दका ॥ ६३ ॥
तापसी ज्वलनी चैव हरिद्रापत्रकन्दका ।
कासश्वासहरा हिध्माज्वरशूलानिलापहा ॥ ६४ ॥
शटी स्वर्या गन्धमूला कषायकटुका सरा ।

पर्याय—शटी की दूसरी जाति गन्धपलाश है। इसके स्थूलका, तिक्तकन्दका, तापसी, ज्वलनी, हरिद्रापत्रकन्दका ये पर्याय हैं।

गुण-कर्म—गन्धपलाशी का सश्वासहर, हिक्का, ज्वर, शूल तथा वात का शामक है। यह स्वर को उत्तम करने वाला, रस में कषाय एवं कटु तथा अनुलोमन होता है ॥ ६३–६४ ॥

२५. पुष्करमूलम्

Inula racemosa Hook. f.

Fam.—Compositae. हि०—पोहकरमूल

मूलं पुष्करमूलं च पौष्करं पुष्कराह्वयम् ।
काश्मीरं पुष्करजटा धीरं तत्पद्मपत्रकम् ॥ ६५ ॥
तिक्तं पुष्करमूलं तु कटूष्णं कफवातजित् ।
ज्वरारोचककासघ्नं शोफाध्मानविनाशनम् ॥ ६६ ॥
श्वासं हिक्कां जयत्येव सेव्यमानं शनैः शनैः ।

पर्याय—मूल, पौष्कर, पुष्कराह्वय, काश्मीर, पुष्करजटा, धीर और पद्मपत्रक ये पर्याय पुष्करमूल के हैं।

गुण-कर्म—पुष्करमूल तिक्त-कटु, उष्णवीर्य है। यह वातकफहर, ज्वरघ्न है तथा सेवन करने से अरुचि, कास, शोथ, आध्मान, श्वास और हिक्का को धीरे-धीरे नष्ट करता है ॥ ६५–६६ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

२६. भार्ङ्गी

Clerodendrum serratum Spreng.

Fam.—Verbenaceae. हि०—भार्ङ्गी

भार्ङ्गी गर्दभशाकं च पद्मा ब्राह्मणयष्टिका।
अङ्गारवल्ली फञ्जी च सैव ब्रह्मसुवर्चला॥ ६७॥
शक्रमाता च कासघ्नी भृङ्गजा भार्गवा मता।
भार्ङ्गी स्यात् स्वरसे तिक्ता चोष्णा श्वासकफापहा॥ ६८॥
गुल्मज्वरासृग्वातघ्नी यक्ष्माणं हन्ति पीनसम्।

पर्याय—गर्दभशाक, पद्मा, ब्राह्मणयष्टिका, अङ्गारवल्ली, फञ्जी, ब्रह्मसुवर्चला, शक्रमाता, कासघ्नी, भृङ्गजा और भार्गवा ये पर्याय भार्ङ्गी के हैं।

गुण-कर्म—भारङ्गी तिक्त एवं उष्णवीर्य है। यह श्वास, कास, गुल्म, ज्वर, रक्तविकार, वात, यक्ष्मा और पीनस को नष्ट करने वाली होती है॥ ६७–६८॥

२७. पाठा

Cissampelos pareira Linn.

Fam.—Menispermaceae. हि०—पाढ़, पाढ़ी

पाठाऽम्बष्ठाऽम्बष्ठकी च प्राचीना पापचेलिका।
वरतिक्ता बृहत्तिक्ता पाठिका स्थापनी वृकी॥ ६९॥
मालती च वरा देवी त्रिवृताऽन्या शुभा मता।
पाठा तिक्तरसा वृष्या विषघ्नी कुष्ठकण्डुनुत्॥ ७०॥
छर्दिहृद्रोगज्वरजित् त्रिदोषशमनी परा।
पाठाऽतिसारशूलघ्नी कफपित्तज्वरापहा॥ ७१॥

पर्याय—अम्बष्ठा, अम्बष्ठकी, प्राचीना, पापचेलिका, वरतिक्ता, बृहत्तिक्ता, पाठिका, स्थापनी, वृकी, मालती, वरा, देवी, त्रिवृता और शुभा ये पाठा के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—पाठा तिक्तरस, वृष्य, विषघ्न, कुष्ठ, कण्डू, छर्दि, हृद्रोग, ज्वर तथा त्रिदोषजन्य विकार को नष्ट करने वाली होती है। पाठा अतिसारघ्न, शूलहर तथा कफपित्त एवं ज्वर को दूर करने वाली होती है॥ ६९–७०॥

२८. श्वासारिः (पाठाविशेषः)

श्वासारिः पद्मतीर्थं च पद्मं पुष्परसागमम्।
वृक्षरोहं शूलहरं समूलं सुखसंभवम्॥ ७२॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—पद्मतीर्थ, पद्म, पुष्परसागम, वृक्षरोह, घूलहर, समूल और सुखसंभव ये पर्याय श्वासारि (पाठाविशेष) के हैं ॥ ७२ ॥

२९. कट्फलः

Myrica nagi Thunb.

Fam.—Myricaceae. हि०—कायफल

कट्फलः सोमवल्कश्च श्रीपर्णी कुमुदा तथा।
महाकुम्भा च कुम्भीका भद्रा भद्रवतीति च ॥ ७३ ॥

कट्फलः कफवातघ्नो गुल्ममेहाग्निमान्द्यजित्।
रुचिष्यो ज्वरदुर्नामग्रहणीपाण्डुरोगहा ॥ ७४ ॥

पर्याय—सोमवल्क, श्रीपर्णी, कुमुदा, महाकुम्भा, कुम्भीका, भद्रा और भद्रवती ये पर्याय कट्फल के हैं।

गुण-कर्म—कट्फल कफ-वात, गुल्म, प्रमेह, अग्निमान्द्य, अरुचि, ज्वर, अर्श, ग्रहणी और पाण्डुरोग को दूर करने वाला होता है ॥ ७३–७४ ॥

३०. देवदारुः

Cedrus deodara (Roxb.) Linn.

Fam.—Pinaceae. हि०—देवदार

देवदारु स्मृतं दारु सुराह्वं किलिमं च तत्।
स्नेहविद्धं महादारु भद्रदार्विन्द्रदारु च ॥ ७५ ॥

देवकाष्ठं भद्रकाष्ठं पूतिकाष्ठं सुदारु च।
सुरदार्विन्द्रवृक्षश्च तथैवामरदारु च ॥ ७६ ॥

पर्याय—दारु, सुराह्व, किलिम, स्नेहविद्ध, महादारु, भद्रदारु, देवकाष्ठ, पूतिकाष्ठ, सुदारु, सुरदारु, इन्द्रवृक्ष और अमरदारु ये पर्याय देवदारु के हैं ॥ ७५-७६ ॥

देवदारु रसे तिक्तं स्निग्धोष्णं श्लेष्मवातजित्।
आमदोषविबन्धाध्मप्रमेहविनिवर्त्तकम् ॥ ७७ ॥

गुण-कर्म—देवदारु तिक्त, स्निग्ध, उष्णवीर्य है। यह कफवात, आमदोष, विबन्ध, आध्मान और प्रमेह को नष्ट करता है ॥ ७७ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

३१. कत्तृणम्

Cymbopogon martinii (Roxb.) Wats.
Fam.—Gramineae. हि०—रोहिष

कत्तृणं सकलं भूति भूतिदं रोहिषं तृणम्।
ध्यामकं श्यामकं पौरं पाटलं देवदण्डकम् ।। ७८ ।।
कत्तृणं श्वासकासघ्नं हृद्रोगशमनं परम्।
विसूच्यजीर्णशूलघ्नं कफपित्तास्रनाशनम् ।। ७९ ।।

पर्याय—सकल, भूति, भूतिद, रोहिष, तृण, ध्यामक, श्यामक, पौर, पाटल और देवदण्डक ये पर्याय कत्तृण के हैं।

गुण-कर्म—कत्तृण श्वास, कास, हृद्रोग, विसूचिका, अजीर्ण, शूल, कफपित्त और रक्तविकार को नष्ट करता है ।। ७८–७९ ।।

३२. कपटम् (कत्तृणविशेषः)

कपटं च सुमङ्गल्यं चिडा गन्धवधूस्तथा।
तरुणं तरुणी तारा वातभूतविनाशनी ।। ८० ।।
कफवातहरा चोष्णा दीपनी रक्तदोषजित्।

पर्याय—कपट, सुमङ्गल्य, चिडा, गन्धवधू, तरुण, तरुणी, तारा, वातभूतविनाशनी ये कपट के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—कपट कफवातशामक, उष्णवीर्य, अग्निदीपक तथा रक्तविकार को नष्ट करती है ।। ८० ।।

३३. गुण्ठः

Typha elephantina Roxb.
Fam.—Typhaceae. हि०—होगल

गुण्ठो वृत्तगुणः शुण्ठः शृङ्गभेदीभमूलकः।
शुण्ठं कुण्ठं तृणशुण्ठो वर्तुलः पृथुकन्दकः ।। ८१ ।।
कषायानुरसः स्वादुः शीतलो मूत्रकृच्छ्रहा।
रक्तपित्तहरो गुण्ठो रजःशुक्रविशोधनः ।। ८२ ।।

पर्याय—वृत्तगुण, शुण्ठ, शृङ्गभेदी, इभमूलक, शुण्ठ, कुण्ठ, तृणशुण्ठ, वर्तुल और पृथुकन्दक ये गुण्ठ के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—गुण्ठ कषायानुरस, मधुर एवं शीतवीर्य है। यह मूत्रकृच्छ्र, रक्तपित्त, रज एवं शुक्र का शोधक होता है ।। ८१–८२ ।।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

३४. शृङ्गी

Pistacia integerrima Stew. ex. Brandis.

Fam.—Anacardiaceae. हि०—काकड़ासिङ्गी

शृङ्गी कर्कटशृङ्गी च कुलीरा कर्कटाह्वया।
कुलीरशृङ्गी वक्रा च महाकोषा नताङ्गिनी ॥ ८३ ॥
चन्द्रास्पदा विषाणी च शृङ्गी वनजमूर्धजा।
तिक्ता कर्कटशृङ्गी च गुरुश्चोर्ध्वसमीरजित् ॥ ८४ ॥
कासश्वासार्त्तियद्मघ्नी वान्तितृष्णारुचीर्जयेत्।

पर्याय—कर्कटशृंगी, कुलीरा, कर्कटाह्वया, कुलीरशृङ्गी, वक्रा, महाकोषा, नताङ्गिनी, चन्द्रास्पदा, विषाणी और वनजा और मूर्धजा ये पर्याय शृङ्गी के हैं।

गुण-कर्म—काकड़ासिंगी तिक्त, गुरु तथा ऊर्ध्वग वात, कास, श्वास, वमन, तृष्णा और अरुचि को दूर करने वाली है ॥ ८३–८४ ॥

३५. अजशृङ्गी (शृङ्गीविशेषः)

अजशृङ्गी मेषशृङ्गी सर्पदंष्ट्रा च वर्तिका।
द्वितीया दक्षिणावर्ता वृश्चिकाली विषाणिका ॥ ८५ ॥
अजशृङ्गी हिमा स्वादुः शोफतृष्णावमीर्जयेत्।
चक्षुष्या श्वासहृद्रोगविषकासार्तिकुष्ठनुत् ॥ ८६ ॥

पर्याय—मेषशृङ्गी, सर्पदंष्ट्रा, वर्तिका ये अजशृङ्गी के पर्याय हैं।

दूसरे प्रकार की अजशृङ्गी दक्षिणावर्ता होती है जो वृश्चिकाली या विषाणिका नाम से विदित है।

गुण-कर्म—अजशृङ्गी शीतवीर्य एवं मधुर है। यह शोथ, तृष्णा, वमन का नाशक, नेत्रों के लिये हितकर, श्वास, हृदयरोय, विष, कास तथा कुष्ठ को नष्ट करनेवाली है ॥ ८५–८६ ॥

३६. शालपर्णी

Desmodium gangeticum. DC.

Fam.—Leguminosae. हि०—सरिवन

शालिपर्णी स्थिरा सौम्या त्रिपर्ण्यतिगुहा ध्रुवा।
विदारिगन्धांऽशुमती दीर्घमूलांशुपत्रिका ॥ ८७ ॥

पर्याय—स्थिरा, सौम्या, त्रिपर्णी, गुहा, ध्रुवा, विदारिगन्धा, अंशुमती, दीर्घमूला और अंशुपत्रिका ये पर्याय शालिपर्णी के हैं ॥ ८७ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

३७. शालिपर्णीविशेषः

शालिपर्णी रसे तिक्ता गुरूष्णा वातदोषजित् ।
विषमज्वरमेहार्शःशोफसन्तापनाशनी ॥ ८८ ॥

गुण-कर्म—शालपर्णी तिक्त, गुरु तथा उष्णवीर्य है। यह वातविकार, विषमज्वर, प्रमेह, अर्श, शोथ और सन्ताप का नाशक है ॥ ८८ ॥

आलकं पालकं दग्धं सबलं भूमिगन्धिकम् ।
ज्वलनाभं विशुद्धञ्च गन्धं वोटं कुसुम्भकम् ॥ ८९ ॥

पर्याय—आलक, पालक, दग्ध, सबल, भूमिगन्धिक, ज्वलनाभ, विशुद्ध, गन्ध, वोट, कुसुम्भक ये पर्याय शालिपर्णीविशेष के हैं ॥ ८९ ॥

३८. पृश्निपर्णी

Uraria picta Desv.

Fam.—Leguminosae. हि०—पिठवन

पृश्निपर्णी पृथक्पर्णी कलशी धावनी गुहा ।
शृगालविन्नाऽङ्घ्रिबलापर्णी क्रोष्टुकपुच्छिका ॥ ९० ॥

पर्याय—पृथक्पर्णी, कलशी, धावनी, गुहा, शृगालविन्ना, अङ्घ्रिबलापर्णी, क्रोष्टुकपुच्छिका ये पर्याय पृश्निपर्णी के हैं ॥ ९० ॥

पृश्निपर्णी रसे स्वादुर्लघूष्णाऽस्रत्रिदोषजित् ।
कासश्वासप्रशमनी ज्वरतृड्दाहनाशिनी ॥ ९१ ॥

गुण-कर्म—पृश्निपर्णी रस में मधुर, लघु, उष्णवीर्य, रक्तदोषहर एवं त्रिदोषशामक है। यह कास, श्वास, ज्वर, तृषा और दाह को दूर करने वाली होती है ॥ ९१ ॥

३९. पृश्निपर्णीविशेषः

सर्पानुकारिणी तन्वी दीर्घपर्णी च पर्णिका ।
कुमुदाऽतिगुहा चैव विषघ्नी सैव कीर्त्तिता ॥ ९२ ॥

पर्याय—सर्पानुकारिणी, तन्वी, दीर्घपर्णी, पर्णिका, कुमुदा, अतिगुहा और विषघ्नी ये पर्याय पृश्निपर्णीविशेष के हैं ॥ ९२ ॥

४०. बृहती

Solanum indicum Linn.

Fam.—Solanaceae. हि०—बड़ी कटेरी, वनभंटा

बृहती सिंहिका कान्ता वार्ताकी राष्ट्रिका कुली ।
विषदा स्थूलकण्टाकी महती तु महोटिका ॥ ९३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सिंहिका कफवातघ्नी श्वासशूलज्वरापहा।
छर्दिहृद्रोगमन्दाग्निमामदोषांश्च नाशयेत् ॥ ६४ ॥

पर्याय—सिंहिका, कान्ता, वार्ताकी, राष्ट्रिका, कुली, विषदा, स्थूलकण्टाकी, महती और महोटिका ये पर्याय बृहती के हैं।

गुण-कर्म—बृहती (बड़ी कटेरी) कफवातशामक, श्वास, शूल, ज्वर, छर्दि, हृद्रोग, मन्दाग्नि एवं आमदोष को दूर करने वाली है ॥ ६३–६४ ॥

४१. कण्टकारी

Solanum xanthocarpum Schrad and Wendl.

Fam.—Solanaceae. हि०—छोटी कटेरी, रेंगनी

कण्टकारी तु दुःस्पर्शा क्षुद्रा व्याघ्री निदिग्धिका।
कण्टालिका कण्टकिनी धावनी दुष्प्रधर्षिणी ॥ ६५ ॥

कण्टकारी कटुस्तिक्ता तथोष्णा श्वासकासजित्।
अरुचिज्वरवातामदोषहृद्रुगदनाशिनी ॥ ६६ ॥

पर्याय—दुःस्पर्शा, क्षुद्रा, व्याघ्री, निर्दिग्धिका, कण्टालिका, कण्टकिनी, धावनी और दुष्प्रधर्षिणी ये पर्याय कण्टकारी के हैं।

गुण-कर्म—कण्टकारी कटु, तिक्त, उष्णवीर्य तथा श्वास, कास, अरुचि, ज्वर, वातविकार, आमदोष और हृद्रोग को दूर करती है ॥ ६५–६६ ॥

कण्टकारीद्वयं तिक्तं वातामकफकासजित्।
क्षुद्रिकायाः फलं ज्ञेयं कटु तिक्तं ज्वरापहम् ॥ ६७ ॥
कण्डूकुष्ठकृमिघ्नञ्च कफवातहरन्तथा।

गुण-कर्म—दोनों कण्टकारी रस में तिक्त एवं वात, आमदोष, कफ और कास का नाशक है।

छोटी कण्टकारी का फल—रस में कटु, तिक्त एवं ज्वरनाशक है। यह कण्डू, कुष्ठ, क्रिमि, कफ तथा वात को नष्ट करता है ॥ ६७ ॥

४२. लक्ष्मणा (बृहतीविशेषः)

लक्ष्मणा क्षेत्रदूती च सितसिंही कुवार्तिका।
सुश्वेता कण्टकारी च दुर्लभा च महौषधी ॥ ६८ ॥

पर्याय—क्षेत्रदूती, सितसिंही, कुवार्तिका, सुश्वेता, कण्टकारी, दुर्लभा और महौषधी ये पर्याय लक्ष्मणा के हैं ॥ ६८ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

४३. कासघ्नी (बृहतीविशेषः)

कासघ्नी क्षुद्रमाता च क्वचिद्वार्ताकिनी विदुः।
वनजा किंचिदाटव्या कपटा कपटेश्वरी ॥ ९९ ॥

मलिना मलिनाङ्गी च कटुवार्ताकिनीति च।
गर्दभी बहुवाहा च चन्द्रपुष्पा प्रियंकरी ॥ १०० ॥

पर्याय—क्षुद्रमाता, वार्ताकिनी, वनजा, आटव्या, कपटा, कपटेश्वरी, मलिना, मलिनाङ्गी, कटुवार्ताकिनी, गर्दभी, बहुवाहा, चन्द्रपुष्पा और प्रियंकरी ये कासघ्वी के पर्याय हैं ॥९९–१०० ॥

४४. वृन्ताकी (बृहतीविशेषः)

वृन्ताकी वार्तिका वृन्ता भण्टाकी भण्टिका मता।
वृन्ताकं स्वादु तीक्ष्णोष्णं कटुपाकमपित्तलम् ॥ १०१ ॥
कफवातहरं हृद्यं दीपनं शुक्रलं लघु।

पर्याय—वार्तिका, वृन्ता, भण्टाकी और भण्टिका ये वृन्ताकी के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—वृन्तांक मधुर, तीक्ष्ण, उष्णवीर्य, विपाक में कटु एवं अपित्त-वर्धक है। यह कफवातलामक, हृदय के लिये हितकर, अग्निदीपन, शुक्रवर्धक और लघु होता है ॥ १०१ ॥

४५. गोक्षुरः

Tribulus terrestris Linn.

Fam.—Zygophyllaceae. हि०—गोखरू

गोक्षुरः स्याद्गोक्षुरको भक्षकः स्वादुकण्टकः।
गोकण्टको भक्षटकः षडङ्गः कण्टकत्रिकः ॥ १०२ ॥

पर्याय—गोक्षुरक, भक्षक, स्वादुकण्टक, गोकण्टक, भक्षटक, षडङ्ग और कण्टकत्रिक ये पर्याय गोक्षुर के हैं ॥ १०२ ॥

श्वदंष्ट्रो बृंहणो वृष्यस्त्रिदोषशमनोऽग्निकृत्।
शूलहृद्रोगकृच्छ्रघ्नः प्रमेहविनिवर्तकः ॥ १०३ ॥

गुण-कर्म—गोखरू बृंहण, शुक्रवर्धक, त्रिदोषहर तथा अग्निदीपक होता है। यह शूल, हृदयरोग, मूत्रकृच्छ्र क्षौर प्रमेह को दूर करने वाला है ॥ १०३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

४६. बिल्वः

Aegle marmelos Corr.

Fam.—Rutaceae. हि०—बेल

बिल्वः शलाटुः शाण्डिल्यो हृद्यगन्धो महाफलः।
शैलूषः श्रीफलः श्याह्वः कर्कटः पूतिमारुतः॥ १०४॥
लक्ष्मीफलो गन्धगर्भः सत्यकर्मा दुरारुहः।
वातसारोऽरिभेदश्च कण्टकाढ्योऽसिताननः॥ १०५॥

पर्याय—शलाटु, शाण्डिल्य, हृद्यगन्ध, महाफल, शैलूष, श्रीफल, कर्कट, पूतिमारुत, लक्ष्मीफल, गन्धगर्भ, सत्यकर्मा, दुरारुह, वातसार, अरिभेद, कण्टकाढ्य और असितानन ये पर्याय बिल्व के हैं॥ १०४–१०५॥

बिल्वमूलं त्रिदोषघ्नं छर्दिघ्नं मधुरं लघु।
बिल्वस्य तु फलं बालं स्निग्धं संग्राहि दीपनम्॥ १०६॥
कटुतिक्तकषायोष्णं तीक्ष्णं वातकफापहम्।
विद्यात्तदेव संपक्वं मधुरानुरसं गुरु॥ १०७॥
विदाहि विष्टम्भकरं दोषहृत्पूतिमारुतम्।

गुण-कर्म—बिल्वमूल त्रिदोषघ्न, वमन को रोकने वाला, मधुर तथा लघु होता है।

बिल्व का बालफल—स्निग्ध, संग्राही, अग्निदीपक, कटु, तिक्त, कषाय, उष्ण-वीर्य, तीक्ष्ण तथा वातकफनाशक है।

इसका पक्व फल—मधुरानुरस, गुरु, विदाही, विष्टम्भी, त्रिदोषहर एवं अपानवायु को दुर्गन्धित करने वाला होता है॥ १०६–१०७॥

४७. अग्निमन्थः

१—Premna latifolia Roxb. Var. mucronata Clarke.
Fam.—Verbenaceae. हि०—अगेथु, गनियार

२—Clerodendrum phlomidis Linn.
Fam.—Verbenaceae. हि०—अरणी, टेकार

अग्निमन्थोऽग्निमथनस्तर्कारी वैजयन्तिका।
वह्निमन्थोऽरणी केतुः श्रीपर्णी कर्णिका जया॥ १०८॥
नादेयी वह्निमथनो द्वितीयश्चाग्निमन्थनः।
रक्ताङ्गो मन्थनश्चैव स चैवारणिको मतः॥ १०९॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—अग्निमथन, तर्कारी, वैजयन्तिका, वह्निमन्थ, अरणी, केतु, श्रीपर्णी, जया; नादेयी और वह्निमथन ये पर्याय अग्निमन्थ के तथा रक्ताङ्ग, मन्थन, अरणिक ये पर्याय क्षुद्र अग्निमन्थ या क्षुराग्निमन्थ के हैं ।। १०८–१०९ ।।

तर्कारी कटुका तिक्ता तथोष्णाऽनिलपाण्डुजित् ।
शोफश्लेष्माग्निमान्द्यामविबन्धांश्च विनाशयेत् ।। ११० ।।

गुण-कर्म—तर्कारी कटु, तिक्त, उष्णवीर्य, वात, पाण्डुरोग, शोथ, कफ, अग्निमान्द्य, आमदोष एवं विबन्ध को दूर करने वाला होता है ।। ११० ।।

४८. श्योनाकः

Oroxylum indicum Vent.

Fam.—Bignoniaceae. हि०—सोनापाठा

श्योनाकः शुकनासश्च कट्वङ्गोऽथ कटंभरः ।
मयूरजंघोऽरलुकः प्रियजीवः कुटंनटः ।। १११ ।।
स प्रोक्तः पृथुशिम्बश्च टिण्टुको दीर्घवृन्तकः ।
भल्लूकः शिल्लको फल्गुवृन्ताको जम्बुको मतः ।। ११२ ।।

पर्याय—शुकनास, कट्वङ्ग, कटंभर, मयूरजङ्घ, अरलुक, प्रियजीव, कुटंनट, पृथुशिम्ब, टिण्टुक, दीर्घवृन्तक, भल्लूक, शिल्लक, फल्गुवृन्ताक और जम्बुक ये पर्याय श्योनाक के हैं ।। १११–११२ ।।

टिण्टुकः शिशिरस्तिक्तो वस्तिरोगहरः परः ।
पित्तश्लेष्मामवातातीसारकासारुचीर्जयेत् ।। ११३ ।।

गुण-कर्म—श्योनाक शीत-वीर्य और तिक्त है । यह वस्तिरोग, पित्त, कफ, आमवात, अतिसार, कास तथा अरुचि का नाशक है ।

विमर्श—धन्वन्तरि-निघण्टुकार ने श्योनाक का पर्याय अरलु दिया है जो वस्तुतः भिन्न द्रव्य है । अरलु का लैटिन नाम Ailanthus excelsa Roxb. है ।। ११३ ।।

४९. काश्मर्यः

Gmelina arborea Linn.

Fam.—Verbenaceae. हि०—गँभार

काश्मर्या काश्मरी हीरा काश्मर्यो मधुपर्ण्यपि ।
श्रीपर्णी सर्वतोभद्रा गम्भारी कृष्णवृन्तका ।। ११४ ।।
श्रीपर्णी स्वरसे तिक्ता गुरूष्णा रक्तपित्तजित् ।
त्रिदोषश्रमदाहार्त्तिज्वरतृष्णाविषाञ्जयेत् ।। ११५ ।।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—काश्मर्या, काश्मरी, हीरा, मधुपर्णी, श्रीपर्णी, सर्वतोभद्रा, गम्भारी और कृष्णवृन्तका ये पर्याय काश्मर्य के हैं।

गुण-कर्म—गम्भारी तिक्त, गुरु तथा उष्णवीर्य है। यह रक्तपित्त, त्रिदोष-विकार, श्रम, दाह, व्यथा, ज्वर, तृष्णा और विष को नष्ट करने वाली होती है॥ ११४–११५॥

५०. पाटला

Stereospermum suaveolens DC.

Fam.—Bignoniaceae. हि०—पाढ़ल

पाटलोक्ता तु कुम्भीका ताम्रपुष्पाऽम्बुवासिनी।
स्थाली वसन्तदूती स्यादमोघा कालवृन्तिका॥ ११६॥

पाटला तु रसे तिक्ता गुरूष्णा पवनास्रजित्।
पित्तहिक्कावमीशोफकफारोचकनाशिनी ॥ ११७॥

पर्याय—कुम्भीका, ताम्रपुष्पा, अम्बुवासिनी, स्थाली, वसन्तदूती, अमोघा और कालवृन्तिका ये पर्याय पाटला के हैं।

गुण-कर्म—पाटला तिक्त, गुरु, उष्णवीर्य, वात, रक्तविकार, पित्त, हिचकी, वमन, शोथ, कफ, और अरुचि को दूर करने वाली है॥ ११६–११७॥

५१. काष्ठपाटला (पाटलाविशेषः)

द्वितीया पाटला श्वेता निर्दिष्टा काष्ठपाटला।
सा चैव श्वेतकुम्भीका कुबेराक्षी फलेरुहा॥ ११८॥
पाटलायाः गुणैस्तद्वत्किंचिन्मारुतकृद्भवेत्।

पर्याय—पाटला की दूसरी जाति श्वेत पाटला या काष्टपाटला है। श्वेत कुम्भीका, कुबेराक्षी और फलेरुहा ये पर्याय काष्ठपाटला के हैं।

गुण-कर्म—काष्टपाटला के गुण-कर्म पाटला के समान हैं किन्तु यह किंचित् वातवर्धक होता है॥ ११८॥

५२. जीवकः

Microstylis wallichii Lindl.

Fam.—Orchidaceae. हि०—जीवक

जीवकः शृङ्गकः दवेडो दीर्घायुः कूर्चशीर्षकः।
ह्रस्वाङ्गः मधुरः स्वादुः प्राणदश्चिरजोऽप्यपि॥ ११९॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

जीवकः मधुरः शीतो रक्तपित्तानिलाञ्जयेत् ।
दाहज्वरक्षयान् हन्ति कफशुक्रविवर्धनः ॥ १२० ॥

पर्याय—शृङ्गक, क्ष्वेड, दीर्घायु, कूर्चशीर्ष, ह्रस्वाङ्ग, मधुर, स्वादु, प्राणद और चिरजीवी ये पर्याय जीवक के हैं।

गुण-कर्म—जीवक मधुर एवं शीतवीर्य है। यह रक्तपित्त, वात, दाह, ज्वर और क्षय का नाशक तथा कफ एवं शुक्र का वर्धक है ॥ ११९–१२० ॥

५३. ऋषभकः

Microstylis muscifera Ridley.
Fam.—Orchidaceae. हि०—ऋषभक

ऋषभो दुर्धरो धीरो मातृको वृषभो वृषः ।
विषाणी ककुदिन्द्राक्षो बन्धुरो गोपतिस्तथा ॥ १२१ ॥

ऋषभस्तु रसे स्वादु पित्तरक्तसमीरहा ।
क्षयदाहज्वरान् हन्ति श्लेष्मशुक्रविवर्धनः ॥ १२२ ॥

पर्याय—दुर्धर, धीर, मातृक, वृषभ, वृष, विषाणी, ककुद् (मान्), इन्द्राक्ष, बन्धुर एवं गोपति ये पर्याय ऋषभक के हैं।

गुण-कर्म—ऋषभक मधुर, पित्त, रक्त, वात, क्षय, दाह, ज्वर का नाशक तथा कफवर्धक और शुक्रजनन है ॥ १२१–१२२ ॥

५४. मेदा-महामेदे

Polygonatum verticillatum All.
Fam.—Liliaceae.

मेदा ज्ञेया मणिच्छिद्रा शल्यपर्णी धराऽपि च ।
महामेदा देवमणिर्वसुच्छिद्रा प्रकीर्त्तिता ॥ १२३ ॥

पर्याय—(१) मणिच्छिद्रा, शल्यपर्णी और धरा ये पर्याय मेदा के हैं।
(२) देवमणि और वसुच्छिद्रा ये महामेदा के पर्याय हैं ॥ १२३ ॥

मेदा स्वादुरसा शीता क्षयदाहज्वरापहा ।
सा पित्तं तु जयेच्छुक्रं सकफं च विवर्धयेत् ॥ १२४ ॥
महामेदा हिमा स्वादुः कफशुक्रविवर्धनी ।
हन्ति दाहास्रपित्तानि क्षयवातज्वरैः सह ॥ १२५ ॥

गुण-कर्म—(१) मेदा मधुर एवं शीतवीर्य है। यह क्षय, दाह, ज्वर को नष्ट करने वाली, पित्तशामक तथा कफशुक्रवर्धक है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

(२) महामेदा शीतवीर्य तथा मधुर होती है। यह कफशुक्रवर्धक, दाह, रक्त-पित्त, क्षय, वात एवं ज्वर को नष्ट करती है ॥ १२४-१२५ ॥

५५. विजया (मेदाविशेषः)

Cannabis sativa Linn.

Fam.—Cannabinaceae. हि०—भाँग

विजया रञ्जिका भङ्गा तन्द्राकृद् बहुवादिनी।
मादिनी मादिका मातुः प्रोक्ता गञ्जाकिनिस्तथा ॥ १२६ ॥
भङ्गा कफहरी तिक्ता ग्राहिणी याचनी लघुः।
तीक्ष्णोष्णा पित्तला मोहमदवाग्वह्निवर्धिनी ॥ १२७ ॥

पर्याय—रञ्जिका, भङ्गा, तन्द्राकृद्, बहुवादिनी, मादिनी, मादिका, मातु और गञ्जाकिनी ये पर्याय विजया के हैं।

गुण-कर्म—विजया कफशामक, तिक्त, ग्राही, पाचन एवं लघु है। यह तीक्ष्ण, उष्णवीर्य, पित्तवर्धक, मोह, मद, वाणी एवं अग्नि को बढ़ाने वाली है ॥१२६-१२७॥

५६. काकोली

Roscoea procera Wall.

Fam.—Zingiberaceae. हि०—काकोली

काकोली मधुरा शुक्ला क्षीरा ध्वांक्षोलिका स्मृता।
वयःस्था स्वादुमांसी च वायसोली च कर्णिका ॥ १२८ ॥
काकोली स्वादुशीता च वातपित्तज्वरापहा।
दाहघ्नी क्षयहन्त्री च श्लेष्मशुक्रविवर्धिनी ॥ १२९ ॥

पर्याय—मधुरा, शुक्ला, क्षीरा, ध्वांक्षोलिका, वयःस्था, स्वादुमांसी, वायसोली, कर्णिका ये पर्याय काकोली के हैं।

गुण-कर्म—काकोली मधुर तथा शीतवीर्य है। यह वात-पित्त, ज्वर, दाह और क्षय का नाशक तथा कफवर्धक और शुक्रजनन होती है ॥ १२८-१२९ ॥

५७. क्षीरकाकोली

Roscoea sp.

Fam.—Zingiberaceae. हि०—क्षीरकाकोली

द्वितीया क्षीरकाकोली क्षीरशुक्ला पयस्विनी।
वयःस्था क्षीरमधुरा वीरा क्षीरविषाणिका ॥ १३० ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

रुचिष्या वातपित्तास्रहृद्रोगशमनी मता।
श्वासकासक्षयहरा वृष्या वस्तिविशोधनी ॥ १३१ ॥

पर्याय—क्षीरशुक्ला, पयस्विनी, वयःस्था, क्षीरमधुरा, वीरा और क्षीरविषाणिका ये क्षीरकाकोली के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—क्षीरकाकोली रुचिप्रद, वात-पित्त, रक्तविकार, हृद्रोग, श्वास, कास तथा क्षय को दूर करने वाली, वृष्य तथा वस्तिशोधक होती है ॥१३०-१३१॥

५८. माषपर्णी

Teramnus labialis Spreng.

Fam.—Papilionateae (Laguminosae) हि०—मषवन

माषपर्णी च काम्बोजी कृष्णवृन्ता महासहा।
आर्द्रमाषा सिंहविन्ना मांसमाषाऽश्वपुच्छिका ॥ १३२ ॥
माषपर्णी रसे तिक्ता शीतला रक्तपित्तजित्।
कफशुक्रकरी स्वादुर्हन्ति दाहज्वरानिलान् ॥ १३३ ॥

पर्याय—काम्बोजी, कृष्णवृन्ता, महासहा, आर्द्रमाषा, सिंहविन्ना, मांसमाषा और अश्वपुच्छिका ये पर्याय माषपर्णी के हैं।

गुण-कर्म—माषपर्णी मधुर-तिक्त, शीतवीर्य तथा रक्तपित्तघ्न है। यह कफ-शुक्रवर्धक, दाह, ज्वर और वात को दूर करने वाली होती है ॥ १३२–१३३ ॥

५९. मुद्गपर्णी

Phaseolus trilobus Ait.

Fam.—Leguminosae. हि०—मुँगवन

मुद्गपर्णी क्षुद्रसहा शिम्बी मार्जारगन्धिका।
वनजा रिङ्गणी ह्रस्वा शूर्पपर्ण्यावुभे स्मृते ॥ १३४ ॥
मुद्गपर्णी हिमा स्वादुर्वातरक्तविनाशिनी।
पित्तदाहज्वरान् हन्ति कृमिघ्नी कफशुक्रकृत् ॥ १३५ ॥

पर्याय—क्षुद्रसहा, शिम्बी, मार्जारगन्धिका, वनजा, रिङ्गणी ये पर्याय मुद्गपर्णी के हैं। मुद्गपर्णी और माषपर्णी दोनों शूर्पपर्णी कहलाती हैं।

गुण-कर्म—मुंगवन शीतवीर्य एवं मधुर है। यह वात, रक्त, पित्त, दाह, ज्वर, कृमि को नष्ट करने वाली तथा कफ और शुक्र को बढ़ाने वाली होती है ॥ १३४–१३५ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

६०. जीवन्ती

Leptadenia reticulata W. & A.

Fam.—Asclepiadaceae. हि०—डोडी

जीवन्ती जीवनीया च जीवनी जीववर्धनी।
माङ्गल्यनामधेया च शाकश्रेष्ठा यशस्करी॥ १३६॥
चक्षुष्या सर्वदोषघ्नी जीवन्ती मधुरा हिमा।
शाकानां प्रवरा न्यूना द्वितीया किंचिदेव तु॥ १३७॥

पर्याय :—जीवनीया, जीवनी, जीववर्धनी, माङ्गल्या, शाकश्रेष्ठा और यशस्करी ये पर्याय जीवन्ती के हैं।

गुण-कर्म—जीवन्ती नेत्रों के लिए हितकर, त्रिदोषघ्न, मधुर, शीतवीर्य तथा शाकों में श्रेष्ठ है। जीवन्ती की दूसरी जाति इससे कुछ न्यूनगुण होती है।

विमर्श—जीवन्ती की दूसरी जाति L. pyrotechnica (Forsk) Decne. हि०—खीप हो सकती है।

यह निष्पत्र प्रजाति गुजरात और राजस्थान में होती है॥ १३६–१३७॥

६१. मधुयष्टी

Glycyrrhiza glabra Linn.

Fam.—Leguminosae. हि०—मुलेठी, जेठीमधु

मधुयष्टी च यष्टी च यष्टीमधु मधुस्रवा।
यष्टीकं मधुकं चैव यष्ट्याह्वं मधुयष्टिका॥ १३८॥
स्थलजा जलजाऽन्या तु मधुपर्णी मधूलिका।
मधुयष्टी स्वादुरसा शीता पित्तविनाशिनी।
वृष्या शोषक्षयहरा विषच्छर्दिविनाशनी॥ १३९॥

पर्याय—यष्टी, यष्टीमधु, मधुस्रवा, यष्टीक, मधुक, यष्टाह्व और मधुयष्टिका ये पर्याय यष्टीमधु के हैं।

गुण-कर्म—मधुयष्टी मधुर, शीतवीर्य तथा पित्तघ्न है। यह शुक्रवर्धक, शोष, क्षय, विष, वमन को दूर करने वाली होती है॥ १३८–१३९॥

६२. क्लीतनकम् (मधुयष्टीविशेषः)

तल्लक्षणं क्लीतनकं क्लीतनं क्लीतिका च सा।
यष्टिकायुगलं स्वादु तृष्णापित्तास्रजिद्धिमम्॥ १४०॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—क्लीतनक का स्वरूप मधुयष्टी के समान है। 'क्लीतनक, क्लीनिका ये क्लीतनक के पर्याय हैं। यह स्थलज तथा जलज भेद से दो प्रकार की होती है। क्लीतनक स्थलज है। जलज जाति मधुपर्णी या मधूलिका कहलाती है।

गुण-कर्म—दोनों प्रकार की मुलहठी मधुर, शीतल, तृषा और रक्तपित्त को दूर करने वाली होती है ॥ १४० ॥

६३. ऋद्धिः

Habenaria sp.

Fam.—orchidaceae. हि०—ऋद्धि, वृद्धि

ऋद्धिर्वृद्धिः सुखं सिद्धो रथाङ्गं मङ्गलं वसु।
ऋषिसृष्टा युगं योग्यं लक्ष्मीः सर्वजनप्रिया ॥ १४१ ॥

ऋद्धिर्मधुरशीता स्यात् क्षयपित्तानिलाञ्जयेत्।
रक्तदोषं ज्वरं हन्ति वर्धनी कफशुक्रयोः ॥ १४२ ॥

पर्याय—ऋद्धि, वृद्धि, सुख, सिद्धि, रथाङ्ग, मङ्गल, वसु, ऋषिसृष्टा, युग, योग्य, लक्ष्मी ओर सर्वजनप्रिया ऋद्धि के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—ऋद्धि मधुर, शीतवीर्य, क्षय, पित्त, वात, रक्तविकार तथा ज्वर का नाशक, कफवर्धक और शुक्रजनन होती है।

विमर्श—यहां ऋद्धि और वृद्धि को पर्याय माना है। इससे संकेत मिलता है कि एक ही द्रव्य दोनों नामों से चलता था ॥ १४१–१४२ ॥

६४. विदारिका

Pueraria tuberosa DC.

Fam.—Leguminosae. हि०—भुई कोहड़ा, बिलाईकन्द

विदारिका मता शुक्ला स्वादुकन्दा शृगालिका।
वृष्यकन्दा विदारी च वृष्यवल्ली विडालिका ॥ १४३ ॥

विदारी शिशिरा स्वादुर्गुरुः स्निग्धा समीरजित्।
पितास्रजित्तथा बल्या वृष्या चैव प्रकीर्तिता ॥ १४४ ॥

पर्याय—शुक्ला, स्वादुकन्दा, शृगालिका, वृष्यकन्दा, विदारी, वृष्यवल्ली और विडालिका ये विदारी के पर्याय हैं।

गुण-कर्म :—विदारी शीतवीर्य, मधुर, गुरु, स्निग्ध है। यह वात, रक्तपित्त, का शामक, बलवर्धक और शुक्रजनन है ॥ १४३–१४४ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

६५. क्षीरविदारी (विदारिकाविशेषः)

Ipomoea digitata Linn.

Fam.—Convolvulaceae.

अन्या क्षीरविदारी स्यादिक्षुगन्धेक्षुवल्ल्यपि ।
क्षीरवल्ली क्षीरकन्दा क्षीरशुक्ला पयस्विनी ॥ १४५ ॥
क्षीरविदारिका बल्या वातपित्तहरा च सा ।
मधुरा बृंहणी वृष्या शीतस्पर्शाऽतिमूत्रला ॥ १४६ ॥
स्तन्यदोषस्य हरणी पित्तशूलनिषूदनी ।

पर्याय—इक्षुगंधा, इक्षुवल्ली, क्षीरवल्ली, क्षीरकन्दा, क्षीरशुक्ला और पयस्विनी ये क्षीरविदारी के पर्याय हैं।

गुण-कर्म :—क्षीरविदारी बलवर्धक, वात-पित्तशामक, मधुर, धातुवर्धक एवं शुक्रजनन है। यह स्पर्श में शीत, अतिमूत्रल, स्तन्यदोष का निवारण करने वाली तथा पैत्तिक शूल का नाशक है ॥ १४५–१४६ ॥

६६. कपिकच्छूः

Mncuna pruriens DC.

Fam.—Leguminosae. हि०—केंवाच, कौंच, खुजनी

कपिकच्छूरात्मगुप्ता स्वयंगुप्ता महर्षभी ।
लाङ्गूली कण्डुला चण्डा मर्कटी दुरभिग्रहा ॥ १४७ ॥
कपिकच्छूः रसे स्वादुस्तिक्ता शीताऽनिलापहा ।
वृष्या पित्तास्रहन्त्री च दुष्टव्रणविनाशिनी ॥ २४८ ॥

पर्याय—आत्मगुप्ता, स्वयंगुप्ता, महर्षभी, लाङ्गूली, कण्डुला, चण्डा, मर्कटी और दुरभिग्रहा ये कपिकच्छू के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—कपिकच्छू रस में मधुर-तिक्त तथा शीतवीर्य है। यह वातघ्न, शुक्रवर्धक, रक्तपित्तशामक और दुष्टव्रणशोधन है ॥ १४७–१४८ ॥

६७. दधिपुष्पी (कपिकच्छूविशेषः)

दधिपुष्पी तु खट्वाङ्गी खट्वा पर्यङ्कपादिका ।
ऋषभी सा तु काकाण्डी ज्ञेया शूकरपादिका ॥ १४९ ॥
कफपित्तहरा गुर्वी रञ्जनी वातनाशिनी ।
उष्णवीर्या स्वादुरसा काकाण्डी माषवद्भवेत् ॥ १५० ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—खट्वाङ्गी, खट्वा, पर्यङ्कपादिका, ऋषभी, काकाण्डी और शूकर-पादिका ये पर्याय दधिपुष्पी के हैं।

गुण-कर्म—दधिपुष्पी कफपित्तशामक, गुरु, रञ्जन करने वाली, वातनाशक, उष्णवीर्य, मधुररस, तथा माष (उड़द) के समान गुण वाली होती है।

विमर्श—दधिपुष्पी संहिताओं में पठित ऋषभी या काकाण्डा (काकाण्डोला) प्रतीत होती है। कपिकच्छू को 'महर्षभी' कहा है। इससे संकेत मिलता है कि कपिकच्छू बड़ी जाति और ऋषभी उसीकी छोटी जाति है ॥ १४९–१५० ॥

६८. शितिवारः

Celosia argentea Linn.

Fam.—Amaranthaceae. हि०—सिरियारी, सफेद मुर्गा

शितिवारः सूचिपत्रः सूच्याह्वः सुनिषण्णकः।
श्रीवारकः शितिवरः स्वस्तिकः कुक्कुटः शिखी ॥ १५१ ॥
शितिवारस्तु संग्राही कषायः सर्वदोषजित्।
हृद्रोगप्लीहगुल्मार्शोबस्तिशुद्धिकरः परः ॥ १५२ ॥

पर्याय—सूचिपत्र, सूच्याह्व, सुनिषण्णक, श्रीवारक, शितिवार, स्वस्तिक, कुक्कुट तथा शिखी ये शितिवार के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—शितिवार हृद्रोग, प्लीहा, गुल्म, अर्श का नाशक, उत्तम बस्ति-शोधक, संग्राही, कषाय और त्रिदोष को नष्ट करने वाला होता है।

विमर्श—शितिवार के पर्याय में सुनिषण्णक नाम आया है। वस्तुतः यह पृथक् वनस्पति है। इसका लैटिन नाम Marsilea minuta Linn. (Fam.—Rhizocarpaceae.) है ॥ १५१–१५३ ॥

६९. पाषाणभेदकः

Bergenia ligulata (Wall.) Engl.

Fam.—Saxifragaceae. हि०—पथरचूर

पाषाणभेदकोऽश्मघ्नः शिलाभेदोऽश्मभेदकः।
स चैवोपलभेदश्च नगभिद् दृषदश्मजित् ॥ १५३ ॥
अश्मभेदो हिमस्तिक्तः शर्कराशिश्नशूलजित्।
हृद्रोगप्लीहगुल्मार्शोबस्तिशुद्धिकरः परः ॥ १५४ ॥

पर्याय :—अश्मघ्न, शिलाभेद, अश्मभेदक, उपलभेद, नगभिद्, दृषद् (भेद); और अश्मजित् ये पाषाणभेद के पर्याय हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—पाषाणभेद शीतवीर्य, तिक्त, (अश्मरी) शर्करा तथा शिश्नशूल को नष्ट करता है। यह हृद्रोग, प्लीहा, गुल्म तथा अर्श को नष्ट करने वाला उत्तम बस्तिशोधक है ॥ १५३–१५४ ॥

७०. श्रावणी–महाश्रावणी

(i) Sphaeranthus indicus Linn.

(ii) Sphaeranthus africans Linn.

Fam.—Compositae. हि०—मुण्डी, गोरखमुण्डी

श्रावणी स्यान्मुण्डितिका भिक्षुः श्रवणशीर्षिका।
श्रवणाह्वा प्रव्रजिता परिव्राजी तपोधना ॥ १५५ ॥
महाश्रावणिका मुण्डी लोभनीया तथाऽन्यका।
कदम्बपुष्पिका प्रोक्ता छिन्नग्रन्थिनिका च सा ॥ १५६ ॥
मुण्डिका कटुतिक्ता स्यादनिलास्रविनाशिनी।
आमारुचिघ्न्यपस्मारगण्डश्लीपदनाशिनी ॥ १५७ ॥

पर्याय—मुण्डितिका, भिक्षु, श्रवणशीर्षिका, श्रवणाह्वा, प्रव्रजिता, परिव्राजी, तपोधना ये पर्याय मुण्डी के तथा महाश्रावणिका, मुण्डी, लोभनीया, कदम्बपुष्पिका और छिन्नग्रन्थिनिका ये पर्याय महामुण्डी के हैं।

गुण-कर्म—मुण्डी कटु, तिक्त, वात, रक्तदोष, आम, अरुचि, अपस्मार, गण्ड (ग्रन्थिवृद्धि) और श्लीपद को नष्ट करने वाली होती है ॥ १४४–१५७ ॥

७१. सारिवा

Hemidesmus indicus R. Br.

Fam.—Asclepiadaceae. हि०—अनन्तमूल, कपूरी

सारिवा शारदा गोपा गोपवल्ली प्रतानिका।
गोपकन्या लताऽऽस्फोता श्वेतोक्ता काष्ठसारिवा ॥ १५८ ॥

पर्याय—शारदा, गोपा, गोपवल्ली, प्रतानिका, गोपकन्या, लता, आस्फीता; श्वेता और काष्ठसारिवा ये पर्याय सारिवा के हैं ॥ १५८ ॥

सारिवाऽन्या कृष्णमूली कृष्णा चन्दनसारिवा।
भद्रा चन्दनगोपा तु चन्दना कृष्णवल्ल्यपि ॥ १५९ ॥

पर्याय—दूसरे प्रकार की सारिवा कृष्ण होती है। उसके पर्याय कृष्णमूली; कृष्णा, चन्दनसारिवा, भद्रा, चन्दनगोपा, चन्दना और कृष्णवल्ली हैं ॥ १५९ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सारिवे द्वे तु मधुरे कफवातास्रनाशने ।
कुष्ठकण्डूज्वरहरे मेहदुर्गन्धिनाशने ॥ १६० ॥
कृष्णमूली तु संग्राहिशिशिरा कफवातजित् ।
तृष्णारुचिप्रशमनी रक्तपित्तहरा स्मृता ॥ १६१ ॥

गुण-कर्म—दोनों सारिवा रस में मधुर, कफ, वात, रक्तदोष, कुष्ठ, कण्डू, ज्वर, प्रमेह तथा दुर्गन्ध को नष्ट करती है। कृष्णसारिवा संग्राही, शीतवीर्य, कफ-वातशामक, तृष्णा, अरुचि तथा रक्तपित्त को दूर करती है।

विमर्श—कृष्णसारिवा Cryptolepis buchanani Roem & Schult. (Fam. asclepiadaceae) ॥ १६०–१६१ ॥

७२. बाकुची

Psoralea corylifolia Linn.

Fam.—Leguminosae. हि०—बाकुची, बावची

बाकुची सोमराजी तु सोमवल्ली सुवल्ल्यपि ।
अवल्गुजा कृष्णफला सैव पूतिफला मता ॥ १६२ ॥
चन्द्रलेखेन्दुलेखा च शशिलेखा मता च सा ।
पूतिकर्णी कालमेषी दुर्गन्धाकुष्ठनाशिनी ॥ १६३ ॥

पर्याय:—सोमराजी, सोमवल्ली, सुवल्ली, अवल्गुजा, कृष्णफला, पूतिफला, चन्द्रलेखा, इन्दुलेखा, शशिलेखा, पूतिकर्णी, कालमेषी, दुर्गन्धा और कुष्ठनाशिनी ये पर्याय बाकुची के हैं। ॥ १६२–१६३ ॥

बाकुची शीतला तिक्ता श्लेष्मकुष्ठकृमीञ्जयेत् ।
रसायनोपयुक्ता च रुचिमेधाविवर्धनी ॥ १६४ ॥

गुण-कर्म:—बाकुची शीतवीर्य, तिक्त, कफ, कुष्ठ, कृमि को नष्ट करने वाली है। रसायनविधि से सेवन करने पर कान्ति और मेधा को बढ़ाती है ॥ १६४ ॥

७३. मदनः

Randia dumetorum Lam.

Fam.—Rubiaceae. हि०—मैनफल

मदनः शल्यको राठः पिण्डी पिण्डीतकः फलः ।
गालवः करहाटश्च च्छर्दनो विषपुष्पकः ॥ १६५ ॥
मदनः कटुकस्तिक्तस्तथा चोष्णो व्रणापहः ।
श्लेष्मज्वरप्रतिश्यायगुल्मेषु विद्रधीषु च ॥ १६६ ॥
शोफदोषापहो वस्तौ वमने चेह शस्यते ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—शल्यक, राठ, पिण्डी, पिण्डीतक, फल, गालव, करहाट, छर्दन और विषपुष्पक ये पर्याय मदन के हैं।

गुण-कर्म—मैनफल कटु-तिक्त, उष्णवीर्य, व्रणनाशक, श्लेष्मविकार, ज्वर, प्रतिश्याय, गुल्म, विद्रधि, शोथ का नाशक तथा बस्ति और वमन में उपयोगी है॥ १६५–१६६॥

७४. कटुकालाम्बुनी

Lagenaria vulgaris Ser.

Fam.—Cucurbitaceae. हि०—कड़वी लौकी

कटुकालाम्बुनी तुम्बी लम्बा पिण्डफला च सा।
इक्ष्वाकुः क्षत्रियवरा तिक्तबीजा महाफला॥ १६७॥
कासश्वासच्छर्दिहरो विषार्ते कफकर्शिते।
इक्ष्वाकुर्वमने शस्तः प्रताम्यति च मानवे॥ १६८॥
कटुतुम्बी कटुस्तिक्ता वातकृच्छ्वासकासजित्।
कफघ्नी शोधनी शोफव्रणशूलविषापहा॥ १६९॥

पर्याय—तुम्बी, लम्बा, पिण्डफला, इक्ष्वाकु, क्षत्रियवरा, तिक्तबीजा और और महाफला ये पर्याय कटुकालाम्बुनी (कटुतुम्बी) के हैं।

गुण-कर्म—कड़वी लौकी कासहर, श्वासघ्न, छर्दिघ्न है। यह विष, कफरोग तथा मूर्च्छा में वमनकर्म के लिए प्रशस्त है। यह कटुतिक्त, वातवर्धक, श्वास-कास को नष्ट करने वाला, कफनाशक, संशोधक, शोथ, व्रण, शूल, विष को दूर करती है॥ १६७–१६९॥

७५. जीमूतकः

Luffa echinata Roxb.

Fam.—Cucurbitaceae. हि०—बन्दाल

जीमूतको देवताडो वृत्तकोशो गरागरी।
प्रोक्ताऽऽखुविषहा वेणी देवदाली च ताड़का॥ १७०॥
जीमूतको ज्वरश्वासकासहिध्मारुचिक्षये।
शोफपाण्डुविषध्वंसी गरेषु वमने हितः॥ १७१॥

पर्याय—देवताड़, वृन्तकोश, गरागरी, आखुविषहा, वेणी, देवदाली, ताड़का ये पर्याय देवदाली के हैं।

गुण-कर्म—जीमूतक ज्वर, श्वास, कास, हिचकी, अरुचि, शोफ, पाण्डुरोग, विष, विशेषतः गरविष में वमनार्थ प्रशस्त है॥ १७०–१७१॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

७६. त्रपुसम्

Cucumis sativus Linn.

Fam.—Cucurbitaceae. हि०—खीरा

त्रपुसं कटुकं तिक्तं विपाण्डुर्हस्तिपर्णिनी।
दीर्घपर्णी मूत्रफला लताकर्कटिकाऽपि च ॥ १७२ ॥
त्रपुसं छर्दिहृत् प्रोक्तं मूत्रबस्तिविशोधनम्।

पर्याय—कटुक, तिक्त, विपाण्डु, हस्तिपर्णिनी, दीर्घपर्णी, मूत्रफला, लताकर्कटिका ये पर्याय त्रपुस के हैं।

गुण-कर्म—त्रपुस वमन को दूर करने वाला तथा मूत्राशय का विशोधक है ॥ १७२ ॥

७७. उर्वारुः (त्रपुसविशेषः)

Cucumis utilissimus Roxb.

Fam.—Cucurbitaceae. हि०—ककड़ी

उर्वारुः कर्कटी प्रोक्ता व्यालपत्रा च लोमशा।
स्थूला तोयफला चैव हस्तिदन्तफला मुनिः ॥ १७३ ॥
उर्वारुकं पित्तहरं सुशीतलं
मूत्रामयघ्नं मधुरं रुचिप्रदम्।
संतापमूर्च्छापहरं सुतृप्तिदं,
वातप्रकोपाय घनं तु सेवितम् ॥ १७४ ॥

पर्याय—कर्कटी, व्यालपत्रा, लोमशा, स्थूला, तोयफला, हस्तिदन्तफला और मुनि ये उर्वारु के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—ककड़ी के फल पित्तशामक, शीतवीर्य, मूत्रविकारनाशक, मधुर, रुचिकारक, संताप, मूर्च्छा को नष्ट करने वाले, तृप्तिप्रद तथा अधिक खाने पर वात प्रकोपक होते हैं ॥ १७३–१७४ ॥

७८. वालुकम् (त्रपुसविशेषः)

वालुकं काण्डकं वालु तच्छीतं मधुरं गुरु।
रक्तपित्तहरं भेदि लघुष्णं पक्वमग्निकृत् ॥ १७५ ॥

पर्याय—वालुक के पर्याय हैं—काण्डक और वालु।

गुण-कर्म—वालुक शीतवीर्य, मधुर, गुरु, रक्तपित्त को नष्ट करने वाला है। इसका पका फल—लघु, उष्ण, अग्निदीपक एवं भेदन होता है ॥ १७५ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

७९. शीर्णवृन्तम् (त्रपुसविशेषः)

शीर्णवृन्तं चित्रफलं विचित्रं पीतवर्णकम् ।
शीर्णवृन्तं लघु स्वादु भेद्युष्णं वह्निपित्तकृत् ॥ १७६ ॥

पर्याय—चित्रफल, विचित्र और पीतवर्णक ये पर्याय शीर्णवृन्त के हैं।

गुण-कर्म—शीर्णवृन्त लघु, मधुर, उष्णवीर्य अग्निदीपक तथा पित्तकारक होता है ॥ १७६ ॥

८०. चिर्भटम्

चिर्भटं धेनुदुग्धं च ज्ञेयं गोरक्षकर्कटी ।
चिर्भटं मधुरं रूक्षं गुरु पित्तकफापहम् ॥ १७७ ॥

पर्याय—धेनुदुग्ध और गोरक्षकर्कटी ये पर्याय चिर्भट के हैं।

गुण-कर्म—चिर्भट (फूट) मधुर, रूक्ष, गुरु पित्तकफशामक है ॥ १७७ ॥

८१. डङ्गरी (त्रपुसविशेषः)

डङ्गरी डाङ्गरी चैव दीर्घोर्वारुश्च डङ्गरिः ।
डाङ्गारी नागशुण्डी च गजदन्तफला मुनिः ॥ १७८ ॥
डङ्गरी शीतला रुच्या दाहपित्तास्रदोषजित् ।
शोषहृत्तर्पणी बल्या जाड्यहा मूत्ररोधनुत् ॥ १७९ ॥

पर्याय—डाङ्गरी, दीर्घोर्वारु, डङ्गरि, डाङ्गारी, नागशुण्डी, गजदन्तफला और मुनि ये डङ्गरी के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—डङ्गरी शीतवीर्य, रुचिकारक, दाह, पित्त, रक्तदोष, शोष को नष्ट करने वाली, तर्पक, बल्य, जाड्य तथा मूत्ररोध को दूर करती है ॥१७८-१७९॥

८२. कूष्माण्डिका (त्रपुसविशेषः)

Benincasa ceribera Savi.

Fam.—Cucurbitaceae. हि०—पेठा, भतुआ

कूष्माण्डिका कुम्भफला तथा स्थिरफला मता ।
कूष्माण्डी सोमसृष्टा च पीतिका च बृहत्फला ॥ १८० ॥
वल्लीफलानां प्रवरं कूष्माण्डं वातपित्तजित् ।
वस्तिशुद्धिकरं वृष्यं हृद्यं चेतोविकारजित् ॥ १८१ ॥

पर्याय—कुम्भफला, स्थिरफला कूष्माण्डी, सोमसृष्टा, पीतिका, और बृहत्फला ये पर्याय कूष्माण्डिका के हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—कूष्माण्डिका का फल वल्लीफलों में सर्वोत्तम है। यह वातपित्तशामक, वस्तिशोधन (मूत्रल), शुक्रवर्धक, हृदय के लिये हितकर तथा मानस रोगों को दूर करने वाला होता है॥ १८०-१८१॥

८३. वन्ध्यकर्कोटकी–कर्कोटकी (त्रपुसविशेषः)

Momordica dioica Roxb.

Fam.—Cucurbitaceae. हि०—ककोड, खेखसा

वन्ध्यकर्कोटकी देवी मनोज्ञा च कुमारिका।
नागारिः सर्पदमनी विषकण्टकिनी तथा॥ १८२॥
विज्ञेया नागदमनी सर्वभूतप्रमर्दिनी।
वन्ध्यापुत्रप्रदा चैव ज्ञेया योगेश्वरी तथा॥ १८३॥

पर्याय—देवी, मनोज्ञा, कुमारिका, नागारि, सर्पदमनी, विषकण्टकिनी नागदमनी, सर्वभूतप्रमर्दनी, वन्ध्यापुत्रप्रदा, योगेश्वरी ये पर्याय वन्ध्यकर्कोटकी के हैं॥ १८२-१८३॥

कर्कोटकी स्वादुफला मनोज्ञा च कुमारिका।
अवन्ध्या चैव देवी च विषप्रशमनी तथा॥ १८४॥
कर्कोटकीयुगं तिक्तं हन्ति श्लेष्मविषद्वयम्।
मधुना च शिरोरोगे कन्दस्तस्याः प्रशस्यते॥ १८५॥

पर्याय—स्वादुफला, मनोज्ञा कुमारिका, अवन्ध्या, देवी और विषप्रशमनी ये कर्कोटकी के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—दोनों कर्कोटी रस में तिक्त, कफ, विषविकार को नष्ट करता है। कर्कोटकी का कन्द—शिरोरोग में मधु के साथ उपयोगी होता है॥ १८४-१८५॥

८४. धामार्गवः

(i) Luffa aegyptiaca Mill ex Hook. f.

Fam.—Cucurbitaceae. हि०—नेनुआ

धामार्गवः कोशफला राजकोशातकी तथा।
कर्कोटकी पीतपुष्पा महाजालिनिरुच्यते॥ १८६॥
महाकोशातकी त्वन्या हस्तिघोषा महाफला।
धामार्गवो गदेष्विष्टः स्थिरेषु च महत्सु च॥ १८७॥
कोशातकी सुतिक्तोष्णा पक्वामाशयशोधिनी।
कासगुल्मोदरगरे वाते श्लेष्माशयस्थिते॥ १८८॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कफे च कण्ठवक्त्रस्थे कफसंचयनेषु च।
अन्या स्वादुस्त्रिदोषघ्नी ज्वरस्यान्ते हिता स्मृता ॥ १८६ ॥

पर्याय—कोशफला, राजकोशातकी, कर्कोटकी, पीतपुष्पा, महाजालिनी ये पर्याय राजकोशातकी के तथा हस्तिघोषा (हस्तिकोशातकी) और महाफला ये महाकोशातकी के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—धामार्गव स्थिर तथा महान् रोगों में उपयुक्त होता है। यह तिक्त, उष्णवीर्य, पक्वाशय-आमाशय-संशोधक, कास, गुल्म, उदर, गर में उपयोगी है। यह कफाशय में स्थित वात में तथा कण्ठ तथा मुख में स्थित कफ में एवं संचित कफ में लाभकर है। इसकी दूसरी जाति (हस्तिकोशातकी) मधुर, त्रिदोषहर है तथा ज्वर के अन्त में हितकर है ॥ १८६-१८९ ॥

८५. कोशातकी (धामार्गवविशेषः)

Luffa acutangula (Linn.) Roxb var. amara Clarke.
Fam.—Cucurbitaceae. हि०—तरोई

कोशातकी कृतच्छिद्रा जालिनी कृतवेधनी।
क्ष्वेडा सुतिक्ता घण्टाली मृदङ्गफलिका मता ॥ १९० ॥
क्ष्वेडस्तिक्तः कटुस्तीक्ष्णोऽप्रगाढ़श्च प्रशस्यते।
कुष्ठपाण्ड्वामयप्लीहशोफगुल्मगरादिषु ॥ १९१ ॥

पर्याय—कृतच्छिद्रा, जालिनी, कृतवेधनी, क्ष्वेडा, सुतिक्ता, घण्टाली और मृदङ्गफलिका ये पर्याय कोशातकी के हैं।

गुण-कर्म—कोशातकी तिक्त, कटु, तीक्ष्ण है तथा कुष्ठ, पाण्डुरोग, प्लीहा, शोथ, गुल्म तथा विष को दूर करती है। यह अप्रगाढ़ (तरुण) अवस्था में प्रशस्त मानी जाती है ॥ १९०-१९१ ॥

८६. अश्मन्तकः

Ficus cordifolia Roxb.
Fam.—Moraceae. हि०—असन्त, अष्टा

अश्मन्तकश्चन्द्रकस्तु कुद्दाली चाम्लपत्रकः।
श्लक्ष्णत्वग्मालुकापर्णः स्मृतो यमलपत्रकः ॥ १९२ ॥
अश्मन्तकः कषायस्तु हिमः पित्तकफापहः।
मधुरः शीतसंग्राही दाहतृष्णाप्रमेहजित् ॥ १९३ ॥

पर्याय—चन्द्रक, कुद्दाली, अम्लपत्रक, श्लक्ष्णत्वक्, मांलुकापर्ण, यमलपत्रक ये पर्याय अश्मन्तक के हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—अश्मन्तक मधुर, कषाय, शीतवीर्य, पित्त एवं कफ का शामक है। यह स्तम्भन, दाह, तृष्णा और प्रमेह को दूर करने वाला होता है ॥१६२-१६३॥

८७. कोविदारः

(i) Bauhinia purpurea Linn.

Fam.—Leguminosae, हि०—कोइलार

कोविदारेऽथ कुदालः कुम्भारः कुण्डली कुली।
ताम्रपुष्पश्चमरिको महायमलपत्रकः ॥ १६४ ॥
कोविदारः कषायस्तु संग्राही व्रणरोपणः।
गण्डमालागुदभ्रंशशमनः कुष्ठकेशहा ॥ १६५ ॥

पर्याय—कुद्दाल, कुम्भार, कुण्डली, कुली, ताम्रपुष्प, चमरिक, महायमलपत्रक ये पर्याय कोविदार के हैं।

गुण-कर्म—कोविदार कषाय, संग्राही तथा व्रणरोपण है। यह गण्डमाला, गुदभ्रंश का निवारक तथा कुष्ठ एवं केश का नाश करने वाला है ॥ १६४-१६५ ॥

८८. आवर्तकी

Cassia auriculata Linn.

Fam.—Leguminosae. हि०—तरवड, आहुल

आवर्तकी बिन्दुकिनी विभाण्डी पीतकीलका।
चर्मरंगा पीतपुष्पा महाजालिनिरुच्यते ॥ १६६ ॥
आवर्तकी च कुष्ठघ्नी सोर्ध्वाधोदोषनाशनी।
कषाया शीतला वृष्या त्रिदोषघ्न्यतिसारजित् ॥ १६७ ॥
शोफगुल्मोदरानाहकृमिजालविनाशिनी ।

पर्याय—बिन्दुकिनी, बिभाण्डी, पीतकीलका, चर्मरंगा, पीतपुष्पा तथा महाजालिनी ये पर्याय आवर्तकी के हैं।

गुण-कर्म—आवर्त्तकी कुष्ठहर, ऊर्ध्वभागहर तथा अधोभागहर, कषाय; शीतवीर्य, शुक्रवर्धक तथा त्रिदोषहर है। यह अतिसार, शोफ, गुल्म, उदररोग; आनाह, कृमिरोग को नष्ट करती है ॥ १६६-१६७ ॥

८९. शणपुष्पी

Crotaria verrucosa Linn.

Fam.—Leguminosae. हिं०—सनई पटसन

शणपुष्पी बृहत्पुष्पी सा चोक्ता शणघण्टिका।
महाशणो माल्यपुष्पी वमनी कटुतिक्तका ॥ १६८ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

शणपुष्पी रसे तिक्ता वमनी कफपित्तजित् ।
वातघ्नी कण्ठहृद्रोगमुखरोगविनाशिनी ॥ १६६ ॥

पर्याय—बृहत्पुष्पी, शणघण्टिका, महाशण, माल्यपुष्पी, वमनी और कटुतिक्तका ये शणपुष्पी के पर्याय हैं ।

गुण-कर्म—शणपुष्पी रस में तिक्त, वामक, कफ, पित्त, वात, कण्ठ रोग, हृद्रोग तथा मुखरोग को दूर करने वाली होती है ॥ १६८-१६६ ॥

९०. बिम्बी

Coccinia indica W. & A.

Fam.—Cucurbitaceae. हि०—कुन्दरु, कुन्दरी

बिम्बी रक्तफला तुण्डी तुण्डिकेरफला च सा ।
ओष्ठोपमफला गोल्हा पीलुपर्णी च तुण्डिका ॥ २०० ॥
तुण्डिका कफपित्तासृक्शोफपाण्डुज्वरापहा ।
श्वासकासापहा तज्जं फलं वातकफावहम् ॥ २०१ ॥

पर्याय—रक्तफला, तुण्डी, तुण्डिकेरफला, ओष्ठोपमफला, गोल्हा, पीलुपर्णी और तुण्डिका ये पर्याय बिम्बी के हैं ।

गुण-कर्म—कुन्दरु कफ-पित्त, रक्तदोष, शोफ, पाण्डु, ज्वर, श्वास-कास को नष्ट करने वाला है । इसका फल वातकफवर्धक होता है ॥ २००-२०१ ॥

९१. हरीतकी

Terminalia chebula Retz.

Fam.—Combretacaae. हि०—हरड़, हर्रे

हरीतक्यभया पथ्या प्रपथ्या पूतनाऽमृता ।
जयाऽव्यथा हैमवती वयःस्था चेतकी शिवा ॥ २०२ ॥
प्राणदा नन्दिनी चैव रोहिणी विजया च सा ।

पर्याय—अभया, पथ्या, प्रपथ्या, पूतना, अमृता, जया, अव्यथा, हैमवती; वयःस्था चेतकी, शिवा, प्राणदा, नन्दिनी, रोहिणी और विजया हरीतकी के पर्याय हैं ॥ २०२ ॥

कषायाऽम्ला च कटुका तिक्ता मधुरसान्विता ।
इति पञ्चरसा पथ्या लवणेन विवर्जिता ॥ २०३ ॥

गुण-कर्म—हरीतकी में लवणरस छोड़कर शेष पांच रस होते हैं यथा—कषाय, अम्ल, कटु, तिक्त और मधुर ॥ २०३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अम्लभावाज्जयेद्वातं पित्तं मधुरतिक्तकात् ।
कफं रूक्षकषायत्वात्त्रिदोषघ्नी ततोऽभया ॥ २०४ ॥

प्रपथ्या लेखनी लघ्वी मेध्या चक्षुर्हिता सदा ।
मेहकुष्ठव्रणच्छर्दिशोफवातास्रकृच्छ्रजित् ॥ २०५ ॥

वातानुलोमनी हृद्या सेन्द्रियाणां प्रसादनी ।
संतर्पणकृतान्रोगान्प्रायो हन्ति हरीतकी ॥ २०६ ॥

हरीतकी अम्ल होने से वात का, मधुर और तिक्त होने से पित्त का तथा रूक्ष एवं कषाय होने से कफ का शमन करती है अतः हरीतकी त्रिदोषहर है ।

हरीतकी लेखन, लघु, मेध्य, नेत्रों के लिए हितकर, प्रमेह, कुष्ठ, व्रण, वमन, शोथ, वातरक्त तथा मूत्रकृच्छ को नष्ट करती है। यह वातानुलोमक, हृदय के लिये हितकर, इन्द्रियों का प्रसादन करने वाली तथा संतर्पणकृत रोगों का प्रायः नाश करने वाली है ॥ २०४-२०६ ॥

तृष्णायां मुखशोषे च हनुस्तम्भे गलग्रहे ।
नवज्वरे तथा क्षीणे गर्भिण्यां न प्रशस्यते ॥ २०७ ॥

अप्रशस्त हरीतकी :—तृष्णा, मुखशोष, हनुस्तम्भ, गलग्रह, नवज्वर में तथा क्षीणकाय (दुर्बल व्यक्ति) और गर्भिणी स्त्री के लिये अहितकर है ॥ २०७ ॥

हरस्य भवने जाता हरिता च स्वभावतः ।
सर्वरोगाँश्च च हरते तेन ख्याता हरीतकी ॥ २०८ ॥

यह शिव के निवासस्थान (हिमालय पर्वत) में उत्पन्न है, स्वरूपतः हरितवर्ण है तथा सभी प्रकार के रोगों को दूर करनेवाली है अतः यह "हरीतकी" नाम से प्रसिद्ध है ॥ २०८ ॥

९२. बिभीतकः

Terminalia belerica Roxb.

Fam.—Combretaceae. हि०—बहेड़ा

बिभीतकः कर्षफलो वासन्तोऽक्षः कलिद्रुमः ।
संवर्तको भूतवासः कलिकहार्यो बहेड़कः ॥ २०९ ॥

बिभीतकः कटुः पाके लघुर्वैस्वर्यजित्सरः ।
कासाक्षिवक्त्ररोगघ्नः केशवृद्धिकरः परः ॥ २१० ॥

पर्याय—कर्षफल, वासन्त, अक्ष, कलिद्रुम, संवर्ततक, भूतवास, कलिकहार्य और बहेड़क ये पर्याय बिभीतक के हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—बिभीतक कटुविपाक, लघु, स्वरभेद दूर करने वाला, अनुलोमन है। यह कास, नेत्ररोगों एवं मुखरोगों को दूर करने वाला तथा उत्तम केशवर्धक है ।। २०९-२१० ।:

९३. आमलकी

Phyllanthus emblica Linn.

Fam.—Euphorbiaceae. हि०—आँवला

वयःस्थाऽऽमलकं वृष्यं जातीफलरसं शिवम्।
धात्रीफलं श्रीफलं च तथाऽमृतफलं स्मृतम् ।। २११ ।।
कषायं कटुतिक्ताम्लं स्वादु चामलकं हिमम्।
सरं त्रिदोषहृद् वृष्यं ज्वरघ्नं च रसायनम् ।। २१२ ।।
हन्ति वातं तदम्लत्वात्पित्तं माधुर्यशैत्यतः।
कफं रूक्षकषायत्वात्फलं धात्र्यास्त्रिदोषजित् ।। २१३ ।।

पर्याय—वयःस्था (फल), आमलक, वृष्य, जातीफलरस, शिव, धात्रीफल' श्रीफल और अमृतफल ये पर्याय आमलकीफल के हैं।

गुण-कर्म—आमलकीफल—कषाय, कटु, तिक्त, अम्ल, मधुर तथा शीतवीर्य है। यह अनुलोमन, त्रिदोषहर, शुक्रवर्धक, ज्वरघ्न तथा रसायन है।

आमलकीफल:—अम्लरसयुक्त होने से वायु को, मधुर एवं शीतवीर्य होने से पित्त को तथा रूक्ष एवं कषाय होने से कफ को दूर करता है। इस प्रकार यह त्रिदोषहर होता है ।। २११-२१३ ।।

९४. प्राचीनामलकम् (आमलकीविशेषः)

Flacourtia cataphracta Roxb.

Fam.—Flacourtiaceae. हि०—पनियाला

प्राचीनामलकं प्राचीनारङ्गं रक्तकं मतम्।
तत्पक्वं पित्तकफकृद् दुर्जरं गुरु वातजित् ।। २१४ ।।

पर्याय—प्राचीनामलक, प्राचीनागर और रक्तक ये पर्याय हैं।

गुण-कर्म—पनियाला का पक्व फल पित्त-कफवर्धक, पचने में कठिन, गुरु तथा वातशामक है ।। २१४ ।।

९५. आरग्वधः

Cassia fistula Linn.

Eam.—Leguminosae. हि०—अमलतास, गिरिमाल

आरग्वधो दीर्घफलो व्याधिहा चतुरङ्गुलः।
आरेवतस्तथा कर्णी कर्णिकारोऽथ रेचनः ।। २१५ ।।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

आरग्वधो रसे तिक्तो गुरूष्णः कृमिशूलनुत् ।
कफोदरप्रमेहघ्नः कृच्छ्रगुल्मत्रिदोषजित् ॥ २१६ ॥

पर्याय—दीर्घफल, व्याधिहा, चतुरङ्गुल, आरेवत, कर्णी, कर्णिकार और रेचन ये पर्याय आरग्वध के हैं।

गुण-कर्म—अमलतास तिक्त, गुरु, उष्णवीर्य है। यह कृमि, शूल, कफ, उदरविकार, प्रमेह, मूत्रकृच्छ्र, गुल्म और त्रिदोष को नष्ट करता है ॥ २१५-२१६ ॥

९६. कर्णिकारः (आरग्वधविशेषः)

कर्णिकारो राजवृक्षः प्रग्रहः कृतमालकः ।
आरोग्यशिम्बी शम्पाको व्याधिघातो व्यथान्तकः ॥ २१७ ॥
क्षतमालो लघुः शीतः पित्तघ्नो मधुरः सरः ।
तत्फलं मधुरं बल्यं वातपित्तामजित्सरम् ॥ २१८ ॥

पर्याय—राजवृक्ष, प्रग्रह, कृतमाल, आरोग्यशिम्बी, शम्पाक, व्याधिघात और व्यथान्तक ये कर्णिकार के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—कर्णिकार लघु, मधुर, शीतवीर्य, पित्तशामक एवं अनुलोमन है।

कर्णिकार का फल—मधुर, बलवर्धक, वातपित्तहर, आमशोधन तथा सारक है ॥ २१७-२१८ ॥

९७. दन्ती

Baliospermum montanum Muell—Arg.

Fam.—Euphorbiaceae. हि०—दन्ती

दन्ती शीघ्रा निकुम्भा स्याद् उपचित्रा मुकूलकः ।
तथोदुम्बरपर्णी च विशल्या च घुणप्रिया ॥ २१९ ॥
दन्ती तीक्ष्णोष्णकटुका कफवातोदराञ्जयेत् ।
अर्शोव्रणाश्मरीशूलान् हन्ति दीपनशोधनी ॥ २२० ॥

पर्याय—शीघ्रा, निकुम्भा, उपचित्रा, मुकूलक, उदुम्बरपर्णी, विशल्या और घुणप्रिया ये दन्ती के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—दन्ती तीक्ष्ण, उष्णवीर्य, कटु, कफवातशामक, उदररोग, अर्श, व्रण, अश्मरी, शूल को नष्ट करनेवाली, अग्निदीपक तथा संशोधक होती है ॥ २१९-२२० ॥

९८. वरणी (दन्तीविशेषः)

वरणी च वराङ्गी च तथैव च जयावहा ।
आवर्तकी केशरुहा तथैव विषभद्रिका ॥ २२१ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वरणी तु रसे तिक्ता शूलत्वग्दोषनाशिनी।
कफवातोदरार्शांसि हन्ति दीपनशोधनी॥ २२२॥

पर्याय—वरणी, वराङ्गी, जया, वहा, आर्वतकी केशरुहा और विषभद्रिका ये पर्यायवाची हैं।

गुण-कर्म—वरणी तिक्त, शूल, त्वग्विकार, कफ-वात, उदरविकार एवं अर्श को नष्ट करती है। यह अग्निदीपक तथा संशोधक है॥ २२१-२२२॥

९९. जयपालः (दन्तीबीजम्)

Croton tiglium Linn.

Fam.—Euphorbiaceae. हि०—जमालगोटा

रेचको जयपालश्च सारकस्तिन्तिडीफलम्।
दन्तीबीजं मलद्रावी निकुम्भो बीजरेचकः॥ २२३॥
कुम्भीबीजं निकुम्भाह्वबीजं तत्कुम्भिनीफलम्।

पर्याय—रेचक, सारक, तिन्तिडीफल, दन्तीबीज, मलद्रावी, निकुम्भ; बीजरेचक, कुम्भीबीज, निकुम्भबीज और कुम्भिनीफल ये पर्याय जयपाल के हैं॥ २२३॥

जेपालः कटुरुष्णश्च कृमिहारी विरेचनः।
दीपनः कफवातघ्नो जठरामयनाशनः॥ २२४॥

गुण-कर्म—जयपाल कटु, उष्णवीर्य, कृमिनाशक, विरेचन, अग्निदीपन; कफवातहर तथा उदररोग को नष्ट करता है॥ २२४॥

१००. द्रवन्ती

द्रवन्ती शम्बरी चित्रा न्यग्रोधा मूषकाह्वया।
प्रत्यक्श्रेणी वृषा चण्डा पुत्रश्रेण्याखुपर्णिका॥ २२५॥
द्रवन्ती ग्रहणीतृष्णात्रिदोषशमनी हिता।
अभिष्यण्णतनौ ग्रन्थ्यां प्रमेहे जठरे गरे॥ २२६॥
कफपितामये पाण्डौ कृमिकोष्ठभगंदरे।
द्रवन्ती हृद्रोगहरा कफकृमिविनाशिनी॥ २२७॥

पर्याय—शम्बरी, चित्रा, न्यग्रोधा, मूषकाह्वया, प्रत्यक्श्रेणी, वृषा, चण्डा, पुत्रश्रेणी और आखुपर्णिका ये द्रवन्ती के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—द्रवन्ती ग्रहणी रोग, तृष्णा तथा त्रिदोष का शामक है। यह अभिष्यन्द, ग्रन्थिरोग, प्रमेह, उदररोग, विष, कफ, पित्त, पाण्डु, कृमि तथा भगन्दर में उपयोगी है। द्रवन्ती हृदयरोग, कफ तथा कृमिरोग को नष्ट करती है॥ २२५-२२६॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१०१. नीलिनी

Indigofera tinctoria Linn.

Fam.—Leguminosae. हि०—नील

नीलिनी नीलिका काला ग्राम्या दोला विशोधनी ।
तुत्था श्रीफलिका मोचा भारवाही च रञ्जनी ॥ २२७ ॥
नीली तिक्ता रसे चोष्णा कटिवातकफापहा ।
केश्या विषोदरं हन्ति वातास्रृक्क्रिमिनाशिनी ॥ २२८ ॥

पर्याय :—नीलिका, काला, ग्राम्या, दोला, विशोधनी, तुत्था, श्रीफलिका; मोचा, भारवाही और रञ्जनी ये पर्याय नीलिनी के हैं ।

गुण-कर्म—नील तिक्त, उष्णवीर्य, कटिवात तथा कफ का नाशक है । यह केश्य (केश के लिए हितकर), विष, उदररोग, वातरक्त और कृमि को दूर करने वाली है ॥ २२७-२२८ ॥

१०२. स्नुही

Euphorbia nerifolia Linn.

Fam.—Euphorbiaceae हि०—थूहर, सीज

स्नुक् स्नुही च महावृक्षो गुडा निस्त्रिंशपत्रकः ।
समन्तदुग्धा गण्डीरः सेहुण्डो वज्रकंटकः ॥ २२९ ॥
सेहुण्डस्तु रसे तिक्तो गुरूष्णः कफवातजित् ।
दुष्टव्रणाश्मरीं हन्ति तथा वातविशोधनः ॥ २३० ॥
स्नुहीक्षीरं विषाध्मानगुल्मोदरहरं परम् ।

पर्याय :—स्नुक्, स्नुही, महावृक्ष, गुडा, निस्त्रिंशपत्रक, समन्तदुग्धा, गण्डीर' सेहुण्ड और वज्रकण्टक ये पर्याय सेहुण्ड के हैं ।

गुण-कर्म :—सेहुण्ड तिक्त, गुरु, उष्णवीर्य तथा कफवातहर है । यह दुष्टव्रण, अश्मरी और वातदोष को नष्ट करता हैं ।

सेहुण्डक्षीर (थूहर का दूध)—विष, आध्मान, गुल्म तथा उदररोग को दूर करता है ॥ २२९–२३० ॥

१०३. सातला

सातला सप्तला सारी विदुला विमलाऽमला ।
बहुफेना चर्मकषा फेना दीप्ता मरालिका ॥ २३१ ॥
सातला शोधनी तिक्ता कफपित्तास्रदोषनुत् ।
शोफोदराध्मानहरा किञ्चिन्मारुतकृद्भवेत् ॥ २३२ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—सप्तला, सारी, विदुला, विमला, अमला; बहुफेना, चर्मकषा, फेना, दीप्ता और मरालिका ये पर्याय सातला के हैं।

गुण-कर्म—सातला संशोधक, तिक्त, कफ-पित्त एवं रक्तदोष का नाशक है। यह शोथ, उदर रोग, आध्मान को दूर करती है तथा किञ्चित् वातवर्धक है ॥ २३१–२३२ ॥

१०४. क्षीरिणी–स्वर्णक्षीरिण्यौ

क्षीरिणी काञ्चनक्षीरी कटुपर्णी च कर्षणी।
तिक्तदुग्धा हैमवती हेमदुग्धा हिमावती ॥ २३३ ॥
तिक्ता तु काञ्चनक्षीरी पित्तक्रिमिविषापहा।
शोधनी दोषसंघातशमनी रक्तपित्तजित् ॥ २३४ ॥

पर्याय—काञ्चनक्षीरी, कटुपर्णी, कर्षणी, तिक्तदुग्धा, हैमवती, हेमदुग्धा और हिमावती ये क्षीरिणी के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—क्षीरिणी तिक्त, पित्त, क्रिमि रोग, और विष को नष्ट करती है। यह संशोधन, दोष-समूह का निवारण करनेवाली तथा रक्तविकार एवं पित्तविकार का शामक है ॥ २३३–२३४ ॥

स्वर्णक्षीरी स्वर्णदुग्धा सुवर्णक्षीरिकाऽपि च।
हेमाह्वा कनकक्षीरी हेमक्षीरी च काञ्चनी ॥ २३५ ॥
क्षीरिणीयुगलं तिक्तं क्रिमिपित्तकफापहम्।

पर्याय—स्वर्णदुग्धा, सुवर्णक्षीरिका, हेमाह्वा, कनकक्षीरी, हेमक्षीरी और काञ्चनी ये पर्याय स्वर्णक्षीरी के हैं।

गुण-कर्म—दोनों प्रकार की क्षीरिणी रस में तिक्त एवं क्रिमि, पित्त तथा कफ को दूर करती है।

विमर्श—संहिताओं में भी 'काञ्चनक्षीर्यौ' से दो प्रकार की स्वर्णक्षीरी का निर्देश है। स्वर्णक्षीरी Euphorbia thomsoniana Boiss. है। दूसरे भेद से आजकल Argemone mexicana Linn. लिया जाता है यद्यपि यह पौधा प्राचीन नहीं है ॥ २३५ ॥

१०५. श्यामा

Operculina terpethum Silva manso.
Fam.—Convolvulaceae. हि०—काली निशोथ

श्यामा त्रिवृन् मालविका मसूरविदला च सा।
कालाऽर्धचन्द्रा पालिन्दी सुषेणी कालमेष्यपि ॥ २३६ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

त्रिवृता कटुरुष्णा तु कृमिश्लेष्मोदरज्वरान् ।
शोफपाण्ड्वामयप्लीहान् हन्ति श्रेष्ठा विरेचने ॥ २३७ ॥

पर्याय—त्रिवृत्, मालविका, मसूरविदला, काला, अर्धचन्द्रा, पालिन्दी, सुषेणी और कालमेषी ये श्यामा (त्रिवृत्) के पर्याय हैं ।

गुण-कर्म—श्यामा कटु एवं उष्णवीर्य होती है । यह कृमि, कफ, उदररोग, ज्वर, शोथ, पाण्डुरोग तथा प्लीहाभिवृद्धि को दूर करने वाली होती है । यह श्रेष्ठ विरेचन है ॥ २३६–२३७ ॥

१०६. शुक्लभण्डी (श्यामाविशेषः)

शुक्लभण्डी त्रिभण्डी स्यात्काकाक्षी सरला त्रिवृत् ।
सर्वानुभूतिस्त्रिपुटा त्र्यस्रा कुमुदगन्धिनी ॥ २३८ ॥
कषाया मधुरा चोष्णा विपाके कटुका त्रिवृत् ।
कफपित्तप्रशमनी रूक्षा चानिलकोपनी ॥ २३९ ॥

पर्याय—त्रिभण्डी, काकाक्षी, सरला, त्रिवृत्, सर्वानुभूति, त्रिपुटा, त्र्यस्रा और कुमुदगन्धिनी ये पर्याय शुक्लभण्डी के हैं ।

गुण-कर्म—शुक्लभण्डी (श्वेत या अरुण त्रिवृत्) मधुर, उष्णवीर्य, कटु-विपाक, कफपित्तशामक, रूक्ष और वातवर्धक है ॥ २३८–२३९ ॥

१०७. इन्द्रवारुणी–विशाला

Citrullus colocynthis Schrad.

Fam.—Cucurbitaceae. हि०—इन्द्रायन

ऐन्द्रीन्द्रवारुणीन्द्राह्वाऽथेन्द्रवारुर्मृगादनी ।
गवादनी क्षुद्रफला वृषभाक्षी गवाक्ष्यपि ॥ २४० ॥
इन्द्रवारुणिकाऽत्युष्णा रेचनी कटुका तथा ।
कृमिश्लेष्मव्रणान् हन्ति हन्ति सर्वोदराण्यपि ॥ २४१ ॥

पर्याय—ऐन्द्री, इन्द्राह्वा, इन्द्रवारु, मृगादनी, गवादनी, क्षुद्रफला, वृषभाक्षी और गवाक्षी ये पर्याय इन्द्रवारुणी के हैं ।

गुण-कर्म—इन्द्रवारुणी अति उष्णवीर्य, रेचन एवं कटु होती है । यह कृमि-रोग, कफ, व्रण तथा समस्त उदररोगों को दूर करने वाली होती है ॥२४०–२४१॥

अन्येन्द्रवारुणी प्रोक्ता विशाला च महाफला ।
आत्मरक्षा चित्रफला त्रपुसी त्रपुसा च सा ॥ २४२ ॥
इन्द्रवारुद्वयं तिक्तं कटु पाके रसे लघु ।
वीर्योष्णं कामलापित्तकफश्लीपदनाशनम् ॥ २४३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—इन्द्रायण की बड़ी जाति विशाला है। महाफला, आत्मरक्षा, चित्रफला, त्रपुसी तथा त्रपुसा ये विशाला के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—दोनों प्रकार की इन्द्रवारुणी कटु-तिक्त, कटुविपाक, लघु तथा उष्णवीर्य होती है। यह कामला, पित्त, कफ, श्लीपद को नष्ट करने वाली है।

विमर्श—विशाला Trichosanthus palmata Roxb. (हि०—महाकाल, महकार) है ॥ २४२–२४३ ॥

१०८. श्वेतपुष्पी (इन्द्रवारुणीविशेषः)

श्वेतपुष्पी मृगाक्षी च मृगैर्वारुर्मृगादनी।
हस्तिदन्ती नागदन्ती वारुणी गजचिर्भटा ॥ २४४ ॥
कण्ठरोगापचीश्वासकासप्लीहकफोदरान्।
मूढगर्भं च हरति कुष्ठदुष्टव्रणाञ्जयेत् ॥ २४५ ॥

पर्याय—मृगाक्षी, मृगैर्वारु, मृगादनी, हस्तिदन्ती, नागदन्ती, वारुणी और गजचिर्भटा ये श्वेतपुष्पी इन्द्रवारुणी-विशेष के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—श्वेतपुष्पी इन्द्रायण कण्ठरोग, अपची, श्वास, कास, प्लीहाभिवृद्धि, कफ, उदररोग, मूढगर्भ, कुष्ठ और दुष्टव्रण को नष्ट करने वाली होती होती है ॥ २४४–२४५ ॥

१०९. त्रायमाणा

Gentiana kurroo Royle.

Fam.—Gentianaceae. हि०—कडू

त्रायमाणा कृतत्राणा त्रायन्ती त्रायमाणका।
बलदेवा बलभद्रा वार्षिकी गिरिसानुजा ॥ २४६ ॥
त्रायन्ती कफपित्तास्रगुल्मज्वरहरा मता।
उष्णा कटु कषाया च सूतिकाशूलनाशिनी ॥ २४७ ॥

पर्याय—त्रायमाणा, कृतत्राणा, त्रायन्ती, त्रायमाणका, बलदेवा, बलभद्रा, वार्षिकी और गिरिसानुजा ये पर्याय त्रायमाणा के हैं।

गुण-कर्म—त्रायमाणा कफ-पित्त, रक्तदोष, गुल्म, ज्वर को दूर करती है। यह उष्णवीर्य, कटु-कषाय तथा सूतिकाशूलहर है ॥ २४६–२४७ ॥

११०. यवतिक्ता

यवतिक्ता शङ्खिनी तु दृढपादा विसर्पिणी।
नाकुली चाक्षपीडा च नेत्रमीला यशस्करी ॥ २४८ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

शङ्खिनी कटुतिक्ताम्ला गुरुः स्निग्धा विशोधनी ।
त्रिदोषशमनी कुष्ठश्वयथूदरनाशनी ॥ २४६ ॥

पर्याय—शङ्खिनी, दृढ़पादा, विसर्पिणी, नाकुली, अक्षपीड़ा, नेत्रमीला और यशस्करी ये पर्याय यवतिक्ता के हैं ।

गुण-कर्म—यवतिक्ता कटु-तिक्त, अम्ल, गुरु, स्निग्ध, संशोधन, त्रिदोषशामक, कुष्ठ, शोथ और उदररोग को दूर करने वाली होती है ॥ २४८–२४६ ॥

१११. अङ्कोटः

Alangium salvifolium (Linn. f.) Wang.

Fam.—Alangiaceae. हि०—अङ्कोल, ढेरा, ढेला

अङ्कोटोऽङ्कोलको रेची निर्दिष्टो दीर्घकीलकः ।
पीतसारस्ताम्रफलो गन्धपुष्पो निकोचकः ॥ २५० ॥
अङ्कोलः स्निग्धतीक्ष्णोष्णः कटुको वातनाशनः ।
कुक्कुराखुविषं हन्ति ग्रहजन्तुविषापहः ॥ २५१ ॥
भूतहृद् विषहृच्चैव कण्ठ्यः सूतस्य शोधनः ।

पर्याय—अङ्कोलक, रेची, दीर्घकीलक, पीतसार, ताम्रफल, गन्धपुष्प और निकोचक ये अंकोट के पर्याय हैं ।

गुण-कर्म—अंकोल स्निग्ध, तीक्ष्ण, उष्णवीर्य, कटु तथा वातघ्न होता है । यह कुत्ते एवं मूषक का विष, ग्रह, अन्य जन्तुओं का विष, स्थावर विष, भूतबाधा, कण्ठरोग को दूर करने वाला होता है । यह पारद के शोधन में उपयोगी है ॥ २५०–२५१ ॥

११२. अपामार्गः

Achyranthes aspera Linn.

Fam.—Amaranthaceae. हि०—चिरचिरी, लटजीरा

अपामार्गस्तु शिखरी प्रत्यक्पुष्पी मयूरकः ।
अधः शल्योऽथ किणिही दुर्ग्रहा खरमञ्जरी ॥ २५२ ॥
स चैवोक्तः शैखरिको मर्कटी दुरभिग्रहः ।
पराक्पुष्पी वशिरश्च कण्टी मर्कटपिप्पली ॥ २५३ ॥
अपामार्गस्तु तिक्तोष्णः कटुश्च कफनाशनः ।
अर्शःकण्डूदरामघ्नो रक्तहृद्ग्राहिवान्तिकृत् ॥ २५४ ॥

पर्याय—शिखरी, प्रत्यक्पुष्पी, मयूरक, अधःशल्य, किणिही, दुर्ग्रहा, खरमञ्जरी, शैखरिक, मर्कटी, दुरभिग्रह, पराक्पुष्पी, वशिर, कण्टी और मर्कटपिप्पली ये पर्याय अपामार्ग के हैं ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—अपामार्ग तिक्त, उष्णवीर्य, कटु एवं कफघ्न है। यह अर्श, कण्डु, उदररोग, आमदोष, रक्तदोष को दूर करता है। यह संग्राही एवं वामक है ॥ २५२–२५४ ॥

११३. रक्तपुष्पः (अपामार्गविशेषः)

अन्यो रक्तो रक्तपुष्पो वशिरः कपिपिप्पली।
क्षुद्रापामार्गको रक्तः ख्यातको रक्तपूर्वकः॥ २५५॥
अपामार्गोऽरुणो वातविष्टम्भी कफनाशनः।
व्रणकण्डूविषघ्नश्च संग्राही वान्तिकृत्परः॥ २५६॥

पर्याय—अपामार्ग का दूसरा भेद रक्त (रक्तपुष्प) अपामार्ग है। वशिर, कपिपिप्पली, क्षुद्रापामार्ग इसके पर्याय हैं।

गुण-कर्म—रक्तपुष्प अपामार्ग वातप्रकोप के कारण विष्टम्भ उत्पन्न करने वाला, कफहर, व्रण, कण्डू, विष का नाशक, संग्राही और वामक है ॥२५५–२५६॥

११४. तेजस्विनी

तेजस्विनी तेजवती तेजोह्वा तेजनीति च।
अश्वघ्नी वल्कला शीता पारिजाता महौजसी॥ २५७॥
तेजोह्वा श्लेष्मवातघ्नी रुच्या दीपनपाचनी।

पर्याय—तेजवती, तेजोह्वा, तेजनी, अश्वघ्नी, वल्कला, शीता, पारिजाता और महौजसी ये तेजोवती के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—तेजस्विनी कफ-वातहर, रुचिवर्धक एवं दीपन, पाचन है ॥ २५७ ॥

११५. ज्योतिष्मती

Celastrus paniculatus Willd.

Fam.—Celastraceae. हि०—मालकांगुनी

ज्योतिष्मती तु कटभी सुवर्णलतिकेति च।
ज्योतिष्कायाऽग्निभासा च लवणोक्ता च दुर्जरा॥ २५८॥
ज्योतिष्मती कटुस्तिक्ता सरा कफसमीरजित्।
अत्युष्णा वमनी तीक्ष्णा वह्निबुद्धिस्मृतिप्रदा॥ २५९॥

पर्याय—कटभी, सुवर्णलतिका, ज्योतिष्काया, अग्निभासा और लवणा ये पर्याय ज्योतिष्मती के हैं ॥ २५८–२५९ ॥

गुण-कर्म—मालकांगुनी कफशामक, कटुतिक्त, सारक, कफवातघ्न, अत्यन्त उष्णवीर्य, वामक, तीक्ष्ण, अग्निदीपक, बुद्धिवर्धक एवं स्मृतिदायक है ॥२५८–२५९॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

११६. रास्ना

Pluchea lanceolata Oliver & Hiern.

Fam.—Compositae. हि०—रासन

रास्ना युक्तरसा रस्या श्रेयसी रसना रसा।
सुगन्धमूलाऽतिरसा सैव पूतिरसा स्मृता॥ २६०॥
रास्ना गुरुश्च तिक्तोष्णा विषवातास्रकासजित्।
शोफकम्पोदरश्लेष्मशमन्यामस्य पाचनी॥ २६१॥

पर्याय—युक्तरसा, रस्या, श्रेयसी, रसना, रसा, सुगन्धमूला, अतिरसा और पूतिरसा ये पर्याय रास्ना के हैं।

गुण-कर्म—रास्ना गुरु, तिक्त, उष्णवीर्य, विष, वात, रक्तदोष, कास, शोथ, कम्प, उदररोग एवं कफ का शमन करने वाली तथा आमपाचन है॥२६०–२६१॥

११७. अश्वगन्धा

Withania somnifera Dunal.

Fam.—Solanaceae. हि०—असगन्ध

अश्वगन्धा वाजिगन्धा कञ्चुकाऽश्वावरोहकः।
वराहकर्णी तुरगी बल्या वाजीकरी स्मृता॥ २६२॥
अश्वगन्धा कषायोष्णा तिक्ता वातकफापहा।
विषव्रणक्षयान् हन्ति कान्तिवीर्यबलप्रदा॥ २६३॥

पर्याय—वाजिगन्धा, कंचुका, अश्वावरोहक, वराहकर्णी, तुरगी, बल्या, वाजीकरी ये पर्याय अश्वगन्धा के हैं।

गुण-कर्म—अश्वगन्धा कषाय, उष्णवीर्य, तिक्त तथा वातकफशामक है। यह विष, व्रण, क्षय को नष्ट करने वाली तथा कान्तिदायक, शुक्रजनन और बलवर्धक है॥ २६२–२६३॥

११८. पुनर्नवा

Trianthema portulacastrum Linn.

Fam.—Ficoidaceae. हि०—विसखपरा, पथरी

पुनर्नवा विशाखश्च कठिल्लश्च शिवाटिका।
वृश्चीरः क्षुद्रवर्षाभूर्दीर्घपत्रः कठिल्लकः॥ २६४॥
पुनर्नवा भवेदुष्णा तिक्ता रूक्षा कफापहा।
सशोफपाण्डुहृद्रोगकासोरःक्षतशूलनुत्॥ २६५॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—विशाख, कठिल्ल, शिवाटिका, वृश्चीर, क्षुद्रवर्षाभू, दीर्घपत्र और कठिल्लक ये पुनर्नवा के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—पुनर्नवा उष्णवीर्य, तिक्त, रूक्ष, कफशामक होती है। यह शोथ, पाण्डुरोग, हृदयरोग, कास, उरःक्षत और शूल को नष्ट करने वाली होती है ॥ २६४–२६५ ॥

११९. क्रूरः (पुनर्नवाविशेषः)

Boerhaavia diffusa Linn

Fam.—Nyctaginaceae. हि०—गदपुरना

पुनर्नवोऽपरः क्रूरः सद्योमण्डलपत्रकः।
श्वेतमूलो वर्षकेतुर्महावर्षाभूरुच्यते ॥ २६६ ॥
रक्ता पुनर्नवा तिक्ता सारिणी शोफनाशिनी।
रक्तप्रदरदोषघ्नी पाण्डुपित्तप्रमर्दनी ॥ २६७ ॥

पर्याय—पुनर्नवा का दूसरा भेद क्रूर है। सद्योमण्डलपत्रक, श्वेतमूल, वर्षकेतु, एवं महावर्षाभू इसके पर्याय हैं।

गुण-कर्म—रक्तपुनर्नवा तिक्त, सारक, शोथ, रक्तप्रदर, पाण्डु तथा पित्त-विकार को नष्ट करने वाली है ॥ २६६–२६७ ॥

१२०. सैरेयकः

(१) श्वेत-रक्त—Barleria cristata Liun.
(२) पीत — ,, prionitis Linn.
(३) नील — ,, strigosa Linn.

Fam—Acanthaceae. हि०—पियावासा, कटसरैया

सैरेयकः सहचरः सैरेयश्च सहाचरः।
पीतो रक्तोऽथ नीलश्च कुसुमैस्तं विभावयेत् ॥ २६८ ॥
पीतःकुरण्टको ज्ञेयो रक्तः कुरबकः स्मृतः।
कुरण्टको हिमस्तिक्तः शोफतृष्णाविदाहनुत्।
केश्यो वृष्योऽथ बल्यश्च त्रिदोषशमनो मतः ॥ २६९ ॥

पर्याय—सहचर, सैरेय, सहाचर ये सैरेयक के पर्याय है। पुष्पभेद से पीत, रक्त और नील तीन प्रकार का होता है। पीतपुष्प सैरेयक को कुरण्टक तथा रक्त-पुष्प को कुबरक कहते हैं।

गुण-कर्म—कुरण्टक शीतवीर्य एवं तिक्त होता है। यह शोथ, तृष्णा,

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

विदाह को नष्ट करने वाला, केशवर्धक, शुक्रजनक, बलवर्धक तथा त्रिदोषशामक होता है ॥ २६८–२६९ ॥

१२१. बला

Sida cordifolia Linn.

Fam.—Malvaceae. हि०—बरियार, खिरैंटी

बला भद्रौदनी वाटी समङ्गा खरयष्टिका।
महासमङ्गौदनिका शीतपाक्योदनाह्वया ॥ २७० ॥
बला स्निग्धा हिमा स्वादुर्वृष्या बल्या त्रिदोषनुत्।
रक्तपित्तं क्षयं हन्ति बलौजो बर्धयत्यपि ॥ २७१ ॥

पर्याय—भद्रौदनी, वाटी, समङ्गा, खरयष्टिका, महासमङ्गा, ओदनिका; शीतपाकी तथा ओदनाह्वया ये पर्याय बला के हैं।

गुण-कर्म—बला स्निग्ध, शीतवीर्य, मधुर, शुक्रवर्धक, बल्य, त्रिदोषशामक है। यह रक्तपित्त एवं क्षय को नष्ट करती है तथा बल, ओज को बढ़ाने वाली है ॥ २७०–२७१ ॥

१२२. महाबला (बलाविशेषः)

Sida rhombifolia Linn.

Fam.—Malvaceae.

महाबला वाट्यपुष्पी तथा वाट्यायनी स्मृता।
सहदेवा देवसहा पीतपुष्पा बृहत्फला ॥ २७२ ॥
महाबला तु हृद्रोगवातार्शःशोफनाशिनी।
शुक्रवृद्धिकरी हन्याद् विषमं च ज्वरं नृणाम् ॥ २७३ ॥

पर्याय—वाट्यपुष्पी, वाट्यायनी, सहदेवा, देवसहा, पीतपुष्पा, बृहत्फला ये पर्याय महाबला के हैं।

गुण-कर्म—महाबला हृद्रोग, वातविकार, अर्श, शोथ तथा विषमज्वर का नाश करती है और शुक्रवर्धक है ॥ २७२–२७३ ॥

१२३. गाङ्गेरुकी (बलाविशेषः)

Grewia populifolia Vahl

Fam.—Tiliaceae. हि०—गंगेरन

गाङ्गेरुकी नागबला खरगन्धिनिका झषा।
विश्वदेवा तथारिष्टा खण्डा ह्रस्वगवेधुका ॥ २७४ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गाङ्गेरुकी मधुराम्ला कषायोष्णा गुरुस्तथा ।
कटुस्तिक्ता च वातघ्नी व्रणपित्तविकारजित् ॥ २७५ ॥

पर्याय—नागबला, खरगन्धिनिका, झषा, विश्वदेवा, अरिष्टा, खण्डा और ह्रस्वगवेधुका ये पर्याय गाङ्गेरुकी के हैं ।

गुण-कर्म—गाङ्गेरुकी मधुर, अम्ल, कषाय, कटु, तिक्त, उष्णवीर्य, गुरु; वातशामक, व्रण तथा पित्तविकार का नाशक है ॥ २७४–२७५ ॥

१२४. अतिबला (बलाविशेषः)

Abutilon indicum Linn. Sw.
Fam.—Malvaceae. हि०—कंघी

बलिकाऽतिबला प्रोक्ता वाट्यपुष्पी च कङ्कता ।
ऋष्यप्रोक्ता ऋष्यगन्धा सैव भूरिबला मता ॥ २७६ ॥
वातपित्तापहं ग्राहि बल्यं वृष्यं बलात्रयम् ।

पर्याय—बलिका, वाट्यपुष्पी, कङ्कता, ऋष्यप्रोक्ता, ऋष्यगन्धा और भूरिबला ये पर्याय अतिबला के हैं ।

गुण-कर्म—बलात्रय (बला, नागबला तथा अतिबला) वातपित्तशामक, संग्राही, बलवर्धक एवं शुक्रजनन होता है ॥ २७६ ॥

१२५. प्रसारणी

Sida veronicaefolia Lam.
Fam.—Malvaceae. हि०—फरीदबूटी, पसरन

प्रसारणी सुप्रसरा सरणी सारणी च सा ।
चारुपर्णी राजबला भद्रपर्णी प्रतानिका ॥ २७७ ॥
प्रसारणी गुरुस्तिक्ता सरा संधानकृन्मता ।
त्रिदोषशमनी वृष्या तेजःकान्तिबलप्रदा ॥ २७८ ॥

पर्याय—सुप्रसरा, सरणी, सारणी, चारुपर्णी, राजबला, भद्रपर्णी, प्रतानिका ये पर्याय प्रसारणी के हैं ।

गुण-कर्म—प्रसारणी गुरु, तिक्त, सारक, व्रणसंधानकारक, त्रिदोषहर, शुक्रवर्धक, तेज एवं कान्ति को बढ़ाने वाली तथा बलवर्धक है ॥ २७७–२७८ ॥

बला चातिबला चैव महाबलबला बला ।
अन्या राजबला चेति बलायाः पञ्चकं मतम् ॥ २७९ ॥
तत्पित्तवातजिद्ग्राहि बल्यं वृष्यं च कृच्छ्रजित् ।
स्निग्धं मधुरमायुष्यं दाहासृग्दरनाशनम् ॥ २८० ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—बला, अतिबला, नागबला, महाबला और राजबला यह बला-पञ्चक है।

गुण-कर्म—बलापञ्चक पित्तघ्न एवं वातशामक, ग्राही, बलवर्धक, शुक्रजनन, मूत्रकृच्छ्र को नष्ट करने वाला, स्निग्ध, मधुर, आयुवर्धक, दाहशामक तथा प्रदर को को दूर करता है ॥ २७९–२८० ॥

१२६. शतावरी

Asparagus racemosus Willd

Fam.—Liliaceae. हि०—सतावर

शतावरी शतपदी पीवरीन्दीवरी वरी।
ऋष्यप्रोक्ता द्वीपिशत्रुर्द्वीपिका चोर्ध्वकण्टका ॥ २८१ ॥
शतावरी हिमा तिक्ता रसे स्वादुः क्षयास्रजित्।
वातपित्तहरा वृष्या रसायनवरा स्मृता ॥ २८२ ॥

पर्याय—शतपदी, पीवरी, इन्दीवरी, वरी, ऋष्यप्रोक्ता, द्वीपिशत्रु, द्वीपिका और ऊर्ध्वकंटका ये पर्याय शतावरी के हैं।

गुण-कर्म—शतावरी शीतवीर्य, तिक्त एवं मधुर होती है। यह क्षय, रक्तदोष, वात, पित्त को नष्ट करने वाली, शुक्रवर्धक तथा रसायन होती है ॥ २८१–२८२ ॥

१२७. सहस्रवीर्या (शतावरीविशेषः)

Asparagus sarmentosus Linn.

Fam.—Liliaceae. हि०—बड़ी सतावर

सहस्रवीर्याऽभीरुश्च तुङ्गिनी बहुपुत्रिका।
महापुरुषदन्ता च शतावर्यूर्ध्वकण्टिका ॥ २८३ ॥
सहस्रवीर्या मेध्या तु हृद्या वृष्या रसायनी।
शीतवीर्या निहन्त्यर्शोग्रहणीनयनामयान् ॥ २८४ ॥
तदङ्कुरस्त्रिदोषघ्नो लघुरर्शःक्षयापहः ।

पर्याय—अभीरु, तुङ्गिनी, बहुपुत्रिका, महापुरुषदन्ता, शतावरी और ऊर्ध्व-कण्टिका ये महाशतावरी के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—महाशतावरी मेध्य, हृदय के लिये हितकर, शुक्रवर्धक, रसायन एवं शीतवीर्य है। यह अर्श, ग्रहणी, एवं नेत्रविकार को दूर करती है।

महाशतावरी के अंकुर—त्रिदोषहर, लघु, अर्श एवं क्षय को नष्ट करते हैं ॥ २८३–२८४ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१२८. एरण्डः

Ricinus communis Linn.
Fam.—Euphorbiaceae. हि०—अंडी, रेड

एरण्डः तरुणः शुक्लश्चित्रो गन्धर्वहस्तकः ।
पञ्चाङ्गुलो वर्धमान आमण्डो दीर्घदण्डकः ॥ २८५ ॥
रक्तोऽपरो हस्तपर्णो व्याघ्रो व्याघ्रदलो रुबुः ।
रुबुको हस्तिकर्णी च चञ्चुरुत्तानपत्रकः ॥ २८६ ॥
एरण्डस्तु रसे तिक्तः स्वादूष्णोऽनिलनाशनः ।
उदावर्तप्लीहगुल्मबस्तिशूलान्त्रवृद्धिनुत् ॥ २८७ ॥
गुरुर्वातप्रशमनो विकाराञ्शोणिताञ्जयेत् ।
फलं स्वादु च सक्षारं लघूष्णं भेदि वातजित् ॥ २८८ ॥
एरण्डयुगलं वृष्यं स्वादु पित्तसमीरजित् ।

पर्याय—तरुण, शुक्ल, चित्र, गन्धर्वहस्तक, पञ्चाङ्गुल, वर्धमान, आमण्ड, दीर्घदण्डक ये पर्याय श्वेत एरण्ड के तथा हस्तपर्ण, व्याघ्र, व्याघ्रदल, उरुबुक, रुबुक, हस्तिकर्ण, चञ्चु तथा उत्तानपत्रक ये रक्त एरण्ड के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—एरण्ड तिक्त-मधुर, उष्णवीर्य तथा वातहर है। यह उदावर्त, प्लीहावृद्धि, गुल्म, बस्तिशूल, अन्त्रवृद्धि का नाशक, गुरु, वातशामक तथा रक्त-विकार को नष्ट करता है।

एरण्ड का फल (बीज)—मधुर, क्षारीय, लघु, उष्णवीर्य, मलभेदक तथा वातशामक है। दोनों प्रकार का एरण्ड शुक्रवर्धक, मधुर, पित्त तथा वातशामक है ॥ २८५–२८८ ॥

गुडूच्यादिरयं वर्गः प्रथमः परिकीर्तितः ।
ऊर्ध्वाधोदोषहरणः सर्वामयविनाशनः ॥ २८९ ॥

इति रसवीर्यविपाकसहिते धन्वन्तरिनिघण्टौ
गुडूच्यादिः प्रथमो वर्गः ॥ १ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अथ शतपुष्पादिर्द्वितीयो वर्गः

१. शतपुष्पा

Peucedanum graveolens Linn.

Fam.—Umbelliferae. हि०—सोया

शतपुष्पा मिशिर्घोषा पीतिका माधवी शिफा।
अतिच्छत्रा त्ववाक्पुष्पी शताह्वा कारवी स्मृता ॥ १ ॥

शताह्वा कटुका तिक्ता स्निग्धोष्णा श्लेष्मवातजित्।
ज्वरनेत्रव्रणान्हन्ति बस्तिकर्मणि शस्यते ॥ २ ॥

पर्याय—मिशि, घोषा, पीतिका, माधवी, शिफा, अतिच्छत्रा, अवाक्पुष्पी, शताह्वा और कारवी ये शतपुष्पा के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—शतपुष्पा (सोया) कटु-तिक्त, स्निग्ध, उष्णवीर्य, कफवात-शामक, ज्वरघ्न, नेत्रों के व्रण के लिए लाभकर एवं बस्तिकर्म में उपयोगी है ॥ १-२ ॥

शतपुष्पादलं चोक्तं वृष्यं रुधिरगुल्मजित्।
वातघ्नं दीपनं स्तन्यं पित्तकृत् रुचिदायकम् ॥ ३ ॥

गुण-कर्म—शतपुष्पादल (सोया की पत्ती) वाजीकरण, रक्तगुल्मनाशक, तथा वातहर है। यह अग्निदीपक, स्तन्यवर्धक, पित्तकारक एवं रुचि को बढ़ाने वाला होता है ॥ ३ ॥

२. मिश्रेया

Foeniculum vulgare Mill

Fam.—Umbelliferae. हि०—सौंफ

मिश्रेया तालपर्णी तु तालपत्री मिशिस्तथा।
शालेयः स च शालीनो नाम्ना शीतशिवो मतः ॥ ४ ॥

तिक्ता स्वादुर्हिमा वृष्या दुर्नामक्षयजिन्मिशिः।
क्षतक्षीणहिता बल्या वातपित्तास्रदोषजित् ॥ ५ ॥

पर्याय—तालपर्णी, तालपत्री, मिशि, शालेय, शालीन और शीतशिव ये मिश्रेया के पर्याय हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—मिश्रेया (सौंफ) तिक्त-मधुर, शीतवीर्य एवं शुक्रजनन है तथा अर्श और क्षय का नाशक है। यह क्षत तथा क्षतक्षीण के लिए हितकर, बलवर्धक, वात, पित्त तथा रक्तदोष को नष्ट करने वाली होती है ॥ ४–५ ॥

३. वचा

Acorus calamus Linn.

Fam.—Araceae. हि०—बच, घोड़बच

वचोग्रगंधा गोलोमी जटिलोग्रा च लोमशा।
अन्या श्वेतवचा मेध्या षड्ग्रन्था हैमवत्यपि ॥ ६ ॥

वामनी कटुतिक्तोष्णा वातश्लेष्मरुजापहा।
कण्ठ्या मेध्या च कृमिहृद्विबन्धाध्मानशूलनुत् ॥ ७ ॥

पर्याय—उग्रगन्धा, गोलोमी, जटिला, उग्रा, लोमशा ये वचा के पर्याय हैं। वचा की दूसरी जाति श्वेतवचा है जिसके मेध्या, षड्ग्रन्था और हैमवती ये पर्याय हैं।

गुण-कर्म—वचा वामक, कटु–तिक्त, उष्णवीर्य है एवं वातकफज विकार को दूर करती है। यह कण्ठ्य, मेध्य, कृमिघ्न तथा हृदयरोग, विबन्ध, आध्मान और शूल को नष्ट करने वाली होती है ॥ ६–७ ॥

वचाद्वयं तु कटुकं रूक्षोष्णं मलमूत्रलम्।
दीपनं कफवातघ्नं मेध्यायुष्यं च पाचनम् ॥ ८ ॥
जन्तुघ्नं चोग्रगन्धं च स्याल्लघु कण्ठास्यरोगजित्।

पर्याय—दोनों (प्रकार की) वचा कटु, रूक्ष, उष्णवीर्य, मलमूत्रसंशोधक, अग्निदीपन, कफवातहर, मेधा और आयु के लिये हितकर, आमपाचन, क्रिमिनाशक, उग्रगन्ध, लघु और कण्ठरोग को दूर करने वाली है ॥ ८ ॥

४. हपुषा

Juniperus communis Linn.

Fam.—Cupressaceae. हि०—हाऊबेर

हपुषा विपुषा विस्रा विस्रगन्धाऽतिगन्धिका।
अपरा चाश्वत्थफला कच्छूघ्नी ध्वाङ्क्षनाशिनी ॥ ९ ॥

हपुषा कटुतिक्तोष्णा गुरुर्वातबलासजित्।
अर्शांसि गुल्मशूलानि हन्ति जन्तूदरैः सह ॥ १० ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—विपुषा, विस्रा, विस्रगन्धा, अतिगन्धिका ये हपुषा के पर्याय हैं। दूसरे प्रकार की हपुषा अश्वत्थफला, कच्छूघ्नी और ध्वांक्षनाशिनी पर्यायों से कही जाती है।

गुण-कर्म—हपुषा कटु–तिक्त, उष्णवीर्य, गुरु एवं वातकफशामक है। यह अर्श, गुल्म, शूल, कृमि और उदररोग को दूर करती है॥ ९–१०॥

५. विडङ्गम्

Embelia ribes Burm.

Fam.—Myrsinaceae. हि०—वायविडंग, भाभीरंग

विडङ्गा जन्तुहन्त्री च कृमिघ्नी चित्रतण्डुला।
तण्डुली कृमिहाऽमोघा कैरली मृगगामिनी॥ ११॥
रूक्षोष्णं कटुकं पाके लघु वातकफापहम्।
ईषत्तिक्तं विषान् हन्ति विडङ्गं कृमिनाशनम्॥ १२॥

पर्याय—जन्तुहन्त्री, कृमिघ्नी, चित्रतण्डुला, तण्डुली, कृमिहा, अमोघा, कैरली और मृगगामिनी ये पर्याय विडंगा के हैं।

गुण-कर्म—विडंग (विडंगा का फल) रूक्ष, उष्णवीर्य, कटु–ईषत्तिक्त, वातकफनाशक होता है। यह विषविकार और कृमिरोग को दूर करता है॥११–१२॥

६. कुटजः

Holarrhena antidysenterica Wall.

Fam.—Apocynaceae. हि०—कुडा, कोडैया

कुटजः कौटजः कौटो वत्सको गिरिमल्लिका।
कलिङ्गो मल्लिकापुष्प इन्द्रवृक्षोऽथ वृक्षकः॥ १३॥
कुटजः कटुकस्तिक्तः कषायो रूक्षशीतलः।
कुष्ठातीसारपित्तास्रगुदजानि विनाशयेत्॥ १४॥

पर्याय—कौटज, कौट, वत्सक, गिरिमल्लिका, कलिङ्ग, मल्लिकापुष्प, इन्द्रवृक्ष और वृक्षक ये कुटज के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—कुटज (कुडा) कटु–तिक्त–कषाय, रूक्ष तथा शीतवीर्य है। यह कुष्ठ, अतिसार, पित्तज, अर्श तथा रक्तार्श को दूर करता है॥ १६–१४॥

७. इन्द्रयवः

फलानि तस्येन्द्रयवाः शक्राह्वाः स्युः कलिङ्गकाः।
तथा वत्सकबीजानि प्रोक्ता भद्रयवास्तथा॥ १५॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

शक्राह्वाः कटुतिक्तोष्णास्त्रिदोषघ्नाश्च दीपनाः।
रक्तार्शोस्यतिसारं च घ्नन्ति शूलवमीस्तथा ॥ १६ ॥

पर्याय—कुटज के फल (वीज) इन्द्रयव कहलाते हैं। शक्राह्व, कलिङ्गक; वत्सकबीज तथा भद्रयव ये इन्द्रयव के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—इन्द्रयव कटु, तिक्त एवं उष्णवीर्य है। यह त्रिदोषहर, अग्निदीपक; रक्तार्श, अतिसार, शूल और वमन को नष्ट करता है ॥ १५–१६ ॥

८. यवक्षारः

हि०—जवाखार

यवक्षारः स्मृतः पाक्यो यवजो यवशूकजः।
यवाह्वः शूकजो यव्यो यावशूको यवाग्रजः ॥ १७ ॥

पर्याय—पाक्य, यवज, यवशूकज, यवाह्व, शूकज, यव्य, यावशूक और यवाग्रज ये यवक्षार के पर्याय हैं ॥ १७ ॥

यवक्षारः कटूष्णश्च कफवातोदरार्तिजित्।
आमशूलाश्मरीकृच्छ्रविषदोषहरः सरः ॥ १८ ॥
उष्णो विरूक्षणस्तीक्ष्णो दीपनः कफवातजित्।
पित्तास्रदूषणो हृद्यो यवजः क्षार उच्यते ॥ १९ ॥

गुण-कर्म—यवक्षार कटु, उष्णवीर्य, कफ–वात एवं उदरोग का नाशक है। यह आमदोष, शूल, अश्मरी, मूत्रकृच्छ्र, विषदोष को नष्ट करने वाला एवं सारक है। यवक्षार उष्ण, रूक्ष, तीक्ष्ण, अग्निदीपक, कफवातशामक, पित्त तथा रक्तदोष को दूषित करने वाला एवं हृद्य है ॥ १८–१९ ॥

९. स्वर्जिकाक्षारः

हि०—सज्जीखार

क्षारोऽन्यः स्वर्जिकाक्षारः स्वर्जिकाऽथ सुवर्चिका।
सुवर्चिकः सुवर्चोऽथ सुखवर्चः स एव च ॥ २० ॥
स्वर्जिकोष्णा कटुः क्षाररसा वातकफौ जयेत्।
गुल्माध्मानकृमीन् हन्ति मेदोजठरनाशिनी ॥ २१ ॥

पर्याय—दूसरा क्षार स्वर्जिकाक्षार है। स्वर्जिका, सुवर्चिका, सुवर्चिक, सुवर्च और सुखवर्च ये स्वर्जिकाक्षार के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—स्वर्जिकाक्षार उष्णवीर्य, स्वाद में क्षारीय एवं वातकफशामक है। यह गुल्म, आध्मान, कृमिरोग, मेदोरोग तथा उदररोग को नष्ट करता है ॥२०-२१॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१०. टङ्कणक्षारः

हि०—सुहागा, अं०—Borax.

टङ्कणष्टङ्कणक्षारो मालतीरससम्भवः ।
द्रावी द्रावणकश्चैव लोहानां शुद्धिकारकः ॥ २२ ॥

पर्याय—टङ्कणक्षार, मालतीरससंभव, द्रावी, द्रावणक तथा लोहशुद्धिकारक ये टङ्कण के पर्याय हैं ॥ २२ ॥

कथितष्टङ्कणक्षारः कटूष्णः कफनाशनः ।
स्थावरादिविषघ्नश्च कासश्वासापहारकः ॥ २३ ॥
विरूक्षणोऽनिलहरः श्लेष्महा पित्तदूषणः ।
अग्निदीप्तिकरस्तीक्ष्णष्टङ्कणक्षार उच्यते ॥ २४ ॥

गुण-कर्म—टङ्कणक्षार कटु, उष्णवीर्य तथा कफनाशक होता है। यह स्थावर आदि विष एवं कास-श्वास को नष्ट करने वाला, रूक्षताजनक, वातहर, कफनाशक, पित्तवर्धक, अग्निदीपक और तीक्ष्ण होता है ॥ २३–२४ ॥

११. सैन्धवम्

Sodium chloride.

हि०—सेंधा नमक; अं०—Rock salt.

सैन्धवं सिन्धु सिन्धूत्थं नादेयं सिन्धुजं शिवम् ।
शुद्धं शीतशिवं चान्यन्मणिमन्थं शिलात्मकम् ॥ २५ ॥

पर्याय—सैन्धव, सिन्धु, सिन्धूत्थ, नादेय, सिन्धुज और शिव ये पर्यायवाची हैं। इसका दूसरा शुद्ध भेद शीतशिव, मणिमन्थ और शिलात्मक इन पर्यायों से प्रसिद्ध है ॥ २५ ॥

सैन्धवं शिशिरं स्निग्धं लघु स्वादु त्रिदोषजित् ।
हृद्यं हृन्नेत्ररोगघ्नं व्रणरोचकनाशनम् ॥ २६ ॥
सैन्धवं स्वादु चक्षुष्यं वृष्यं रोचनदीपनम् ।
अविदाहि विबन्धघ्नं सुखदं स्यात्त्रिदोषजित् ॥ २७ ॥

गुण-कर्म—सेंधा नमक शीतवीर्य, स्निग्ध, लघु, मधुर, त्रिदोषहर, हृदय के लिये हितकर, हृदय, नेत्र एवं नेत्ररोगों का नाशक और व्रण तथा अरोचक को दूर करने वाला है। यह स्वादु, चक्षुष्य, वाजीकरण, रुचिकारक, दीपन, अविदाही, सारक, आरोग्यप्रद तथा त्रिदोषहर होता है ॥ २६–२७ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१२. विडलवणम्

हि०—नौसादर, अ०—Ammonium chloride.

विडं कृत्रिमकं धूर्तं क्षारं द्राविडमासुरम् ।
सुपाक्यं खण्डलवणं कृतकं चेति नामतः ॥ २८ ॥
सक्षारं दीपनं शूलहृद्रोगकफनाशनम् ।
रोचनं तीक्ष्णमुष्णं च विडं वातानुलोमनम् ॥ २९ ॥

पर्याय—विड, कृत्रिमक, धूर्त, क्षार, द्राविड, आसुर, सुपाक्य, खण्डलवण, कृतक ये पर्यायवाची हैं ।

गुण-कर्म—विड लवण क्षारीय, अग्निदीपन, शूल, हृदयरोग, कफ को नष्ट करने वाला, रोचन, तीक्ष्ण, उष्ण तथा वातानुलोमक होता है ॥ २८–२९ ॥

१३. सौवर्चलम्

हि०—सोंचर नमक

अक्षं सौवर्चलं प्रोक्तं रुचकं हृद्यगन्धकम् ।
तिलकं कृष्णलवणं तत्काललवणं स्मृतम् ॥ ३० ॥
लघु सौवर्चलं पाके वीर्योष्णं विशदं कटु ।
गुल्मशूलविबन्धघ्नं हृद्यं सुरभि रोचनम् ॥ ३१ ॥

पर्याय—अक्ष, सौवर्चल, रुचक, हृद्यगन्ध, तिलक, कृष्णलवण और काललवण ये पर्यायवाची हैं ।

गुण-कर्म—सौवर्चल लवण लघुविपाक, उष्णवीर्य, विशद एवं कटु होता है । यह गुल्म, शूल एवं विबन्ध को दूर करने वाला, हृदय के लिये हितकर, सुगन्धित तथा रुचिकारक होता है ॥ ३०–३१ ॥

१४. औद्भिदलवणम्

हि०—खारा नोन

औद्भिदं पांशुलवणरोमकं वसुकं वसु ।
ऊषरं पांसवक्षारमौर्वं सार्वगुणं तथा ॥ ३२ ॥
लघु तीक्ष्णोष्णमुत्क्लेदि सूक्ष्मं वातानुलोमनम् ।
सतिक्तं कटुकं क्षारं विद्यात् लवणमौद्भिदम् ॥ ३३ ॥

पर्याय—औद्भिद, पांशुलवण, रोमक, वसुक, वसु, ऊषर, पांशव क्षार, और्व, सार्वगुण ये पर्यायवाची हैं ।

गुण-कर्म—औद्भिद लवण लघु, तीक्ष्ण, उष्णवीर्य, उत्क्लेदकारक, सूक्ष्म, वातानुलोमक है । यह तिक्त-कटु एवं क्षारीय होता है ॥ ३२–३३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१५. सामुद्रलवणम्

हि०—पांगा नमक

सामुद्रलवणं प्राहुः क्षारं च शिशिरं तथा।
समुद्रजं सागरजं लवणोदधिसंभवम् ॥ ३४ ॥
सामुद्रलवणं पाके नात्युष्णमविदाहि च।
भेदनं स्निग्धमीषच्च शूलघ्नं नातिपित्तलम् ॥ ६५ ॥

पर्याय—सामुद्रलवण क्षार, शिशिर, समुद्रज, सागरज और लवणोदधिसंभव ये पर्यायवाची हैं।

गुण-कर्म—सामुद्रलवण पाक में अति उष्ण एवं विदाही नहीं होता है। यह भेदन, ईषत्, स्निग्ध, शूलहर तथा किञ्चित् पित्तवर्धक होता है ॥ ३४–३५ ॥

१६. हिङ्गु

Ferula foetida Regel.

Fam.—Umbellifereae. हि०—हींग

हिङ्गु रामठमत्युग्रं जन्तुघ्नं भूतनाशनम्।
अगूढगन्धं बाह्लीकं जरणं सूपधूपनम् ॥ ३६ ॥
हिङ्गूष्णं कटुकं हृद्यं सरं वातकफौ कृमीन्।
हन्ति गुल्मोदराध्मानबन्धशूलहृदामयान् ॥ ३७ ॥

पर्याय—हिङ्गु, रामठ, अत्युग्र, जन्तुघ्न, भूतनाशन, अगूढ़गन्ध, बाह्लीक, जरण और सूपधूपन ये पर्यायवाची हैं।

गुण-कर्म—हिङ्गु उष्णवीर्य, कटु, हृदय के लिये हितकर एवं सारक होता है। यह वात, कफ, कृमि, गुल्म, आध्मान, विबन्ध, शूल तथा हृदयविकार को दूर करता है ॥ ३६–३७ ॥

१७. हिङ्गुपत्री

हिङ्गुपत्री तु कबरी पृथ्वीका पृथुला पृथुः।
बाष्पिका दीर्घिका तन्वी बिल्विका दारुपत्रिका ॥ ३८ ॥
बाष्पिका कटुतीक्ष्णोष्णा हृद्या वातकफापहा।
कृमिप्लीहविबन्धर्शोगुल्महृद्बस्तिशूलनुत् ॥ ३९ ॥

पर्याय—हिङ्गुपत्री, कबरी, पृथ्वीका, पृथुला, पृथु, वाष्पिका, दीर्घिका, तन्वी, बिल्विका और दारुपत्रिका ये पर्यायवाची हैं।

गुण-कर्म—हिङ्गुपत्री कटु, तीक्ष्ण, उष्णवीर्य, हृदय के लिये हितकर तथा

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वातकफशामक है। यह कृमि, प्लीहा, विबन्ध, अर्श, गुल्म, हृदयशूल तथा बस्तिशूल को दूर करती है॥ ३८–३९॥

१८. नाडीहिङ्गु

Gardenia gummifera Linn.

Fam.—Rubiaeeae. हि०—डिकामाली

नाडीहिङ्गु पलाशाख्या जन्तुका रामठी च सा।
वंशपत्री वेणुपत्री पिण्डा हिङ्गुशिवाटिका॥ ४०॥
नाडीहिङ्गु कटूष्णं च कफवातार्तिशान्तिकृत्।
विष्टम्भनविबन्धामदोषघ्नं दीपनं परम्॥ ४१॥

पर्याय—नाड़ीहिङ्गु, पलाशाख्या, जन्तुका, रामठी, वंशपत्री, पिण्डा और हिङ्गुशिवाटिका ये पर्यायवाची हैं।

गुण-कर्म—नाड़ीहिङ्गु कटु, उष्णवीर्य, कफवातशामक तथा शूलहर है। यह विष्टम्भ, विबन्ध, आमदोष को नष्ट करने वाली एवं परम अग्निदीपक है॥४०–४१॥

१९. तुम्बुरुः

Zanthoxylum alatum Roxb.

Fam.—Rutaceae. हि०—तुम्बरु, तुम्बुल, तेजबल

तुम्बुरुः सौरभः सौरो वनजः सानुजो द्विजः।
तीक्ष्णवल्कस्तीक्ष्णफलस्तीक्ष्णपत्रो महामुनिः॥ ४२॥
तुम्बुरुः कटुतीक्ष्णोष्णः कफमारुतशूलजित्।
अपतन्त्रोदराध्मानकृमिघ्नो वह्निदीपनः॥ ४३॥

पर्याय—सौरभ, सौर, वनज, सानुज, द्विज, तीक्ष्णवल्क, तीक्ष्णफल, तीक्ष्णपत्र और महामुनि ये तुम्बुरु के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—तुम्बुरु कटु, तीक्ष्ण, उष्णवीर्य, कफवातशामक तथा शूलहर है। यह अपतन्त्रक, उदररोग, आध्मान एवं कृमिरोग को नष्ट करनेवाला तथा अग्निदीपक है॥ ४२–४३॥

२०. सूक्ष्मैला

Elettaria cardamomum Maton.

Fam.—Zingiberaceae. हि०—छोटी इलायची, गुजराती।

सूक्ष्मैला द्राविडी तुत्था कोरङ्गी बहुला त्रुटिः।
एला कपोतवर्णा च चन्द्रबाला च निष्कुटी॥ ४४॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सूक्ष्मैला मूत्रकृच्छ्रघ्नी श्वासकासक्षये हिता।
सूक्ष्मैला शीतला स्वादुहृद्या रोचनदीपनी॥ ४५॥

पर्याय—द्राविड़ी, तुत्था, कोरङ्गी, बहुला, एला, कपोतवर्णा, चन्द्रबाला और निष्कुटी ये सूक्ष्मैला के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—छोटी इलायची मूत्रकृच्छ्र को नष्ट करने वाली तथा श्वास, कास और क्षय में लाभकर है। यह शीतवीर्य, स्वादिष्ट, हृदय के लिये हितकर, रोचक तथा अग्निदीपन है॥ ४४–४५॥

२१. भद्रैला (एलाविशेषः)

Amomum subulatum Roxb.

Fam.—Zingiberaceae. हि०—बड़ी इलायची

भद्रैला बृहदेला तु त्रिपुटा त्रिदिवोद्भवा।
स्थूलैला त्वक्सुगन्धा च पृथ्वीका कन्यका पुटा॥ ४६॥
एला तिक्ता च लघ्वी स्यात्कफवातविषव्रणान्।
बस्तिकण्ठरुजो हन्ति मुखमस्तकशोधिनी॥ ४७॥

पर्याय—बृहदेला, त्रिपुटा, त्रिदिवोद्भवा, स्थूलैला, त्वक्सुगन्धा, पृथ्वीका, कन्यका और पुटा ये पर्याय भद्रैला के हैं।

गुण-कर्म—बड़ी इलायची तिक्त, लघु तथा कफ–वातशामक होती है। यह विष, व्रण, बस्तिविकार एवं कण्ठरोग को नष्ट करने वाली तथा शिर का संशोधन करने वाली होती है॥ ४६–४७॥

२२. नागकेशरम्

Mesua ferrea Linn.

Fam.—Guttiferae. हि०—नागेसर, नागकेशर

नागपुष्पं मतं नागं केशरं नागकेशरम्।
चाम्पेयं नागकिञ्जल्कं कनकं हेमकाञ्चनम्॥ ४८॥
नागकेशरमल्पोष्णं लघु तिक्तं कफापहम्।
बस्तिरुग्विषवातास्रकण्डूघ्नं शोफनाशनम्॥ ४९॥

पर्याय—नागपुष्प, नाग, केशर, चाम्पेय, नागकिञ्जल्क, कनक, हेम और काञ्चन ये नागकेशर के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—नागकेशर किञ्चित् उष्णवीर्य, लघु, तिक्त तथा कफशामक होता है। यह बस्तिविकार, विष, वातरक्त, कण्डू और शोथ को नष्ट करता है॥४८-४९॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

२३. त्वक्

Cinnamomum cassia Blume.

Fam.—Lauraceae. हि०—तज

त्वचं वराङ्गं भृङ्गं त्वक्चोचं शकलमुत्कटम् ।
सैंहलं लाटपर्णं च मुखशोध्यं वनप्रियम् ॥ ५० ॥
वराङ्गं लघु तीक्ष्णोष्णं कफवातविषापहम् ।
कण्ठवक्त्ररुजो हन्ति शिरोहृद्बस्तिशोधनम् ॥ ५१ ॥

पर्याय—त्वच, वराङ्ग, भृङ्ग, चोच, शकल, उत्कल, सैंहल, लाटपर्ण, मुखशोध्य और वनप्रिय ये पर्याय त्वक् के हैं।

गुण-कर्म—त्वक् (तज) लघु, तीक्ष्ण, उष्णवीर्य एवं कफवातशामक होता है। यह विष तथा कण्ठ एवं मुख के विकारों को नष्ट करने वाली और हृदय एवं बस्ति का संशोधन करती है ॥ ५०–५१ ॥

२४. तमालपत्रम्

Cinnamomum tamala Nees & Eberm.

Fam.—Lauraceae. हि०—तेजपत्ता, तेजपात

तमालपत्रं पत्रं स्यात्पलाशं छदनं दलम् ।
रामं तापसजं वासो गोपनं वस्त्रमंशुकम् ॥ ५२ ॥
पत्रकं कफवातार्शोहृल्लासारोचकापहम् ।

पर्याय—पत्र, पलाश, छदन, दल, राम, तापसज, वासस्, गोपन, वस्त्र और अशुंक ये पर्याय तमालपत्र के हैं।

गुण-कर्म—तेजपत्र कफ, वात, अर्श, हृल्लास एवं अरुचि को नष्ट करता है॥५२॥

२५. तालीसम्

Abies webbiana Lindl.

Fam.—Pinaceae. हि०—तालीशपत्र

तालीसकं तु तालीसं पत्रं तालीसपत्रकम् ।
नीलमामलकीपत्रं पत्राढ्यं च शुकोदरम् ॥ ५३ ॥
तालीसं श्वासकासघ्नं दीपनं श्लेष्मपित्तजित् ।
मुखरोगहरं हृद्यं सुपत्रं पत्रसंवृतम् ॥ ५४ ॥

पर्याय—तालीसक, पत्र, तालीसपत्रक, नील, आमलकीपत्र, पत्राढ्य और शुकोदर ये तालीस के पर्याय हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—तालीस श्वास-कास को नष्ट करने वाला एवं अग्निदीपन होता है। यह कफपित्तनाशक, मुखरोगहर, हृदय के लिये हितकर होता है। तालीस सुन्दर पत्तों वाला तथा पत्तों से आच्छादित होता है ॥ ५३–५४ ॥

२६. वंशरोचना

हि०—बंसलोचन

स्याद्वंशरोचना वांशी तुगाक्षीरी तुगा शुभा।
त्वक्क्षीरी वंशजा शुभ्रा वंशक्षीरी च वैणवी ॥ ५५ ॥
वंशक्षीरी स्मृता वंश्या यवजा यवसंभवा।
गोधूमसंभवा चान्या षष्टितण्डुलजोद्भवा ॥ ५६ ॥

पर्याय—वांशी, तुगाक्षीरी, तुगा, शुभा, त्वक्क्षीरी, वंशजा, शुभ्रा, वंशक्षीरी और वैणवी ये वंशरोचना के पर्याय हैं। वंशक्षीर से उत्पन्न वंश्या और यव से उत्पन्न यवजा कहलाती है। इनके अतिरिक्त, गोधूम (गेहूँ) तथा षष्टितण्डुल (चावल) से भी बनाई जाती है[1] ॥ ५५–५६ ॥

कषाया मधुरा तिक्ता कासघ्नी वंशरोचना।
मूत्रकृच्छ्रक्षयश्वासहिता बल्या च बृंहणी ॥ ५७ ॥

गुण-कर्म—वंसलोचन कषाय–मधुर–तिक्त तथा कासहर है। यह मूत्रकृच्छ्र, क्षय एवं श्वास में लाभकर, बलवर्धक तथा धातुवर्धक है ॥ ५७ ॥

२७. पलाशगन्धा

अन्या पलाशगन्धा च तवक्षीरी प्रकीर्तिता।
त्वक्क्षीरी मधुरा रूक्षा कषायाऽस्रारुचिव्रणान्।
पित्तश्वासक्षयान्हन्ति कासदाहनिषूदनी ॥ ५८ ॥

पर्याय—दूसरे प्रकार की वंशरोचना पलाशगन्धा है जिसे तवक्षीरी भी कहते हैं।

गुण-कर्म—त्वक्क्षीरी (तवक्षीरी) मधुर, रूक्ष, कषाय है। यह रक्तविकार, अरुचि, व्रण, पित्त, श्वास, क्षय, कास और दाह को नष्ट करती है ॥ ५८ ॥

२८. उपकुञ्ची

Nigella sativa Linn.

Fam.—Ranunculaceae. हि०—मंगरैल, कलौंजी

उपकुञ्चा चोपकुञ्ची कालिका चोपकालिका।
सुषवी कुञ्चिका कुञ्ची पृथ्वीका स्थूलजीरकः ॥ ५९ ॥

---

१. इससे स्पष्ट है कि यव, गेहूँ तथा चावल से प्राप्त स्टार्च वंशलोचन के प्रतिनिधि द्रव्य के रूप में व्यवहृत होता था।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पृथ्वीका कटुका पाके रुच्या पित्ताग्निदीपनी।
श्लेष्माध्मानहराऽजीर्णजन्तुघ्नी च प्रकीर्तिता ॥ ६० ॥

पर्याय—उपकुञ्चा, कालिका, उपकालिका, सुषवी, कुञ्चिका, कुञ्ची, पृथ्वीका और स्थूलजीरक ये उपकुञ्ची के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—उपकुञ्ची (मँगरैल) रस एवं विपाक में कटु, रुचिकारक, पित्त-वर्धक एवं अग्निदीपन होती है। यह कफ, आध्मान, अजीर्ण और कृमि को नष्ट करती है ॥ ५९–६० ॥

२९. दाडिमः

Punica granatum Linn.
Fam.—Punicaceae हि०—अनार

दाडिमो दाडिमीसारः कुट्टिमः फलषाडवः।
स्वाद्वम्लो रक्तबीजश्च करकः शुकवल्लभः ॥ ६१ ॥
स्निग्धोष्णं दाडिमं हृद्यं कफपित्तविरोधि च।
द्विविधं तच्च विज्ञेयं मधुरं चाम्लमेव च ॥ ६२ ॥

पर्याय—दाडिमीसार, कुट्टिम, फलषाडव, स्वाद्वम्ल, रक्तबीज, करक और शुकवल्लभ ये दाडिम के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—अनार स्निग्ध, उष्णवीर्य, हृदय के लिये हितकर तथा कफ-पित्तशामक होता है।

भेद—अनार के फल स्वाद में दो प्रकार के होते हैं—(१) मधुर और (२) अम्ल ॥ ६१-६२ ॥

३०. धान्यकम्

Coriandrum sativum Linn.
Fam.—Umbelliferae हि०—धनियाँ

धान्यकं धान्यका धान्या धानी धानेयकं तथा।
कुस्तुम्बरुश्चाल्लका च च्छत्रधान्यं वितुन्नकम् ॥ ६३ ॥

पर्याय—धान्यका, धान्या, धानी, धानेयक, कुस्तुम्बुरु, अल्लका, छत्रधान्य और वितुन्नक ये पर्याय धान्यक के हैं ॥ ६३ ॥

आर्द्रा कुस्तुम्बुरुः कुर्यात् स्वादुसौगन्ध्यहृद्यताम्।
सा शुष्का मधुरा पाके स्निग्धा तृड्दाहनाशिनी ॥ ६४ ॥
धान्यकं कासतृट्छर्दिज्वरहृच्चक्षुषो हितम्।
कषायतिक्तमधुरं हृद्यं दीपनपाचनम् ॥ ६५ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—हरी धनियाँ स्वाद, सुगन्ध तथा रुचि उत्पन्न करती है। सूखी धनियाँ मधुरविपाक, स्निग्ध, तृषा एवं दाह को दूर करने वाली होती है। धनियाँ कास, तृषा, वमन, ज्वर को दूर करने वाली तथा नेत्र के लिए हितकर है। यह कषाय-तिक्त-मधुर, रुचिकर, दीपन और पाचन है ॥ ६४–६५ ॥

३१. जीरकम्

जीरकं दीर्घकं हृद्यमजाजी दीप्यमागधम्।
मनोज्ञं वरुणं रुच्यं पीताभं पूज्यमानकम् ॥ ६६ ॥
जीरकं कटुकं रूक्षं च वातहृद्दीपनं परम्।
गुल्माध्मानातिसारघ्नं ग्रहणीकृमिहृत्परम् ॥ ६७ ॥

पर्याय—दीर्घक, हृद्य, अजाजी, दीप्य, मागध, मनोज्ञ, वरुण, रुच्य, पीताभ और पूज्यमानक ये जीरक के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—जीरक कटु, रूक्ष, वातहर और परम अग्निदीपन है। यह गुल्म, आध्मान, अतिसार, ग्रहणी एवं कृमिरोग को नष्ट करता ॥ ६६–६७ ॥

३२. शुक्लजीरकः (जीरकविशेषः)

Cuminum cyminum Linn.

Fam.—Umbelliferae. हि०—सफेद जीरा

शुक्लाजाजी कणा ख्याता दीर्घकः कणजीरकः।
स्तन्यो दीर्घकणा गौरजीरको दीर्घजीरकः ॥ ६८ ॥
गौराजाजी हिमा रुच्या कटुर्मधुरदीपनी।
कृमिघ्ना विषहन्त्री च चक्षुष्याऽऽध्माननाशिनी ॥ ६९ ॥

पर्याय—शुक्लाजाजी, कणा, गौरजीरक और दीर्घजीरक ये पर्याय शुक्लजीरक के हैं।

गुण-कर्म—सफेद जीरा शीतवीर्य, रुचिकारक, कटु-मधुर एवं अग्निदीपन है। यह कृमिघ्न, विषनाशक, नेत्रों के लिये हितकर तथा आध्मान को दूर करता है ॥ ६८–६९ ॥

३३. कृष्णजीरकः (जीरकविशेषः)

कृष्णाजाजी तु जरणा सुगन्धः कणजीरकः।
काश्मीरजीरका वर्षा कालिः स्यात्कालपेशिका ॥ ७० ॥
जरणा कटुरुष्णा च कफशोफनिकृन्तनी।
रुच्याऽजीर्णज्वरघ्नी च चक्षुष्या ग्राहिणी परा ॥ ७१ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—कृष्णाजाजी, जरणा, सुगन्ध, कणजीरक, काश्मीरजीरक, वर्षा, कालि और कालपेशिका ये कृष्णजीरक के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—कृष्णजीरक कटु, उष्णवीर्य, कफ एवं शोफ का शामक है। यह रुचिकारक, जीर्णज्वर को नष्ट करने वाला, नेत्रों के लिए हितकर तथा उत्तम ग्राही है ॥ ७०–७१ ॥

३४. बृहत्पाली (जीरकविशेषः)

बृहत्पाली सूक्ष्मपत्रा वन्यजीरः कणा तथा।
वन्यजीरः कटुः शीतो व्रणहा जन्तुनाशकः ॥ ७२ ॥

पर्याय—बृहत्पाली, सूक्ष्मपत्रा, वन्यजीरक और कणा ये प्रर्यायवाची हैं।

गुण-कर्म—वन्यजीरक कटु, शीतवीर्य, शोधन तथा जन्तुघ्न है ॥ ७२ ॥

३५. पिप्पली

Piper longum Linn.

Fam.—Piperaceae. हि०—पीपल, पीपर

पिप्पली मागधी कृष्णा चपला तीक्ष्णतण्डुला।
उपकुल्या कणा श्यामा कोला शौण्डी तथोषणा ॥ ७३ ॥
पिप्पली कटुका स्वादुर्हिमा स्निग्धा त्रिदोषजित्।
तृड्ज्वरोदरजन्त्वामनाशिनी च रसायनी ॥ ७४ ॥

पर्याय—मागधी, कृष्णा, चपला, तीक्ष्णतण्डुला, उपकुल्या, कणा, श्यामा, कोला, शौण्डी और ऊषणा ये पिप्पली के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—पिप्पली कटु, विपाक में मधुर, शीतवीर्य, स्निग्ध तथा त्रिदोषहर है। यह तृष्णा, ज्वर, उदररोग, कृमि, आमदोष को नष्ट करने वाली तथा रसायन है ॥ ७३–७४ ॥

३६. पिप्पलीमूलम्

Root of the piper longum Linn.

Fam.—Piperaceae. हि०—पिपरामूल, पीपलामूल

मूलं च पिप्पलीमूलं ग्रन्थिकं चविकाशिरः।
कोलमूलं कटुग्रन्थि सर्वग्रन्थिकमूषणम् ॥ ७५ ॥
कटूष्णं पिप्पलीमूलं श्लेष्मसङ्घातनाशनम्।
वातोच्छित्तिकरं हन्ति कृमीन्वह्निप्रदीप्तिकृत् ॥ ७६ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—मूल, ग्रन्थिक, चविकाशिर, कोलमूल, कटुग्रन्थि, सर्वग्रन्थिक और ऊषण ये पिप्पलीमूल के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—पिप्पलीमूल कटु, उष्णवीर्य एवं कफशामक है। यह वातविकार एवं कृमिरोग को नष्ट करने वाला तथा अग्निदीपन है ॥ ७५–७६ ॥

३७. चविका

Piper chaba Hunter.

Fam.—Piperaceae. हि०—चाभ

चविका कोलवल्ली च चव्यं चविकमेव च।
चव्यं च कटुकोष्णं स्याज्जन्तुहृद्दीपनं परम् ॥ ७७ ॥
कफोद्रेकहरं वातकोपशमनं भवेत्।

पर्याय—चविका और कोलवल्ली तथा चव्य और चविक ये पर्यायवाची हैं।

गुण-कर्म—चव्य कटु, उष्णवीर्य, कृमिनाशक तथा परम अग्निदीपक है। यह प्रकुपित कफ एवं वात का शामक है ॥ ७७ ॥

३८. गजपिप्पली

हि०—गजपीपर

तस्याः फलं विनिर्दिष्टं श्रेयसी गजपिप्पली ॥ ७८ ॥
गजपिप्पलिका स्वादुः कटुरुष्णा च कीर्तिता।
बलासं हन्ति वातेन सार्धं जन्तुजयप्रदा ॥ ७९ ॥

पर्याय—चव्य का फल गजपीपल कहलाता है। श्रेयसी इसका पर्याय है।

गुण-कर्म—गजपिप्पली मधुर-कटु एवं उष्णवीर्य है। यह कफ-वातशामक तथा कृमिहर है ॥ ७८–७९ ॥

३९. चित्रकः

Plumbago zeylanica Linn.

Fam.—Plumbaginaceae. हि०—चित्ता

चित्रको दहनो व्यालः पाठीनो दारुणोऽग्निकः।
ज्योतिष्को वल्लरी वह्निः पाली पाठी कटुः शिखी ॥ ८० ॥
कृष्णारुणोऽनलो द्वीपी चित्रभानुश्च पावकः।

पर्याय—दहन, व्याल, पाठीन, दारुण, अग्निक, ज्योतिष्क, वल्लरी, वह्नि, पाली, पाठी, कटु, शिखी, कृष्णारुण, अनल, द्वीपी, चित्रभानु और पावक ये चित्रक के पर्याय हैं ॥ ८० ॥

. Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

चित्रकोऽग्निसमः पाके कटुकः कफशोफजित् ।
वातोदरार्शोग्रहणीक्षयपाण्डुविनाशनः ॥ ८१ ॥

गुण-कर्म—चित्रक अग्नि के समान तीक्ष्ण–उष्ण, विपाक में कटु एवं कफ तथा शोफ का शामक होता है। यह वात, उदररोग, अर्श, ग्रहणी, क्षय और पाण्डुरोग को नष्ट करने वाला होता है॥ ८१ ॥

४०. शुण्ठी

Zingiber offcinale Roscoe.

Fam.—Zingiberaceae. हि०—सोंठ

शुण्ठी महौषधं विश्वं नागरं विश्वभेषजम् ।
विश्वौषधं शृङ्गवेरं कटुभद्रं तथाऽऽर्द्रकम् ॥ ८२ ॥
स्निग्धोष्णा कटुका शुण्ठी·वृष्या शोफकफारुचीन् ।
हन्ति वातोदरश्वासपाण्डुश्लीपदनाशिनी ॥ ८३ ॥

पर्याय—महौषध, विश्व, नागर, विश्वभेषज, विश्वौषध, शृङ्गवेर, कटुभद्र और आर्द्रक ये पर्याय शुण्ठी के हैं।

गुण-कर्म—सोंठ स्निग्ध, उष्णवीर्य, कटु एवं वाजीकरण होती है। यह शोथ, कफ, अरुचि, वात, उदररोग, श्वास, पाण्डुरोग और श्लीपद को नष्ट करती है॥ ८२–८३ ॥

४१. आर्द्रकम् (शुण्ठीविशेषः)

कफानिलहरं स्वर्यं विबन्धानाहशूलजित् ।
कटूष्णं रोचनं वृष्यं हृद्यं चैवाऽऽर्द्रकं स्मृतम् ॥ ८४ ॥

गुण-कर्म—आर्द्रक कफवातशामक, स्वर के लिये हितकर, विबन्ध, आनाह तथा शूल को दूर करने वाला, कटु, उष्ण, रुचिकर, वाजीकरण एवं हृद्य होता है॥ ८४ ॥

४२. मरिचम्

Piper nigrum Linn.

Fam.—Piperaceae. हि०—काली मिर्च, गोल मिर्च

मरिचं पलितं श्यामं वल्लीजं कृष्णमूषणम् ।
यवनेष्टं शिरोवृत्तं कोलकं धर्मपत्तनम् ॥ ८५ ॥
मरिचं कटुतिक्तोष्णं पित्तकृच्छ्लेष्मनाशनम् ।
वायुं निवारयत्येव जन्तुसन्ताननाशनम् ॥ ८६ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—पलित, श्याम, वल्लीज, कृष्ण, ऊषण, यवनेष्ट, शिरोवृत्त, कोलक और धर्मपत्तन ये पर्याय मरिच के हैं।

गुण-कर्म—मरिच कटु–तिक्त, उष्णवीर्य, पित्तकारक एवं कफवातशामक होता है। यह विविध क्रमियों को नष्ट करता है ॥ ८५–८६ ॥

४३. श्वेतमरिचम् (मरिचविशेषः)

मरिचं शुभ्रमरिचं बीजं शिग्रोस्तु शिग्रुजम्।
नात्युष्णं नातिरूक्षं च वीर्यतो मरिचं सितम् ॥ ८७ ॥

पर्याय—शुभ्रमरिच, शिग्रुबीज, शिग्रुज ये पर्याय श्वेतमरिच के हैं[1]।

गुण-कर्म—श्वेतमरिच किंचित् उष्ण एवं ईषद्रूक्ष होता है ॥ ८७ ॥

४४. यवानी

Trachyspermum ammi (Linn.) Sprague.

Fam.—Umbelliferae. हि०—अजवायन

यवानी दीप्यको दीप्यो यवसाह्वो यवाग्रजः।
यवानिकोग्रगन्धा च दीपनीया च दीपनी ॥ ८८ ॥
यवानी कटुतिक्तोष्णा वातश्लेष्मविषामयान्।
हन्ति गुल्मोदरं शूलं दीपयत्याशु चानलम् ॥ ८९ ॥

पर्याय—दीप्यक, दीप्य, यवासाह्व, यवाग्रज, उग्रगन्धा, दीपनीया और दीपनी ये पर्याय यवानी के हैं।

गुण-कर्म—यवानी कटु–तिक्त एवं उष्णवीर्य है। यह वातकफशामक, विषदोष, गुल्म, उदररोग, शूल को नष्ट करने वाला तथा शीघ्र अग्निदीपन है ॥ ८८–८९ ॥

४५. चौहारः (यवानीविशेषः)

Artemisia maritima Linn.

Fam.—Compositae. हि०—किरमानी अजवायन

यवानिका यवानी स्याच्चौहारो जन्तुनाशनः।
चौहारस्तद्गुणः प्रोक्तो विशेषात्क्रमिनाशनः ॥ ९० ॥

पर्याय—यवानिका, यवानी, चौहार और जन्तुनाशन ये पर्यायवाची हैं।

गुण-कर्म—चौहार के गुण यवानी के समान हैं किन्तु यह विशेषतः क्रमिनाशक है ॥ ९० ॥

---

१. इससे स्पष्ट है कि शिग्रु का बीज श्वेतमरिच के नाम से व्यवहृत था किन्तु वास्तविक श्वेतमरिच मरिच का ही श्वेतीकृत भेद है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

४६. यावनी यवानी (यवानीविशेषः)

Hyscyamus niger Linn.

Fam.—Solanaceae. हि०—खुरासानी अजवायन

यवानी यावनी तीव्रा तुरुष्को मदकारिणी।
यवानी यावनी रूक्षा ग्राहिणी मादिनी कटुः ॥ ६१ ॥

पर्याय—यावनी यवानी, तीव्रा, तुरुष्क और मदकारिणी ये पर्यायवाची हैं।

गुण-कर्म—यावनी यवानी (खुरासानी अजवायन) रूक्ष, ग्राही, मदकारक तथा कटु होती है ॥ ६१ ॥

४७. वृक्षाम्लम्

Garcinia indica.

Fam.—Guttiferae. हि०—कोकम

वृक्षाम्लं तित्तिडीकं च शाखाम्लं रक्तपूरकम्।
अम्लवृक्षोऽम्लशाखः स्यादपरोऽम्लमहीरुहः ॥ ६२ ॥
तित्तिडीकं च वातघ्नं ग्राह्युष्णं रुचिकृल्लघु।

पर्याय—तित्तिडीक, शाखाम्ल, रक्तपूरक, अम्लवृक्ष, अम्लशाख, अम्लपूर और अम्लमहीरुह ये पर्याय वृक्षाम्ल के हैं।

गुण-कर्म—वृक्षाम्ल वातहर, ग्राही, उष्णवीर्य, रुचिकारक और लघु होता है ॥ ६२ ॥

४८. अम्लवेतसः

Garcinia pedunculata Roxb.

Fam.—Guttiferae. हि०—अम्लवेत

अम्लोऽम्लवेतसो भीमः रसाम्लो वरवेतसः।
रक्तस्रावी वेतसाम्लः शतवेधी च भेदकः ॥ ६३ ॥
कषायं कटुरूक्षोष्णमम्लवेतसकं विदुः।
तृट्कफानिलजन्त्वर्शोहृद्बाधाश्मरिगुल्मजित् ॥ ६४ ॥

पर्याय—अम्ल, भीम, रसाम्ल, वरवेतस, रक्तस्रावी, वेतसाम्ल, शतवेधी और भेदक ये अम्लवेतस के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—अम्लवेतस कषाय-कटु, रूक्ष एवं उष्णवीर्य होता है। यह

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

तृष्णा, कफ, वात, कृमि, अर्श, हृदयरोग, अश्मरी तथा गुल्म को नष्ट करता है ॥ ३९-६४ ॥

४९. अजमोदा

Trachyspermum roxburghianum (DC.) Sprague.

Fam.—Umbelliferae. हि०—अजमोदा

अजमोदा बस्तमोदा दीप्यको लोचकर्कटः ।
खराह्वा कारवी वल्ली मोदा हस्तिमयूरकः ॥ ६५ ॥

अजमोदा च शूलघ्नी तिक्तोष्णा कफवातजित् ।
हिक्काध्मानारुचीर्हन्ति कृमिजिद् वह्निदीपनी ॥ ६६ ॥

पर्याय—बस्तमोदा, दीप्यक, लोचमर्कट, खराह्वा, कारवी, वल्ली, मोदा और हस्तिमयूरक ये पर्याय अजमोदा के हैं।

गुण-कर्म—अजमोदा शूलहर, तिक्त, उष्णवीर्य तथा कफवातशामक है। यह हिचकी, आध्मान, अरुचि तथा कृमि को नष्ट करनेवाली और अग्निदीपन होती है ॥ ६५–६६ ॥

५०. अजगन्धा

अजगन्धा खरपुष्पा बस्तगन्धा विगन्धिका ।
कारवी बर्बरा गन्धा तुङ्गी पूतिमयूरिका ॥ ६० ॥

अजगन्धा वातहरा वीर्योष्णा तु ज्वरापहा ।
गुल्माष्ठीलाकफानाहशूलजिद्वह्निकृत्परा ॥ ६८ ॥

पर्याय—खरपुष्पा, बस्तगन्धा, विगन्धिका, कारवी, बर्बरा, गन्धा, तुङ्गी और पूतिमयूरिका ये अजगन्धा के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—अजगन्धा वातशामक, उष्णवीर्य तथा ज्वरनाशक है। यह गुल्म, अष्ठीला, कफ, आनाह और शूल को नष्ट करने वाली तथा परम अग्नि-दीपन है ॥ ६७–६८ ॥

५१. कपित्थः

Feronia elephantum Correa.

Fam.—Rutaceae. हि०—कैथ

कपित्थोऽथ दधित्थस्तु ग्राही गन्धफलश्च सः ।
अक्षसस्यो दधिफलश्चिरपाकी कपिप्रियः ॥ ६९ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कपित्थमाममस्वर्यं कफघ्नं ग्राहि वातलम्।
कफानिलहरं पक्वं मधुराम्लरसं गुरु ॥ १०० ॥
श्वासकासारुचिहरं तृष्णाघ्नं कण्ठशोधनम्।

पर्याय—दधित्थ, ग्राही, गन्धफल, अक्षसस्य, दधिफल, चिरपाकी और कपिप्रिय ये पर्याय कपित्थ के हैं।

गुण-कर्म—कपित्थ का कच्चा फल स्वर के लिए हानिकर, कफशामक, ग्राही तथा वातवर्धक होता है। इसका पका फल कफवातहर, रस में मधुर-अम्ल, गुरु एवं श्वास, कास, अरुचि, तृष्णा को दूर करने वाला तथा कण्ठशोधक होता है ॥ ९९–१०० ॥

५२. शर्करा

शर्करोक्ता तु मीनाण्डी श्वेता मत्स्यण्डिका सिता।
अहिच्छत्रा तु सिकता शुद्धा शुभ्रा सितोपला ॥ १०१ ॥
शर्करा शीतवीर्या तु सर्वदाहविनाशनी।
रक्तपित्तप्रशमनी छर्दिमूर्च्छातृषापहा ॥ १०२ ॥

पर्याय—मीनाण्डी, श्वेता, मत्स्यण्डिका, सिता, अहिच्छत्रा, सिकता, शुद्धा, शुभ्रा और सितोपला ये शर्करा के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—शर्करा शीतवीर्य तथा सर्वदाहनाशक है। यह रक्तपित्त, वमन, मूर्च्छा और तृष्णा को दूर करती है ॥ १०१–१०२ ॥

५३. मधुशर्करा (शर्कराविशेषः)

शर्कराऽन्या मधुभवा माधवी मधुशर्करा।
माक्षीकशर्करा प्रोक्ता शर्करा मदनोद्भवा ॥ १०३ ॥
शर्करा मधुसम्भूता छर्द्यतीसारनाशिनी।

पर्याय—मधुभवा शर्करा, माधवी शर्करा, माक्षीक शर्करा और मदनोद्भवा शर्करा पर्यायवाची हैं।

गुण-कर्म—मधुशर्करा वमन तथा अतिसार को नष्ट करती है ॥ १०३ ॥

५४. यवासशर्करा (शर्कराविशेषः)

यवासशर्करा चान्या निर्दिष्टा यासशर्करा ॥ १०४ ॥
स्वेदनी ह्लादनी रूक्षा कषाया स्वादुपाकिका।
यवासशर्करा शीता रसे स्वादुर्व्वरास्रजित् ॥ १०५ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

यवासशर्करा—एक अन्य शर्करा यवासा के पौधे से प्राप्त होती है। यह यवासशर्करा या यासशर्करा कही जाती है।

गुण-कर्म—यवासशर्करा स्वेदन, आह्लादजनक, रूक्ष, मधुर–कषाय, विपाक में मधुर, शीतवीर्य, ज्वर तथा रक्तविकार को नष्ट करती है ॥ १०४–१०५ ॥

शतपुष्पादिको वर्गः द्वितीयः करिकीर्तितः।
कायाग्निदीपनो बल्यो वक्त्रसौगन्ध्यतीक्ष्णकृत् ॥ १०६ ॥

यह शतपुष्पादि द्वितीय वर्ग समाप्त हुआ। यह कायाग्निदीपन, बलवर्धक, मुख में सुगन्ध एवं तीक्ष्णता उत्पन्न करने वाला है ॥ १०६ ॥

॥ इति रसवीर्यविपाकसहिते धन्वन्तरिनिघण्टौ
शतपुष्पादिर्द्वितीयो वर्गः ॥ २ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अथ चन्दनादिस्तृतीयो वर्गः

१. चन्दनम्

Santalum album Linn.

Fam.—Santalaceae. हि०—सफेद चन्दन

चन्दनं गन्धसारं च महार्हं श्वेतचन्दनम् ।
भद्रश्रियं मलयजं गोशीर्षं तिलपर्णकम् ॥ १ ॥

श्रीखण्डं शीतलं स्वादु तिक्तं पित्तविनाशनम् ।
रक्तप्रसादनं वृष्यमन्तर्दाहापहारकम् ॥ २ ॥

पित्तास्रविषतृड्दाहकृमिघ्नं गुरु रूक्षणम् ।
सर्वं सतिक्तमधुरं चन्दनं शिशिरं परम् ॥ ३ ॥

पर्याय—चन्दन, गन्धसार, महार्ह, श्वेतचन्दन, भद्रश्रिय, मलयज, गोशीर्ष और तिलपर्णक ये चन्दन (श्वेतचन्दन) के पर्याय हैं ।

गुण-कर्म—श्वेतचन्दन शीतवीर्य, मधुर-तिक्त तथा पित्तशामक होता है । यह रक्तप्रसादन, वाजीकरण एवं अन्तर्दाह, रक्त-पित्त, विष, तृष्णा, दाह, कृमि का नाशक तथा गुरु एवं रूक्ष होता है । सर्व प्रकार का चन्दन तिक्त-मधुर और परम शीत है ॥ १–३ ॥

२. रक्तचन्दनम् (चन्दनविशेषः)

Pterocarpus santalinus Linn.

Fam.—Leguminosae. हि०—लाल चन्दन

रक्तचन्दनमप्यन्यल्लोहितं हरिचन्दनम् ।
रक्तसारं ताम्रसारं निर्दिष्टं क्षुद्रचन्दनम् ॥ ४ ॥

रक्तचन्दनमप्याहू रक्षोघ्नं तिक्तशीतलम् ।
रक्तोद्रेकहरं हन्ति पित्तकोपं सुदारुणम् ॥ ५ ॥

पर्याय—रक्तवर्ण चन्दन रक्तचन्दन के नाम से प्रसिद्ध है । हरिचन्दन, रक्तसार, ताम्रसार और क्षुद्रचन्दन इसके पर्याय हैं ।

गुण-कर्म—रक्तचन्दन तिक्त, शीतवीर्य तथा रक्षोघ्न है । यह रक्त तथा पित्त के अत्युग्र प्रकोप को भी शान्त कर देता है ॥ ४–५ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

३. कुचन्दनम् (चन्दनविशेषः)

Caesalpina sappan Linn.

Fam.—Caesalpiniaceae. हि०—पतङ्ग

कुचन्दनं पतङ्गं च रक्तकाष्ठं सुरङ्गकम् ।
पत्राङ्गं पट्टरागं च पट्टरञ्जनमेव च ॥ ६ ॥
स्वादु पाकरसे शीतं श्लेष्मलं नातिपित्तलम् ।
कुचन्दनं तु तिक्तं स्यात् सुगन्धि व्रणरोपणम् ॥ ७ ॥

पर्याय—पतंग, रक्तकाष्ठ, सुरङ्गक, पत्राङ्ग, पट्टराग, पट्टरञ्जन ये पर्याय रक्तचन्दन के हैं।

गुण-कर्म—कुचन्दन रस में मधुर-तिक्त, मधुरविपाक, कफवर्धक, ईषत् पित्तल, सुगन्धित तथा व्रणरोपण है ॥ ६–७ ॥

४. कालीयकम् (चन्दनविशेषः)

Yellow variety of Sandal.

हि०—मलयागिर चन्दन

कालीयकं तु पीतं स्यात्तथा नारायणप्रियम् ।
मलयोत्थं पीतकाष्ठं चतुर्थं हरिचन्दनम् ॥ ८ ॥
कालीयकं पवित्राढ्यं शीतलं रक्तपित्तजित् ।

पर्याय—पीत, नारायणप्रिय, मलयोत्थ, पीतकाष्ठ और हरिचन्दन ये पर्याय कालीयक के हैं ॥ ८ ॥

५. बर्बरिकम् (चन्दनविशेषः)

अथ बर्बरिकं श्वेतं निर्गन्धं बर्बरोद्भवम् ।
पित्तास्रक्कफदाहघ्नं क्रिमिघ्नं गुरु रूक्षणम् ॥ ९ ॥

परिचय—बर्बर देश में होने वाला सफेद और गन्धरहित चन्दन बर्बरिक कहलाता है।

गुण-कर्म—बर्बरिक चन्दन गुरु, रूक्ष, कफ-पित्त, रक्तविकार एवं दाह का शामक तथा क्रिमिघ्न है ॥ ९ ॥

सर्वाण्येतानि तुल्यानि रसतो वीर्यतस्तथा ।
गन्धेन तु विशेषः स्यात् पूर्वं श्रेष्ठतमं गुणैः ॥ १० ॥

पर्याय—ये सभी प्रकार के चन्दन रस और वीर्य में समान है केवल गन्ध में अन्तर होता है। इन सभी में प्रथम (श्रीखण्ड) सर्वोत्तम माना जाता है ॥ १० ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

६. कुङ्कुमम्

Crocus sativus Linn.

Fam.—Iridaceae. हि०—केशर

कुङ्कुमं रुधिरं रक्तमसृगस्त्रं च पीतकम्।
काश्मीरं चारु बाह्लीकं सङ्कोचं पिशुनं वरम्॥ ११॥
कुङ्कुमं कटुकं तिक्तमुष्णं श्लेष्मसमीरजित्।
व्रणदृष्टिशिरोरोगविषहृत् कायकान्तिकृत्॥ १२॥

पर्याय—कुङ्कुम, रुधिर, रक्त, असृग्, अस्त्र, पीतक, काश्मीर, चारु, बाह्लीक, संकोच, पिशुन और वर ये पर्यायवाची हैं।

गुण-कर्म—कुङ्कुम कटु-तिक्त एवं उष्णवीर्य है। यह कफवातशामक, व्रण, नेत्ररोग, शिरोरोग तथा विष को नष्ट करने वाला एवं शरीर की कान्ति को बढ़ाने वाला होता है॥ ११-१२॥

७. उशीरम्

Vetiveria zizaniodes (Linn.) Nash.

Fam.—Graminae. हि०—खस

उशीरं चामृणालं स्यादभयं समगन्धिकम्।
रणप्रियं वारतरु वीरं वीरणमूलकम्॥ १३॥
उशीरं शीतलं तिक्तं दाहक्लान्तिहरं च तत्।
वातघ्नं ज्वरतृण्मेहनुद्रक्तं हन्ति योगतः॥ १४॥
उशीरं स्वेददौर्गन्ध्यपित्तघ्नं स्निग्धतिक्तकम्।

पर्याय—अमृणाल, अभय, समगन्धिक, रणप्रिय, वीरतरु, वीर, वीरणमूलक ये पर्याय उशीर के हैं।

गुण-कर्म—खस शीतवीर्य एवं तिक्त है। यह दाह, कान्ति, वात, ज्वर, तृष्णा, प्रमेह तथा रक्तपित्त को दूर करने वाला है। उशीर स्वेदापनयन, दुर्गन्धहर, पित्तशामक, स्निग्ध एवं तिक्त है॥ १३-१४॥

८. प्रियङ्गुः

Callicarpa macrophylla Vahl.

Fam.—Verbenaceae. हि०—डइया

प्रियङ्गुः प्रियवल्ली च फलिनी कङ्गुनी प्रिया।
वृत्ता गोवन्दनी श्यामा कारम्भा वर्णभेदनी॥ १५॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

प्रियङ्गुः शीतला तिक्ता मोहदाहविनाशिनी।
ज्वरवान्तिहरा रक्तमुद्रिक्तं च प्रसादयेत् ॥ १६ ॥

पर्याय—प्रियवल्ली, फलिनी, कङ्गुनी, प्रिया, वृत्ता, गोवन्दनी, श्यामा, कारंभा और वर्णभेदनी ये प्रियङ्गु के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—प्रियङ्गु शीतवीर्य, तिक्त है। यह मोह, दाह, ज्वर, वमन तथा रक्तपित्त को दूर करने वाली है ॥ १५–१६ ॥

९. तूणिः

Cedrela toona Roxb.

Fam.—Meliaceae. हि०—तून

तूणिस्तूणीकणः पीततूणिकः कनकस्तथा।
कुठेरकः कान्तलको नन्दिवृक्षोऽथ नन्दिकः ॥ १७ ॥
तूणी त्रिदोषहृद्वृष्यः कण्डूकुष्ठव्रणापहः।
गण्डमालापहरणः सन्निपातनिकृन्तनः ॥ १८ ॥

पर्याय—तूणि, तूणीकण, पीततूणिक, कनक, कुठेरक, कान्तलक, नन्दिवृक्ष और नन्दिक ये तूणि के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—तूणी त्रिदोषहर एवं वाजीकरण है। यह कण्डू, कुष्ठ, व्रण, गण्डमाला और सन्निपात को दूर करने वाला होता है ॥ १७–१८ ॥

१०. गोरोचना

हि०—गोरोचन अं०—Bezoar.

रोचना पिङ्गला पिङ्गा मेध्या गौरी च गोमती।
माङ्गल्या वन्दनीयाऽग्र्या पावनी रुचिरा रुचिः ॥ १९ ॥
रोचना पाचनी शीता विषनेत्ररुजो जयेत्।
सौभाग्यकरणी भूतग्रहदोषं च नाशयेत् ॥ २० ॥

पर्याय—पिङ्गला, पिङ्गा, मेध्या, गौरी, गोमती, माङ्गल्या, वन्दनीया, अग्र्या, पावकी, रुचिरा और रुचि ये गोरोचना के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—गोरोचन पाचन, शीतवीर्य तथा विष एवं नेत्रविकार का नाशक है। यह सौभाग्यप्रद, भूतबाधा एवं ग्रहबाधा को दूर करने वाला होता है ॥१९-२०॥

११. तुरुष्कः

Liquidamber orientalis Miller.

Fam.—Hamamelidaceae. हि०—शिलारस

तुरुष्को यावनः कल्कः पिण्याकः पिण्डितः कपिः।
कपिजः कृत्रिमो धूम्रो धूम्रवर्णश्च सिल्हकः ॥ २१ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सुगन्धिः कृतकश्चैव युक्तियुक्तश्च पिण्डकः।
कपितैलमिति ख्यातं तथा पिङ्गलनामकम् ॥ २२ ॥
तुरुष्कः कटुतिक्तोष्णः स्निग्धो वातबलासजित्।
स्वादुश्च कटुकः पाके सुरभिर्देवताप्रियः ॥ २३ ॥

पर्याय—यावन, कल्क, पिण्याक, पिण्डित, कपि, कपिज, कृत्रिम, धूम्र, धूम्रवर्ण, सिल्हक, सुगन्धि, कृतक, युक्तियुक्त, पिण्डक, कपितैल और पिङ्गल ये तुरुष्क के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—तुरुष्क कटु–तिक्त–मधुर, कटुविपाक, उष्णवीर्य, स्निग्ध, वातकफशामक, सुगन्धित तथा देवताओं का प्रिय होता है ॥ २१–२३ ॥

१२. अगुरु

Aquilaria agallocha Roxb.

Fam.—Thymeliaeaceae. हि०—अगर

अगरु प्रवरं लोहं कृमिजग्धमनार्यकम्।
कृष्णागरु स्वाद्वगरु योगजं विश्वरूपकम् ॥ २४ ॥
कटुतिक्तोष्णमगुरु स्निग्धं वातकफापहम्।
श्रुतिनेत्ररुजं हन्ति माङ्गल्यं कुष्ठनुत्परम् ॥ २५ ॥

पर्याय—प्रवर, लोह, कृमिजग्ध, अनार्यक, कृष्णागरु, स्वाद्वगरु, योगज और विश्वरूपक ये पर्याय अगरु के हैं।

गुण-कर्म—अगरु कटु–तिक्त, उष्णवीर्य, स्निग्ध, वातकफशामक, कर्णशूल एवं नेत्रपीड़ानाशक, मंगलकारक एवं कुष्ठ को दूर करने वाला होता है ॥ २४–२५ ॥

१३. कालेयकम् (अगुरुविशेषः)

कालेयकं ससारं च पीतवर्णं च शब्दतः।
वर्णप्रसादनं चैव लघुचन्दनमेव च ॥ २६ ॥

पर्याय—ससार, पीतवर्ण, वर्णप्रसादन और लघुचन्दन कालेयक के पर्याय हैं। इनसे इसके स्वरूप और गुणकर्म का संकेत मिलता है ॥ २६ ॥

१४. कस्तूरी

Moschus moschiferus Linn.

Fam.—Cervidae. अं०—Musk.

कस्तूरिका मृगमदो मृगनाभिर्मृगाण्डजा।
मार्जारी वेधमुख्या च मदनी गन्धचेलिका ॥ २७ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कस्तूरिका रसे तिक्ता कटुः श्लेष्मानिलापहा ।
विषघ्नी दोषशमनी मुखशोषहरा परा ॥ २८ ॥

पर्याय—मृगमद, मृगनाभि, मृगाण्डजा, मार्जारी, मदनी, गन्धचेली, वेधमुख्या ये कस्तूरी के पर्याय हैं ।

गुण-कर्म—कस्तूरी तिक्त-कटु, कफवातशामक, विषहर, दोषशामक तथा मुख-शोष को दूर करने वाली होती है ॥ २७–२८ ॥

१५. कर्पूरः

Cinnamomum camphora Nees & Eberm.

Fam.—Lauraceae. हि०—कपूर

कर्पूरः शीतलरजः शीताभ्रः स्फटिको हिमः ।
चन्द्रस्तुषारस्तुहिनः शशीन्दुर्हिमवालुकः ॥ २९ ॥
कर्पूरं कटुतिक्तं च मधुरं शिशिरं विदुः ।
तृण्मेदोविषदोषघ्नं चक्षुष्यं मदकारकम् ॥ ३० ॥

पर्याय—शीतलरज, शीताभ्र, स्फटिक, हिम, चन्द्र, तुषार, तुहिन, शशी, इन्दु और हिमवालुक ये पर्याय कर्पूर के हैं ।

गुण-कर्म—कर्पूर कटु-तिक्त-मधुर, शीतवीर्य होता है । यह तृष्णा, मेद, विषदोषघ्न, नेत्रों के लिये हितकर और मदकारक होता है ॥ २९–३० ॥

१६. जातिपत्री

Myristica fragrans Houtt.

Fam.—Myristicaceae. हि०—जावित्री

जातिपत्री जातिकोशा सुमनःपत्रिकाऽपि च ।
मालतीपत्रिका चैव प्रोक्ता सा मलनाशिनी ॥ ३१ ॥
जातिपत्री कटूष्णा स्यात् सुरभिः कफनाशिनी ।
वक्त्रदौर्गन्ध्यहृद्वर्ण्या विषहृत् कायशान्तिदा ॥ ३२ ॥

पर्याय—जातिकोशा, सुमनःपत्रिका, मालतीपत्रिका और मलनाशनी जातिपत्री के पर्याय हैं ।

गुण-कर्म—जावित्री कटु, उष्णवीर्य, सुगन्धित एवं कफघ्न होती है । यह मुख दुर्गन्धनाशक, वर्ण को उत्तम करने वाली, विषघ्न एवं शरीर के लिये शामक है ।

विमर्श—जायफल के ऊपर जो पीताभ रक्तवर्ण का जालीदार वेष्टन होता है वह जावित्री कहलाता है ॥ ३१–३२ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१७. जातीफलम्

Myristica fragrans Houtt.

Fam.—Myristicaceae. हि०—जायफल

जातीफलं जातिसस्यं शालूकं मालतीफलम्।
मदशौण्डं जातिशृङ्गं पुटं सौमनसं फलम् ॥ ३३ ॥
जातीफलं कषायोष्णं कटु कण्ठामयार्तिजित्।
वातातिसारमेहघ्नं लघु वृष्यं च दीपनम् ॥ ३४ ॥

पर्याय—जातिसस्य, शालूक, मालतीफल, मदशौण्ड, जातिशृङ्ग, पुट और सौमनसफल ये पर्याय जातीफल के हैं।

गुण-कर्म—जायफल कषाय-कटु, उष्णवीर्य होता है। यह कण्ठविकार, कण्ठपीडा, वात, अतिसार एवं प्रमेह को दूर करने वाला, लघु, वाजीकरण तथा अग्निदीपन होता है ॥ ३३-३४ ॥

१८. कङ्कोलकम्

Piper cubeba Linn.

Fam.—Piperaceae. हि०—शीतलचीनी, कबाबचीनी,

कङ्कोलकं कृतफलं कोलकं कटुकं फलम्।
चूर्णं कन्दफलं द्वीपमरिचं माधवोचितम् ॥ ३५ ॥
कङ्कोलं कटुतिक्तोष्णं वक्त्रवैरस्यनाशनम्।
मुखजाड्यहरं रुच्यं वातश्लेष्महरं परम् ॥ ३६ ॥

पर्याय—कृतफल, कोलक, कटुकफल, चूर्ण, कन्दफल, द्वीपमरिच और माधवोचित पे पर्याय कंकोल के हैं।

गुण-कर्म—कंकोल कटु-तिक्त, उष्णवीर्य होता है। यह मुख की विरसता एवं जडता को नष्ट करनेवाला, रुचिकारक तथा वात-कफ को दूर करने वाला होता है ॥ ३५-३६ ॥

१९. पूगम्

Areca catechu Linn.

Fam.—Palmae. हि०—सुपारी

स्यात्पूगफलमुद्वेगं स्रंसि घोण्टाफलं स्मृतम्।
चिक्कणं चिक्कणा चिक्का गुवाकः खपुरं च तत् ॥ ३७ ॥
भेदि सम्मोहकृत्पूगं कषायं स्वादु रोचनम्।
कफपित्तहरं रूक्षं वक्त्रक्लेदमलापहम् ॥ ३८ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—उद्वेग, स्रंसि, घोण्टाफल, चिक्कण, चिक्कणा, चिक्का, गुवाक और खपुर ये पूग के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—सुपारी मलभेदक, मदकारक, कषाय-मधुर, रुचिकारक, कफ-पित्तशामक, रूक्ष, मुख के क्लेद एवं मल का नाशक है ॥ ३७-३८ ॥

२०. लवङ्गम्

Syzygium aromaticum (Linn.)
Merr. & L. M. Perry.
Fam.—Myrtaceae. हि० लौंग

लवङ्गं देवकुसुमं भृङ्गारं शिखरं लवम्।
दिव्यं चन्दनपुष्पं च श्रीपुष्पं वारिसम्भवम् ॥ ३९ ॥
लवङ्गकुसुमं हृद्यं शीतलं पित्तनाशनम्।
चक्षुष्यं विषहृत् वृष्यं माङ्गल्यं मूर्धरोगहृत् ॥ ४० ॥

पर्याय—देवकुसुम, भृङ्गार, शिखर, लव, दिव्य, चन्दनपुष्प, श्रीपुष्प और वारिसम्भव ये लवङ्ग के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—लवंग का पुष्प (कलिका)—हृदय के लिये हितकर, शीतवीर्य, पित्तशामक, नेत्रों के लिये हितकर, वाजीकरण, मङ्गलकारक तथा शिरोरोग को दूर करता है ॥ ३९-४० ॥

२१. नलिका

नलिका विद्रुमलता कपोतचरणा नली।
सुषिरा धमनी शून्या निर्मथ्या नर्तकी नटी ॥ ४१ ॥
नलिका रक्तपित्तघ्नो चक्षुष्या विषनाशिनी।
नलिका वातला तिक्ता गुर्वी च मधुरा हिमा ॥ ४२ ॥

पर्याय—विद्रुमलता, कपोतचरणा, नली, सुषिरा, धमनी, शून्या, निर्मथ्या, नर्तकी और नटी ये पर्याय नलिका के हैं।

गुण-कर्म—नलिका रक्तपित्तशामक, नेत्रों के लिए हितकर, विषघ्न, वातवर्धक, तिक्त-मधुर, गुरु एवं शीतवीर्य होती है ॥ ४१-४२ ॥

२२. मांसी

मांसी—Nardostachys jatamansi DC.
Fam.—Valerianaceae. हि०—जटामांसी, बालछड़

मांसी कृष्णजटा हिंस्रा नलदा जटिला मिशी।
जटा च पिशिता पेशी क्रव्यादी च तपस्विनी ॥ ४३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

मांसी स्वादुकषाया स्यात्कफपित्तास्रनाशिनी ।
विषमारुतहृद्बल्या त्वच्या कान्तिप्रसादनी ॥ ४४ ॥

पर्याय—हिंस्रा, नलदा, जटिला, मिशी, जटा, क्रव्यादी, तपस्विनी, कृष्णजटा, पिशिता, पेशी ये मांसी के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—जटामांसी मधुर-कषाय, कफ-पित, रक्तविकार, विष और वायु को नष्ट करनेवाली, बलवर्धक, त्वग्रोगनाशक एवं कान्तिवर्धक होती है ॥ ४३-४४ ॥

२३. गन्धमांसी (मांसीविशेषः)

Selinum tenuifolium Wall.

Fam.—Valerianaceae. हि०—भूतकेशी

द्वितीया गन्धमांसी स्यात् केशी भूतजटा स्मृता ।
पिशाची पूतना केशी भूतकेशी च लोमशा ॥ ४५ ॥
मांसीद्वयं कषायं च वर्ण्यं पित्तकफापहम् ।
रक्षोघ्नं च सुगन्धि स्याद् वातघ्नं केश्यमुत्तमम् ॥ ४६ ॥

पर्याय—दूसरे प्रकार की मांसी गन्धमांसी कहलाती है। इसके पर्याय हैं—केशी, भूतजटा, पिशाची, पूतना, केशी, भूतकेशी, लोमशा ।

गुण-कर्म—दोनों प्रकार की मांसी कषाय, सुगन्धित, त्रिदोषघ्न, रक्षोघ्न, कान्तिदायक तथा केश के लिए हितकर है ॥ ४५-४६ ॥

२४. कुष्ठम्

Saussurea lappa C. B. Clark.

Fam.—Compositae. हि०—कूठ

कुष्ठं रोगोऽगदो व्याधिरुत्पलं पाकलं रुजा ।
वाप्यं वानीरजं रामं कौबेरं पारिभद्रकम् ॥ ४७ ॥
कुष्ठं कटूष्णं तिक्तं स्यात् कफमारुतरक्तजित् ।
त्रिदोषविषकण्डूंश्च कुष्ठरोगांश्च नाशयेत् ॥ ४८ ॥

पर्याय—रोग, अगद, व्याधि, उत्पल, पाकल, रुजा, वाप्य, वानीरज, राम, कौबेर और पारिभद्रक ये कुष्ठ के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—कूठ कटु-तिक्त, उष्णवीर्य, कफ-वात, रक्त-विकार, त्रिदोष, विष, कण्डू तथा कुष्ठ रोग को नष्ट करनेवाला होता है ॥ ४७-४८ ॥

२५. रेणुका

रेणुका राजपुत्री च नन्दिनी कपिला द्विजा ।
कपिलोला पाण्डुपुत्री स्मृता कौन्ती हरेणुका ॥ ४९ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

रेणुका शिशिराऽत्यन्ता तृष्णां कण्डूं च नाशयेत् ।
विषघ्नी दाहदौर्बल्यमुन्मूलयति योजिता ॥ ५० ॥

पर्याय—राजपुत्री, नन्दिनी, कपिला, द्विजा, कपिलोला, पाण्डुपुत्री, कौन्ती और हरेणुका ये पर्याय रेणुका के हैं ।

गुण-कर्म—रेणुका अत्यन्त शीतवीर्य एवं तृष्णा, कण्डू, विष, दाह, दौर्बल्य को समूल नष्ट करती है ।

विमर्श—आजकल निर्गुण्डी के बीजों का प्रयोग रेणुका के नाम से होता है । विशेष विवेचन के लिए देखें द्रव्यगुणविज्ञान, पञ्चम भाग (आचार्य प्रियव्रत शर्मा कृत) ॥ ४९-५० ॥

२६. तगरम्

Valeriana wallichii DC.

Fam.—Valerianaceae. हि०—तगर, सुगन्धबाला

तगरं कुटिलं वक्रं दीनं जिह्मं नतं शठम् ।
कालानुसार्यमनृजु कुञ्चितं नहुषं नृपम् ॥ ५१ ॥
तगरं स्यात् कषायोष्णं स्निग्धं दोषत्रयप्रणुत् ।
दृक्शीर्षविषदोषघ्नं भूतापस्मारनाशनम् ॥ ५२ ॥

पर्याय—कुटिल, वक्र, दीन, जिह्म, नत, शठ, कालानुसार्यक, अनृजु, कुञ्चित, नहुष और नृप ये तगर के पर्याय हैं ।

गुण-कर्म—तगर कषाय, उष्णवीर्य, स्निग्ध, त्रिदोषहर, नेत्ररोग, शिरोरोग, विषदोष, भूतबाधा और अपस्मार को दूर करने वाला है ॥ ५१-५२ ॥

२७. परिप्लवम्

Cyperus sp.

Fam.—Cyperaceae. हि०—केवटी मोथा

परिप्लवं प्लवं वन्यं गोपुटं स्यात् कुटन्नटम् ।
सितपुष्पं दाशपुरं गोनर्दं जीर्णपुष्पकम् ॥ ५३ ॥
परिप्लवं सुगन्धि स्यात्प्रस्वेदमलकण्डुजित् ।
जयेत् वातकफौ चापि मेध्यं कान्तिप्रदं भवेत् ॥ ५४ ॥

पर्याय—परिप्लव, प्लव, वन्य, गोपुर, कुटन्नट, सितपुष्प, दाशपुर, गोनर्द, जीर्णपुष्प ये पर्याय परिप्लव के हैं ।

गुण-कर्म—परिप्लव सुगन्धित एवं अतिस्वेद, मल, कण्डू, वात-कफ को नष्ट करने वाला, मेध्य और कान्तिप्रद होता है ॥ ५३-५४ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

२८. नखम्

हि०—नखी, नख अं०—Helix aspera.

नखः कररुहः शिल्पी करजोऽथ खुरः शफः।
शुक्तिः शङ्खश्चलः कोशी हनुर्नागहनुः सहः॥ ५५॥

नखं कटुकमुष्णं च विषं हन्ति प्रयोजितम्।
कुष्ठानि सादयत्येव कफं खण्डयति क्षणात्॥ ५६॥

पर्याय—कररुह, शिल्पी, करज, खुर, शफ, शुक्ति, शंख, चल, कोशी, हनु और नागहनु ये नख के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—नखी कटु, उष्णवीर्य है तथा विष, कुष्ठ एवं कफ को शीघ्र नष्ट करता है॥ ५५-५६॥

२९. व्याघ्रनखम्

नखमन्यद् व्याघ्रनखं पुटं व्याघ्रायुधं मतम्।
अस्त्रं व्याघ्रतलं पादं कूटस्थं वज्रकारकम्॥ ५७॥

व्याघ्रनखस्तु तिक्तोष्णः कषायः कफवातजित्।
कण्डूकुष्ठव्रणघ्नश्च वर्ण्यः सौगन्ध्यदः परः॥ ५८॥

पर्याय—नख का दूसरा भेद व्याघ्रनख है। पुट, व्याघ्रायुध, अस्त्र, व्याघ्रतल, पाद, कूटस्थ, वज्रकारक ये व्याघ्रनख के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—व्याघ्रनख तिक्त-कषाय, उष्णवीर्य तथा कफ, वात, कण्डू, कुष्ठ, व्रण को नष्ट करनेवाला, कान्तिप्रद एवं सुगन्धित होता है॥ ५७-५८॥

३०. स्पृक्का

Delphinium zalil Aitch & Hemsl.

Fam.—Ranunculaceae. हि०—असबर्ग

स्पृक्काऽसृग्ब्राह्मणी देवी मालाली कोटिका मता।
पञ्चमुष्टिर्देवपुत्री निर्माल्या पिशुना वधूः॥ ५९॥
स्पृक्का शीता सुगन्धा स्यात्तृष्णां मुष्णाति योजिता।
विषं हन्ति हिनस्त्येव दाहं देहसमुद्भवम्॥ ६०॥
स्पृक्का सुगन्धा कुष्ठघ्नी दौर्गन्ध्यस्वेदनाशिनी।

पर्याय—असृग्, ब्रह्मणी, देवी, मालाली, कोटिका, पञ्चमुष्टि, देवपुत्री, निर्माल्या, पिशुना और वधू ये पर्याय स्पृक्का के हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—स्पृक्का शीतवीर्य एवं सुगन्धित है। यह तृष्णा, विष और दाह को दूर करने वाली, कुष्टघ्न तथा दुर्गन्ध और स्वेद को नष्ट करती है ॥ ५९-६० ॥

३१. बोलम्

Commiphora myrrha Holmes.

Fam.—Burseraceae. हि०—बोल, हीराबोल

बोलं गन्धरसं पिण्डं निर्लोहं बर्बरं रसम्।
गोपकं नालिकं पौरं विषं गन्धरसं विदुः ॥ ६१ ॥
बोलं तिक्तं हिमं रक्तमुद्रिक्तं हन्ति योगतः।
कफपित्तामयान् हन्ति प्रदरादिरुजापहम् ॥ ६२ ॥

पर्याय—गन्धरस, पिण्ड, निर्लोह, बर्बर, रस, गोपक, नालिक, पौर, विष, गन्धरस ये बोल के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—बोल तिक्त, शीतवीर्य, रक्तस्रावरोधक, कफ-पित्तविकार एवं प्रदर आदि रोगों को नष्ट करने वाला है।

विमर्श—बोल उपर्युक्त वृक्ष का निर्यास है ॥ ६१-६२ ॥

३२. दमनः

Artemisia vulgaris Linn.

Fam.—Compositae. हि०—दौना

दमनः पाण्डुरागो स्यात् दान्तः गन्धोत्कटो मुनिः।
पुण्डरीको ब्रह्मजटस्तपस्वी ऋषिपुत्रकः ॥ ६३ ॥
दमनः स्याद्रसे तिक्तो विषघ्नो भूतदोषनुत्।
त्रिदोषशमनो हृद्यः कण्डूकुष्ठापहः स्मृतः ॥ ६४ ॥

पर्याय—पाण्डुराग, दान्त, गन्धोत्कट, पुण्डरीक, ब्रह्मजट, तपस्वी और ऋषिपुत्रक ये पर्याय दमनक के हैं।

गुण-कर्म—दवना तिक्त, विषघ्न, क्रिमिघ्न, त्रिदोषशामक, हृदय के लिए हितकर तथा कण्डू एवं कुष्ट का नाशक है ॥ ६३-६४ ॥

३३. दमः (दमनविशेषः)

दमनोऽन्यो दमः शान्तः ऋषिर्दमवशान्वितः।
क्षमाशान्तिपरः साधुः साधुकः साधुगन्धिकः ॥ ६५ ॥

पर्याय—दमन का दूसरा भेद दम है। इसके पर्याय हैं—शान्त, ऋषि, दमवशान्वित, क्षमाशान्तिपर, साधु, साधुक, साधुगन्धिक ॥ ६५ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

३४. मुरा

Selinum sp.

Fam.—Valerianaceae. हि०—मुरामांसी

मुरा गन्धवती दैत्या गन्धाढ्या गन्धमालिनी ।
सुरभिर्भूरिगन्धा च कुटी गन्धकुटी स्मृता ॥ ६६ ॥
मुराऽत्यन्तं भवेच्छीता तिक्ता सुरभिगन्धिनी ।
क्षिणोति क्षतपुञ्जांश्च पित्तशान्तिं नियच्छति ॥ ६७ ॥

पर्याय—गन्धवती, दैत्या, गन्धाढ्या, गन्धमालिनी, सुरभि, भूरिगन्धा, कुटी और गन्धकुटी ये पर्याय मुरा के हैं ।

गुण-कर्म—मुरा अत्यन्त शीतवीर्य, तिक्त, सुगन्धित होती है। यह नाना प्रकार के क्षतों को दूर करती है तथा पित्त को शान्त करती है ॥ ६६-६७ ॥

३५. स्थौणेयकम्

Taxus baccata Linn.

Fam.—Taxaceae. हि०—थुनेर

स्थौणेयकं बर्हिचूडं शुकपुष्पं शुकच्छदम् ।
विकर्णं शुकबर्हं च हरितं शीर्णरोमकम् ॥ ६८ ॥
स्थौणेयं कफवातघ्नं सुगन्धि कटुतिक्तकम् ।
पित्तप्रकोपशमनं बलपुष्टिविवर्धनम् ॥ ६९ ॥

पर्याय—बर्हिचूड़, शुकपुष्प, शुकच्छद, विकर्ण, शुकबर्ह, हरित और शीर्णरोमक ये पर्याय स्थौणेयक के हैं ।

गुण-कर्म—स्थौणेयक कफवातशामक, सुगन्धित, कटु-तिक्त, पितघ्न, बल्य और पौष्टिक होता है ॥ ६८-६९ ॥

३६. चोरकः

चोरक—Angelica glauca Edgw.

Fam.—Umbellifereae. हि०—चोरा

चोरकः शङ्कितश्चण्डा दुष्पत्रः क्षेमको रिपुः ।
गणहासः कोपनकः कितवः फलचोरकः ॥ ७० ॥
चोरकः शिशिरोऽत्यन्तं विषरक्तान्तकारकः ।
कुष्ठकण्डूव्रणान् हन्ति क्षणाद् दोषान् प्रयोगतः ॥ ७१ ॥
चोरकश्चोग्रगन्धश्च तिक्तः कृमिसमीरजित् ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—शङ्कित, चण्डा, दुष्पत्र, क्षेमक, रिपु, गणहास, कोपनक, कितव और फलचोरक ये चोरक के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—चोरक अत्यन्त शीतवीर्य, विषघ्न, रक्तदोषनाशक है। यह कुष्ठ, कण्डू, व्रण और दोषों को शीघ्र नष्ट करती है। चोरक, उग्रगन्ध, तिक्त, कृमिघ्न तथा वातनाशक है।

बिमर्श—यहाँ चण्डा चोरक का पर्याय दिया है जबकि दोनों भिन्न द्रव्य हैं। चण्डा A. archangelica Linn. है ॥ ७०-७१ ॥

३७. शैलेयम्

Parmelia perlata, Ach.

Fam.—Parmeliaceae. हि०—छरीला, भूरिछरिला

शैलेयं पलितं वृद्धं जीर्णं कालानुसार्यकम्।
स्थविरं च शिलादद्रु शिलापुष्पं शिलोद्भवम् ॥ ७२ ॥
शैलेयकं हिमं प्रोक्तं दाहजिद्विषनाशनम्।
रक्तदोषहरं चैव कण्डूनिर्मूलनं स्मृतम् ॥ ७३ ॥
शैलेयं तिक्तकं शीतं सुगन्धि कफपित्तजित्।
दाहतृष्णावमिश्वासव्रणदोषविनाशनम् ॥ ७४ ॥

पर्याय—शमीपत्रा, समंगा, अञ्जलिकारिका, नमस्कारी, गन्धकारी और स्पर्श-संकोचपर्णिका ये रक्तपादी (लज्जालु) के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—लज्जालु कटु, शीतवीर्य होती है। यह पित्तातीसार, शोथ, दाह, श्रम, श्वास, व्रण, कुष्ठ, कफ और रक्तदोष को नष्ट करनेवाली होती है ॥९७–९८॥

४९. विश्वग्रन्थिः (हंसपदी)

Adiantum lunulatum Burm.

Fam.—Polypodiaceae. हि०—हंसपदी, हंसराज,

रक्तपाद्यपरा प्रोक्ता विषग्रन्थिस्त्रिपाद्यपि।
हंसपादी हंसपदी घृतमण्डलिका च सा ॥ ९९ ॥

रक्तप्रसादनी शीता दाहवीसर्पनाशिनी।
व्रणप्ररोपणी हंसपदिका हंसपादिका ॥ १०० ॥

पर्याय—दूसरी रक्तपादी विषग्रन्थि, त्रिपादी, हंसपादी, हंसपदी और घृत-मण्डलिका कहलाती है।

गुण-कर्म—हंसपदी शीतवीर्य है। यह दाह, वीसर्प का नाशक तथा व्रण-रोपण है ॥ ९९–१०० ॥

५०. शङ्खपुष्पी

Convolvulus pluricaulis Chois.

Fam.—Convolvulaceae. हि०—शङ्खाहुली

शङ्खपुष्पी कम्बुपुष्पी शङ्खाह्वा कम्बुमालिनी।
तिलकी शङ्खकुसुमा मेध्या वनविलासिनी ॥ १०१ ॥

शङ्खिनी कटुतिक्तोष्णा कासपित्तबलासजित्।
विषापस्मारभूतादीन् हन्ति मेध्या रसायनी ॥ १०२ ॥

पर्याय—कम्बुपुष्पी, शंखाह्वा, कम्बुमालिनी, तिलकी, शंखकुसुमा, मेध्या और वनविलासिनी ये पर्याय शंखपुष्पी के हैं।

गुण-कर्म—शंखपुष्पी कटु–तिक्त, उष्ण एवं कास, पित्त, कफ, विष, अपस्मार, भूतबाधा आदि को नष्ट करने वाली होती है। यह मेधाशक्ति को बढ़ाने वाली तथा रसायन है ॥ १०१–१०२ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

५१. विष्णुकान्ता (शङ्खपुष्पीविशेषः)

विष्णुक्रान्ता नीलपुष्पी सतीनच्छदिका तथा।
शुक्लपुष्पा भूमिलग्ना ह्रस्वा सा शङ्खपुष्पिका॥ १०३॥
सूक्ष्मपत्रान्तरा ज्ञेया सर्पाक्षी रक्तपुष्पिका।
विष्णुक्रान्ता कटुस्तिक्ता कफवातामयापहा॥ १०४॥

पर्याय—नीलपुष्पी तथा सतीन (मटर) के सदृश पत्र वाली विष्णुक्रान्ता कहलाती है। श्वेत फल वाली और जमीन पर फैली हुई छोटे आकार की शंखपुष्पी है। सूक्ष्मपत्र वाली और रक्तफूल वाली विष्णुक्रान्ता है।

गुण-कर्म—विष्णुक्रान्ता रस में कटु-तिक्त एवं कफवातविकार को दूर करती है॥ १०३–१०४॥

५२. तण्डुलीयः

Amaranthus spinosus Linn.

Fam.—Amaranthaceae. हि०—चौलाई

तण्डुलीयस्तु उद्दिष्टस्तण्डुलस्तण्डुलीयकः।
भण्डीरस्तण्डुलीबीजो मेघनादो घनस्वनः॥ १०५॥
तण्डुलीयो विषघ्नश्च रूक्षः शीततर शुचिः।
मधुरो रसपाकाभ्यां रक्तपित्तापघातकः॥ १०६॥

पर्याय—तण्डुल, तण्डुलीयक, भण्डीर, तण्डुलीबीज, मेघनाद और घनस्वन ये पर्याय तण्डुलीय के हैं।

गुण-कर्म—तण्डुलीय विषहर, रूक्ष, अतिशीत, पवित्र, रस एवं विपाक में मधुर तथा रक्तपित्तनाशक होता है॥ १०५–१०६॥

५३. कासमर्दः

Cassia occidentalis Linn.

Fam.—Leguminosae. हि०—कसोंदी, कसौंदी

कासमर्दोऽरिमर्दश्च कासारिः कर्कशस्तथा।
कालंकतक इत्युक्तः स च स्यात् कासमर्दकः॥ १०७॥
कासमर्दः सुतिक्तः स्यान्मधुरः कफवातजित्।
विशेषतः पित्तहरः पाचनः कण्ठशोधनः॥ १०८॥

पर्याय—अरिमर्द, कासारि, कर्कश, कालंकतक और कासमर्दक ये कासमर्द के पर्याय हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—कासमर्द तिक्त-मधुर, कफ-वातशामक, विशेषतः पित्तशामक, पाचन और कण्ठसंशोधन करने वाली होती है ॥ १०७–१०८ ॥

५४. इक्षुः

Saccharum officinarum Linn.

Fam.—Gramineae. हि०—ईख, ऊख

इक्षुः कर्कोटको वंशः कान्तारो वेणुनिस्वनः ।
इक्षुरन्यः पौण्ड्रकस्तु रसालः सुकुमारकः ॥ १०६ ॥

पर्याय—कर्कोटक, वंश, कान्तार, वेणुनिस्वन ये पर्याय इक्षु के हैं। दूसरे प्रकार का इक्षु पौण्ड्रक कहलाता है। रसाल और सुकुमार इसके पर्याय हैं ॥ २०६ ॥

इक्षुः सरो गुरुः स्निग्धो बृंहणः कफमूत्रकृत् ।
वृष्यः शीतः पवनजिद्भुक्ते वातप्रकोपनः ॥ ११० ॥

गुण-कर्म—ईख सारक, गुरु, स्निग्ध, बृंहण, कफवर्धक, मूत्रल, शुक्रवर्धक, शीतवीर्य तथा वातशामक है। किन्तु भोजन के बाद तुरन्त लेने से वातप्रकोप करता है ॥ ११० ॥

अन्यः खरकशाली स्यादिक्षुयोनीक्षुबालिका ।
तथाऽन्यश्चेक्षुगन्धः स्यादिक्षुरः कोकिलाक्षकः ॥ १११ ॥

पर्याय—इक्षु का एक भेद खरकशाली, इक्षुयोनि या इक्षुबालिका है। इसका एक अन्य भेद इक्षुगन्ध, इक्षुर या कोकिलाक्ष है ॥ १११ ॥

अतीव मधुरो मूले मध्ये मधुर एव च ।
अग्रे त्वचि च विज्ञेय इक्षूणां लवणो रसः ॥ ११२ ॥
इक्षुयुग्मं रसे स्वादु पित्तघ्नं वृष्यशीतलम् ।

गुण-कर्म—ईख का मूलभाग अत्यन्त मधुर, मध्यभाग मधुर तथा अग्रभाग और त्वचा लवणरसयुक्त होती है। दोनों प्रकार के ईख रस में मधुर, पित्तशामक, शुक्रवर्धक और शीतवीर्य होते हैं ॥ ११२ ॥

५५. गुडः

गुडः स्यादिक्षसारश्च मधुरो रसपाकजः ।
गुडः समधुरः क्षारो गुरूष्णः कफवातनुत् ॥ ११३ ॥
अहितः पित्तरक्ते च जीर्णश्चैव रसायनः ।

पर्याय—गुड इक्षु का सारभाग, मधुर, रस के पाक से बना होता है।

गुण-कर्म—गुड मधुर, क्षारयुक्त, गुरु, उष्णवीर्य, कफवातशामक, पित्तरक्त के लिये अहितकर तथा पुराना होने पर रसायन होता है ॥ ११३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

५६. काशः

Saccharum spontaneum Linn.
Fam.—Gramineae. हि०—कास

काशः काण्डेक्षुरुद्दिष्टः काकेक्षुर्वायसेक्षुकः।
इक्ष्वारिकेक्षुकाण्डश्च स चैवेक्षुरकः स्मृतः ॥ ११४ ॥
श्वेतचामरपुष्पश्च तथेक्षुकुसुमश्च सः।
काशः स्वादुः रसे तिक्तो विपाके वीर्यतो हिमः ॥ ११५ ॥
तर्पणो बलकृद्वृष्यः श्रमशोषक्षयापहः।
काशद्वयं च पित्तास्रकृच्छ्रजिन्मधुरं हिमम् ॥ ११६ ॥

पर्याय—काण्डेक्षु, काकेक्षु, वायसेक्षुक, इक्ष्वारि, इक्षुकाण्ड, इक्षुरक, श्वेत-चामरपुष्प और इक्षुकुसुम ये पर्याय काश के हैं।

गुण-कर्म—काश मधुर–तिक्त, मधुरविपाक, शीतवीर्य, तर्पण, बलवर्धक, शुक्रवर्धक, श्रम, शोष और क्षय को दूर करता है। दोनों प्रकार का काश–रक्तपित्त एवं मूत्रकृच्छ्र को दूर करने वाला, शीतवीर्य होता है ॥ १११–११६ ॥

५७. मुञ्जः

मुञ्जः क्षुरः स्थूलदर्भो बाणाह्वो ब्रह्ममेखलः।
मुञ्जोऽनुष्णो विसर्पास्रमूत्रबस्त्यक्षिरोगनुत् ॥ ११७ ॥
बाणाह्वो मधुरः शीतः पित्तदाहतृषापहः।

पर्याय—क्षुर, स्थूलदर्भ, बाणाह्व और ब्रह्ममेखल ये मुञ्ज के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—मुञ्ज ईषत् उष्ण, विसर्प, रक्तविकार, मूत्राशय तथा नेत्ररोग को दूर करता है। यह मधुर, शीतवीर्य, पित्त, दाह और तृष्णा को दूर करने वाला होता है ॥ ११७ ॥

५८. दर्भः

(१) दर्भ—Imperata cylindrica Beauv.
(२) कुश—Desmostachya bipinnata Stapf.
Fam.—Gramineae. हि०—(१) दाभ, (२) कुश

मृदुदर्भः कुशो बर्हिः शुचिचीरः सुवृत्तकः।
खरोऽन्यः पृथुलः शीरी गुन्द्रा च नीरजः स्मृतः ॥ ११८ ॥
दर्भयुग्मं पवित्रं स्यान्मूत्रकृच्छ्रघ्नशीतलम्।
रक्तपित्तप्रशमनं केवलं पित्तनाशनम् ॥ ११९ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—(१) मृदुदर्भ, कुश, बर्हि, शुचिचीर और सुवृत्तक ये पर्यायवाची हैं। (२) पृथुल, शीरी, गुन्द्रा और नीरज ये पर्याय खरदर्भ के हैं।

गुण-कर्म—दोनों प्रकार के दर्भ पवित्र, मूत्रकृच्छ्रनाशक, शीतवीर्य, रक्तपित्त-शामक तथा विशेषतः पित्त का शमन करते हैं ॥ ११८–११९ ॥

५९. शरः

शरो बाण इषुः काण्ड उत्कटः सायकः क्षुरः ।
स्थूलोऽन्यः इक्षुको प्रोक्त इक्षुरश्चापि नामतः ॥ १२० ॥
शरद्वयं स्यान्मधुरं सतिक्तं कोष्णं कफभ्रान्तिमदापहारि ।
बलं च वीर्यं च करोति नित्यं निषेवितं वातकरं च किञ्चित् ॥१२१॥

पर्याय—बाण, इषु, काण्ड, उत्कट, सायक, क्षुर ये शर के पर्याय हैं। दूसरा स्थूल शर होता है इक्षुक और इक्षुरक जिसके पर्याय हैं।

गुण-कर्म— दोनों प्रकार का शर मधुर-तिक्त, किंचित् उष्ण तथा कफ, भ्रम, मद का नाशक, बलवर्धक और शुक्रजनन होता है। यह नित्य सेवन करने से वात को किंचित् बढ़ाने वाला होता है ॥ १२०–१२१ ॥

६०. वंशः

Bambusa arundinacea Willd.
Fam.—Gramineae. हि०—बाँस

वंशो वेणुर्यवफलः कार्मुकस्तृणकेतुकः ।
त्वक्सारः शतपर्वा च मस्करः कीचकस्तथा ॥ १२२ ॥
वंशस्त्वम्लः कषायश्च कटुस्तिक्तश्च शीतलः ।
मूत्रकृच्छ्रप्रमेहार्शःपित्तदाहास्रनाशनः ॥ १२३ ॥

पर्याय—वेणु, यवफल, कार्मुक, तृणकेतुक, त्वक्सार, शतपर्वा, मस्कर और कीचक ये पर्याय वंश के हैं।

गुण-कर्म—वंश अम्ल–कषाय–कटु–तिक्त, शीतवीर्य, मूत्रकृच्छ्र, प्रमेह, अर्श, पित्त, दाह, रक्तविकार को नष्ट करने वाला होता है ॥ १२२–१२३ ॥

वंशाग्रं तु करीरः स्याद्वंशाङ्कुरः परुः स्मृतः ।
पित्तास्रदाहकृच्छ्रघ्नो रुचिकृत् पर्व निर्गुणम् ॥ १२४ ॥

पर्याय—करीर, वंशाङ्कुर ये पर्याय वंशाङ्कुर के हैं। वंशपर्व को परु कहते हैं।

गुण-कर्म—करीर रक्तपित्त, दाह एवं मूत्रकृच्छ्र को नष्ट करने वाला तथा रुचिकारक होता है। वंशपर्व गुणरहित होता है ॥ १२४ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

६१. नलः

Phragmites kirka Trin.

Fam.—Gramineae. हि०—नरकुट

नडो नटो नलश्चैव स च पोटगलः स्मृतः।
धमनो नर्तको रन्ध्री शून्यमध्यो विभीषणः॥ १२५॥
नलः शीतः कषायश्च पित्तमूत्रविनाशनः।

पर्याय—नड, नट, पोटगल, धमन, नर्तक, रन्ध्री, शून्यमध्य और विभीषण ये पर्याय नल के हैं।

गुण-कर्म—नल शीतवीर्य, कषाय तथा पित्तविकार एवं मूत्रविकार को दूर करने वाला होता है॥ १२५॥

६२. महानलः (नलविशेषः)

अन्यो महानलो वन्यो देवनालो नलोत्तमः।
स्थूलनालः स्थूलदण्डः सुरनालः सुरद्रुमः॥ १२६॥
महानलेऽधिको वीर्ये शस्यते रसकर्मणि।

पर्याय—नल का दूसरा भेद महानल है। वन्य, देवनाल, नलोत्तम, स्थूलनाल, स्थूलदण्ड, सुरनाल और सुरद्रुम इसके पर्याय हैं।

गुण-कर्म—महानल अधिक वीर्ययुक्त एवं रसकर्म (पारदसंस्कार) में उपयोगी होता है॥ १२६॥

६३. दूर्वा

Cynodon dactylon (Linn.) Pers.

Fam.—Gramineae. हि०—हरी दूब

नीलदूर्वा स्मृता शष्पं शाद्वलं हरितं तथा।
शतपर्वा शतवीर्या शतवल्ल्यपि शीतला॥ १२७॥

पर्याय—शष्प, शाद्वल, हरित, शतपर्वा, शतवीर्या, शतवल्ली और शीतला ये पर्याय नीलदूर्वा के हैं॥ १२७॥

६४. श्वेतदूर्वा

हि०—सफेद दूब

श्वेतदूर्वा तु गोलोमी श्वेतदण्डा सिता लता।
सहस्रवीर्याऽनन्ता च दुर्मरा भार्गवी रुहा॥ १२८॥

पर्याय—गोलोमी, श्वेतदण्डा, सिता, लता, सहस्रवीर्या, अनन्ता, दुर्मरा, भार्गवी और रुहा ये श्वेतदूर्वा के पर्याय हैं॥ १२८॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

६५. गण्डदूर्वा

हि०—गांडर दूब

गण्डदूर्वा च गण्डाली तीव्रा मत्स्याक्षिकाऽपि च।
ब्राह्मी नाडीकलायश्च वारुणी शकुलाक्षिका ॥ १२९ ॥

पर्याय—गण्डाली, तीव्रा, मत्स्याक्षिका, ब्राह्मी, नाडीकलाय, वारुणी और शकुलाक्षिका ये पर्याय गण्डदूर्वा के हैं ॥ १२९ ॥

दूर्वा शीता कषाया च रक्तपित्तकफापहा।

गुण-कर्म—दूर्वा शीतवीर्य, कषाय, रक्तपित्तहर तथा कफशामक होती है।

६६. पुण्डरीकम्

हि०—सफेद कमल, पुरइन

पुण्डरीकं श्वेतपद्मं सिताब्जं श्वेतवारिजम्।
हरिनेत्रं शरत्पद्मं शारदं शम्भुवल्लभम् ॥ १३० ॥
पुण्डरीकं हिमं तिक्तं मधुरं पित्तनाशनम्।
दाहघ्नमस्रशोषघ्नं पिपासाश्रमनाशनम् ॥ १३१ ॥

पर्याय—श्वेतपद्म, सिताब्ज, हरिनेत्र, शरत्पद्म, शारद और शम्भुवल्लभा ये पर्याय पुण्डरीक के हैं।

गुण-कर्म—पुण्डरीक (श्वेत कमल) शीतवीर्य, तिक्त-मधुर, पित्तशामक, दाह, रक्तविकार, शोष, पिपासा और श्रम को नष्ट करने वाला होता है ॥१३०-१३१॥

६७. सौगन्धिकम्

सौगन्धिकं नीलपद्मं भद्रं कुवलयं कुजम्।
इन्दीवरं तामरसं कुवलं कुड्मलं मतम् ॥ १३२ ॥
नीलाब्जं शीतलं स्वादु सुगन्धि पित्तनाशनम्।
रुच्यं रसायने श्रेष्ठं देहदार्ढ्यदकेशदम् ॥ १३३ ॥

पर्याय—नीलपद्म, भद्र, कुवलय, कुज, इन्दीवर, तामरस, कुवल और कुड्मल ये पर्याय नीलोत्पल के हैं।

गुण-कर्म—नील कमल शीतवीर्य, मधुर, सुगन्धित, पित्तशामक, रुचिकर, श्रेष्ठ रसायन, शरीर को दृढ करने वाला तथा केश को बढ़ाने वाला होता है ॥ १३२–१३३ ॥

६८. रक्तपद्मम् (रक्तोत्पलम्)

रक्तपद्मं तु नलिनं पुष्करं कमलं नलम्।
राजीवं स्यात् कोकनदं शतपत्रं सरोरुहम् ॥ १३४ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वीर्ये रक्तोत्पलं शीतं तिक्तं च मधुरं रसे।
भिनत्ति पित्तसन्तापौ ध्वंसयत्यस्रजां रुजम् ॥ १३५ ॥

पर्याय—नलिन, पुष्कर, कमल, नल, राजीव, कोकनद, शतपत्र और सरोरुह ये पर्याय रक्तपद्म के हैं।

गुण-कर्म—रक्तकमल शीतवीर्य, तिक्त-मधुर होता है। यह पित्तविकार, दाह तथा रक्तविकार को दूर करता है ॥ १३४-१३५ ॥

६९. कुमुदम् (पुण्डरीकविशेषः)

कुमुदं श्वेतजलजमब्जमम्भोजमम्बुजम्।
पङ्कजं चारविन्दं च कह्लारं च कुशेशयम् ॥ १३६ ॥
कुमुदं शीतलं स्वादु पाके तिक्तं कफापहम्।
रक्तदोषहरं दाहश्रमपित्तप्रशान्तिकृत् ॥ १३७ ॥

पर्याय—श्वेतजलज, अब्ज, अम्भोज, अम्बुज, पङ्कज, अरविन्द, कह्लार और कुशेशय ये कुमुद के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—कुमुद शीतवीर्य, मधुर-तिक्त, मधुरविपाक, कफशामक, रक्तदोषहर, दाह, श्रम तथा पित्त को नष्ट करता:है ॥ १३६-१३७ ॥

७०. क्षुद्रोत्पलम् (पुण्डरीकविशेषः)

ईषच्छ्वेतं विदुः पद्ममीषन्नीलमथोत्पलम्।
ईषद्रक्तं तु नलिनं क्षुद्रं तच्चोत्पलत्रयम् ॥ १३८ ॥
उत्पलस्यं त्रयं स्वादु कषायं पित्तजिद्धिमम्।

पर्याय—क्षुद्र उत्पल तीन प्रकार का होता है—(१) किंचित् श्वेत पद्म, (२) किंचित् नील नीलोत्पल, (३) किंचित् रक्त नलिन कहलाता है।

गुण-कर्म—तीनों प्रकार के उत्पल मधुर-कषाय, शीतवीर्य तथा पित्तशामक होते हैं ॥ १३८ ॥

७१. पद्मिनी

Nelumbo nucifera Gaertn.

हि०—कमल

पद्मिनी स्यात् पुटकिनी नलिनी च कुमुद्वती।
पलाशिनी पद्मवती वनखण्डा सरोरुहा ॥ १३९ ॥
पद्मिनी शिशिरा रूक्षा कफपित्तहरा स्मृता।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—पुटकिनी, नलिनी, कुमुद्वती, पलाशिनी, पद्मवती, वनखण्डा और सरोरुहा ये पद्मिनी ये पर्याय हैं।

गुण-कर्म—पद्मिनी (कमलिनी) शीतवीर्य, रूक्ष एवं कफपित्त को दूर करने वाली होती है ॥ १३९ ॥

७२. पद्मबीजम्

हि०—कमलगट्टा

पद्मबीजं तु पद्माक्षं गालोड्यं पद्मकर्कटी।
भेडः क्रौञ्चादनो क्रौञ्चो नामतश्चैव पद्मकम् ॥ १४० ॥
स्वादु तिक्तं पद्मबीजं गर्भस्थापनमुत्तमम्।
रक्तपित्तप्रशमनं किंचिन् मारुतकृद् भवेत् ॥ १४१ ॥

पर्याय—पद्माक्ष, गलोड्य, पद्मकर्कटी, भेड, क्रौञ्चादन, क्रौञ्च और पद्मक ये पर्याय पद्मबीज के हैं।

गुण-कर्म—पद्मबीज मधुर-तिक्त, उत्तम गर्भस्थापन, रक्तपित्तशामक तथा किंचित् वातवर्धक होता है ॥ १४०-१४१ ॥

७३. मृणालम्

हि०—कमलनाल

बिसं मृणालं बिसिनी मृणाली स्यान्मृणालिका।
मृणालकं पद्मनालं तण्डुलं नलिनीरुहम् ॥ १४२ ॥
अविदाहि बिसं प्रोक्तं रक्तपित्तप्रसादनम्।
विष्टम्भि मधुरं रूक्षं दुर्जरं वातकोपनम् ॥ १४३ ॥

पर्याय—बिस, बिसिनी, मृणाली, मृणालिका, मृणालक, पद्मनाल, तण्डुल और नलिनीरुह ये पर्याय मृणाल के हैं।

गुण-कर्म—कमलनाल दाहरहित, रक्तपित्तशामक, विष्टम्भक, मधुर, रूक्ष, कठिनाई से पचने वाला और वातवर्धक होता है।

बिमर्श—यहाँ बिस और मृणाल को एक ही मान कर पर्यायवाची लिखा है किन्तु वस्तुतः दोनों भिन्न हैं। बिस (भिसण्ड) और मृणाल (कमलनाल) है ॥ १४२-१४३ ॥

७४. पद्ममूलम्

हि०—कमल की जड़

पद्ममूलं तु शालूकं सकलं करहाटकम्।
शालीनं पद्मकन्दं च जलालुकं निगद्यते ॥ १४४ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पद्मकन्दः कषायः स्यात् तिक्तः स्वादुर्विपाकतः ।
शीतवीर्योऽस्रपित्तोत्थरोगभङ्गाय कल्पते ॥ १४५ ॥

पर्याय—शालूक, सकल, करहाटक, शालीन और जलालुक ये पर्याय कमलमूल के हैं।

गुण-कर्म—कमल का मूल कषाय–तिक्त, मधुरविपाक, शीतवीर्य, रक्तपैत्तिक विकार में हितकर होता है ॥ १४४-१४५ ॥

७५. पद्मकेशरम्

हि०—कमलकेशर

पद्मकेशरमापीतं किञ्जल्कं किञ्जमेव च ।
मकरन्दं तथा तुङ्गं गौरं काञ्चनकं च तत् ॥ १४६ ॥
तृषाघ्नं शीतलं रूक्षं पित्तरक्तक्षयापहम् ।
पद्मकेशरमेवोक्तं पित्तघ्नं च कषायकम् ॥ १४७ ॥

पर्याय—आपीत, किञ्जल्क, किञ्ज, मकरन्द, तुङ्ग, गौर और काञ्चनक ये पर्याय पद्मकेशर के हैं।

गुण-कर्म—कमलकेशर कषाय, शीतवीर्य, रूक्ष, पित्तशामक, रक्तपित्त, तृष्णा, क्षय को नष्ट करने वाला होता है ॥ १४६-१४७ ॥

करवीरादिको वर्गश्चतुर्थः समुदाहृतः ।
नानाव्याधिप्रशमनो नानाद्रव्यसमाश्रयः ॥ ४ ॥

इस प्रकार करवीरादि चतुर्थ वर्ग का वर्णन किया गया। इसमें अनेक प्रकार की व्याधियों का प्रशमन करने वाले अनेक द्रव्य हैं।

इति रसवीर्यविपाकसहिते धन्वन्तरिनिघण्टौ
करवीरादिश्चतुर्थो वर्गः ॥ ४ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

आम्रादिः पञ्चमो वर्गः

१. आम्रः

Mangifera indica Linn.

Fam.—Anacardiaceae. हि०—आम

आम्रश्चूतो रसालश्च कीरेष्टः मदिरासखः।
कामाङ्गः सहकारश्च परपुष्टो मदोद्भवः ॥ १ ॥

पर्याय—चूत, रसाल, कीरेष्ट, मदिरासख, कामांग, सहकार, परपुष्ट और मदोद्भव ये पर्याय आम्र के हैं ॥ १ ॥

बालं कषायं कट्वम्लं रूक्षं वातास्रपित्तकृत्।
सम्पूर्णमाममम्लं च रक्तपित्तकफप्रदम् ॥ २ ॥
हृद्यं वर्णकरं रुच्यं रक्तमांसबलप्रदम्।
कषायानुरसं स्वादु वातघ्नं बृंहणं गुरु ॥ ३ ॥
पित्तावरोधि संपक्वमाम्रं शुक्रविवर्धनम्।
मधुरं बृंहण बल्यं गुरु विष्टम्भ्यजीर्णकृत् ॥ ४ ॥
सहकाररसो हृद्यः सुरभिः स्निग्धरोचनः।
त्वङ्मूलपल्लवं ग्राहि कषायं कफपित्तजित् ॥ ५ ॥

गुण-कर्म—आम के कच्चे कोमल फल कषाय-कटु-अम्ल, रूक्ष, वात-विकार तथा रक्तपित्त उत्पन्न करने वाले होते हैं। प्रौढ खट्टे फल रक्तपित्त एवं कफवर्धक होते हैं। प्रौढ मीठे कसैले फल हृदय के लिए हितकर, कान्तिदायक, रुचिकारक, रक्त, मांसवर्धक, बलकारक, वातशामक, धातुवर्धक, गुरु होता है। पके फल पित्त-शामक, शुक्रवर्धक, मधुर, बृंहण, बल्य, गुरु तथा विष्टम्भ के साथ पचने वाले होते हैं। आम का रस हृदय के लिए हितकर, सुगन्धित, स्निग्ध एवं रुचिकारक होता है। आम का छिलका, मूल और कोमल पत्ते ग्राही तथा कफ और पित्त को दूर करने वाले होते हैं ॥ २-५ ॥

२. क्षुद्राम्रः (आम्रविशेषः)

Schleichera trijuga Willd.

Fam.—Sapindaceae. हि०—कुसुम

क्षुद्रामः स्यात् कृमितरुर्लाक्षावृक्षो जतुद्रुमः।
सुकोशको घनस्कन्धः कोशाम्रश्च सुरक्तकः ॥ ६ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कोशाम्रोऽम्लः कटुः पाके वीर्योष्णोऽथानिलापहः।
कफपित्तकरो रुच्यः कुष्ठघ्नो रक्तशोधनः॥ ७॥

पर्याय—कृमितरु, लाक्षावृक्ष, जतुद्रुम, सुकोश, घनस्कन्ध, कोशाम्र और सुरक्तक ये पर्याय कोशाम्र के हैं।

गुण-कर्म—कोशाम्र अम्ल, विपाक में कटु, उष्णवीर्य और वातशामक है। यह कफपित्तवर्धक, रुचिकारक, कुष्ठनाशक तथा रक्तसंशोधक होता है॥ ६–७॥

३. राजाम्रः (आम्रविशेषः)

राजाम्र उक्त आम्रान्तो मन्मथोद्भवनस्तथा।
टङ्को नीलकपित्थोऽन्यो राजपुत्रो नृपात्मजः॥ ८॥
राजाम्रयुगलं चाम्लमुष्णवीर्यं च पित्तलम्।

पर्याय—राजाम्र, आम्रान्त और मन्मथोद्भव ये पर्यायवाची हैं। इनका दूसरा भेद टङ्क या नीलकपित्थ है जिसके पर्याय राजपुत्र और नृपात्मज हैं।

गुण-कर्म—दोनों प्रकार के राजाम्र अम्ल, उष्णबीर्य और पित्तवर्धक होते हैं॥ ८॥

४. आम्रातकः

Spondias mangifera Willd.

Fam.—Anacardiaaeae. हि०—आमड़ा

आम्रातकः पीतनकः कपिचूतोऽम्लवाटकः।
शृङ्गी कपी रसाढ्यश्च तनुक्षीरः कपिप्रियः॥ ९॥
आम्रातकफलं वृष्यं पित्तास्रकफवह्निकृत।
शीतं कषायं मधुरं किंचिन् मारुतकृद्गुरु॥ १०॥

पर्याय—पीतनक, कपिचूत, अम्लवाटक, शृङ्गी, कपि, रसाढच, तनुक्षीर और कपिक्षीर ये पर्याय आम्रातक के हैं।

गुण-कर्म—आम्रातक का फल शुक्रवर्धक एवं रक्तपित्त एवं कफ को उत्पन्न करने वाला तथा अग्निदीपक होता है। यह शीतवीर्य, कषाय-मधुर तथा किंचित् वातवर्धक एवं गुरु होता है॥ ९–१०॥

५. जम्बीरः

Citrus limon Linn.

Fam.—Rutaceae. हि०—जमीरी नीबू

जम्बीरो जम्भलो जंभो प्रोक्तो दन्तशठस्तथा।
जम्भीरो वक्त्रशोधी च रोचनो दन्तहर्षणः॥ ११॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

तृष्णाशूलकफोत्क्लेशच्छर्दिवासनिवारणः ।
वातश्लेष्मविबन्धघ्नं जम्बीरं गुरु पित्तलम् ॥ १२ ॥

पर्याय—जंभल, जंभ, दन्तशठ, जम्भीर, वक्त्रशोधी, रोचन और दन्तहर्षण ये पर्याय जम्बीर के हैं।

गुण-कर्म—जम्बीरी नीबू तृष्णा, शूल, कफोत्क्लेश, वमन, श्वास, वात, कफ, मलविबन्ध को दूर करने वाला, गुरु एवं पित्तवर्धक होता है ॥ ११-१२ ॥

६. मधुजम्बीरः (जम्बीरविशेषः)

जम्भो मधुजम्बीरो मधुजम्बीरफलश्चान्यः ।
शङ्खद्रावी शर्करकः पित्तद्रावी च षट्संज्ञः ॥ १३ ॥
मधुरो मधुजम्बीरो शिशिरः कफपित्तजित् ।
शोषघ्नस्तर्पणो वृष्यः श्रमघ्नः पुष्टिकारकः ॥ १४ ॥

पर्याय—जम्भ, मधुजम्बीर, मधुजम्बीरफल, शंखद्रावी, शर्करक, पित्तद्रावी ये छः पर्याय हैं।

गुण-कर्म—मधुजम्बीर मधुर, शीतवीर्य, कफपित्तशामक होता है। यह शोषनाशक, तर्पण करने वाला, शुक्रवर्धक, श्रमनाशक और पुष्टिकारक होता है ॥ १३-१४ ॥

७. नारङ्गः

Citrus reticulata Blanco.

Fam.—Rutaceae. हि०—नारङ्गी

नारङ्गस्त्वक्सुगन्धश्च नागरङ्गो मुखप्रियः ।
स चैरावतकः प्रोक्तो योगी वक्त्राधिवासनः ॥ १५ ॥
अम्लं समधुरं हृद्यं विशदं भक्तरोचनम् ।
वातघ्नं दुर्जरं प्रोक्तं नारङ्गस्य फलं गुरु ॥ १६ ॥

पर्याय—त्वक्सुगन्ध, नागरंग, मुखप्रिय, ऐरावत, योगी, वक्त्राधिवासन ये पर्याय नारङ्ग के हैं।

गुण-कर्म—नारंगी अम्ल-मधुर, हृदय के लिए हितकर, विशद, रुचिकारक, वातशामक, पचने में कठिन और गुरु होता है ॥ १५-१६ ॥

८. बीजपूरः

Citrus medica Linn.

Fam.—Rutaceae. हि०—बिजौरा

बीजपूर्णो बीजपूरः केशरः फलपूरकः ।
पूरकः केशराम्लश्च मातुलुङ्गः सुपूरकः ॥ १७ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वराम्लो बीजको लुङ्गो रुचको मध्यकेशरः।
क्रमिघ्नो गन्धकुसुमः केशरी सिन्धुपादपः ॥ १८ ॥

श्वासकासारुचिहरं तृष्णाघ्नं कण्ठशोधनम्।
लघूष्णं दीपनं हृद्यं मातुलुङ्गमुदाहृतम् ॥ १९ ॥

त्वक्तिक्ता दुर्जरा तस्य वातक्रमिकफापहा।
स्वादु शीतं गुरु स्निग्धं मांसं मारुतपित्तजित् ॥ २० ॥

पर्याय—बीजपूर्ण, केशर, फलपूरक, पूरक, केशराम्ल, मातुलुङ्ग, सुपूरक, वराम्ल, बीजक, लुङ्ग, रुचक, मध्यकेशर, क्रमिघ्न, गन्धकुसुम, केशरी और सिन्धु-पादप ये पर्याय बीजपूर के हैं।

गुण-कर्म—बिजौरा का फल श्वास, कास, अरुचि एवं तृष्णा का नाशक, कण्ठ-संशोधक, लघु, उष्णवीर्य, दीपन तथा हृदय के लिए हितकर होता है। उसके फल की त्वचा दुर्जर होती है तथा वात, क्रमिरोग और कफ का नाश करती है। फलमज्जा स्वादिष्ट, शीतवीर्य, गुरु, स्निग्ध, वात तथा पित्त को शान्त करने वाली होती है ॥ १७–२० ॥

मेध्यं शूलार्तिच्छर्दिघ्नं कफारोचकनाशनम्।
दीपनं लघु संग्राहि गुल्मार्शोघ्नं तु केशरम् ॥ २१ ॥

पित्तमारुतकृद् बल्यं दीपनं बद्धकेशरम्।
हृद्यं वर्णकरं रुच्यं रक्तमांसबलप्रदम् ॥ २२ ॥

शूलाजीर्णविबन्धेषु मन्दाग्नौ कफमारुते।
अपचीश्वासकासेषु रसस्तस्योपयुज्यते ॥ २३ ॥

रसोऽतिमधुरो हृद्यो शुक्रपित्तानिलापहः।
कफकृद् दुर्जरा पाके मातुलुङ्गजटा कटुः ॥ २४ ॥

मूलं चैव क्रमीन्हन्ति पुष्पं बीजं च गुल्मजित्।

गुण-कर्म—फलकेशर मेध्य (बुद्धिवर्धक), शूलरोग, वमन, कफ तथा अरोचक को दूर करता है। यह अग्निदीपक, लघु, ग्राही एवं गुल्म तथा अर्श को नष्ट करता है। बंधे हुए केशर वातपित्तवर्धक, बलकारक, दीपन, हृदय के लिए हितकर कान्तिदायक, रुचिकारक, रक्त, मांसवर्धक तथा बलप्रद होता है। शूल, अजीर्ण, विबन्ध, मन्दाग्नि, कफ, वायु, अपची, श्वास, कास में फल का रस उपयोगी है। फल का रस अति स्वादिष्ट, हृदय के लिये हितकर, शुक्रनाशक तथा पित्तवातशामक होता है। मूल कटु, कफवर्धक, पाक में दुर्जर और क्रमिघ्न है। पुष्प एवं बीज गुल्म को नष्ट करते हैं ॥ २१–२४ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

९. मधुकर्कटी (बीजपूरविशेषः)

Citrus decumana Linn.

Fam.—Rutaceae. हि०—चकोतरा

बीजपूरोऽपरः प्रोक्तो मधुरो मधुकर्कटी।
मधुवल्ली च विज्ञेया वर्धमाना महाफला ॥ २५ ॥
मधुकर्कटिका स्वादुः शीता पित्तास्रजिद्गुरुः ।
एषा त्रिदोषजिद् वृष्या रुचिकृच्चैव दुर्जरा ॥ २६ ॥

पर्याय—बीजपूर का एक मधुर भेद मधुकर्कटी कहलाता है। मधुवल्ली, वर्धमाना और महाफला मधुकर्कटी के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—मधुकर्कटी मधुर, शीतवीर्य, रक्तपित्तशामक है। यह त्रिदोषहर, शुक्रवर्धक, रुचिकारक और पचने में कठिन होती है ॥ २५–२६ ॥

१०. अम्लिका

Tamarindus indica Linn.

Fam.—Leguminosae. हि०—इमली

अम्लिका चुक्रिका चुक्रा साम्ला शुक्ताऽथ शुक्तिका ।
अम्लिका चिञ्चिका चिञ्चा तिन्तिडीका सुतित्तिडी ॥ २७ ॥
अम्लिकायाः फलं चाम्लमत्यन्तं पित्तकृल्लघु ।
रक्तकृद् वातशमनं बस्तिशुद्धिकरं परम् ॥ २८ ॥
पक्वं तु मधुराम्लं च भेदि विष्टंभि वातजित् ।
त्वक्भस्म स्यात्कषायोष्णं कफघ्नं त्वनिलापहम् ॥ २९ ॥

पर्याय—चुक्रिका, चुक्रा, अम्ला, शुक्ता, शुक्तिका, चिञ्चिका, चिञ्चा, तिन्तिडीका और सुतित्तिडी ये पर्याय अम्लिका के हैं।

गुण-कर्म—इमली के कच्चे फल अत्यन्त अम्ल, पित्तवर्धक, लघु, रक्तदोष उत्पन्न करने वाले, वातशामक तथा वस्ति को शुद्ध करने वाले (मूत्रल) होते हैं। इमली के पक्व फल मधुर–अम्ल, सारक, विष्टम्भी और वातशामक हैं। इमली की त्वचा (छाल) की भस्म कषाय, उष्णवीर्य है तथा कफ एवं वात का शमन करती है ॥ २७–२९ ॥

११. क्षुद्राम्लिका (अम्लिकाविशेषः)

क्षुद्राम्लिका तु चाङ्गेरी लोणिका चाम्ललोणिका।
लोला लोणा चतुष्पर्णी सैव दन्तशठा मता ॥ ३० ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

चाङ्गेरी कफवातघ्नी ग्राहिण्युष्णा च पित्तकृत्।
ग्रहण्यर्शोविकारघ्नी सामवाते कफे हिता ॥ ३१ ॥

पर्याय—चाङ्गेरी, लोणिका, अम्ललोणिका, लोला, लोणा, चतुष्पर्णी और दन्तशठा ये पर्याय क्षुद्राम्लिका के हैं।

गुण-कर्म—क्षुद्राम्लिका उष्णवीर्य, ग्राही, कफवातशामक तथा पित्तवर्धक है। यह ग्रहणी, अर्श, आमवात और कफ में उपयोगी है ॥ ३०—३१ ॥

१२. आरुकम्

Prunus persica Batsch.

Fam.—Rosaceae. हि०—आड़ू

आरुकं वीरसेनं तु वीरं वीरारुकं तथा।
विद्याज्जातिविशेषेण तच्चतुर्विधमारुकम् ॥ ३२ ॥
आरुकाणि तु हृद्यानि मेहार्शोनाशनानि च।

पर्याय—आरुक, वीरसेन, वीर और वीरारुक ये चार प्रकार आरुक के हैं।

गुण-कर्म—आरुक हृदय के लिए हितकर तथा प्रमेह एवं अर्श को नष्ट करता है ॥ ३२ ॥

१३. भव्यम्

Dillenia indica Linn.

Fam.—Dilleniaceae. हि०—चालता

भवं भव्यं भविष्यञ्च भावनं वक्त्रशोधनम्।
तथा पिच्छिलबीजं च तच्च रोमफलं मतम् ॥ ३३ ॥
भव्यमम्लं च वातघ्नं पिच्छिलं वक्त्रशोधनम्।

पर्याय—भव, भविष्य, भावन, वक्त्रशोधन, पिच्छिलबीज और रोमफल ये भव्य के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—भव्य अम्ल, वातहर, पिच्छिल तथा मुखशोधक होता है ॥ ३३ ॥

१४. तिन्दुकः

Diospyros embryopteris Pers.

Fam.—Ebenaceae. हि०—तेंदू, गाभ

तिन्दुको नीलसारश्च कालस्कन्धोऽतिमुक्तकः।
स्फूर्जकः स्फूर्जनस्तुष्टः स्पंदनो रावणो रवः ॥ ३४ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

द्वितीयतिन्दुकः काकतिन्दुर्मर्कटतिन्दुकः।
काकेन्दुकश्च विख्यातः कुपीलुः काकतिन्दुकः॥ ३५॥
आमं कषायं संग्राहि तिन्दुकं वातकोपनम्।
विपाके गुरु संपक्वं मधुरं कफपित्तजित्॥ ३६॥

पर्याय—नीलसार, कालस्कन्ध, अतिमुक्तक, स्फूर्जक, स्फूर्जन, तुष्ट, स्पन्दन, रावण, रव ये तिन्दुक के पर्याय हैं। इसका दूसरा भेद काकतिन्दुक या मर्कटतिन्दुक है जिसके पर्याय काकेन्दुक, कुपीलु, काकतिन्दुक हैं।

गुण-कर्म—तेन्दू का कच्चा फल कषाय, ग्राही एवं वात प्रकोप करने वाला होता है। तेन्दू का पका फल विपाक में गुरु, मधुर तथा कफपित्तशामक होता है॥ ३४–३६॥

१५. विकङ्कतः

Flacourtia ramontchii Herit.

Fam.—Flacourtiaceae. हि०—कटाई

विकङ्कतो मृदुफलो ग्रन्थिलः स्वादुकण्टकः।
गोपकण्टः काकपादो व्याघ्रपादोऽथ किङ्किणी॥ ३७॥
गोपकण्टः रसे तिक्तः शीतलः शोफनाशनः।
हन्ति श्लेष्माणमत्युग्रमुद्रक्तं हन्ति योगतः॥ ३८॥

पर्याय—मृदुफल, ग्रन्थिल, स्वादुकण्टक, गोपकण्ट, काकपाद, व्याघ्रपाद और किङ्किणी ये पर्याय विकङ्कत के हैं।

गुण-कर्म—विकङ्कत तिक्त, शीतवीर्य, शोथनाशक, प्रकुपित कफ तथा उग्र रक्तविकार को नष्ट करने वाला होता है॥ ३७–३८॥

१६. मधूकः

Bassia latifolia Roxb.

Fam.—Sapotaceae. हि०—महुआ

मधूको मधुवृक्षस्तु मधुष्ठीलो मधुस्रवः।
गुडपुष्पो लोध्रपुष्पो वानप्रस्थोऽथ माधवः॥ ३९॥
मधूकं मधुरं शीतं पित्तदाहश्रमापहम्।
वातलं न तु दोषघ्नं वीर्यपुष्टिविवर्धनम्॥ ४०॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

बृंहणीयमहृद्यं च मधूककुसुमं गुरु।
वातपित्तोपशमनं फलं तस्योपदिश्यते ॥ ४१ ॥

पर्याय—मधुवृक्ष, मधुष्ठील, मधुस्रव, गुडपुष्प, लोध्रपुष्प, वानप्रस्थ और माधव ये पर्याय मधूक के हैं।

गुण-कर्म—मधूक मधुर एवं शीतवीर्य होता है। यह पित्त, दाह, श्रम (थकावट) को दूर करने वाला, वात को नहीं बढ़ाने वाला, दोषनाशक तथा शुक्रल एवं शरीर को पुष्ट करने वाला होता है। महुवे का पुष्प बृंहण, अरुचिकर एवं गुरु होता है। महुवे का फल वातपित्तशामक होता है ॥ ३९–४१ ॥

१७. जलजः (मधूकविशेषः)

मधूकोऽन्यो द्वितीयस्तु जलजो दीर्घपत्रकः।
ह्रस्वपुष्पः स्वादुफलः गौडिकोऽथ मधूलिका ॥ ४२ ॥

पर्याय—मधूक की दूसरी जाति जलज होती है। इसके पत्र बड़े, फूल छोटे फल मधुर होते हैं। गौडिक और मधूलिका इसके पर्याय हैं ॥ ४२ ॥

ज्ञेयो जलमधूकस्तु मधुरो व्रणनाशनः।
वृष्यो वान्तिहरः शीतो बलकारी रसायनः ॥ ४३ ॥

गुण-कर्म—जलमधूक मधुर, व्रणनाशक, शुक्रवर्धक, वमन को शान्त करने वाला, शीतवीर्य, बलवर्धक और रसायन होता है ॥ ४३ ॥

१८. पीलुः

Salvadora persica Linn.

Fam.—Salvadoraceae. हि०—पीलू

पीलुः शीतः सहस्रांशी धानी गुडफलोऽपि च।
विरेचनफलः शाखी श्यामः करभवल्लभः ॥ ४४ ॥
रक्तपित्तहरः पीलुः फलं कटुविपाकि च।
अर्शोघ्नं वस्तिशमनं सस्नेहं कफवातजित् ॥ ४५ ॥
पीलुजं च रसे स्वादु गुल्मार्शोघ्नं तु तीक्ष्णकम्।

पर्याय—शीत, सहस्रांशी, गुडफल, विरेचनफल, शाखी, श्याम और करभ-वल्लभ ये पीलु के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—पीलु रक्तपित्तशामक है। इसका फल विपाक में कटु, अर्श, वस्ति-विकार को नष्ट करने वाला, स्निग्ध तथा कफवातशामक होता है। पीलुफल मधुर, गुल्म अर्श को दूर करने वाला, तीक्ष्ण होता है ॥ ४४–४५ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१९. खर्जूरी

Phoenix sylvestris Roxb.

Fam.—Palmae. हि०—खजूर

खर्जूरी तु खरस्कन्धा कषाया मधुराग्रजा।
दुःप्रधर्षा दुरारोहा निःश्रेणी स्वादुमस्तका॥ ४६॥
क्षतक्षयापहं हृद्यं शीतलं तर्पणं गुरु।
रसे पाके च मधुरं खर्जूरं रक्तपित्तजित्॥ ४७॥

पर्याय—खरस्कन्धा, कषाया, मधुराग्रजा, दुःप्रधर्षा, दुरारोहा, निःश्रेणी, स्वादुमस्तका ये खर्जूरी के मर्याय हैं।

गुण-कर्म—खर्जूरी का फल क्षत एवं क्षयनाशक, हृदय के लिये हितकर, शीतवीर्य, तृप्ति देने वाला, गुरु, रस एवं विपाक में मधुर और रक्तपित्त को दूर करने वाला है॥ ४६–४७॥

२०. पिण्डखर्जूरी (खर्जूरीविशेषः)

Phoenix dactylifera Linn.

Fam.—Palmae. हि०—पिण्डखर्जूर

दीप्या च पिण्डखर्जूरी स्थलपिण्डा मधुस्रवा।
फलपुष्पा स्वादुपिण्डा हयभक्षा रसाभिधा॥ ४८॥

पर्याय—दीप्या, स्थलपिण्डा, मधुस्रवा, फलपुष्पा, स्वादुपिण्डा, हयभक्षा, ये पर्याय पिण्डखर्जूरी के हैं॥ ४८॥

२१. द्राक्षा

Vitis vinifera Linn.

Fam.—Vitaceae. हि०—दाख

द्राक्षा चारुफला कृष्णा प्रियाला तापसप्रिया।
काश्मीरिका विनिर्दिष्टा रसाला करमर्दिका॥ ४९॥
द्राक्षा हृद्यरसा स्वर्या मधुरा स्निग्धशीतला।
रक्तपित्तज्वरश्वासतृष्णादाहक्षयापहा॥ ५०॥

पर्याय—चारुफला, कृष्णा, प्रियाला, तापसप्रिया, काश्मीरिका, रसाला और करमर्दिका ये द्राक्षा के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—दाख हृदय के लिए हितकर, स्वर को उत्तम करने वाला, मधुर, स्निग्ध, शीतवीर्य एवं रक्तपित्त, ज्वर, श्वास, तृष्णा, दाह एवं क्षयरोग को दूर करने वाला है॥ ४९–५०॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

२२. उत्तरापथिका (द्राक्षाविशेषः)

उत्तरापथिका प्रोक्ता कपिला° सा फलोत्तमा।
स्वादुपाका मधुरसा मृद्वीका गोस्तनी स्मृता ॥ ५१ ॥
मृद्वीका मधुरा स्निग्धा शीता वृष्यानुलोमनी।
रक्तानिलश्वासकासभ्रमतृष्णाज्वरापहा ॥ ५२ ॥

पर्याय—कपिला, फलोत्तमा, स्वादुपाका, मधुरसा, मृद्वीका और गोस्तनी ये पर्याय उत्तरापथिका द्राक्षा के हैं।

गुण-कर्म—उत्तरापथिका (मृद्वीका) मधुर, स्निग्ध, शीतवीर्य, शुक्रवर्धक एवं अनुलोमन है। यह रक्तविकार, वात, श्वास, कास, भ्रम, तृष्णा और ज्वर को नष्ट करने वाली होती है ॥ ५१–५२ ॥

२३. अक्षोडकः

Juglans regia Linn.

Fam.—Juglandaceae. हि०—अखरोट

अक्षोडः पर्वतीयश्च फलस्नेहो गुडाशयः।
कीरेष्टः कर्परालश्च स्वादुमज्जा पृथुच्छदः ॥ ५३ ॥
अक्षोडकः स्वादुरसो मधुरः पुष्टिकारकः।
पित्तश्लेष्मकरो बल्यः स्निग्धोष्णो गुरुबृंहणः ॥ ५४ ॥

पर्याय—पर्वतीय, फलस्नेह, गुडाशय, कीरेष्ट, कर्पराल, स्वादुमज्जा और पृथुच्छद ये अक्षोड के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—अखरोट मधुररस, मधुरविपाक, पुष्टिकारक, पित्तकफकारक बलवर्धक, स्निग्ध, उष्णवीर्य, गुरु तथा बृंहण होता है ॥ ५३–५४ ॥

२४. परूषकः

Grewia asiatica Linn.

Fam.—Tiliaceae. हि०—फालसा

परूषकं परु प्रोक्तं नीलवर्णं परावरम्।
परिमण्डलमल्पास्थि परुषं चापि नामतः ॥ ५५ ॥
परूषकफलं चाम्लं वातघ्नं पित्तकृद्गुरु।
तदेव पक्वं मधुरं वातपित्तनिबर्हणम् ॥ ५६ ॥

पर्याय—परु, नीलवर्ण, परावर, परिमण्डल, अल्पास्थि, परुष ये परुषक के पर्याय हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—परुषकफल अम्ल, वातशामक, पित्तवर्धक और गुरु होता है। इसका पका फल मधुर तथा वातपित्तशामक है ॥ ५५–५६ ॥

२५. तूदम्

Morus indica Griff.

Fam.—Moraceae. हि०—शहतूत

तूदं तूलं च यूपं च क्रमुकं ब्रह्मकाष्ठकम् ।
ब्रह्मदारु ब्राह्मणेष्टं ब्रह्मण्यं ब्रह्मचारणम् ॥ ५७ ॥
तूदं तु मधुराम्लं स्याद् वाततित्तहरं सरम् ।
दाहप्रशमनं वृष्यं कषायं कफनाशनम् ॥ ५८ ॥

पर्याय—तूल, यूप, क्रमुक, ब्रह्मकाष्ठक, ब्रह्मदारु, ब्राह्मणेष्ट, ब्रह्मण्य और ब्रह्मचारण ये पर्याय तूद के हैं।

गुण-कर्म—तूद का फल वातपित्तशामक, अनुलोमन, दाहनाशक, शुक्रवर्धक, कषाय तथा कफनाशक है ॥ ५७–५८ ॥

२६. पालेवतम्

पालेवतं रैवतकं ज्ञेयमारेवतं तथा ।
महापालेवतं चोक्तं रक्तपालेवतं तथा ॥ ५९ ॥
पालेवतं सितं पुष्पैस्तिन्दुकाभफलं मतम् ।
अन्यन्माणवकं ज्ञेयं महापालेवतं तथा ॥ ६० ॥
पालेवतं तु मधुरं स्निग्धं हृद्यं समीरजित् ।

पर्याय—रैवतक और आरेवत ये पालेवत के पर्याय हैं। महापालेवत का पर्याय रक्तपालेवत है। पालेवत का पुष्प श्वेत तथा फल तिन्दुकाकृति होते हैं। उसीके समान माणवक या महापालेवत होता है।

गुण-कर्म—पालेवत मधुर, स्निग्ध, हृदय के लिए हितकर तथा वात को दूर करता है ॥ ५९–६० ॥

२७. तालः

Borassus flabellifer Linn.

Fam.—Palmae. हि०—ताड़

तालो ध्वजद्रुमः प्रांशुर्दीर्घस्कन्धो दुरारुहः ।
तृणराजो दीर्घतरुर्लेख्यपत्रो द्रुमेश्वरः ॥ ६१ ॥
फलं स्वादु रसे पाके तालजं गुरु पित्तजित् ।
तद्बीजं स्वादुपाकं तु मूलं स्याद् रक्तपित्तजित् ॥ ६२ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—ध्वजद्रुम, प्रांशु, दीर्घस्कन्ध, दुरारुह, तृणराज, दीर्घतरु, लेख्यपत्र और द्रुमेश्वर ये पर्याय ताल के हैं।

गुण-कर्म—ताड का फल रस एवं विपाक में मधुर, गुरु एवं पित्तनाशक होता है। इसका बीज मधुरविपाक तथा मूल रक्तपित्तशामक होता है ।। ६१–६२ ।।

२८. माडः (तालविशेषः)

माडो माडद्रुमो दीर्घो ध्वजवृक्षो वितानकः।
मद्यद्रुमो मोहकारी मदद्रुर्ऋजुरङ्घ्रिधा ।। ६३ ।।
माडस्तु शिशिरो रुच्यः कषायः पित्तदाहनुत्।
तृष्णापहो मरुत्कारी श्रमहृच्छ्लेष्मकारकः ।। ६४ ।।

पर्याय—माडद्रुम, दीर्घ, ध्वजवृक्ष, वितानक, मद्यद्रुम, मोहकारी, मदद्रु और ऋजु ये पर्याय माड के हैं।

गुण-कर्म—माड शीतवीर्य, रुचिकारक, कषाय, पित्तवर्धक, दाहकारक, तृष्णाशामक, वायुवर्धक, श्रमहर तथा कफवर्धक होता है ।। ६३–६४ ।।

२९. प्रियालः

Buchanania latifolia Roxb.

Fam.—Anacardiaceae. हि०—चिरौंजी

प्रियालोऽथ खरस्कन्धश्चारो बहुलवल्कलः।
स्नेहबीजश्चावपुटो ललनस्तापसप्रियः ।। ६५ ।।
वातपित्तहरं वृष्यं प्रियालं गुरु शीतलम्।
चारस्य तु फलं पक्वं स्याद्धम्लं दुर्जरं प्रियम् ।। ६६ ।।
चारमज्जा समधुरा वृष्या पित्तानिलापहा।

पर्याय—खरस्कन्ध, चार, बहुलवल्कल, स्नेहबीज, अवपुट, ललन और तापसप्रिय ये प्रियाल के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—प्रियाल वातपित्तशामक, शुक्रवर्धक, गुरु और शीयवीर्य है। प्रियाल का पका फल मधुराम्ल, देर से पचने वाला और स्वादिष्ट होता है। प्रियालमज्जा मधुर, शुक्रजनक एवं पित्तवातशामक है ।। ६५–६६ ।।

३०. नारिकेलः

Cocos nucifera Llnn.

Fam.—Palmae. हि०—नारियल

नारिकेलो रसफलः सुतुङ्गः कूर्चशेखरः।
तालवृक्षो दृढफलो लाङ्गली दाक्षिणात्यकः ।। ६७ ।।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

नारिकेलं गुरु स्निग्धं पित्तकृत् स्वादु शीतलम् ।
बलमांसप्रदं वृष्यं बृहणं बस्तिशोधनम् ॥ ६८ ॥

पर्याय—रसफल, तुङ्ग, कूर्चशेखर, तालवृक्ष, दृढफल, लाङ्गली और दक्षिणात्यक ये पर्याय नालिकेल के हैं ।

गुण-कर्म—नारियल का फल गुरु, स्निग्ध, पित्तशामक, मधुर, शीतवीर्य, बल, मांस एवं शुक्र का वर्धक, बृंहण और बस्ति का संशोधन करने वाला है ॥६७–६८॥

३१. वटः

Ficus bengalensis Linn.

Fam.—Moraceae हि०—बरगद

वटो रक्तफलः शृङ्गी न्यग्रोधः स्कन्धजो ध्रुवः ।
क्षीरी वैश्रवणावासो बहुपादो वनस्पतिः ॥ ६९ ॥
वटः शीतः कषायश्च स्तम्भनो रूक्षणात्मकः ।
तथा तृष्णाछर्दिमूर्च्छारक्तपित्तविनाशनः ॥ ७० ॥

पर्याय—रक्तफल, शृङ्गी, न्यग्रोध, स्कन्धज, ध्रुव, क्षीरी, वैश्रवणावास, बहुपाद और वनस्पति ये पर्याय वट के हैं ।

गुण-कर्म—बरगद शीतवीर्य, कषाय, स्तम्भन, रूक्षण एवं तृष्णा, वमन, मूर्च्छा और रक्तपित्त को नष्ट करता है ॥ ६९–७० ॥

३२. अश्वत्थः

Ficus religiosa Linn.

Fam.—Moraceae. हि०—पीपल

पिप्पलः केशवावासश्चलपत्रः पवित्रकः ।
मङ्गल्यः श्यामलोऽश्वत्थो बोधिवृक्षो गजाशनः ॥ ७१ ॥
श्रीमान् क्षीरद्रुमो विप्रः शुभदः श्यामलच्छदः ।
पिप्पलो गुह्यपत्रस्तु सेव्यः सत्यः शुचिद्रुमः ॥ ७२ ॥
चैत्यद्रुमो धर्मवृक्षः चन्द्रकरामिताह्वयः ।
अश्वत्थोऽपि स्मृतस्तद्वद् रक्तपित्तकफापहः ॥ ७३ ॥

पर्याय—केशवावास, चलपत्र, पवित्रक, मङ्गल्य, श्यामल, अश्वत्थ, बोधिवृक्ष, गजाशन, श्रीमान्, क्षीरद्रुम, विप्र, शुभद, श्यामलच्छद, गुह्यपत्र, सेव्य, सत्य, शुचिद्रुम, चैत्यद्रुम, धर्मवृक्ष ये पर्याय अश्वत्थ के हैं ।

गुण-कर्म—पीपल भी वट के समान गुण वाला विशेषतः रक्तपित्त तथा कफ का नाशक है ॥ ७१–७३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

३३. प्लक्षः

Ficus infectoria Roxb.

Fam.—Moraceae. हि०—पाकड़, पिलखन

प्लक्षः कपीतनः शृङ्गी सुपार्श्वश्चारुदर्शनः ।
प्लवको गर्दभाण्डश्च कमण्डलु र्वटप्लवः ॥ ७४ ॥
प्लक्षः कटुः कषायश्च शीतलो रक्तपित्तजित् ।
मूर्च्छाश्रमप्रलापांश्च हरेत् प्लक्षो विशेषतः ॥ ७५ ॥

पर्याय—कपीतन, शृङ्गी, सुपार्श्व, चारुदर्शन, प्लवक, गर्दभाण्ड, कमण्डलु और वटप्लव ये प्लक्ष के पर्याय हैं ।

गुण-कर्म—पाकड कटु–कषाय, शीतवीर्य, रक्तपित्तशामक एवं विशेषतः मूर्च्छा, थकावट और प्रलाप को दूर करने वाला होता है ॥ ७४–७५ ॥

३४. जम्बूः

Eugenia jambolana Lam.

Fam.—Myrtaceae. हि०—जामुन

जम्बूः सुरभिपत्रा च राजजम्बूर्महाफला ।
सुरभी स्यान्महाजम्बूर्महास्कन्धा प्रकीर्तिता ॥ ७६ ॥
वेतसी काकजम्बूश्च नादेयी शीतवल्लभा ।
भ्रमरेष्टा नीलवर्णा द्वितीया जम्बूरुच्यते ॥ ७७ ॥

पर्याय—सुरभिपत्रा, राजजम्बू, महाफला, सुरभि, महाजम्बू और महास्कन्धा ये (राज) जम्बू के पर्याय हैं । वेतसी, नादेयी, शीतवल्लभा, भ्रमरेष्टा और नीलवर्णा ये काकजम्बू के पर्याय हैं ॥ ७६–७७ ॥

जाम्बवं वातलं ग्राहि स्वाद्वम्लं कफपित्तजित् ।
हृत्कण्ठकषणं चान्यत् कषायं क्षुद्रजाम्बवम् ॥ ७८ ॥

गुण-कर्म—जामुन का फल वातवर्धक, ग्राही, मधुर–अम्ल एवं कफ–पित्त को दूर करने वाला है । क्षुद्र जामुन का फल कषायरसयुक्त तथा हृदय एवं कण्ठ को खींचने वाला होता है ॥ ७८ ॥

३५. उदुम्बरः

Ficus glomerata Roxb.

Fam.—Moraceae. हि०—गूलर

उदुम्बरः क्षीरवृक्षो हेमदुग्धः सदाफलः ।
अपुष्पफलसंबन्धो यज्ञाङ्गः शीतवल्कलः ॥ ७९ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

उदुम्वरं कषायं स्यात् पकं तु मधुरं हिमम् ।
कृमिकृत् पित्तरक्तघ्नं मूर्च्छादाहतृषापहम् ॥ ८० ॥

पर्याय—क्षीरवृक्ष, हेमदुग्ध, सदाफल, अपुष्पफलसम्बन्ध, यज्ञाङ्ग और शीतवल्कल ये पर्याय उदुम्बर के हैं।

गुण-कर्म—गूलर का कोमल फल कषाय होता है। इसका पक्व फल मधुर, शीतवीर्य, कृमि उत्पन्न करने वाला, रक्तपित्तहर, मूर्च्छा, दाह और तृष्णा को दूर करने वाला होता है ॥ ७९–८० ॥

३६. काकोदुम्बरिका

Ficus hispida Linn.

Fam.—Moraceae. हि०—कठूमर

काकोदुम्बरिका फल्गू राजिफल्गुः शिवाटिका ।
फल्गुनी फलसंभारी मलयूः श्वित्रभेषजा ॥ ८१ ॥
काकोदुम्बरिका श्वित्रकण्डूकुष्ठव्रणापहा ।
रक्तपित्तहरा शोफपाण्डुश्लेष्महरा च सा ॥ ८२ ॥

पर्याय—फल्गु, राजिफल्गु, शिवाटिका, फल्गुनी, फलसंभारी, मलयू और श्वित्रभेषज ये पर्याय काकोदुम्बरिका के हैं।

गुण-कर्म—कठूमर श्वित्र, कण्डू, कुष्ठ, व्रण, रक्तपित्त, शोफ, पाण्डु और कफ को दूर करने वाला होता है ॥ ८१–८२ ॥

३७. राजादनः

Mimusops hexandra Roxb.

Fam.—Sapotaceae. हि०—खिरनी, रायण

क्षीरी चोक्तस्तु राजन्यः स क्षीरशुक्लको नृपः ।
राजादनो दृढस्कन्धः कपीष्टः प्रियदर्शनः ॥ ८३ ॥
राजादनो रसे स्वादुः पाकेऽम्लः शीतलस्तथा ।
रुचिकारी भवेद् वातनाशनश्च प्रकीर्तितः ॥ ८४ ॥

पर्याय—क्षीरी, राजन्य, क्षीरशुक्लक, नृप, राजादन, दृढस्कन्ध, कपीष्ट और प्रियदर्शन ये पर्याय राजादन के हैं।

गुण-कर्म—राजादन रस में मधुर, विपाक में अम्ल, शीतवीर्य, रुचिकारक तथा वातनाशक होता है ॥ ८३–८४ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

३८. श्लेष्मातकः

Cordia myxa Roxb.

Fam.—Boraginaceae. हि०—लिसोड़ा

श्लेष्मातकः कर्बुदारः पिच्छिलो लेखसारकः।
शेलुशैलुर्बहुवारः शापितो द्विजकुत्सितः ॥ ८५ ॥
श्लेष्मातको हिमः स्वादुः स्याद् रूक्षः पिच्छिलः शुचिः।

पर्याय—कर्बुदार, पिच्छिल, लेखसारक, शेलु, शैलु, बहुवार, शापित और द्विजकुत्सित ये श्लेष्मातक के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—श्लेष्मातक शीतवीर्य, मधुर, रूक्ष, पिच्छिल और शुचि (पवित्र) होता है ॥ ८५ ॥

३९. शमी

Prosopis spicigera Linn.

Fam.—Leguminosae. हि०—छोंकर, खेजड़ी

शमी शङ्कुफला तुङ्गा केशहन्त्री शिवा फला।
ईशानी शंकरी लक्ष्मीर्मङ्गल्या पापनाशिनी ॥ ८६ ॥
शमीफलं गुरु स्वादु रूक्षोष्णं केशनाशनम्।

पर्याय—शङ्कुफला, तुङ्गा, केशहन्त्री, शिवाफला, ईशानी, शंकरी, लक्ष्मी, मङ्गल्या और पापनाशिनी ये शमी के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—शमी का फल गुरु (मधुर), रूक्ष, उष्णवीर्य तथा केश को नष्ट करने वाला होता है ॥ ८६ ॥

४०. बदरम्

१. सौवीर, राजबदर—Zizyphus sativa Gaertn.
२. कोल—Zizyphus jujuba Lam.
३. कर्कन्धु, क्षुद्रबदर—Zizyphus nummularia W & A.

Fam.—Rhamnaceae. हि०—बैर

बदरं कोलकं कोलं सौवीरं फेनिलं कुहम्।
कर्कन्धुकं गुडफलं बालेष्टं फलशैशिरः ॥ ८७ ॥

पर्याय—कोलक, कोल, सौवीर, फेनिल, कुह, कर्कन्धु, बालेष्ट और फलशैशिर ये बदर की विभिन्न जातियों के पर्याय हैं ॥ ८७ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कर्कन्धु-कोलबदरमम्लं वातकफापहम् ।
पक्वं पित्तानिलहरं स्निग्धं च मधुरं रसे ॥ ८८ ॥
पुरातनं तृट्शमनमामघ्नं दीपनं लघु ।
सौवीरबदरं स्निग्धं मधुरं वातपित्तजित् ॥ ८९ ॥

गुण-कर्म—कर्कन्धु एवं कोलबदर अम्ल तथा वातकफशामक होता है। इसका पका फल पित्तवातशामक, स्निग्ध और मधुररसयुक्त होता है। पुराना (सूखा) फल तृष्णानाशक, आमहर, दीपन और लघु होता है। सौवीरबदर स्निग्ध, मधुर तथा वातपित्त को दूर करने वाला होता है ॥ ८८–८९ ॥

४१. करीरः

Capparis aphylla Roth.

Fam.—Capparidaceae. हि०—करील

करीरो गूढपत्रश्च शाकपुष्पो मृदुफलः ।
ग्रन्थिलस्तीक्ष्णसारश्च क्रकचस्तीक्ष्णकण्टकः ॥ ९० ॥
वातश्लेष्महरं रुच्यं कटूष्णं गुदकीलजित् ।
करीरमाध्मानकरं रुचिकृत स्वादुतिक्तकम् ॥ ९१ ॥

पर्याय—गूढपत्र, शाकपुष्प, मृदुफल, ग्रन्थिल, तीक्ष्णसार, क्रकच, तीक्ष्णकण्टक ये पर्याय करीर के हैं।

गुण-कर्म—करील वातकफनाशक, रुचिकारक, कटु, उष्णवीर्य एवं गुदकील (अर्श) को नष्ट करने वाला होता है। यह आध्मानकारक, रुचिवर्धक एवं मधुर-तिक्त होता है ॥ ९०–९१ ॥

४२. करमर्दकम्

Carissa carandas Linn.

Fam.—Apocynaceae. हि०—करौंदा

करमर्दकमाविघ्नं सुषेणं पाणिमर्दकम् ।
कराम्लं करमर्दं च कृष्णपाकफलं मतम् ॥ ९२ ॥
अम्लं तृष्णापहं रुच्यं पित्तकृत्करमर्दकम् ।
पक्वं च मधुरं शीतं रक्तपित्तहरं मतम् ॥ ९३ ॥

पर्याय—करमर्दक, आविग्न, सुषेण, पाणिमर्दक, कराम्ल तथा कृष्णपाकफल करमर्दक के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—करमर्द अम्लरस, तृष्णाशामक, रुचिकारक और पित्त को बढ़ाने वाला होता है। इसका पक्व फल मधुर, शीतवीर्य एवं रक्तपित्तशामक होता है ॥ ९२–९३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

४३. कदम्बः

Anthocephalus cadamba Mig.

Fam—Rubiaceae. हि०—कदम, कदम्ब

कदम्बो वृत्तपुष्पश्च सुरभि र्ललनाप्रियः।
कादम्बर्यः सिन्धुपुष्पो मदाढ्यः कर्णपूरकः ॥ ९४ ॥
धाराकदम्बः प्रावृष्यः कादम्बर्यो हरिप्रियः।
नीपो धूलिकदम्बोऽन्यः सुवासो वृत्तपुष्पकः ॥ ९५ ॥

पर्याय—वृत्तपुष्प, सुरभि, ललनाप्रिय, कादम्बर्य, सिन्धूपुष्प, मदाढच, कर्णपूरक ये पर्याय कदम्ब के हैं। यह दो प्रकार का है—धाराकदम्ब और धूलिकदम्ब। कादम्बर्य और हरिप्रिय धाराकदम्ब के तथा नीप, सुवास और वृत्तपुष्पक धूलिकदम्ब के पर्याय हैं ॥ ९४–९५ ॥

कदम्बस्तु कषायः स्याद्रसे शीतो गुणेऽपि च।
व्रणसंरोहणश्चापि कासदाहविषापहः ॥ ९६ ॥

गुण-कर्म—कदम्ब रस में कषाय, शीतवीर्य, व्रणरोपण, कास, दाह और विष को नष्ट करने वाला होता है।

विमर्श—१. धाराकदम्ब (कदम्ब) जिसके पुष्प बरसात में आते हैं। २. धूलिकदम्ब (नीप या गिरिकदम्ब) इसके पुष्प ग्रीष्म में आते हैं। इसका लैटिन नाम Mitragyna parviflora (Roxb.) Korth.) है ॥ ९६ ॥

४४. करञ्जः

Pongamia pinnata (Linn) Merr.

Fam.—Leguminosae. हि०—डिठौरी, करुअइनी

करञ्जो नक्तमालश्च पूतीकश्चिरबिल्वकः।
घृतपर्णः करञ्जोऽन्यः प्रकीर्यो गौर एव च ॥ ९७ ॥
करञ्जश्चोष्णातिक्तः स्यात् कफपित्तास्रदोषजित्।
व्रणप्लीहकृमीन् हन्ति भूतघ्नो योनिरोगहा ॥ ९८ ॥

पर्याय—करञ्ज, नक्तमाल, पूतीक, चिरबिल्व ये पर्याय करञ्ज के हैं। घृतपर्ण, प्रकीर्य तथा गौर दूसरे प्रकार के करञ्ज में पर्याय हैं।

गुण-कर्म—करञ्ज उष्णवीर्य, तिक्त, कफ-पित्त एवं रक्तदोष को नष्ट करने वाला है। यह व्रण, प्लीहारोग, कृमि, भूतबाधा और योनिरोग को दूर करने वाला होता है। चिरबिल्व (करञ्ज) तीव्र वात एवं कफ को नष्ट करने वाला होता है ॥ ९७–९८ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

४५. उदकीर्यः (करञ्जविशेषः)

उदकीर्यस्तृतीयोऽन्यः षड्ग्रन्थो हस्तिचारिणीं।
मदहस्तिनिका रोही हस्तिरोहणकः प्रियः ॥ ९९ ॥
महाकरञ्जस्तिक्तोष्णः कटुको विषनाशनः।
कण्डूविचर्चिकाकुष्ठत्वग्दोषव्रणनाशनः ॥ १०० ॥

पर्याय—करञ्ज की तीसरी जाति उदकीर्य कहलाती है। षड्ग्रन्थ, हस्तिचारिणी, मदहस्तिनिका, रोही, हस्तिरोहणक और प्रिय ये पर्याय उदकीर्य के हैं।

गुण-कर्म—महाकरञ्ज कटु-तिक्त, उष्णवीर्य, विषघ्न है। यह कण्डू, विचर्चिका, कुष्ठ, चर्मरोग तथा व्रण का नाश करता है ॥ ९९-१०० ॥

४६. अङ्गारवल्लिका (करञ्जविशेषः)

अङ्गारवल्लिकाऽम्बष्ठा काकघ्नी काकभाण्डिका।
वायव्या काल्मिकाभेदा काकवल्ल्यपि चोच्यते ॥ १०१ ॥

पर्याय—अङ्गारवलिका, अम्बष्ठा, काकघ्नी, करभाण्डिका, वायव्या, काल्मिकाभेदा, काकवल्ली ये पर्यायवाची हैं ॥ १०१ ॥

४७. शिरीष

Albizzia lebbeck Benth.

Fam.—Leguminosae. हि०—सिरिस

शिरीषो मृदुपुष्पश्च भण्डिकः शङ्खिनीफलः।
कपीतनः शुकतरुः श्यामवर्णः शुकप्रियः ॥ १०२ ॥
तिक्तोष्णो विषहा वर्ण्यस्त्रिदोषशमनो लघुः।
शिरीषः कुष्ठकण्डूघ्नस्त्वग्दोषश्वासकासहा ॥ १०३ ॥

पर्याय—मृदुपुष्प, भण्डिक, शङ्खिनीफल, कपीतन, शुकतरु, श्यामवर्ण और शुकप्रिय ये शिरीष के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—शिरीष तिक्त, उष्णवीर्य, विषघ्न, वर्ण के लिए हितकर, त्रिदोष को शान्त करने वाला तथा लघु होता है। यह कुष्ठ, कण्डू, त्वक्दोष (चर्मरोग), श्वास तथा कास को दूर करने वाला होता है ॥ १०२-१०३ ॥

४८. अर्जुनः

Terminalia arjuna W. & A.

Fam.—Combretaceae. हि०—अर्जुन, काहू, कहुआ

अर्जुनः ककुभः पार्थश्चित्रयोधी धनंजयः।
वीरान्तकः किरीटी च नदीसर्जोऽपि पाण्डवः ॥ १०४ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

ककुभस्तु कषायोष्णः कफघ्नो व्रणनाशनः ।
पित्तश्रमतृषार्तिघ्नो मारुतामयकोपनः ॥ १०५ ॥

पर्याय—ककुभ, पार्थ, चित्रयोधी, धनञ्जय, वीरान्तक; किरीटी, नदीसर्ज और पाण्डव ये पर्याय अर्जुन के हैं।

गुण-कर्म—अर्जुन कषाय, उष्णवीर्य, कफशामक तथा व्रणनाशक होता है। यह पित्त; श्रम (थकावट) एवं तृष्णा को नष्ट करने वाला एवं वातविकार को बढ़ाने वाला होता है ॥ १०४–१०५ ॥

४९. वेतसः

Salix caprea Linn.
Fam.—Salicaceae. हि०—बेदमुश्क

वेतसो निचुलः प्रोक्तो वञ्जुलो दीर्घपत्रकः ।
कलनो मञ्जरीनम्रः सुषेणो गन्धपुष्पकः ॥ १०६ ॥

पर्याय—वेतस, निचुल, वञ्जुल, दीर्घपत्रक, कलन, मञ्जरीनम्र, सुषेण और गन्धपुष्पक ये पर्याय वेतस के हैं ॥ १०६ ॥

नादेयी मेघपुष्पोऽन्यो जलकामो निकुञ्जकः ।
जलौकः संवृतश्चैव विदुलो जलवेतसः ॥ १०७ ॥
वेतसस्य द्वयं शीतं रक्षोघ्नं व्रणशोधनम् ।
रक्तपित्तहरं तिक्तं सकषायं कफापहम् ॥ १०८ ॥

पर्याय—नादेयी, मेघपुष्प, जलकाम, निकुञ्जक, जलौकस् , संवृत और विदुल ये पर्याय जलवेतस के हैं।

गुण-कर्म—दोनों प्रकार का वेतस (वेतस तथा जलवेतस) शीतवीर्य, रक्षोघ्न एवं व्रणशोधन होता है। यह रक्तपित्तशामक, तिक्त-कषाय तथा कफदोष को दूर करने वाला होता है।

विमर्श—जलवेतस Salix tetrasperma Roxb. Fam.—Salicaceae है॥ १०७–१०८ ॥

५०. वरुणः

Crataeva nurvala Buch-Ham.
Fam.—Capparidaceae. हि०—बरुन, बरना।

वरुणः श्वेतपुष्पश्च तिक्तशाकः कुमारकः ।
श्वेतद्रुमो गन्धवृक्षस्तमालो मारुतापहः ॥ १०९ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वरुणः शीतवातघ्नस्तिक्तो विद्रधिजन्तुजित् ।
तथा च कटुरुष्णश्च रक्तदोषहरः परः ॥ ११० ॥

पर्याय—श्वेतपुष्प, तिक्तशाक, कुमारक, श्वेतद्रुम, गन्धवृक्ष, तमाल और मारुतापह ये पर्याय वरुण के हैं।

गुण-कर्म—वरुण शीत-वातनाशक एवं तिक्त-कटु होता है। यह विद्रधि, क्रिमि तथा रक्तदोष को दूर करने वाला होता है ॥ १०९-११० ॥

५१. शिंशपा

Dalbergia sissoo Roxb.

Fam.—Leguminosae. हि०—शीशम, शीशो

शिंशपा तु महाश्यामा कृष्णसारा स्मृताऽगुरुः ।
कुशिंशपाऽन्या कपिला भस्मगर्भा वसादनी ॥ १११ ॥
शिंशपायुगलं वर्ण्यं हिक्काशोफौ विसर्जयेत् ।
पित्तदाहप्रशमनं बल्यं रुचिकरं परम् ॥ ११२ ॥

पर्याय—शिंशपा, महाश्यामा, कृष्णसारा (कृष्णवर्ण) और अगुरु (तुल्य) होती है। शिंशपा का दूसरा भेद कुशिंशपा, कपिला, भस्मगर्भा या वसादनी है।

गुण-कर्म—शीशम (दोनों प्रकार का) वर्ण को उत्तम करने वाला, हिचकी, शोथ, पित्त और दाह का शामक, बलवर्धक और रुचिकारक होता है ॥ १११-११२ ॥

५२. सर्जकः (सर्जः)

१. सर्ज—Vateria indica Linn. हि०—अजकर्ण
२. अश्वकर्ण—Dipterocarpus alatus Roxb. हि०—गर्जन
३. शालः—Shorea robusta Gaertn. हि०—साखू, सखुआ

Fam.—Dipterocarpaceae.

सर्जको बस्तकर्णश्च कषायश्चीरपत्रकः ।
सस्यसंवरकः शूरः सर्जोन्यः शाल उच्यते ॥ ११३ ॥
कुष्ठकण्डूक्रिमिश्लेष्मवातपित्तरुजो जयेत् ।
सर्जयुग्मं कषायं स्याद् वर्ण्यं रूक्षं कफापहम् ॥ ११४ ॥

पर्याय—सर्जक, बस्तकर्ण, कषाय, चीरपत्र, सस्यसंवरण और शूर ये पर्याय सर्ज के हैं। दूसरे प्रकार का सर्ज शाल कहलाता है।

गुण-कर्म—सर्ज कुष्ठ, कण्डू, क्रिमिरोग, कफ, वात, पित्त के विकारों को दूर करता है। दोनों प्रकार का सर्ज कषाय, वर्ण को उत्तम करने वाला, रूक्ष तथा कफनाशक होता है ॥ ११३-११४ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

५३. असनः (सर्जकविशेषः)

Pterocarpus marsupium Roxb. हि०—बिजयसार

असनस्तु महासर्जः सौरिर्बन्धूकपुष्पकः ।
प्रियको बीजकः श्यामः सुनीलः प्रियशालकः ॥ ११५ ॥
बीजकः सकषायश्च कफपित्तास्रनाशनः ।

पर्याय—महासर्ज, सौरि, बन्धूकपुष्प, प्रियक, बीजक, श्याम, सुनील और प्रियशालक ये बीजक के पर्याय हैं ।

गुण-कर्म—बीजक कषाय, कफ-पित्त एवं रक्तविकार को नष्ट करता है ॥११५॥

५४. शाल्मली

Bombax malabaricum DC.

Fam.—Bombacaceae. हि०—सेमर, सेमल

शाल्मली रक्तपुष्पा तु कुक्कुटी चिरजीविका ।
पिच्छिला चूलिनी मोचा कण्टकाढ्या सुपूरणी ॥ ११६ ॥
शाल्मलीवेष्टकः पिच्छा निर्यासः स च शाल्मलः ।
मोचस्रावो मोचरसो मोचनिर्यासकस्तथा ॥ ११७ ॥

पर्याय—रक्तपुष्पा, कुक्कुटी, चिरजीविका, पिच्छिला, चूलिनी, मोचा, कण्ठकाढ्या, सुपूरणी ये शाल्मली के पर्याय हैं । शाल्मलीवेष्टक, शाल्मलपिच्छा, शाल्मलनिर्यास, मोचस्राव, मोचरस और मोचनिर्यास ये मोचरस के पर्याय हैं ॥ ११६-११७ ॥

शाल्मली शीतला स्निग्धा शुक्रश्लेष्मविवर्धिनी ।
कषायस्तद्रसो ग्राही पुष्पं तद्वत्तथा फलम् ॥ ११८ ॥

गुण-कर्म—सेमल शीतवीर्य, स्निग्ध, शुक्रवर्धक एवं कफकारक होता है । शाल्मलिनिर्यास (मोचरस) ग्राही होता है । सेमल के पुष्प और फल भी कषाय तथा ग्राही होते हैं ॥ ११८ ॥

५५. रोहितकः (शाल्मलीविशेषः)

Tecomella undulata Seem.

Fam.—Bignoniaceae. हि०—रोहेड़ा

रोहीतको रोहितको रोही दाडिमपुष्पकः ।
कुशाल्मलिः शाल्मलिको रोचनः कूटशाल्मलिः ॥ ११९ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

रोहितको यकृत्प्लीहगुल्मोदरहरः सरः ।
श्वेतो रोहितकश्चान्यः कटूष्णमुभयं स्मृतम् ॥ १२० ॥
कर्णरोगहरं चैव विषवेगविनाशनम् ।

पर्याय—रोहीतक, रोही, दाडिमपुष्पक, कुशाल्मलि, शाल्मलिक, रोचन और कूटशाल्मलि ये पर्याय रोहितक के हैं ।

गुण-कर्म—रोहितक यकृत्, प्लीहा, गुल्म एवं उदररोग को नष्ट करने वाला तथा सारक होता है । दूसरा श्वेतपुष्प रोहितक होता है । दोनों रोहितक कटु, उष्णवीर्य, कर्णरोग तथा विषविकार को दूर करने वाले होते हैं ॥ ११९–१२० ॥

५६. मुष्ककः

Schrebera swietenioides Roxb.

Fam.—Oleaceae. हि०—मोखा, घण्ट, एकसिरा

मुष्कको मोक्षको मुष्टिर्मूषको मुष्ककस्तथा ।
क्षारश्रेष्ठो गोलकश्च द्विविधः श्वेतकृष्णकः ॥ १२१ ॥
वातश्लेष्महरः क्षारश्रेष्ठो ग्राही च गुल्मनुत् ।

पर्याय—मोक्षक, मुष्टि, मूषक, मुष्वक, क्षारश्रेष्ठ, गोलक ये मुष्कक के पर्याय हैं । यह श्वेत एवं कृष्ण भेद से दो प्रकार का होता है ।

गुण-कर्म—मुष्कक वातकफशामक, सर्वोत्तम क्षार, ग्राही तथा गुल्म को नष्ट करता है ॥ १२१ ॥

५७. इरिमेदः

Acacia farnesiana willd.

Fam.—Leguminosae. हि०—गुहिया खैर, विट्खदिर

इरिमेदोऽरिमेदश्च गोधास्कन्धोऽरिमेदकः ।
अहिमेदोऽहिमारश्च पूतिमेदोऽहिमारकः ॥ १२२ ॥
मुखरोगहरः शीतो रक्तामस्तम्भकारकः ।

पर्याय—अरिमेद, गोधास्कन्ध, अरिमेदक, अहिमेद, अहिमार, पूतिमेद और अहिमारक ये पर्याय इरिमेद के हैं ।

गुण-कर्म—विट्खदिर मुखरोगहर, शीतवीर्य तथा रक्त और आम को रोकने वाला है ॥ १२२ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

५८. मल्लिका

Jasminum sambac Ait.

Fam.—Oleacae. हि०—बेला

मल्लिका शीतभीरुश्च मदयन्ती प्रमोदिनी।
मदनीया गवाक्षी च भूपद्यष्टपदीतथा ॥ १२३ ॥
मल्लिकोष्णा कटुः स्वादुर्दारयत्यास्यजान्गदान्।
संत्रासयति नेत्रोत्थरुजः पित्तसमीरजित् ॥ १२४ ॥

पर्याय—शीतभीरु, मदयन्ती, प्रमोदिनी, मदनीया, गवाक्षी और भूपदी और अष्टपदी ये मल्लिका के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—मल्लिका उष्णवीर्य एवं कटु-मधुर है। यह मुखरोगों तथा नेत्ररोगों का नाशक है तथा पित्त एवं वायु को नष्ट करती है ॥ १२३–१२४ ॥

५९. वार्षिकी

Jasminum Sp.

Fam.—Oleaceae. हि०—बेला

वार्षिकी सुपुटा त्र्यस्रा सुरूपा सुभगा प्रिया।
श्रीमती षट्पदानन्दा सुवर्षा मुक्तबन्धना ॥ १२५ ॥
वार्षिकी शिशिरा हृद्या सुगन्धा पित्तनाशिनी।

पर्याय—सुपुटा, त्र्यस्रा, सुरूपा, सुभगा, प्रिया, श्रीमती, षट्पदानन्दा, सुवर्षा और मुक्तबन्धना ये पर्याय वार्षिकी के हैं।

गुण-कर्म—वार्षिकी शीतवीर्य, हृदय के लिए हितकर, सुगन्धित तथा पित्त को दूर करने वाली होती है ॥ १२५ ॥

६०. जाती (मालती)

Jasminum grandiflorum Linn.

Fam.—Oleaceae. हि०—चमेली

जाती मनोज्ञा सुमना राजपुत्री प्रियंवदा।
मालती हृद्यगन्धा च चेतिका तैलभाविनी ॥ १२६ ॥
मालती कफपित्तास्यरुक्पाकव्रणकुष्ठजित्।
चक्षुष्यो मुकुलस्तस्यास्तत्पुष्पं कफपित्तजित् ॥ १२७ ॥
सुगन्धि च मनोज्ञं च सर्वश्रेष्ठतमं मतम्।

पर्याय—मनोज्ञा, सुमना, राजपुत्री, प्रियंवदा, मालती, हृद्यगन्धा, चेतिका और तैलभाविनी ये पर्याय मालती के हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—चमेली कफ-पित्त, मुखरोग, व्रण तथा कुष्ठरोग को नष्ट करती है। इसकी कलिका नेत्र के लिए हितकर है। इसके पुष्प कफपित्तशामक, सुगन्धित, मन को प्रसन्न करने वाले सर्वोत्तम होते हैं ॥ १२६-१२७ ॥

६१. वासन्ती

Jasminum sp.

Fam.—Oleaceae.

वासन्ती प्रहसन्ती स्यात् सुवसन्ती वसन्तजा।
शोभना शीतसंवासा सेव्या भ्रमरबान्धवा ॥ १२८ ॥
वासन्ती शीतला हृद्या सुगन्धा स्वेदनाशिनी।

पर्याय—प्रहसन्ती, सुवसन्ती, वसन्तजा, शोभना, शीतसंवासा, सेव्या और भ्रमरबान्धवा ये पर्याय वासन्ती के हैं।

गुण-कर्म—वासन्ती शीतवीर्य, हृदय के लिए हितकर सुगन्धित और स्वेद को दूर करने वाली होती है ॥ १२८ ॥

६२. ग्रैष्मी

Jasminum sp.

Fam.—Oleaceae. हि०—नेवारी

ग्रैष्मी तु सुरभिः कान्ता सुगन्धा वनमालिनी।
सुकुमारा शिखरिणी च नेपाली वनमालिका ॥ १२९ ॥
नेपालिका रसे तिक्ता वीर्ये चोष्णा प्रकीर्तिता।
वातपित्तरुजां नेत्ररोगाणां नाशिनी मता ॥ १३० ॥

पर्याय—सुरभि, कान्ता, सुगन्धा, वनमालिनी, सुकुमारा, शिखरिणी, नेपाली और वनमालिका ये पर्याय ग्रैष्मी के हैं।

गुण-कर्म—नेपाली (नेवारी) रस में तिक्त, उष्णवीर्य, वात-पित्त तथा नेत्ररोगों को दूर करने वाली है ॥ १२९-१३० ॥

६३. चम्पकः

Michelia champaca Linn.

Fam.—Magnoliaceae. हि०—चम्पा

चम्पकः सुकुमारश्च सुरभिः शीतलश्च सः।
चाम्पेयो हेमपुष्पश्च काञ्चनः षट्पदातिथिः ॥ १३१ ॥
चम्पकः कथितः शीतो वीर्येऽतिकटुको रसे।
हृद्यः सुगन्धिर्विषहा कफपित्तविनाशनः ॥ १३२ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—सुकुमार, सुरभि, शीतल, चाम्पेय, हेमपुष्प, काञ्चन और षट्पदातिथि ये पर्याय चम्पक के हैं।

गुण-कर्म—चम्पा शीतवीर्य, अत्यन्त कटुरस, हृदय के लिए हितकर, सुगन्धित, विषनाशक तथा कफ-पित्त को दूर करता है ॥ १३१-१३२ ॥

६४. तरुणी

तरुणी रामतरुणी कर्णिका चारुकेशरा।
सहा कुमारी गन्धाढ्या द्विरेफगणसम्मता ॥ १३३ ॥
तरुणी श्लेष्मपित्तघ्नी ग्राहिणी शीतलाऽग्निजित्।

पर्याय—रामतरुणी, कर्णिका, चारुकेशरा, सहा, कुमारी गन्धाढ्या और द्विरेफगणसम्मता ये पर्याय तरुणी के हैं।

गुण-कर्म—तरुणी कफपित्तशामक, ग्राही, शीतवीर्य और अग्नि को मन्द करने वाली है ॥ १३३ ॥

६५. कुब्जकः

Rosa moschata Herrm.
Fam.—Roraceae. हि०—कूजा

कुब्जको भद्रतरुणी बृहत्पुष्पाऽतिकेशरा।
महासहा कण्टकाढ्या नीलालिकुलसङ्कुला ॥ १३४ ॥
कुब्जकः सुरभिः स्वादुः कषायस्तु रसायनः।
त्रिदोषशमनो वृष्यः शीतः संग्रहणोऽपरः ॥ १३५ ॥

पर्याय—भद्रतरुणी, बृहत्पुष्पा, अतिकेशरा, महासहा, कण्टकाढ्या, नीलालिकुलसंकुला ये पर्याय कुब्जक के हैं।

गुण-कर्म—कूजा सुगन्धित, मधुर-कषाय, रसायन, त्रिदोषशामक, शुक्रवर्धक, शीतवीर्य और संग्राही होता है ॥ १३४-१३५ ॥

६६. यूथिका

Jasminum auriculatum Vahl.
Fam.—Oleaceae. हि०—जूही

यूथिका बालपुष्पा तु बहुगन्धा गुणोज्वला।
गणिका चारुमोदा च शिखण्डी स्वर्णयूथिका ॥ १३६ ॥
सुवर्णयूथी हरिणी पीतिका पीतयूथिका।
प्रोक्ताऽन्या शङ्खधवला नामतः शङ्खयूथिका ॥ १३७ ॥
यूथिकायुगलं स्वादु शर्कराघ्नं सुगन्धि च ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—बालपुष्पा, बहुगन्धा, गुणोज्वला, गणिका, चारुमोदा, शिखण्डी ये पर्याय यूथिका के हैं। स्वर्णयूथिका के पर्याय हैं स्वर्णयूथिका, सुवर्णयूथी, हरिणी, पीतिका और पीतयूथिका। शंख के समान श्वेत पुष्प वाली शंखयूथिका कहलाती है।

गुण-कर्म—दोनों प्रकार की जूही मधुर, शर्करानाशक और सुगन्धित होती है।। १३६–१३७ ।।

६७. कुन्दः

Jasminum pubesecns Willd.

Fam.—Oleaceae. हि०—कुन्द

कुन्दः सुमकरन्दश्च सदापुष्पो मनोहरः।
अट्टहासो भृङ्गसुहृच्छुक्लः शाल्योदनोपमः ।। १३८ ।।
कुन्दस्य कुसुमं हृद्यं स्वल्पगन्धि मनोहरम्।

पर्याय—सुमकरन्द, सदापुष्प, मनोहर, अट्टहास, भृङ्गसुहृत्, शुक्ल और शाल्योदनोपम ये पर्याय कुन्द के हैं।

गुण-कर्म—कुन्द के पुष्प हृदय के लिए हितकर, स्वल्पगन्धयुक्त एवं मनोहर होते हैं ।। १३८ ।।

६८. शतपत्री

शतपत्री तु सुमना सुशीता शिववल्लभा।
सौम्यगन्धा शतदला सुवृता शतपत्रिका ।। १३९ ।।
शतपत्रा हिमा तिक्ता कषाया कुष्ठनाशिनी।
मुखस्फोटहरा रुच्या सुरभिः पित्तदाहनुत् ।। १४० ।।

पर्याय—सुमना, सुशीता, शिववल्लभा, सौम्यगन्धा, शतदला, सुवृता, शतपत्रिका ये शतपत्री के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—शतपत्री शीतवीर्य, तिक्त-कषाय, कुष्ठनाशक, मुखस्फोटनाशक, रुचिकारक, सुगन्धित है तथा पित्त और दाह को दूर करती है ।। १३९–१४० ।।

६९. अतिमुक्तः

Hiptage madablota Gaertn.

Fam.—Malpighiaceae. हि०—माधवी लता

अतिमुक्तः कार्मुकश्च मण्डनो भ्रमरोत्सवः।
अविमुक्तो माधवी च सुवसन्तः पराश्रयः ।। १४१ ।।
अविमुक्तं सुगन्धि स्याद् हृद्यमुक्तं सुमण्डनम् ।।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—कार्मुक, मण्डन, भ्रमरोत्सव, अविमुक्त, माधवी, सुवसन्त और पराश्रय ये माधवी के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—अतिमुक्त सुगन्धित, हृदय के लिये हितकर तथा शोभाजनक होती है ॥ १४१ ॥

७०. बकुलः

Mlmusops elengi Lam.

Fam.—Sapotaceae. हि०—मौलसिरी

बकुलः सीधुगन्धश्च मद्यगन्धो विशारदः।
मधुगन्धो गूढपुष्पः शीर्षकेशरकस्तथा ॥ १४२ ॥
मधुरं च कषायं च स्निग्धं संग्राहि बाकुलम्।
स्थिरीकरं च दन्तानां विशदं तत्फलं गुरु ॥ १४३ ॥

पर्याय—सीधुगन्ध, मद्यगन्ध, विशारद, मधुगन्ध, गूढपुष्प, शीर्षकेशर ये बकुल के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—मौलसिरी के पुष्प मधुर-कषाय, स्निग्ध एवं संग्राही हैं। मौलसिरी का फल दाँतों को दृढ करने वाला तथा पिच्छिलता को दूर करने वाला होता है ॥ १४२–१४३ ॥

७१. किङ्किरातः

Garuga pinnata Roxb.

Fam.—Burseraceae.

किङ्किरातः किङ्किराटः पीतकः पीतभद्रकः।
हेमगौरो विप्रलम्भी षट्पदानन्दवर्धनः ॥ १४४ ॥
किङ्किरातोद्भवं पुष्पं सुगन्धि हर्षपुष्टिदम्।

पर्याय—किङ्किराट, पीतक, पीतभद्रक, हेमगौर, विप्रलम्भी और षट्पदानन्दवर्धन ये पर्याय किङ्किरात के हैं।

गुण-कर्म—किङ्किरात का पुष्प सुगन्धित हर्षोत्पादक एवं पौष्टिक होता है ॥ ११४ ॥

७२. तिलकः

Wendlandia exerta DC.

Fam.—Rubiaceae. हि०—तिलई

तिलकः पूर्णकः श्रीमान् क्षुरकश्छत्रपुष्पकः।
मुखमण्डनको रेची पुण्ड्रश्चित्रो विशेषकः ॥ १४५ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

तिलकत्वक् कषायोष्णा पुंस्त्वघ्नी दन्तरोगजित् ।

पर्याय—पूर्णक, श्रीमान, क्षुरक, छत्रपुष्पक, मुखमण्डनक, रेची, पुण्ड्र, चित्र और विशेषक ये पर्याय तिलक के हैं।

गुण-कर्म—तिलक की छाल कषाय, उष्णवीर्य, पुंस्त्वनाशक और दन्तरोगों को दूर करने वाली होती है ॥ १४५ ॥

७३. अशोकः

Saraca indica Linn.

Fam.—Leguminosae हि०—अशोक

अशोकः शोकनाशश्च विचित्रः कर्णपूरकः ।
विशोको रक्तको रागी चित्रः षट्पदमञ्जरी ॥ १४६ ॥
अशोकः शीतलश्चार्शः कृमीन्हन्ति प्रयोजितः ।
अपचीं नाशयत्येव सर्वव्रणविनाशनः ॥ १४७ ॥
अशोको मधुरो हृद्यः सन्धानीयः सुगन्धिकः ।

पर्याय—शोकनाश, विचित्र, कर्णपूरक, विशोक, रक्तक, रागी, चित्र और षट्पदमञ्जरी ये पर्याय अशोक के हैं।

गुण-कर्म—अशोक शीतवीर्य, अर्श, कृमि, अपची और व्रण का नाशक होता है। यह मधुर, हृदय के लिये हितकर, सन्धान करने वाला और सुगन्धित होता है ॥ १४६–१४७ ॥

७४. किंशुकः

Butea frondosa Koen ex Roxb.

Fam.—Leguminosae. हि०—ढाक, पलाश, टेसू

किंशुको वातपोथश्च रक्तपुष्पोऽथ याज्ञिकः ।
त्रिपर्णो रक्तपुष्पश्च पूतद्रुर्ब्रह्मवृक्षकः ॥ १४८ ॥
क्षारश्रेष्ठः पलाशश्च बीजस्नेहः समिद्वरः ।
क्षारश्रेष्ठः कृमिघ्नश्च संग्राही दीपनः सरः ॥ १४९ ॥
प्लीहगुल्मग्रहण्यर्शोवातश्लेष्मविनाशनः ।
किंशुकस्यापि कुसुमं सुगन्धि मधुरं च यत् ॥ १५० ॥
बीजं तु कटुकं स्निग्धमुष्णं कृमिबलासजित् ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—वातपोथ, रक्तपुष्प, याज्ञिक, त्रिपर्ण, रक्तपुष्प, पूतद्रु, ब्रह्मवृक्षक, क्षारश्रेष्ठ, पलाश, बीजस्नेह और समिद्वर ये पर्याय किंशुक के हैं।

गुण-कर्म—पलाश (ढाक) कृमिहर, संग्राही, अग्निदीपक और सारक होता है। यह प्लीहा, गुल्म, ग्रहणी, अर्श, वात तथा कफ को दूर करने वाला होता है। पलाश का पुष्प सुगन्धित एवं मधुर होता है। पलाश के बीज कटु, स्निग्ध, उष्णवीर्य, कृमि तथा कफ को दूर करने वाले होते हैं ॥ १४८–१४९ ॥

आम्रादिरयमुद्दिष्टो वर्गश्रेष्ठस्तु पञ्चमः।
हर्षणो गन्धसौरभ्यफलत्वक्पुष्पसंश्रयः ॥ ५ ॥

यह श्रेष्ठ आम्रादि पञ्चम वर्ग कहा गया। इस वर्ग में हर्षदायक सुगन्ध, फल, त्वक् तथा पुष्प वर्णित हैं ॥ ५ ॥

इति रसवीर्यविपाकसहिते धन्वन्तरिनिघण्टौ
अथाऽऽम्रादिः पञ्चमो वर्गः ॥ ५ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अथ सुवर्णादिः षष्ठो वर्गः

धातवः

१. सुवर्णम्

हि०—सोना अं०—Gold.

सुवर्णं कनकं रुक्मं शातकुम्भं च काञ्चनम् ।
जाम्बूनदं जातरूपं हिरण्यं हेम हाटकम् ॥ १ ॥
चामीकरं चारुरत्नं तपनीयं च पीतकम् ।
श्रीकेतनं भूषणार्हं चारुरूपं च तत्स्मृतम् ॥ २ ॥

पर्याय—कनक, रुक्म, शातकुम्भ, काञ्चन, जाम्बूनद, जातरूप, हिरण्य, हेम; हाटक, चामीकर, चारुरत्न, तपनीय, पीतक, श्रीकेतन, भूषणार्ह और चारुरूप ये पर्याय सुवर्ण के हैं ॥ १–२ ॥

वीर्यं विधत्ते हरते च रोगान् करोति सौख्यं प्रबलेन्द्रियत्वम् ।
शुक्रस्य शुद्धिं बलवर्णवीर्यमोजश्च पुष्टिं प्रददाति हेम ॥ ३ ॥

गुण-कर्म—सुवर्ण शक्तिवर्धक, रोगहर, सौख्यदायक, इन्द्रियों के लिये बलकर, शुक्रशोधक, बलकारक, कान्ति को उत्तम बनाने वाला, शुक्रल, ओजोवर्धक और पुष्टिदायक होता है ॥ ३ ॥

बलं च वीर्यं हरते नराणां रोगव्रजान् पोषयतीह काये ।
असौख्यदं तच्च सदैवमेवं रुक्मं सदोषं मरणं करोति ॥ ४ ॥

दोष—अशुद्ध सुवर्ण बल तथा वीर्य को नष्ट करने वाला, रोगों को उत्पन्न एवं स्थिर करने वाला, सदैव दुःख पहुँचाने वाला और मृत्युदायक होता है ॥ ४ ॥

२. रौप्यम्

हि०—चाँदी अं०—Silver.

रौप्यं सौधं सितं तारं रजतं तप्तरूपकम् ।
शुभ्रं कुप्यं वसुश्रेष्ठं रुचिरं श्वेतकं मतम् ॥ ५ ॥
चन्द्रहासं चन्द्रवपुश्चन्द्रभूति महावसु ।
वाक्यलं श्रेष्ठमिच्छन्ति रश्मिजालं तथाऽपरम् ॥ ६ ॥

पर्याय—सोध, सित, तार, रजत, तप्तरूप, शुभ्र, कुप्य, वसुश्रेष्ठ, रुचिर;

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

श्वेतक, चन्द्रहास, चन्द्रवपु, चन्द्रभूति, महावसु, वाक्यल और रश्मिजाल ये पर्याय रजत के हैं ॥ ५–६ ॥

तारं च तारयति रोगसमुद्रपारं देहस्य सौख्यकरणं पलितं बलिं च ।
वर्ण्यं विषघ्नममलं हरति प्रसह्य वृष्यं पुनर्नवकरं कुरुते चिरायुः ॥ ७ ॥

गुण कर्म—शुद्ध रजत रोगसमुद्र को पार कराने वाला, शरीर को प्रसन्न रखने वाला, बलिपलित (वार्धक्यजन्य विकार) को बलात् नष्ट करने वाला, वर्ण को उत्तम बनाने वाला, विषघ्न, शुक्रल, शरीर को फिर से नया बनाने वाला तथा दीर्घायु प्रदान करने वाला है ॥ ७ ॥

अपक्वतारं प्रकरोति तापं विड्बन्धनं यच्छति शुक्रनाशम् ।
अपाटवं वीर्यबलप्रहाणिं महागदान्पोषयति प्रसिद्धम् ॥ ८ ॥

गुण-कर्म—अशुद्ध रजतभस्म दाहजनक, विबन्धकारक तथा शुक्रनाशक है। यह ग्लानिकर है, वीर्य-बल का नाश करता है तथा महाव्याधियों को उत्पन्न करता है ॥ ८ ॥

३. ताम्रम्

हि०—ताँबा अं०—Copper.

ताम्रं म्लेच्छमुखं शुल्वं रक्तकं रक्तधातुकम् ।
उदुम्बरं त्र्यम्बकं च विद्यात्त्वाष्ट्रञ्च नामतः ॥ ९ ॥
गुल्मं च कुष्ठं च गुदामयं च,
शूलानि शोफोदरपाण्डुरोगान् ।
उत्क्लेशभेदभ्रममोहदाहा-
न्निहन्ति सम्यङ्मृतमेव शुल्वम् ॥ १० ॥

पर्याय—म्लेच्छमुख, शुल्व, रक्तक, रक्तधातुक, उदुम्बर, त्र्यम्बक, त्वाष्ट्र ये पर्याय ताम्र के हैं।

गुण-कर्म—शुद्ध ताम्रभस्म गुल्म, कुष्ट, गुदविकार, शूल, शोथ, उदररोग; पाण्डु, हृल्लास, विरेचन, भ्रम, मोह, दाह को नष्ट करने वाला होता है ॥ ९–१० ॥

शुल्वं तनौ नयति शेषमशेषधातून्
रोगान् करोति विविधांश्च निहन्ति कान्तिम् ।
कुष्ठं रुजं च विषमं कुरुते विशेषात्
पाकेन हीनमिह वान्तिविरेककारि ॥ ११ ॥
हन्त्यायुरुच्चैः कुरुतेऽतितापं
मूर्च्छां विधत्ते हरते च शुक्रम् ।
नानागदानां च सहायकर्ताऽ-
शुद्धश्च शुल्वोऽत्र च जीवहर्ता ॥ १२ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—दोष—अशुद्ध ताम्रभस्म रसरक्तादि धातुओं का नाशक, विविध रोगोत्पादक, कान्ति को नष्ट करने वाला, कुष्ठ, विविध पीड़ा, वमन-विरेचन अधिक कराने वाला, आयुनाशक, संताप एवं मूर्च्छा उत्पन्न करने वाला, शुक्रनाशक, नाना प्रकार के रोगों में सहायक और अन्ततः प्राणनाशक होता है ॥ ११–१२ ॥

४. त्रपु

हि०—राँगा अं०—Tin.

त्रपु त्रपुकमानीलं रङ्गं वङ्गञ्च पिच्चटम् ।
गुरुश्रेष्ठं सलवणं सुरटी नीलिका घनम् ॥ १३ ॥
त्रपु सतिक्तमुष्णं च रूक्षं श्लेष्मविघातकृत् ।
पित्तप्रकोपशमनं विकारं कृमिजं जयेत् ॥ १४ ॥

पर्याय—त्रपुक, आनील, रङ्ग, वंग, पिच्चट, गुरुश्रेष्ठ, सलवण, सुरटी, नीलिका और घन ये पर्याय त्रपु के हैं ।

गुण-कर्म—त्रपु (रांगा) ईषत् तिक्त, उष्णवीर्य, रूक्ष, कफनाशक, पित्त-शामक तथा कृमिहर होता है ॥ १३–१४ ॥

पाकेन हीनौ खलु नागवङ्गौ
दुष्टानि गुल्मानि तथा विकोष्ठम् ।
पाण्डुप्रमोहापचिवातशोफ-
भगन्दरश्वित्रकिलासकुष्ठम् ॥ १५ ॥
मेहाश्मरीविद्रधिमुख्यरोगा-
नतीव नित्यं कुरुतो बलादौ ।
विषोपमौ रक्तविकारवृन्दं
क्षयं च कृच्छ्राणि कफज्वरं च ॥ १६ ॥

गुण-कर्म—अशुद्ध नाग तथा वंग गुल्म, कोष्ठविकार, पाण्डु, मूर्च्छा, अपची, वातविकार, शोथ, भगन्दर, श्वित्र, किलास, कुष्ठ, प्रमेह, अश्मरी, विद्रधि आदि प्रमुख रोगों को उत्पन्न करते हैं। ये दोनों बलक्षय करने वाले, विष के समान हैं और भयंकर रक्तविकार, क्षय, मूत्रकृच्छ्र और कफज्वर उत्पन्न करने वाले होते हैं ॥ १५–१६ ॥

५. रीतिका

हि०—पीतल अं०—Brass.

रीतिका काकतुण्डी च द्विविधं पित्तलं भवेत् ।
रीतिस्तु लोहकः पिङ्गः कपिलोहं सुवर्णकम् ॥ १७ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

आरं सैहलकश्चैव निष्ठुरो दारुकण्टकः ।
राजरीतिः स्मृता राज्ञी राजपुत्री महेश्वरी ॥ १८ ॥
ब्रह्माणी ब्रह्मरीतिश्च कपिला पिङ्गलाऽपि च ।

रीतिका एवं काकतुण्डी भेद से रीति दो प्रकार की होती हैं ।

पर्याय—लोहक, पिङ्ग, कपिलोह, सुवर्णक, आर, सैहलक, निष्ठुर और दारुकण्टक ये पर्याय रीति के हैं ।

राज्ञी, राजपुत्री, महेश्वरी, ब्रह्माणी, ब्रह्मरीति, कपिला और पिङ्गला ये राजरीति (काकतुण्डी) के पर्याय हैं ॥ १७–१८ ॥

रीतिद्वयं सकलपाण्डुसमीरणघ्नं रूक्षं सरं कृमिहरं लवणं विषघ्नम् ।
वृष्यं बलीपलितनाशनमुग्रमायुर्वृद्धिं करोति सहसा च रसायनाग्र्यम् ॥१९॥

गुण-कर्म—दोनों प्रकार की रीति सकल पाण्डुरोग एवं वायु के नाशक, रूक्ष, सारक, कृमिहर, लवणरसयुक्त तथा विषघ्न होती है। ये शुक्रवर्धक, वलीपलित (वार्धक्यविकार) नाशक, आयुवर्धक तथा श्रेष्ठ रसायन हैं ॥ १९ ॥

६. सीसकम्

हि०—शीशा अं०—Lead.

सीसकं नागमुरगं कृष्णोरोगभुजङ्गमाः ।
यवनेष्टं विशिष्टं च योगीष्टं चीरपिष्टकम् ॥ २० ॥
नागो हि नागसममेव बलं ददाति,
व्याधीन्विनाशयति चाऽऽयुरलं करोति ।
सद्यो विवर्धयति सोऽपि प्रधानधातुं,
मृत्युं निवारयति चापि भुजङ्गराजः ॥ २१ ॥

पर्याय—नाग, उरग, कृष्णोरग, भुजंगम, यवनेष्ट, विशिष्ट, योगीष्ट और चीरपिष्टक ये पर्याय सीसक के हैं ।

गुण-कर्म—नाग (शीशा) हाथी के समान बल देने वाला, रोगों का नाश करनेवाला, आयुवर्धक, ओज की वृद्धि करने वाला तथा मृत्यु को भी पराजित करने वाला होता है ॥ २०–२१ ॥

७. कांस्यम्

हि०—कांसा अं०—Bell metal.

कांस्यं लोहं निजं घोषं प्रकाशं कांस्यकं बलम् ।
घोषपुष्पं च पठितं शब्दैः पर्यायवाचकैः ॥ २२ ॥
कांस्यं तिक्तोष्णरूक्षं च लघु लेखि प्रकीर्तितम् ।
अञ्जनादिप्रयुक्तं च दिव्यदृष्टिप्रदायकम् ॥ २३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—निज लोह, घोष, प्रकाश, कांस्यक, वल, घोषपुष्प ये पर्याय कांस्य के हैं।

गुण-कर्म—कांस्य तिक्त, उष्णवीर्य, रूक्ष, लघु, लेखन, अञ्जनादि में प्रयुक्त होकर दृष्टि के लिए हितकर होता है ॥ २२–२३ ॥

८. लोहम्

हि०—लोहा अं०—Iron.

लोहं शस्त्रं घनं पिण्डं तीक्ष्णं पारशवं शिवम्।
अयः कृष्णायसं वीरं भ्रमरं कृष्णलोहकम् ॥ २४ ॥
मुण्डं तीक्ष्णं च कान्तं च त्रिप्रकारमयः स्मृतम्।
मृदु कण्टं कडारं च त्रिविधं मुण्डमुच्यते ॥ २५ ॥

पर्याय—शस्त्र, घन, पिण्ड, तीक्ष्ण, पारशव, शिव, अयस्, कृष्णायस, वीर, भ्रमर, कृष्ण-लोह ये लोह के पर्याय हैं।

भेद—लोह तीन प्रकार के होते हैं:—१. मुण्ड लोह; २. तीक्ष्ण लोह; ३. कान्त लोह। मुण्ड लोह भी तीन प्रकार का होता है—१. मृदु, २. कण्ट; ३. कडार ॥ २४–२५ ॥

खरसारं च हर्तालं तालं बल्लं च वज्रम्।
काललोहाभिधानं च षड्विधं तीक्ष्णमुच्यते ॥ २६ ॥

तीक्ष्ण लोह छः प्रकार का होता है—१. खरसार, २. हरताल, ३. ताल; ४. वल्ल, ५. वज्र, ६. काललोह ॥ २६ ॥

भ्रामरं चुम्बकं चैव रञ्जकालोचकं तथा।
एवं चतुर्विधं कान्तं रोमकान्तं च पञ्चमम् ॥ २७ ॥

कान्त लोह चार प्रकार का होता है। १. भ्रामर, २. चुम्बक, ३. रञ्जक, ४. आलोचक और पाँचवा रोमकान्त है ॥ २७ ॥

कषायं शोफशूलार्शःकुष्ठपाण्डुप्रमेहजित्।
लोहं तिक्तोष्णरूक्षं स्यात् पाण्डुरोगहरं परम् ॥ २८ ॥
कफपित्तापहं पुंसां रसायनमनुत्तमम्।

गुण-कर्म—लोह कषाय, शोथ, शूल, अर्श, कुष्ठ, पाण्डु, प्रमेह को दूर करने वाला होता है। यह तिक्त, उष्णवीर्य, रूक्ष और श्रेष्ठ पाण्डुरोगनाशक है। यह कफ-पित्तशामक तथा श्रेष्ठ रसायन है ॥ २८ ॥

दोषकारि गदकारि चाऽऽयसं चेदशुद्धमसुसंस्कृतं ध्रुवम्।
पाटवं न तनुते शरीरके दारुणां हृदि रुजं करोति च ॥ २९ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—अशुद्ध एवं असंस्कारित लोह दोषों (वात, पित्त, कफ) को बढ़ाने वाला, रोगों को उत्पन्न करने वाला, शरीर को शिथिल करने वाला तथा हृदय में तीव्र पीड़ा उत्पन्न करने वाला होता है ॥ २९ ॥

९. वर्तलोहम् (लोहविशेषः)

वर्तलोहं वट्टलोहं वर्तकं लोहमेव च।
वर्तुलोहं च विख्यातं पञ्चलोहं च नीलिका ॥ ३० ॥
वर्तलोहं हिमं विद्यादम्लं कटुकमेव च।
रूक्षं कफविकारघ्नं हन्यात्पित्तोद्भवा रुजः ॥ ३१ ॥

पर्याय—वट्टलोह, वर्तकलोह, वर्तुलोह, पञ्चलोह और नीलिका ये वर्तलोह के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—वर्तलोह शीतवीर्य, अम्ल-कटु, रूक्ष, कफपित्तजन्य रोगों का नाशक है ॥ ३०–३१ ॥

१०. लोहोच्छिष्टम् (लोहविशेषः)

लोहोच्छिष्टं च मण्डूरं किट्टं चैव मलोद्भवम्।
लोहोत्थं लोहनिर्यासमयःशिष्टं च कीर्तितम् ॥ ३२ ॥
आमवातहरणं च शोभनं पाण्डुमेहगदनाशनाग्रजम्।
दुष्टकुष्ठपवनास्रवातजित्स्याज्जराकृतवलीविनाशनम् ॥ ३३ ॥

पर्याय—लोहोच्छिष्ट, किट्ट, मलोद्भव, लोहोत्थ, लोहनिर्यास, अयःशिष्ट ये पर्याय मण्डूर के हैं।

गुण-कर्म—मण्डूर आमवात, पाण्डु, प्रमेह को नष्ट करने में प्रधान, दुष्टकुष्ठ, वातव्याधि, वातरक्त, जराजन्य वली को दूर करता है ॥ ३२–३३ ॥

११. पारदः

हि०—पारा अं०—Mercury.

पारदो रुद्ररेतश्च रसलोहं महारसम्।
रसेन्द्रं चपलं सूतं पारदीयं रसोत्तमम् ॥ ३४ ॥
पारदः कृमिकुष्ठघ्नं आयुष्यो दृष्टिदः परः।
सुबल्यः सकषायश्च मूर्च्छितोऽसौ गदापहः ॥ ३५ ॥

पर्याय—रुद्ररेत, रसलोह, महारस, रसेन्द्र, चपल, सूत, पारदीय और रसोत्तम ये पर्याय पारद के हैं।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—पारद कृमिघ्न, कुष्ठनाशक, आयुवर्धक, नेत्रों के लिए हितकर; बलकारक तथा ईषत् कषाय होता है। मूर्च्छित पारद रोगों को दूर करने वाला होता है ॥ ३४–३५ ॥

संस्कारहीनं खलु सूतराजं
सेवेत यस्तस्य करोति बाधाम्।
देहस्य नाशं विदधाति नूनं
कुष्ठादिदोषाञ्जनयेन्नराणाम् ॥ ३६ ॥

संस्कारहीन पारद के सेवन से अनेक रोग उत्पन्न होते हैं। यह शरीर का नाश करता है तथा कुष्ठ आदि रोग उत्पन्न करता है ॥ ३६ ॥

१२. हिङ्गुलम् (पारदचूर्णविशेषः)

हिङ्गुलं दरदं म्लेच्छं हिङ्गूलं चूर्णपारदम्।
मणिरागकरं चान्यन्नाम्ना चर्मानुरञ्जनम् ॥ ३७ ॥
हिङ्गुलं कटुकं पाके वीर्ये चोष्णं प्रकीर्तितम्।
विषकुष्ठविसर्पादित्वग्दोषदलनं स्मृतम् ॥ ३८ ॥

पर्याय—दरद, म्लेच्छ, हिङ्गूल, चूर्णपारद, मणिरागकर और चर्मानुरञ्जन ये पर्याय हिङ्गुल के हैं।

गुण-कर्म—हिङ्गुल विपाक में कटु, उष्णवीर्य होता है। यह विष, कुष्ठ, विसर्प आदि त्वग्विकारों को नष्ट करता है ॥ ३७–३८ ॥

हिङ्गुलं मधुरं तिक्तमुष्णं वातकफापहम्।
त्रिदोषद्वन्द्वदोषोत्थं ज्वरं हरति सेवितम् ॥ ३९ ॥

हिङ्गुल रस में मधुर-तिक्त, उष्णवीर्य, वातकफशामक तथा त्रिदोषज एवं द्वंदज ज्वरों को नष्ट करने वाला होता है ॥ ३९ ॥

रत्नानि

१३. वैक्रान्तम्

हि०—तुरमली अं०—Tourmaline.

वैक्रान्तं क्रान्तसंज्ञं स्याद् वज्रो भूमिरजस्तथा।
गोनसं क्षुद्रकुलिशं जीर्णवज्रं तु वज्रकम् ॥ ४० ॥
तत्तु सप्तविधं प्रोक्तमनेककर्मकारकम्।
षट्कोणं तीक्ष्णधारं च स्वच्छमिन्द्रधनुश्छवि ॥ ४१ ॥
तदुत्तमं तु वैक्रान्तं हितं प्रोक्तं रसायने।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—क्रान्त, वज्र, भूमिरज, गोनस, क्षुद्रकुलिश, जीर्णवज्र और वज्रक ये पर्याय वैक्रान्त के हैं। यह सात प्रकार का होता है जिनका उपयोग अनेक कर्मों में होता है। जो वैक्रान्त षट्कोण, तीक्ष्णधार, स्वच्छ, इन्द्रधनुष के रङ्ग का होता है वह उत्तम माना जाता है और रसायन के लिए उपयोगी है ॥ ४०–४१ ॥

मेहषाण्ढ्याशुवार्धक्यक्षयग्रहणिकासजित् ।
वृष्यो रसायनो बल्यो वैक्रान्तो वह्निदीपनः ॥ ४२ ॥

आयुष्प्रदश्च बलवर्णकरोऽतिवृष्यः,
प्रज्ञाप्रदः सकलदोषगणापहारी ।
दीप्ताग्निकृत् पविसमानगुणस्तरस्वी,
वैक्रान्तकः खलु वपुर्बललोहकारी ॥ ४३ ॥

गुण-कर्म—वैक्रान्त प्रमेह, नपुंसकता, असमय वार्धक्य, क्षय, ग्रहणी और कास को नष्ट करने वाला, शुक्रवर्धक, रसायन, बलकारक और अग्निदीपन होता है। यह आयुप्रद, बलप्रद, कान्ति को उत्तम करने वाला, वाजीकरण, मेध्य एवं सभी प्रकार के दोषों को दूर करता है। वैक्रान्त अग्निवर्धक एवं हीरक के तुल्य गुणों से युक्त, शरीर को लोहे के समान सुदृढ़ बना देता है ॥ ४२–४३ ॥

अशुद्धवज्रं गुरु पाण्डुतापहृत्पार्श्वपीडाऽरुचिकुष्ठकारि ।
शुद्धं मृतं सौख्यबलप्रदं स्याद् वैक्रान्तभस्मापि रसायनं च ॥ ४४ ॥

गुण-कर्म—अशुद्ध वैक्रान्त भस्म गुरु, पाण्डुरोग, ज्वर, हृदय एवं पार्श्व में पीड़ा, अरुचि और कुष्ठ उत्पन्न करनेवाला होता है। शुद्ध वैक्रान्त भस्म सौख्यप्रद, बलवर्धक एवं रसायन होता है ॥ ४४ ॥

१४. गारुत्मतम्

हि०—पन्ना अं०—Emerald.

गारुत्मतं मरकतं रौहिणेयं हरिन्मणिः ।
सौपर्णं गरुडोद्गीर्णं बुधरत्नाश्मगर्भजम् ॥ ४५ ॥
गरलारिर्वायवालं गारुडं रुद्रसम्मितम् ।
रौहिणेयं विषघ्नं च शीतलं मधुरं रसे ॥ ४६ ॥
अम्लपित्तहरं वृष्यं पुष्टिदं भूतनाशनम् ।

पर्याय—मरकत, रौहिणेय, हरिन्मणि, सौपर्ण, गरुडोद्गीर्ण, बुधरत्न, अश्मगर्भज, गरलारि, वायवाल और गारुड़ ये पर्याय गारुत्मत के हैं।

गुण-कर्म—पन्ना विषहर, शीतवीर्य, मधुररस, अम्लपित्तनाशक, शुक्रवर्धक, पौष्टिक और भूतबाधा को दूर करने वाला होता है ॥ ४५–४६ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१५. हीरकम्

हि०—हीरा अं०—Diamond.

हीरकं भिदुरं वज्रं सद्रत्नमशनिः पविः।
सूचिवक्त्रं वराहं च कुलिशं भार्गवं स्मृतम् ॥ ४७ ॥
अभेद्यमशिरं रत्नं दृढं भार्गवकं स्मृतम्।
षट्कोणं बहुधारं च शतकोट्यब्धिभूमिजम् ॥ ४८ ॥

पर्याय—भिदुर, वज्र, सद्रत्न, अशनि, पवि, सूचिवक्त्र, वराह, कुलिश और भार्गव ये पर्याय हीरक के हैं। हीरक अभेद्य, शिरारहित, दृढ, षट्कोण, अनेक धार वाला, शतकोटि युक्त, समुद्र और भूमि में प्राप्त होने वाला है ॥ ४७–४८ ॥

रुजां समूहं हरते नराणां,
बलं सुरूपं विदधाति युक्त्या।
देहस्य सौख्यं च सदा करोति
चिरं तथाऽऽयुः पलितं च हन्ति ॥ ४९ ॥
आयुष्प्रदं झटिति सद्गुणदं च वृष्यं,
दोषत्रयप्रशमनं सकलामयघ्नम्।
सूतेन्द्रबन्धबधसद्गुणकृत् प्रदीपं
मृत्युञ्जयं तदमृतोपममेव वज्रम् ॥ ५० ॥

गुण-कर्म—हीरा समस्त रोगों को नष्ट करने वाला, बलवर्धक, कान्ति बढ़ाने वाला, शरीर को सुखी करने वाला, आयुष्य, पलितनाशक है। यह शीघ्र आयुवर्धक, शुक्रल, उत्तम गुणदायक, त्रिदोषहर, सभी रोगों का नाशक, पारद के बन्ध, मारण तथा सद्गुणों की उत्पत्ति में सहायक, प्रकाशजनक, मृत्युञ्जय एवं अमृततुल्य है ॥ ४९–५० ॥

पीडां विधत्ते विविधां नराणां
कुष्ठं क्षयं पाण्डुगदं च दुष्टम्।
हृत्पार्श्वपीडां कुरुतेऽतिकृच्छ्रा-
मशुद्धवज्रं गुरुतापकारि ॥ ५१ ॥

गुण-कर्म—अशुद्ध वज्र विविध प्रकार की पीड़ा उत्पन्न करने वाला, कुष्ठ, क्षय, पाण्डु आदि दुष्ट रोगों का जनक, हृदय एवं पार्श्व में अति दुःसह पीड़ा करने वाला तथा गुरु तथा संताप उत्पन्न करने वाला होता है ॥ ५१ ॥

१६. राजावर्तः (हीरकविशेषः)

राजावर्तश्च राजा च नीलाश्मा तु नृपोपलः।
सुवर्णधातू राजाद्री राजप्रस्तर एव च ॥ ५२ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

राजावर्तः कटुः स्निग्धः शिशिरः पित्तनाशनः।
सौभाग्यं कुरुते नृणां भूषणेषु प्रयोजितः॥ ५३॥

पर्याय—राजा, नीलाश्मा, नृपोपल, सुवर्णधातु, राजाद्रि और राजप्रस्तर ये पर्याय राजावर्त के हैं।

गुण-कर्म—राजावर्त कटु, स्निग्ध, शीतवीर्य, पित्तनाशक तथा भूषण में धारण करने पर सौभाग्य (मङ्गलमय) करने वाला होता है॥ ५२–५३॥

१७. मौक्तिकम्

हि०—मोती अं०—Pearl.

मौक्तिकं शुक्तिजं स्फोटशुक्तिजं शुक्तिसम्भवम्।
भूषणार्हतमं श्रेष्ठं शौक्तिकं भौतिकं तथा॥ ५४॥

मौक्तिकं मधुरं शीतं सरं दृष्टिभवं गदम्।
उन्मूलयति पित्तं च हारालिङ्गेन दाहहृत्॥ ५५॥

पर्याय—शुक्तिज, स्फोटशुक्तिज, शुक्तिसंभव, भूषणार्हतम, शौक्तिक और भौतिक ये पर्याय मौक्तिक के हैं।

गुण-कर्म—मोती मधुर, शीतवीर्य, सारक, नेत्रों के रोगों को दूर करने वाला तथा हार और स्पर्श से दाहशामक है॥ ५४–५५॥

१८. प्रवालम्

हि०—मूँगा अं०—Coral.

प्रवालं विद्रुमं रक्तं भूषणार्हं सुवल्लिजम्।
समुद्रजं महारक्तं वल्लीपाषाणसम्भवम्॥ ५६॥

पक्वबिम्बीफलच्छायं वृत्तायनमवक्रकम्।
स्निग्धमव्रणकं स्थूलं प्रवालं सप्तधा शुभम्॥ ५७॥

पाण्डुरं धूसरं रूक्षं सव्रणं कण्डरान्वितम्।
निर्भारं शुभ्रवर्णं च नेष्यते सप्तधा त्विदम्॥ ५८॥

पर्याय—विद्रुम, रक्त, भूषणार्ह, सुवल्लिज, समुद्रज, महारक्त, वल्लीपाषाणसम्भव ये प्रवाल के पर्याय हैं। पक्वबिम्बी फल के सदृश वर्ण वाला, वेलनाकार, वक्रतारहित, स्निग्ध, व्रणरहित, स्थूल और गुरु ये प्रवाल के सात गुण हैं। (इन गुणों से युक्त प्रवाल ग्राह्य होता है)। पाण्डुर, धूसर, रूक्ष, व्रणयुक्त, कण्डरायुक्त, लघु तथा श्वेतवर्ण, इन सात दोषों से युक्त प्रवाल अग्राह्य है॥ ५६–५८॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

प्रवालकं सरं शीतं कफपित्तादिदोषनुत् ।
दृष्टिदोषविघाताय विषनाशाय चेष्यते ॥ ५६ ॥

गुण-कर्म—प्रवाल सारक, शीतवीर्य, कफ, आदि दोषों का नाशक, नेत्ररोगों का नाशक तथा विषघ्न है ॥ ५६ ॥

धान्यानि

१९. शालिः

Oryza sativa Linn.

Fam.—Gramineae. हि०—धान, चावल

अं०—Paddy, Rice.

रक्तशालिर्महाशालिः सुगन्धप्रसवस्तथा ।
वृन्दारको मुष्टिकश्च शालीनां प्रवराः स्मृताः ॥ ६० ॥

शालिभेदा—रक्तशालि, महाशालि, सुगन्धप्रसव, वृन्दारक और मुष्टिक ये शालिधान्यों में श्रेष्ठ हैं ॥ ६० ॥

शाबरः कृष्णशालिश्च हासो वृन्दक एव च ।
कृष्णव्रीहिश्च गौरश्च शालयो विविधाः स्मृताः ॥ ६१ ॥

श्वेतशालिर्महाशालिः स चोक्तो वर्णपूरकः ।
खरशूकश्च काकश्च स च सूकरवालकः ॥ ६२ ॥
अरण्यधान्यनामा च जलजः सप्रसादकः ।

पर्याय—शाबर, कृष्णशालि, हास, वृन्दक, कृष्णव्रीहि, गौर ये शालि की विविध जातियाँ हैं । महाशालि श्वेत वर्ण होता है, इसे वर्णपूरक भी कहते हैं । जिसके शूक खर होते हैं तथा जिसे कौये खाते हैं वह सूकरवालक कहलाता है । इनके अतिरिक्त, वन्य धान्य तथा जलज धान्य प्रसादक आदि भी होते हैं ॥ ६१–६२ ॥

२०. व्रीहिः

षष्टिकस्तु महाव्रीहिः कृष्णव्रीहिस्ततोऽनु च ।
यवकश्चैव पाक्यश्च रक्तः सारमुखस्तथा ॥ ६३ ॥

पर्याय—व्रीहि के भेदों में सर्वप्रथम षष्टिक उसके बाद महाव्रीहि है और उसके बाद कृष्णव्रीहि का स्थान है । इनके अतिरिक्त, यवक, पाक्य, रक्त तथा सारमुख—ये भेद व्रीहि के होते हैं ॥ ६३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

२१. शालिव्रीहिगुणाः

शीतो गुरुस्त्रिदोषघ्नो मधुरो गौरषष्टिकः ।
किञ्चित् ततो गुरुस्तस्मादपरो रसपाकतः ॥ ६४ ॥
महाशालिः परो वृष्यः कलमः श्लेष्मपित्तहा ।
मधुरश्चाम्लपाकश्च व्रीहिः पित्तकरो गुरुः ॥ ६५ ॥
अत्युष्णो बहुनिष्यन्दी पाटलस्तु त्रिदोषकृत् ।
बहूष्मा बहुविण्मूत्रो व्रीहिराशुस्त्रिदोषलः ॥ ६६ ॥

गुण-कर्म—गौरषष्टिक शीतवीर्य, गुरु, त्रिदोषहर, एवं मधुर होता है। उसके अन्य भेद उत्तरोत्तर गुरु होते हैं। महाशालि उत्तम शुक्रवर्धक तथा कलम कफ-पित्तशामक होता है। व्रीहि मधुर, अम्लविपाक, पित्तवर्धक एवं गुरु होता है। पाटल अत्युष्ण, अत्यन्त अभिष्यन्दी तथा त्रिदोषकारक होता है। आशु व्रीहि (शीघ्र होने वाला) अत्यन्त उष्ण, अतिमात्रा में पुरीष और मूत्र उत्पन्न करने वाला तथा त्रिदोषजनक होता है॥ ६४–६६ ॥

२२. यवः

Hordeum vulgare Linn.
Fam.—Gramineae.
हि०—जौ; अं०—Barley.

अक्षतास्तीक्ष्णशूकाश्च यवाश्चैव तु नामतः ।
रूक्षः शीतो गुरुः स्वादुः सरो विड्वातकृद्यवः ॥ ६७ ॥
वृष्यः स्थैर्यकरो मूत्रमेदःपित्तकफाञ्जयेत् ।
पीनसश्वासकासोरुस्तम्भकण्ठत्वगामयान् ॥ ६८ ॥

पर्याय—अक्षत और तीक्ष्णशूक ये पर्याय यव के हैं।

गुण-कर्म—यव रूक्ष, शीतवीर्य, गुरु, मधुर, सारक, पुरीषजनन, वातवर्धक; शुक्रजनन, स्थिरता करने वाला, मूत्र, मेद, पित्त तथा कफ को कम करने वाला है। यह पीनस, श्वास, कास, ऊरुस्तम्भ, कण्ठ एवं चर्मविकार को नष्ट करने वाला होता है॥ ६७–६८ ॥

२३. मुद्गः

Phaseolus aureus Roxb.
Fam.—Leguminosae.
हि०—मूँग अं०—Green gram.

वासन्ताः कृष्णमुद्गाश्च शारदा हरितास्तथा ।
मुद्गास्तु नामतः प्रोक्ताः सूपश्रेष्ठाः रसोत्तमाः ॥ ६९ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

मुद्गः किलाटो माङ्गल्यो हरितः शारदोऽपि च ।
पित्तप्रसेको वसुको माधवः प्रवरोऽसितः ॥ ७० ॥
मुद्गो रूक्षो लघुर्ग्राही कफपित्तहरो हिमः ।
स्वादुरल्पानिलो नेत्र्यो वन्योऽप्येतद्गुणः स्मृतः ॥ ७१ ॥
हरितः प्रवरस्तेषां तच्छाकं तिक्तमुत्तमम् ।
कृष्णमुद्गस्तु वरको राजमुद्गस्तु खण्डकः ॥ ७२ ॥

पर्याय—कृष्णमुद्ग वासन्त तथा हरितमुद्ग शारद कहलाता है। मूंग सर्वश्रेष्ठ (दालों में सर्वोत्तम) तथा रसोत्तम (उत्तमरसयुक्त) है। हरित मुद्ग के पर्याय किलाट, माङ्गल्य और शारद तथा कृष्णमुद्ग के पर्याय पित्तप्रसेक, वसुक और माधव हैं।

गुण-कर्म—मुद्ग रूक्ष, लघु, संग्राही, कफपित्तहर, शीतवीर्य, मधुर, किञ्चित् वातवर्धक, नेत्रों के लिए हितकर होता है। वन्य (जंगली मूंग) के भी गुण यही हैं। इनमें हरित मुद्ग सर्वश्रेष्ठ है। इसका शाक तिक्त और उत्तम होता है। कृष्ण मुद्ग को वरक और राजमुद्ग को खण्डक भी कहते हैं॥ ६९–७२॥

२४. राजमाषः

Vigna catiang Walp.

Fam.—Leguminosae.

माषो बीजवरो धारिश्चवलो राजमाषकः ।
राजमाषो नीलमाषो नृपमाषो नृपोचितः ॥ ७३ ॥
राजमाषः सरो रुच्यः कफपित्तास्रशुक्रनुत् ।
सुस्वादुः वातलो रूक्षः कषायो विशदो गुरुः ॥ ७४ ॥

पर्याय—बीजवर, धारि, चवल, राजमाषक, नीलमाष, नृपमाष और नृपोचित ये राजमाष के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—राजमाष सारक, रुचिकर, कफ, पित्त, रक्तविकार एवं शुक्र को नष्ट करने वाला, स्वादिष्ट, वातवर्धक, रूक्ष, कषाय, विशद और गुरु होता है॥ ७३–७४॥

२५. कोद्रवः

Paspalum scrobiculatun (Linn.)

Fam.—Gramineae. हि०—कोदो

कोद्रवः कोरदूषः स्यादुद्दालो वनकोद्रवः ।
कोद्रवः शीतलो ग्राही विषपित्तकफाञ्जयेत् ॥ ७५ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—कोद्रव और कोरदूष तथा उद्दालक और वनकोद्रव पर्यायवाची हैं।

गुण-कर्म—कोदो शीतवीर्य, ग्राही, विष, पित्त और कफ को दूर करने वाला होता है ॥ ७५ ॥

२६. नीवारः

Hygroryza aristata Nees.

Fam.—Gramineae. हि०—तेनी
अं०—Wild rice

नीवारस्तापसश्चैव मुनिभक्तः प्रसादकः ।
अरण्यधान्यनामा च रसिकश्च प्रकीर्तितः ॥ ७६ ॥
नीवारो मधुरः स्निग्धः पवित्रः पथ्यदो लघु ।

पर्याय—तापस, मुनिभक्त, प्रसादक, अरण्यधान्य और रसिक ये पर्याय नीवार के हैं।

गुण-कर्म—तेनी का चावल मधुर, स्निग्ध, पवित्र, पथ्य तथा लघु होता है ॥ ७६ ॥

२७. श्यामाकः

Echinochloa frumentacea (Linn.)

Fam.—Gramineae. हि०—साँवा

श्यामाकस्तृणबीजश्च मुनिभक्ष्यो गवां प्रियः ।
सुकुमारो राजधान्यं तृणबीजोत्तमश्च सः ॥ ७७ ॥
श्यामाको मधुरः स्निग्धः कषायो लघुशीतलः ।
वातकृत्कफपित्तघ्नः संग्राही विषदोषनुत् ॥ ७८ ॥

पर्याय—तृणबीज, मुनिभक्ष्य, गोप्रिय, सुकुमार, राजधान्य और तृणबीजोत्तम ये श्यामाक के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—साँवा मधुर-कषाय, स्निग्ध, लघु, शीतवीर्य, वातवर्धक, कफ-पित्तहर, संग्राही और विषविकार को नष्ट करने वाला होता है ॥ ७७-७८ ॥

२८. प्रियङ्गुः

Setaria italica (Linn.) Beauv.

Fam.—Gramineae. हि०—कङ्गुनी, टङ्गुनी

प्रियङ्गुः कङ्गुकश्चैव चीनकः पीततण्डुलः ।
अस्थिसम्बन्धनश्चैव कङ्गुनी षट् च कथ्यते ॥ ७९ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

प्रियङ्गुर्मधुरो रुच्यः कषायः स्वादुशीतलः।
वातकृत्पित्तदाहघ्नो रूक्षो भग्नास्थिबन्धकृत् ॥ ८० ॥

पर्याय—कङ्गुक, चीनक, पीततण्डुल, अस्थिसंबधन, कङ्गुनी ये पर्याय प्रियङ्गु के हैं।

गुण-कर्म—प्रियङ्गु मधुर, रुचिकारक, कषाय-मधुर, शीतवीर्य, वातवर्धक; पित्तघ्न एवं दाहहर, रूक्ष तथा टूटी हुई अस्थियों को जोड़ने वाला होता है ॥ ७९-८० ॥

२९. मकुष्ठः (वनमुद्गः)

Phaseolus aconitifolius Jac.

Fam.—Leguminosae. हि०—मोठ, मोट

मकुष्ठको निरूढश्च वनमुद्गः क्रमीलकः।
मकुष्ठो वातलो ग्राही कफपित्तहरो लघुः ॥ ८१ ॥

पर्याय—मकुष्ठक, वनमुद्ग, क्रमीलक ये पर्याय मकुष्ठ के हैं।

गुण-कर्म—मकुष्ठ वातवर्धक, ग्राही, कफ-पित्तशामक और लघु होता है ॥ ८१ ॥

३०. आढकी

Cajanus indicus Spreng.

Fam.—Leguminosae. हि०—अरहर

आढकी तुवरी तुल्या करवीरभुजा तथा।
वृत्तबीजा पीतपुष्पा श्वेता रक्ताऽसिता त्रिधा ॥ ८२ ॥
आढकी कफपित्तघ्नी किञ्चिन्मारुतकोपनी।
कषाया स्वादुसंग्राही कटुपाका हिमा लघुः ॥ ८३ ॥
मेदःश्लेष्मास्रपित्तेषु हिता लेपोपसेकयोः।

पर्याय—तुवरी, करवीरभुजा, वृत्तबीजा, पीतपुष्पा ये पर्याय आढकी के हैं। आढकी तीन प्रकार की होती है—१. श्वेत, २. रक्त, ३. असित; (कृष्ण)।

गुण-कर्म—अरहर कफपित्तशामक, किंचित् वातवर्धक, कषाय, मधुर, संग्राही; विपाक में कटु, शीतवीर्य, लघु होती है। यह मेद, कफ, रक्तविकार, पित्त के लिए हितकर है। इसे प्रलेप एवं परिषेक के रूप में प्रयोग करना चाहिये ॥ ८२-८३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

३१. मसूरः

Ervum lens Linn.

Fam.—Leguminosae. हि०—मसूर, मसुरी

मसूरा मधुराः सूप्याः पृथवः पित्तभेषजम् ।
मसूरो मधुरः शीतः संग्राही कफपित्तहा ॥
वातामयकरश्चैव मूत्रकृच्छ्रहरो लघुः ॥ ८४ ॥

पर्याय—मसूर, मधुर, सूप्य, पृथु, पित्तभेषज ये पर्यायवाची हैं ।

गुण-कर्म—मसूर मधुर, शीतवीर्य, संग्राही, कफ-पित्तशामक, वातकारक, मूत्रकृच्छ्र को दूर करने वाला और लघु होते हैं ॥ ८४ ॥

३२. गोधूमः

Triticum sativum Linn.

Fam.—Gramineae. हि०—गेहूँ; अं०—Wheat.

गोधूमो यवकश्चैव हुडुम्बो म्लेच्छभोजनः ।
गिरिजः सत्यनामा च रसिकश्च प्रकीर्तितः ॥ ८५ ॥
वृष्यः शीतो गुरुः स्निग्धो जीवनो वातपित्तहा ।
सन्धानो बृंहणो बल्यो गोधूमः स्थैर्यकृत् सरः ॥ ८६ ॥

पर्याय—यवक, हुडुम्ब, म्लेच्छभोजन, गिरिज, सत्यनामा और रसिक ये पर्याय गोधूम के हैं ।

गुण-कर्म—गोधूम शुक्रवर्धक, शीतवीर्य, गुरु, स्निग्ध, जीवन के लिए हितकर, वात-पित्तशामक, संधानकारक, बृंहण, बलवर्धक, शरीर को स्थिर (दृढ) बनानेवाला तथा सारक होता है ॥ ८५-८६ ॥

३३. धान्यमाषः

Phaseolus mungo Linn.

Fam.—Leguminosae. हि०—उड़द

धान्यमाषस्तु विज्ञेयः कुरुविन्दो वृषाकरः ।
मांसलश्च बलाढयश्च पित्र्यश्च पितृजोत्तमः ॥ ८७ ॥
स्निग्धोष्णो मधुरो वृष्यो मेदोमांसबलप्रदः ।
वातनुद्बृंहणो बल्यो माषो बहुमलो गुरुः ॥ ८८ ॥

पर्याय—कुरुविन्द, वृषाकर, मांसल, बलाढच, पित्र्य और पितृजोत्तम ये पर्याय धान्यमाष के हैं ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—उड़द स्निग्ध, उष्णवीर्य, मधुर, शुक्रवर्धक, मेद, मांस, और बल को बढ़ाने वाला, वातशामक, बृंहण, बलकारक, पुरीषजनन और गुरु होता है ॥ ८७–८८ ॥

३४. चणकः

Cicer arietinum Linn.

Fam.—Leguminosae. हि०—चना, बूँट, छोला

हरिमन्थाः सुगन्धाश्च चणकाः कृष्णकञ्चुकाः ।
कफास्रपित्तपुंस्त्वघ्नाश्चणका वातला हिमाः ॥ ८९ ॥
लघवो भृष्टचणका आमक्लमहराः पराः ।
छर्दिघ्ना रोचनाः शुष्कास्तेजोवीर्यबलप्रदाः ॥ ९० ॥

पर्याय—हरिमन्थ, सुगन्ध और कृष्णकञ्चुक ये पर्याय चणक के हैं।

गुण-कर्म—चणक कफ, रक्तविकार, पित्त एवं पुंस्त्व को नष्ट करने वाला; वातवर्धक एवं शीतवीर्य होता है। भृष्टचणक लघु, आम दोष एवं थकावट को दूर करने वाला, वमननाशक, रुचिकर, शुष्क तथा तेज, वीर्य एवं बल को बढ़ाने वाला होता है ॥ ८९–९० ॥

३५. कलायः (हरिमन्थविशेषः)

Pisum sativum Linn.

Fam.—Leguminosae. हि०—मटर

कलायो मुण्डचणको हरेणुकसतीनकौ ।
त्रासनो नलकः कण्ठी हरेणुर्वर्तुलः स्मृतः ॥ ९१ ॥
वर्तुलः शीतलो ग्राही कफपित्तहरो लघुः ।
विपाके मधुरो रूक्षो वातलो भक्षणप्रियः ॥ ९२ ॥

पर्याय—मुण्डचणक, हरेणुक, सतीनक, त्रासन, नलक, कण्ठी, हरेणु और वर्तुल ये कलाय के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—कलाय (मटर) शीतवीर्य, ग्राही, कफ-पित्तहर और लघु होता है। यह विपाक में मधुर, रूक्ष, वातवर्धक और खाने में स्वादिष्ट है ॥ ९१–९२ ॥

३६. कुलत्थः

Dolichos biflorus Linn.

Fam.—Leguminosae. हि०—कुलथी

कुलत्थास्ताम्रवर्णाश्च कलावृत्तानिलापहाः ।
कर्षणाः पीतमुद्गाश्च त्वतिस्कन्धाः सुराष्ट्रकाः ॥ ९३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

उष्णः कुलत्थो रसतः कषायः कटुर्विपाके कफमारुतघ्नः ।
शुक्राश्मरीगुल्मनिषूदनश्च संग्राहकः पीनसकासहन्ता ॥ ९४ ॥
आनाहमेदोऽरुचिकीलहिक्काश्वासापहः शोणितपित्तकृच्च ।
बलासहन्ता नयनामयघ्नो विशेषतो वन्यकुलत्थ उक्तः ॥ ९५ ॥

पर्याय—ताम्रवर्ण, कलावृत्त, अनिलापह, कर्षण, पीतमुद्ग, अलिस्कन्ध और सुराष्ट्रक ये पर्याय कुलत्थ के हैं ।

गुण-कर्म—कुलत्थ उष्णवीर्य, कषायरस, विपाक में कटु, कफ-वातशामक; शुक्र, अश्मरी एवं गुल्म को नष्ट करने वाला, संग्राही, पीनस तथा कास को दूर करने वाला, आनाह, मेदोरोग, अरुचि, अर्श, हिक्का तथा श्वास रोग को दूर करनेवाला, रक्तपित्तकारक है । वन्य कुलत्थ विशेषतः कफघ्न एवं नेत्ररोग नाशक हैं ।

विमर्श—वन्यकुलत्थ (चक्षुष्या या चाकसू) Cassia absus Linn. है ॥ ९३–९५ ॥

३७. जूर्णा (धान्यविशेषः)

जूर्णाह्वा योनलाः प्रोक्ता यावनाला युगन्धराः ।
कफपित्तहरा वृष्या मृदवो गुरवो हिमाः ॥ ९६ ॥
रूक्षा विष्टम्भिनश्चैव न पथ्या गुदरोगिणाम् ।

पर्याय—जूर्णाह्व, योनल, यावनाल और युगंधर ये पर्याय जूर्णा के हैं ।

गुण-कर्म—जूर्णा (जोंधरी) कफ-पित्तहर, शुक्रवर्धक, मृदु, गुरु, शीतवीर्य; रूक्ष और विष्टम्भी होता है । यह गुदविकार में अपथ्य है ॥ ९६ ॥

३८. करटः (धान्यविशेषः)

Lathyrus sativus Linn.
Fam.—Leguminosae. खेंसारी, लतरी

करटाश्च करालाश्च त्रिपुटाः खण्डिका मताः ।
करालः कफपित्तघ्नो ग्राही शीतोऽतिवातलः ॥ ९७ ॥
त्रिपुटोऽपि गुणैरेवं तच्छाकं कफपित्तजित् ।

पर्याय—करट एवं कराल, त्रिपुट एवं खण्डिक पर्यायवाची हैं ।

गुण-कर्म—कराल कफ-पित्तहर, ग्राही, शीतवीर्य एवं अत्यन्त वातवर्धक होता है । त्रिपुट (छोटी खेसारी) में भी ये ही गुण हैं । खेसारी का शाक कफ-पित्तशामक होता है ॥ ९७ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

३९. निष्पावः (धान्यविशेषः)

Dolichos lablab Linn.

Fam.—Leguminosae. हि०—सेम

निष्पावाः श्वेतशिम्बाश्च पालकाख्या मुखप्रियाः ।
निष्पावोऽनिलपितास्रमूत्रस्तन्यकरः सरः ॥ ९८ ॥
विदाह्युष्णो गुरुः शोषशोफकृच्छुक्रनाशनः ।

पर्याय—श्वेतशिम्ब, पालकाख्य और मुखप्रिय ये पर्याय निष्पाव के हैं।

गुण-कर्म—निष्पाव वात, पित्त, रक्तविकार, मूत्र एवं स्तन्य (दूध) को बढ़ाने वाला, सारक, विदाही, उष्णवीर्य, गुरु, शोष एवं शोथ करने वाला तथा शुक्रनाशक है ॥ ९८ ॥

४०. मेथिका (धान्यविशेषः)

Trigonella foenum-graecum Linn.

Fam.—Papilionaceae. हि०—मेथी

मेथिका दीपनी चोग्रा कुञ्चिका बहुपत्रिका ।
मल्लिका शीतवीर्या च ज्योतिष्का वल्लरी शिखी ॥ ९९ ॥
मेथिका कटुरुष्णा च रक्तपित्तप्रकोपनी ।
अरोचहरा दीप्तिकरी वातप्रणाशिनी ॥ १०० ॥

पर्याय—दीपनी, उग्रा, कुञ्चिका, बहुपत्रिका, मल्लिका, शीतवीर्या, ज्योतिष्का, बल्लरी और शिखी ये पर्याय मेथिका के हैं।

गुण-कर्म—मेथी कटु, उष्णवीर्य एवं रक्त-पित्तप्रकोपक होती है। यह अरोचकहर, अग्नि को प्रदीप्त करने वाली तथा वातनाशक होती है ॥ ९९-१०० ॥

४१. वनमेथिका (मेथिकाविशेषः)

हि०—वनमेथी, घोड़ाघास

मेथिका वास्तिका सेलुः हिस्फित्थो वनमेथिका ।
हिस्फित्थोऽल्पगुणस्तस्या वाजिनां स तु पूजितः ॥ १०१ ॥

पर्याय—मेथिका, वास्तिका, सेलु, हिस्फित्थ ये वनमेथिका के पर्याय हैं। हिस्फित्थ मेथिका से कम गुण वाला है तथा विशेषतः घोड़ों के लिए उपयोगी है।

विमर्श—यह संहिताओं की अश्वबला है। अंग्रेजी में इसे Lucern कहते हैं। इसका लैटिन नाम Medicago sativa Linn. है ॥ १०१ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

४२. अतसी (धान्यविशेषः)

Linum usitatissimum Linn.

Fam.—Linaceae. हि०—तीसी, अलसी

प्रतरीकंतमा प्रोक्ता रुद्रपत्नी सुवल्कला।
उमा सुनीलपुष्पा च वसुतर्का क्षुमापि च ॥ १०२ ॥
शीता तैलफला चैव पालिका पूतिपूरकः।

पर्याय—प्रतरीकंतमा, रुद्रपत्नी, सुवल्कला, उमा, सुनीलपुष्पा, वसुतर्का, क्षुमा, शीता, तैलफला, पालिका और पूतिपूरक ये अतसी के पर्याय हैं ॥ १०२ ॥

रुद्रपत्नी तु मधुरा स्निग्धा च बलकारिका।
कफवातकरी चेषत्पितहृत् कुष्ठवातजित् ॥ १०३ ॥

गुण-कर्म—अतसी रस में मधुर, स्निग्ध एवं बलवर्धक होती है। यह कफ-वातकारक, ईषत् पित्तहर, कुष्ठ तथा वात को दूर करती है ॥ १०३ ॥

४३. कुसुम्भम् (धान्यविशेषः)

Carthamus tinctorius Linn.

Fam.—Compositae. हि०—कुसुम, बर्रे

कुसुम्भं पावकं पीतमलक्तं वस्त्ररञ्जनम्।
कौसुम्भं स्याद्वह्निशिखं वस्त्ररञ्जकसंज्ञितम्।
तद्बीजं कीलता लट्वा शुद्धा पद्मोत्तरा तथा ॥ १०४ ॥
कुसुम्भं वातलं रूक्षं रक्तपित्तकफापहम् ॥ १०५ ॥

पर्याय—पावक, पीत, अलक्त, वस्त्ररंजन, कौसुम्भ, वह्निशिख और वस्त्ररञ्जक ये कुसुम्भ के पर्याय हैं। कुसुम्भबीज के पर्याय कीलता, लट्वा, शुद्धा तथा पद्मोत्तरा हैं।

गुण-कर्म—कुसुम्भ वातवर्धक, रूक्ष, रक्त-पित्त तथा कफ को नष्ट करता है ॥ १०४–१०५ ॥

४४. खस्तिलः (धान्यविशेषः)

Papaver somniferum Linn.

Fam.—Papaveraceae. हि०—खसखस, पोस्ता

खसितलस्तिलभेदस्तु शुभ्रपुष्पो लसत्फलः।
वृष्यो बल्यश्च खस्तिलः श्लेष्मघ्नो वातजिद्गुरुः ॥ १०६ ॥

पर्याय—तिलभेद, शुभ्रपुष्प और लसत्फल ये पर्याय खस्तिल के हैं।

गुण-कर्म—पोस्ता शुक्रवर्धक, बलकारक, कफ-वातहर और गुरु होता है ॥ १०६ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वल्कलस्तत्समो ज्ञेयो रूक्षो ग्राही विशोषणः ॥ १०७ ॥

गुण-कर्म—पोस्ता की छाल रूक्ष, ग्राही तथा विशोषण है ॥ १०७ ॥

४५. अफूकम्

अफूकं तद्द्रवीभूतमहिफेनमफेनकम् ।
अफूकं शोधनं ग्राहि श्लेष्मघ्नं वातपित्तलम् ॥ १०८ ॥

पर्याय—खस्तिल के द्रव निर्यास को अफूक (अफीम) कहते हैं। अहिफेन और अफेनक ये अफूक के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—अफूक संशोधन करने वाला, ग्राही, कफनाशक तथा वात-पित्तवर्धक होता है ॥ १०८ ॥

४६. तिलः (धान्यविशेषः)

Sesamum indicum Linn.

Fam.—Pedaliaceae. हि०—तिल

तिलस्तु होमधान्यं स्यात्पवित्रः पितृतर्पणः ।
पापघ्नः पूतधान्यश्च जर्तिलस्तु वनोद्भवः ॥ १०९ ॥
तिलो रसे कटुस्तिक्तो मधुरस्तुवरो गुरुः ।
विपाके कटुकः स्वादुः स्निग्धोष्णः कफपित्तकृत् ॥ ११० ॥
बल्यः केश्यो हिमस्पर्शस्त्वच्यः स्तन्यो व्रणे हितः ।
दन्त्योऽल्पमूत्रकृद्ग्राही वातघ्नोऽग्निमतिप्रदः ॥ १११ ॥

पर्याय—होमधान्य, पवित्र, पितृतर्पण, पापघ्न, पूतधान्य ये पर्याय तिल के हैं। वन्य तिल को जर्त्तिल कहते हैं।

गुण-कर्म—तिल रस में कटु-तिक्त-मधुर-कषाय, गुरु, विपाक में कटु, स्वादिष्ट, स्निग्ध, उष्णवीर्य, कफपित्तकर, बलवर्धक, केश को बढ़ाने वाला, स्पर्श में शीतल, त्वचा, स्तन्य तथा व्रण के लिए हितकर, दाँतों को दृढ़ करने वाला, मूत्र की राशि को कम करने वाला, ग्राही, वातनाशक और अग्निसादक होता है ॥ १०९–१११ ॥

द्रवद्रव्याणि

४७. तैलम्

तैलं स्नेहोत्तमं प्रोक्तं तिलजं तिलसम्भवम् ।
अभ्यञ्जनं म्रक्षणञ्च तच्च मर्दनकं स्मृतम् ॥ ११२ ॥
सकषायं रसे स्वादु सूक्ष्ममुष्णं व्यवायि च ।
पित्तलं बद्धविण्मूत्रं न च श्लेष्मविवर्धनम् ॥ ११३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—स्नेहोत्तम, तिलज, तिलसम्भव, अभ्यञ्जन, म्रक्षण और मर्दनक ये पर्याय तैल के हैं।

गुण-कर्म—तैल रस में कषाय एवं मधुर, सूक्ष्म, उष्णवीर्य, व्यवायि, पित्तवर्धक, सृष्टविण्मूत्र (मलमूत्र को निकालने वाला) है तथा कफ को नहीं बढ़ाता है ॥ ११२–११३ ॥

४८. तिलतैलम् (तैलविशेषः)

स्नानाभ्यङ्गावगाहेषु तिलतैलं विशिष्यते ।
तद्वस्तिषु च पानेषु नस्यकर्णाक्षिपूरणे ॥ ११४ ॥
अन्नपानविधौ वाऽपि प्रयोज्यं वातशान्तये ।
छिन्नभिन्नच्युतोत्पिष्टमथितक्षतपातिते ॥ ११५ ॥
भग्ने स्फुटितविद्धाग्निदग्धविश्लिष्टदारिते ।
भयाभिहतनिर्भुग्ने मृगव्यालादिभक्षिते ॥ ११६ ॥
तैलयोगश्च संस्कारात्सर्वरोगापहो मतः ।

गुण-कर्म—स्नान, अभ्यङ्ग और अवगाहन में तिलतैल विशेष महत्त्व का होता है। इसी प्रकार यह वस्ति, पान, नस्य, कर्ण, अक्षि (नेत्र) पूरण, आहार में उपयोगी है तथा वात के शमन के लिए प्रयुक्त होता है। कटने, फटने, खिसकने, पिसने, मथने, घाव लगने, गिरने, टूटने, फूटने, चुभने, जलने, पृथक् होने, विदीर्ण होने, चोट लगने, टेढ़ा होने तथा पशुओं द्वारा काटे जाने पर प्रयुक्त होता है। संस्कार के द्वारा तैल के योग सर्वरोगहर होते हैं ॥ ११४–११६ ॥

४९. अतसीतैलम् (तैलविशेषः)

वातघ्नं मधुरं तेषु क्षौमं तैलं बलासकृत् ॥ ११७ ॥

गुण-कर्म—अतसीतैल वातनाशक, मधुर और कफकारक होता है ॥ ११७ ॥

५०. सर्षपतैलम् (तैलविशेषः)

कटुपाकमचक्षुष्यं स्निग्धोष्णं कफनाशनम् ।
कृमिघ्नं सार्षपं तैलं कण्डूकुष्ठापहं लघु ॥ ११८ ॥

गुण-कर्म—सार्षप तैल विपाक में कटु, नेत्रों के लिए अहितकर, स्निग्ध, उष्णवीर्य, कफशामक, कृमिनाशक, कण्डूघ्न, कुष्ठहर तथा लघु होता है ॥ ११८ ॥

५१. एरण्डतैलम् (तैलविशेषः)

तैलमेरण्डजं बल्यं गुरूष्णं मधुरं सरम् ।
कफमेदोनिलहरं लेखनं कटु दीपनम् ॥ ११९ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

हृद्बस्तिपार्श्वजानूरुत्रिकपृष्ठास्थिशूलिनाम् ।
आमदोषेषु वातासृक्प्लीहोदावर्तशोफिनाम् ॥ १२० ॥
हिमं वातामयस्याग्र्यं ग्रन्थिबन्धविकारिणम् ।
तिक्तोष्णं पित्तलं विस्रं रक्तैरण्डोद्भवं भृशम् ॥ १२१ ॥

गुण-कर्म—एरण्डतैल बलवर्धक, गुरु, उष्णवीर्य, मधुर, सारक, कफ, मेद और वात का नाशक, लेखन, कटु, अग्निदीपक होता है। यह हृदय, वस्ति, पार्श्व, जानु, ऊरू, त्रिक, पृष्ठ, अस्थि की पीड़ा, आमदोष, वातरक्त, प्लीहा, उदावर्त्त, शोथ, वातव्याधि तथा ग्रन्थि एवं सन्धियों के विकार में सर्वोत्तम लाभकर है। रक्त एरण्ड का तैल तिक्त, उष्णवीर्य, पित्तवर्धक तथा दुर्गन्धित होता है ॥ ११९–१२१ ॥

५२. कुसुम्भतैलम्

कुसुम्भतैलमुष्णं च विपाके कटुकं गुरु ।
विदाहि च विशेषेण सर्वदोषप्रकोपणम् ॥ १२२ ॥

गुण-कर्म—बर्रे का तैल उष्णवीर्य, विपाक में कटु, गुरु, विदाहकारक तथा विशेषतः सर्वदोषों का प्रकोपक होता है ॥ १२२ ॥

५३. कोशाम्रतैलम् (तैलविशेषः)

सरं कोशाम्रजं तैलं क्रिमिकुष्ठविषापहम् ॥ १२३ ॥

गुण-कर्म—कोशाम्र (कुसुम) का तैल सारक, कृमि, कुष्ठ और विष विकार को नष्ट करने वाला होता है ॥ १२३ ॥

५४. आत्मगुप्तातैलम् (तैलविशेषः)

गुरूष्णं स्निग्धमधुरं कषायं चाऽऽत्मगुप्तजम् ।
तैलं बल्यं च वृष्यं च बृंहणं वातजित्परम् ॥ १२४ ॥

गुण-कर्म—आत्मगुप्ता (कपिकच्छू) तैल गुरु, उष्णवीर्य, स्निग्ध, मधुर-कषाय होता है। यह बलवर्धक, शुक्रजनक, बृंहण और परम वातहर होता है ॥ १२४ ॥

५५. निम्बतैलम् (तैलविशेषः)

नात्युष्णं निम्बजं तैलं क्रिमिकुष्ठकफापहम् ।
वातरक्तप्रशमनं सदालक्ष्मीज्वरापहम् ॥ १२५ ॥

गुण-कर्म—निम्बतैल किञ्चित् उष्ण, कृमि, कुष्ठ, और कफ को नष्ट करने

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वाला होता है। यह वातरक्त, मद, कान्तिहीनता तथा ज्वर को दूर करने वाला है॥ १२५॥

५६. अक्षतैलम् (तैलविशेषः)

आक्षं स्वादु हिमं केश्यं गुरु पित्तानिलापहम्॥ १२६॥

गुण-कर्म—अक्ष (बिभीतक का) तैल मधुर, शीतवीर्य, केश के लिये हितकर, गुरु, पित्त और वायु को नष्ट करने वाला होता है॥ १२६॥

५७. तैलविशेषाः

दन्तीमूलकरक्षोघ्नकरञ्जारिष्टशिग्रुजम् ।
सुवर्चलेङ्गुदीपीलुशङ्खिनीनीपसम्भवम् ॥ १२७॥
सरलागरुदेवाह्वशिंशपासारजन्म च ।
तुम्वरारुष्करोत्थं च तीक्ष्णं कट्वस्रपित्तकृत्॥ १२८॥
अर्शःशुक्रकृमिश्लेष्मकुष्ठमेदोनिलापहम् ।

गुण-कर्म—दन्ती, मूलक, रक्षोघ्न (सर्षप), करञ्ज, नीम, सहिजन, सुवर्चला, इंगुदी, पीलु, शंखिनी, नीम, सरल, अगरु, देवदारु, शिंशपा, तुवरक तथा भल्लातक का तैल तीक्ष्ण, कटु तथा रक्त पित्त के प्रकोपक हैं। ये अर्श, शुक्रविकार, कृमि, कफ, कुष्ठ, मेदोरोग और वात को नष्ट करते हैं॥ १२७-१२८॥

करञ्जारिष्टके तिक्ते नात्युष्णे तत्र निर्दिशेत्॥ १२९॥

गुण-कर्म—इनमें करञ्ज और नीम के तेल रस में तिक्त तथा किंचित् उष्ण होते हैं॥ १२९॥

कषायं तिक्तकटुकं सारलं व्रणशोधनम्॥ १३०॥

गुण-कर्म—सरल (चीड़) का तेल रस में कषाय-तिक्त-कटु और व्रण-संशोधक होता है॥ १३०॥

भृशोष्णे तिक्तकटुनी तुवरारुष्करोद्भवे।
विशेषात्कृमिकुष्ठघ्ने तथोर्ध्वाधोविरेचने॥ १३१॥

गुण-कर्म—तुवरक तथा भल्लातक के तैल अति उष्णवीर्य, तिक्तकटु विशेषतः कृमिनाशक, कुष्ठघ्न, ऊर्ध्वभागहर (वमन) तथा अधोभागहर (विरेचन) है॥ १३१॥

अक्षातिमुक्तकाक्षोडनारिकेलमधूकजम् ।
त्रपुसोर्वारुकूष्माण्डश्लेष्मातकप्रियालजम् ॥ १३२॥
वातपित्तहरं केश्यं श्लेष्मलं गुरु शीतलम्।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—विभीतक, अतिमुक्तक, अखरोट, नारियल, महुआ; खीरा, ककड़ी; पेठा, लिसोड़ा और चिरौंजी के तेल वात-पित्तशामक; केश के लिये हितकर, कफवर्धक, गुरु और शीतवीर्य होते हैं ॥ १३२ ॥

सतिक्तं सहकारस्य तैलं सुरभि रोचनम् ।
यवतिक्तोद्भवं तैलं सतिक्तं रेचनं तथा ॥ १३३ ॥

गुण-कर्म—सहकार (आम्र) का तैल तिक्त, सुगन्धित और रुचिकारक होता है। यवतिक्ता का तैल तिक्त और विरेचन होता है ॥ १३३ ॥

५८. घृतम्

घृतमाज्यं हविः सर्पिः पवित्रं नवनीतजम् ।
अमृतं चाभिधारश्च जीवनीयं प्रकीर्तितम् ॥ १३४ ॥

पर्याय—आज्य, हवि, सर्पि, पवित्र, नवनीतज, अमृत, अभिघार और जीवनीय ये पर्याय घृत के हैं।

गुण-कर्म—घृत में हजारों शक्तियाँ हैं अतः विधिपूर्वक प्रयोग करने से इसके द्वारा हजारों काम होते हैं ॥ १३४ ॥

५९. गोघृतम् (घृतविशेषः)

शस्तं धीस्मृतिमेधाग्निबलायुःशुक्रचक्षुषाम् ।
बालवृद्धप्रजाकान्तिसौकुमार्यस्थिरार्थिनाम् ॥ १३५ ॥
क्षतक्षीणपरीसर्पशस्त्राग्निग्लपितात्मनाम् ।
विपाके मधुरं शीतं वातपित्तविषापहम् ॥ १३६ ॥
चक्षुष्यं बल्यमग्र्यञ्च गव्यं सर्पिर्गुणोत्तरम् ।

गुण-कर्म—गाय का घी स्मृति, मेधाशक्ति के लिए प्रशस्त, अग्निदीपक, बलवर्धक, आयुष्य, शुक्रजनक, नेत्रों के लिए हितकर, बालकों एवं वृद्धों के लिए लाभकर, सन्तानजनक, कान्तिदायक, सौकुमार्य तथा शरीर को स्थिर करने वाला है। यह क्षतक्षीण, विसर्प तथा शस्त्र एवं अग्नि (दग्ध) से आक्रान्त व्यक्तियों के लिए लाभकर होता है। गोघृत विपाक में मधुर, शीतवीर्य, वात-पित्तशामक; विषहर, नेत्रों के लिये हितकर, उत्तम बलकारक तथा गुणों में श्रेष्ठ है ॥ १३५-१३६ ॥

६०. महिषीघृतम् (घृतविशेषः)

मधुरं रक्तपित्तघ्नं गुरु पाके कफावहम् ।
वातपित्तप्रशमनं सुशीतं माहिषं घृतम् ॥ १३७ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—भैंस का घी मधुर, रक्तपित्तशामक, पचने में भारी, कफकारक, वातपित्तशामक तथा अत्यन्त शीतल होता है ॥ १३७ ॥

६१. अजाघृतम् (घृतविशेषः)

आजं घृतं दीपनीयं चक्षुष्यं बलवर्धनम् ।
कासे श्वासे क्षये चापि पथ्यं पाके च तल्लघु ॥ १३८ ॥

गुण-कर्म—बकरी का घी अग्निदीपक, नेत्रों के लिये लिये हितकर, बलकारक एवं कास, श्वास, क्षय रोग के लिये पथ्य तथा पचने में हलका होता है ॥ १३८ ॥

६२. आविकघृतम् (घृतविशेषः)

पाके लघ्वाविकं सर्पिर्न च पित्तप्रकोपणम् ।
कफेऽनिले योनिदोषे शोफे कम्पे च तद्धितम् ॥ १३९ ॥

गुण-कर्म—भेड़ी का घी पचने में लघु, पित्त का अप्रकोपक, कफ, वात, योनिदोष, शोथ तथा कम्प को नष्ट करने वाला होता है ॥ १३९ ॥

६३. उष्ट्रीघृतम् (घृतविशेषः)

औष्ट्रं कटुरसं पाके शोफक्रिमिविषापहम् ।
दीपनं कफवातघ्नं कुष्ठगुल्मोदरापहम् ॥ १४० ॥
मूर्च्छामेहोन्मादगरज्वरापस्मारनाशनम् ।

गुण-कर्म—ऊँटनी का घी रस एवं विपाक में कटु, शोथ, क्रिमि और विष को दूर करने वाला, अग्निदीपक, कफ-वातनाशक, कुष्ठ, गुल्म, उदररोग, मूर्च्छा, प्रमेह, उन्माद, विषदोष, ज्वर और अपस्मार को नष्ट करता है ॥ १४० ॥

६४. अश्वाघृतम् (घृतविशेषः)

अश्वासर्पिस्तु कटुकं मधुरं च कषायकम् ।
ईषद्दीपनकं मूर्च्छाहारि वाताल्पदं गुरु ॥ १४१ ॥

गुण-कर्म—घोड़ी का घी कटु-मधुर-कषाय, ईषद् अग्निदीपक, मूर्च्छानाशक, किञ्चित् वातवर्धक तथा गुरु होता है ॥ १४१ ॥

६५. गर्दभीघृतम् (घृतविशेषः)

घृतं गार्दभिकं बल्यं दीपनं मूत्रदोषनुत् ।
पाके लघूष्णवीर्यं च कषायं कफनाशनम् ॥ १४२ ॥

गुण-कर्म—गदही का घी बलवर्धक, अग्निदीपक, मूत्रविकारनाशक, पचने में लघु, उष्णवीर्य, कषाय और कफनाशक होता है ॥ १४२ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

६६. हस्तिनीघृतम् (घृतविशेषः)

कषायं बद्धविण्मूत्रं तिक्तमग्निकरं लघु ।
हन्ति कारेणवं सर्पिः कफकुष्ठविषक्रिमीन् ॥ १४३ ॥

गुण-कर्म—हस्तिनी का घी रस में कषाय-तिक्त, मलमूत्ररोधक, अग्निवर्धक; लघु तथा कफ, कुष्ठ, विष और कृमि को नष्ट करने वाला होता है ॥ १४३ ॥

६७. स्त्रीघृतम् (घृतविशेषः)

चक्षुष्यमग्र्यं स्त्रीणां तु सर्पिः स्यादमृतोपमम् ।
वृद्धिं करोति देहाग्न्योर्लघु पाके विषापहम् ॥ १४४ ॥

गुण-कर्म—स्त्री का घी नेत्रों के लिए उत्तम हितकर, अमृत के समान गुणकारी, देह तथा अग्नि की वृद्धि करने वाला, पाक में लघु तथा विषनाशक है ॥ १४४ ॥

६८. पुराणघृतम् (घृतविशेषः)

सर्पिः पुराणं तिमिरश्वासपीनसकासनुत् ।
मूर्च्छाकुष्ठविषोन्मादग्रहापस्मारनाशनम् ॥ १४५ ॥
योनिकर्णाक्षिशिरसां शूलघ्नं शोफजित्परम् ।
हन्ति दोषत्रयं भेदि व्रणशोधनरोपणम् ॥ १४६ ॥
उग्रगन्धि पुराणं स्याद् दशवर्षोषितं घृतम् ।
लाक्षारसनिभं शीतं तद्वत्सर्वग्रहापहम् ॥ १४७ ॥
तद्वच्च घृतमण्डोऽपि रूक्षस्तिक्तस्तनुश्च सः ।

गुण-कर्म—पुराना घी तिमिर, श्वास, पीनस, कास, मूर्च्छा, कुष्ठ, विष; उन्माद, ग्रहबाधा, अपस्मार, योनि कर्ण, नेत्र एवं सिर की पीड़ा का नाशक, उत्तम शोथहर है। यह त्रिदोषहर, मलभेदक तथा व्रण का संशोधन एवं रोपण करने वाला होता है। दस वर्ष का रखा हुआ पुराण घृत उग्र गन्धि, लाक्षारस के समान शीतवीर्य तथा सर्वग्रहबाधानाशक होता है। घृतमण्ड रूक्ष, तिक्त एवं तनु (पतला) तथा उपर्युक्त गुणयुक्त होता है ॥ १४५-१४७ ॥

६९. दुग्धम्

दुग्धं क्षीरं पयः स्वादु रसायनसमाश्रयम् ।
सौम्यं प्रस्रवणं स्तन्यं बालसात्म्यं च जीवितम् ॥ १४८ ॥

पर्याय—क्षीर, पयस्, स्वादु, रसायन, समाश्रय, सौम्य, प्रस्रवण, स्तन्य, बालसात्म्य और जीवित ये पर्याय दुग्ध के हैं ॥ १४८ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गव्यमाजं तथौरभ्रं माहिषं कारभं च यत्।
अश्वायाश्चैव नार्याश्च हस्तिनीनां च यत्पयः ॥ १४६ ॥

गुण-कर्म—गाय, बकरी, भेड़ी, भैंस, ऊँटनी, घोड़ी, स्त्री और हस्तिनी यह आठ प्रकार का दूध होता है ॥ १४६ ॥

तदनेकौषधिरसं प्राणिनां प्राणदं गुरु।
मधुरं पिच्छिलं स्निग्धं शीतं सूक्ष्मं सरं मृदु ॥ १५० ॥

गुण-कर्म—यह दूध अनेक औषधियों के रस से निष्पन्न, प्राणियों के लिए जीवनदायक, गुरु, मधुर, पिच्छिल, स्निग्ध, शीतवीर्य, सूक्ष्म, सारक और मृदु होता है ॥ १५० ॥

७०. गोदुग्धम् (दुग्धविशेषः)

पथ्यं रसायनं बल्यं हृद्यं मेध्यं गवां पयः।
आयुष्यं पुंस्त्वकृद्वातरक्तपित्तविकारनुत् ॥ १५१ ॥

गवां सितानां वातघ्नं कृष्णानां पित्तनाशनम्।
कफघ्नं रक्तवर्णानां गोदुग्धं च त्रिधा स्मृतम् ॥ १५२ ॥

गुण-कर्म—गाय का दूध पथ्य, रसायन, बलवर्धक, हृदय के लिये हितकर; मेधा को बढ़ाने वाला, आयुप्रद, पुंस्त्वकारक, वात एवं रक्तपित्त के विकार को नष्ट करने वाला होता है। सफेद गाय का दूध वातनाशक, काली गाय का दूध पित्तशामक तथा लाल गाय का दूध कफशामक होता है। इस प्रकार गोदुग्ध तीन प्रकार का कहा गया है ॥ १५१-१५२ ॥

गोक्षीरमनभिष्यन्दि स्निग्धं गुरु रसायनम्।
रक्तपित्तहरं शीतं मधुरं रसपाकयोः ॥ १५३ ॥
जीवनीयं तथा वातपित्तघ्नं परमं स्मृतम्।

गुण-कर्म—गोदुग्ध अनभिष्यन्दी, स्निग्ध, गुरु, रसायन, रक्तपित्त को दूर करने वाला, शीतवीर्य, रस तथा विपाक में मधुर, जीवन के लिये हितकर एवं श्रेष्ठ वात-पित्तनाशक होता है ॥ १५३ ॥

७१. अजापयः (दुग्धविशेषः)

छागं कषायं मधुरं शीतं ग्राहितरं लघु।
रक्तपित्तातिसारघ्नं क्षयकासज्वरापहम् ॥ १५४ ॥

अजानां लघुकायत्वान्नानाद्रव्यनिषेवणात्।
अत्यम्बुपानाद्व्यायामात्सर्वव्याधिहरं पयः ॥ १५५ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—बकरी का दूध रस में कषाय-मधुर, शीतवीर्य, किंचित् ग्राही, रक्त-पित्तहर, अतिसार, क्षय, कास और ज्वर को दूर करने वाला होता है। बकरियाँ शरीर से छोटी होती हैं और नाना प्रकार के द्रव्य खाती रहती हैं, अधिक जल पीती हैं एवं व्यायाम (चलना-फिरना) अधिक करती हैं। अतः इनका दूध सर्वरोगनाशक होता है ॥ १५४-१५५ ॥

७२. औरभ्रपयः (दुग्धविशेषः)

औरभ्रं मधुरं स्निग्धमुष्णं तिक्तं कफापहम् ।
गुरु शुद्धानिले पथ्यं शोफे चानिलशोणिते ॥ १५६ ॥

गुण-कर्म—भेड़ी का दूध मधुर, स्निग्ध, उष्णवीर्य, तिक्त, कफनाशक एवं गुरु होता है। यह शुद्ध वातरोगों, शोथ एवं वातरक्त में लाभकर है ॥ १५६ ॥

७३. महिषीपयः (दुग्धविशेषः)

महाभिष्यन्दि मधुरं माहिषं वह्निसादनम् ।
निद्राकरं शीतकरं गव्यात्स्निग्धतरं गुरु ॥ १५७ ॥

गुण-कर्म—भैंस का दूध अति अभिष्यन्दी, मधुर, अग्नि को मन्द करने वाला, निद्राकर, शीतकारक होता है। यह गाय के दूध की अपेक्षा अधिक स्निग्ध एवं गुरु होता है ॥ १५७ ॥

७४. उष्ट्रीपयः (दुग्धविशेषः)

रूक्षोष्णं क्षीरमुष्ट्रीणामीषत्सलवणं लघु ।
शस्तं वातकफानाहक्रमिशोफोदरार्शसाम् ॥ १५८ ॥

गुण-कर्म—ऊँटनी का दूध रूक्ष, उष्णवीर्य, ईषत् लवण रसयुक्त एवं लघु होता है। यह वात-कफविकार, कृमि, शोथ, उदररोग और अर्श में लाभकर है ॥ १५८ ॥

७५. अश्वापयः (दुग्धविशेषः)

अश्वाक्षीरं स्मृतं साम्लं लवणं दीपनं लघु ।
देहस्थैर्यकरं बल्यं गौरवकान्तिकृत् सरम् ॥ १५९ ॥

गुण-कर्म—घोड़ी का दूध रस में अम्ल-लवण, अग्निदीपक एवं (पाक में) लघु होता है। यह शरीर को स्थिर करने वाला, बलवर्धक, गौरवदायक, कान्ति को बढ़ाने वाला और सारक होता है ॥ १५९ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

७६. गर्दभीपयः (दुग्धविशेषः)

कासश्वासहरं क्षीरं गार्दभं बालरोगनुत् ।
मधुराम्लरसं रूक्षं लवणानुरसं गुरु ॥ १६० ॥

गुण-कर्म—गदही का दूध कास-श्वासनाशक, बालकों के रोगों को दूर करने वाला, रस में मधुर एवं अम्ल, रूक्ष, लवण-अनुरस युक्त तथा गुरु होता है ॥ १६० ॥

७७. मानुषीपयः (दुग्धविशेषः)

स्निग्धं स्थैर्यकरं चापि चक्षुष्यं बलवर्धनम् ।
जीवनं बृंहणं सात्म्यं स्नेहनं मानुषीपयः ॥ १६१ ॥
शमनं रक्तपित्तस्य तर्पणं चाक्षिशूलनुत् ।

गुण-कर्म—स्त्री का दूध स्निग्ध, स्थैर्यकर, नेत्रों के लिये हितकर, बलकारक; जीवनदायक, बृंहण, सात्म्य एवं स्नेहन करने वाला होता है। यह रक्त-पित्तशामक; तर्पण करने वाला तथा अक्षिशूल को नष्ट करता है ॥ १६१ ॥

७८. हस्तिनीपयः (दुग्धविशेषः)

हस्तिन्या मधुरं वृष्यं कषायानुरसं गुरु ।
स्निग्धं शीतकरं चापि चक्षुष्यं बलवर्धनम् ॥ १६२ ॥

गुण-कर्म—हस्तिनी का दूध मधुर, शुक्रवर्धक, अनुरस में कषाय, गुरु, स्निग्ध; शीतल करने वाला, नेत्रों के लिये हितकर तथा बलकारक होता है ॥ १६२ ॥

सामान्यदुग्धगुणाः

विवत्साबालवत्सानां पयो दोषलमीरितम् ।

गुण-कर्म—जिसका बच्चा मर गया है तथा छोटा हो उसका दूध दोषकारक होता है।

पिण्याकाम्लाशिनीनां च गुर्वभिष्यन्दि तद्भृशम् ॥ १६३ ॥

गुण-कर्म—पिण्याक (खली), अम्ल पदार्थ खाने वाली पशुओं का दूध गुरु एवं अत्यन्त अभिष्यन्दी होता है ॥ १६३ ॥

जाङ्गलानूपदेशेषु चरन्तीनां यथोत्तरम् ।
पयो गुरुतरं स्नेहो यथा चैषां विवर्धते ॥ १६४ ॥

गुण-कर्म—जाङ्गल देश और आनूप देश में चरने वाली पशुओं का दूध उत्तरोत्तर एक-दूसरे की अपेक्षा अधिक गुरु होता है क्योंकि इससे दूध में स्नेह पदार्थ की अधिकता होती है ॥ १६४ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कृष्णायाः कृष्णवत्सायाः शुक्लायाश्च परं पयः।
सुखोष्णं कफवातघ्नं शृतशीतं च पित्तजित् ॥ १६५ ॥

गुण-कर्म—काली, काले बछड़े वाली तथा सफेद गाय का दूध श्रेष्ठ होता है। यह हलका गरम रहने पर कफ-वातनाशक तथा उबालकर ठण्डा करने पर पित्तशामक होता है ॥ १६५ ॥

आमवातकरं चापि धारोष्णममृतं पयः।
सुशृतं च पयः पीतं पीयूषादपि तद् गुरु ॥ १६६ ॥
कूर्चिकाश्च किलाटाश्च गुरवः श्लेष्मवर्धनाः।
तर्पणाः प्रीणना बल्या बृंहणा मारुतापहाः ॥ १६७ ॥
दीप्ताग्नीनामनिद्राणां व्यवाये चापि पूजिताः।

गुण-कर्म—धारोष्ण दूध आमवात उत्पन्न करने वाला तथा अमृत के समान गुणकारी होता है। बहुत उबाला (गाढ़ा) दूध पीयूष से भी गुरु होता है। कूर्चिका एवं किलाट (छेना) गुरु, कफकारक, तर्पण करने वाले, पोषक, बलवर्धक, बृंहण और वातनाशक होते हैं। ये दीप्ताग्नि पुरुषों के लिए तथा जिन्हें नींद न आती हो उनके लिए और मैथुन काल में (पहले और बाद में) उपयोगी हैं ॥ १६६–१६७ ॥

अनिष्टगन्धमम्लं च विवर्णं विरसं च तत्।
वर्ज्यं सलवणं क्षीरं यच्च विग्रथितं भवेत् ॥ १६८ ॥
धारोष्णममृतं पथ्यं धाराशीतं त्रिदोषलम्।
शृतशीतं त्रिदोषघ्नं शृतोष्णं कफवातजित् ॥ १६९ ॥

गुण-कर्म—विकृत गन्ध वाला, अम्लरस, विकृतवर्ण, विकृत स्वादयुक्त, नमकीन तथा फटा हुआ दूध वर्जित है। धारोष्ण दूध अमृत के समान गुणकारी है; धाराशीत (दूहने के बाद ठण्ढा होने पर) त्रिदोषकारक, शृतशीत (उबाल कर ठंढाया हुआ) त्रिदोषनाशक तथा शृतोष्ण (उबाल कर गरम गरम) दूध कफ-वातशामक है ॥ १६८–१६९ ॥

जीर्णज्वरे किन्तु कफे विलीने स्याद्दुग्धपानं हि सुधासमानम्।
तदेव पीतं तरुणज्वरे च निहन्ति हालाहलवन्मनुष्यान् ॥१७०॥
नवज्वरे च मन्दाग्नौ ह्यामदोषेषु कुष्ठिनाम्।
शूलिनां कफदोषेषु कासिनामतिसारिणाम् ॥ १७१ ॥
पयःपानं न कुर्वीत विशेषात्क्रमिदोषतः।

गुण-कर्म—जीर्ण ज्वर में यदि कफ का शमन हो गया हो तब दूध अमृत के समान उपयोगी होता है। किन्तु तरुण ज्वर में दूध पीना हालाहल विष के समान अहितकर होता है। दुग्ध-सेवननिषेध—नवज्वर, मन्दाग्नि, आमदोष, कुष्ठ, शूल,

१४ ध० नि०

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

विकार, कास, अतिसार और विशेषतः कृमिरोग में दूध पीना वर्जित है ॥ १७०–१७१ ॥

मुहूर्तपञ्चकादूर्ध्वं क्षीरं भवति विकृतम् ।
तदेव द्विगुणं काले विषवद्धन्ति मानवम् ॥ १७२ ॥

गुण-कर्म—दूध पाँच मुहूर्त्त (४ घण्टे) के बाद खराब हो जाता है। इससे दूने काल में वह विष के समान घातक हो जाता है ॥ १७२ ॥

७९. दधि

तक्रजन्म पयोहेतुर्नवनीतोद्भवं दधि ।
अम्लं स्वादुरसं ग्राहि गुरूष्णं दधि वातजित् ॥ १७३ ॥
मेदःशुक्रबलश्लेष्मरक्तपित्ताग्निशोफकृत् ।

पर्याय—तक्रजन्म, पयोहेतु, नवनीतोद्भव ये दधि के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—दधि रस में अम्ल एवं मधुर, ग्राही, गुरु, उष्णवीर्य एवं वातनाशक होता है। यह मेदोजनक, शुक्रवर्धक, बलकारक, कफ बढ़ाने वाला, रक्त-पित्तकारक, अग्निदीपन तथा शोथकर होता है ॥ १७३ ॥

८०. मथितम् (दधिविशेषः)

मथितं गोरसं घोलं द्रवमम्लं विलोडितम् ।
श्वेतं दण्डाहतं सान्द्रं दध्यम्लं नामतः स्मृतम् ॥ १७४ ॥
वातदोषहरं ह्लादि मथितं कफपित्तकृत् ।

पर्याय—मथित (मथे हुए दही) के पर्याय गोरस, घोल, द्रव, अम्ल, विलोडित, श्वेत, दण्डाहत, सान्द्र और दध्यम्ल हैं।

गुण-कर्म—मथित वातशामक, आह्लादजनक तथा कफ-पित्तकारक होता है ॥ १७४ ॥

८१. गोदधि (दधिविशेषः)

स्निग्धं विपाके मधुरं दीपनं बलवर्धनम् ।
वातापहं पवित्रं च दधि गव्यं रुचिप्रदम् ॥ १७५ ॥

गुण-कर्म—गाय का दही स्निग्ध, विपाक में मधुर, अग्निदीपक, बलवर्धक, वातनाशक, पवित्र और रुचिकारक होता है ॥ १७५ ॥

८२. अजादधि (दधिविशेषः)

दध्याजं कफवातघ्नं लघु पाके क्षयापहम् ।
दुर्नामश्वासकासेषु हितमग्नेश्च दीपनम् ॥ १७६ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—बकरी का दही कफ-वातनाशक, पाक में लघु एवं क्षय को नष्ट करने वाला होता है। यह अर्श, श्वास तथा कास में लाभकर और अग्निदीपक है ॥ १७६ ॥

८३. औरभ्रदधि (दधिविशेषः)

कोपनं कफवातानां दुर्नाम्नां चाऽऽविकं दधि।
विपाके मधुरं वृष्यं रक्तपित्तप्रसादनम् ॥ १७७ ॥

गुण-कर्म—भेड़ी का दही कफ-वातवर्धक, अर्श का प्रकोपक, विपाक में मधुर, शुक्रवर्धक तथा रक्त-पित्तनाशक होता है ॥ १७७ ॥

८४. महिषीदधि (दधिविशेषः)

बलासवर्धनं स्निग्धं विशेषान्माहिषं दधि।
महाभिष्यन्दि मधुरं बलमेदोविवर्धनम् ॥ १७८ ॥

गुण-कर्म—भैंस का दही कफवर्धक, स्निग्ध, अति अभिष्यन्दी, मधुर तथा बल एवं मेद को बढ़ाने वाला होता है ॥ १७८ ॥

८५. उष्ट्रीदधि (दधिविशेषः)

विपाके कटु सक्षारमम्लं स्यादौष्ट्रकं दधि।
वातमर्शांसि कुष्ठानि क्रमीन्हन्त्युदराणि च ॥ १७९ ॥

गुण-कर्म—ऊँटनी का दही विपाक में कटु, क्षारीय तथा अम्ल होता है। यह वात, अर्श, कुष्ठ, कृमि और उदररोग को दूर करने वाला होता है ॥ १७९ ॥

८६. अश्वादधि (दधिविशेषः)

दीपनीयमचक्षुष्यं वातलं दधि वाडवम्।
रूक्षमुष्णं कषायं च कफमूत्रापहं च तत् ॥ १८० ॥

गुण-कर्म—घोड़ी का दही अग्निदीपक, नेत्रों के लिए अहितकर, वातवर्धक, रूक्ष, उष्णवीर्य, कषाय, कफ और मूत्र को घटाने वाला होता है ॥ १८० ॥

८७. गर्दभीदधि (दधिविशेषः)

गर्दभीदधि रूक्षोष्णं लघु दीपनपाचनम्।
मधुराम्लरसं रुच्यं वातदोषविनाशनम् ॥ १८१ ॥

गुण-कर्म—गदही का दही रूक्ष, उष्णवीर्य, लघु, अग्निदीपक, पाचन, रस में मधुर एवं अम्ल, रुचिकारक तथा वातदोष को नष्ट करने वाला होता है ॥ १८१ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

८८. हस्तिनीदधि (दधिविशेषः)

लघु पाके बलासघ्नं वीर्योष्णं पक्तिनाशनम् ।
कषायानुरसं नाग्या दधि वर्चोविवर्धनम् ॥ १८२ ॥

गुण-कर्म—हथिनी का दही पाक में लघु, कफनाशक, उष्णवीर्य, अग्नि को नष्ट करने वाला, अनुरस में कषाय तथा पुरीष की वृद्धि करने वाला होता है ॥ १८२ ॥

८९. स्त्रीदधि (दधिविशेषः)

स्निग्धं च मधुरं बल्यमुष्णं सन्तर्पणं गुरु ।
चक्षुष्यमग्र्यं दोषघ्नं दधि नार्या गुणोत्तरम् ॥ १८३ ॥

गुण-कर्म—स्त्री का दही स्निग्ध, मधुर, बलवर्धक, उष्णवीर्य, संतर्पण करने वाला, गुरु, नेत्रों के लिए उत्तम हितकर, दोषों को दूर करने वाला, गुणों में श्रेष्ठ होता है ॥ १८३ ॥

सामान्यदधिगुणाः

कफपित्तकृदम्लं स्यादत्यम्लं रक्तदूषकम् ।
विदाहि सृष्टविण्मूत्रं मधुरं तत् त्रिदोषनुत् ॥ १८४ ॥
दध्नस्तु यदधस्तोयं तन्मस्तु परिकथ्यते ।
शृतात्क्षीराच्च यज्जातं गुणवद्दधि तत्स्मृतम् ॥ १८५ ॥
वातपित्तहरं रुच्यं धात्वग्निबलवर्धनम् ।
दध्यसरं च रूक्षं च ग्राहि विष्टम्भि वातलम् ॥ १८६ ॥
दीपनीयं लघुतरं सकषायं रुचिप्रदम् ।

गुण-कर्म—खट्टा दही कफ तथा पित्त को बढ़ाने वाला होता है । अत्यन्त खट्टा दही रक्त को दूषित करने वाला तथा विदाही होता है । मीठा दही मूत्र तथा मल का उत्सर्ग कराने वाला और त्रिदोषशामक होता है । दही के नीचे जो पानी आ जाता है, वह मस्तु कहलाता है । उबाले दूध से बना दधि गुणकारी होता है । यह वात-पित्तहर, रुचिकारक, धातुवर्धक, अग्निदीपक एवं बलकारक होता है । छाली हटाया दधि रूक्ष, ग्राही, विष्टम्भी, वातवर्धक, अग्निदीपक, अत्यन्त लघु, कषाय और रुचिकारक होता है ॥ १८४–१८६ ॥

सरं स्निग्धं गुरु वृष्यं कफमेदोविवर्धनम् ।
बृंहणं मारुतघ्नं च बलासचयकृत् परम् ॥ १८७ ॥

दही की छाली स्निग्ध, गुरु, शुक्रवर्धक, कफ, मेद को बढ़ाने वाली, बृंहण; वातशामक तथा कफकारक होती है ॥ १८७ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

कफवातहरं भेदि मस्तु स्रोतोविशोधनम् ।

मस्तु कफ-वातशामक, मलभेदक तथा स्रोतस् का संशोधन करने वाला होता है ।

पीनसे चातिसारे च शीतके विषमज्वरे ।
अरुचौ मूत्रकृच्छ्रे च कार्श्ये च दधि शस्यते ॥ १८८ ॥

दही पीनस, अतिसार, शीतज्वर, विषमज्वर, अरुचि, मूत्रकृच्छ्र तथा कृशता में हितकर होता है ॥ १८८ ॥

ऋतुविशेषेण दध्नो गुणाः

शरद्ग्रीष्मवसन्तेषु प्रायशो दधि गर्हितम् ।
हेमन्ते शिशिरे चैव वर्षासु दधि शस्यते ॥ १८९ ॥

ऋतुविशेष से दही के गुणकर्म—शरद्, ग्रीष्म और वसन्त ऋतुओं में दही प्रायः वर्जित होता है। हेमन्त, शिशिर और वर्षा ऋतुओं में दही का सेवन हितकर होता है ॥ १८९ ॥

रक्तपित्तकफोत्थेषु विकारेषु हितं न तत् ।
विज्ञेयमेषु सर्वेषु गव्यमेव गुणोत्तरम् ॥ १९० ॥
वातघ्नं कफकृत् स्निग्धं बृंहणं न च पित्तकृत् ।

दही रक्तपित्त एवं कफज विकारों में हितकर नहीं होता है। विविध प्रकार के दहियों में गाय का दही सर्वोत्तम होता है। यह वातनाशक, कफकारक, स्निग्ध, बृंहण और पित्त को बढ़ाने वाला नहीं होता है ॥ १९० ॥

न नक्तं दधि भुञ्जीत न चाप्यघृतशर्करम् ।
नामुद्गसूपं नाक्षौद्रं नोष्णं नाऽऽमलकैर्विना ॥ १९१ ॥

रात में दही खाना अहितकर होता है। दही का सेवन बिना घी और चीनी मिलाये, बिना मूंग सूप के साथ, बिना मधु के साथ, उष्ण तथा बिना आंवला के साथ नहीं खाना चाहिये ॥ १९१ ॥

ज्वरासृक्पित्तवीसर्पकुष्ठपाण्डवामयभ्रमान् ।
प्राप्नुयात्कामलां चोग्रां विधिं हित्वा दधिप्रियः ॥ १९२ ॥

दही का प्रेमी व्यक्ति बिना (उपर्युक्त) विधि के दही सेवन करने से ज्वर, रक्तपित्त, विसर्प-कुष्ठ, पाण्डु, भ्रम और कामला रोग का शिकार बनता है ॥ १९२ ॥

९०. तक्रम्

तक्रं श्वेतपयः सात्म्यं छच्छिका चैव कीर्तितम् ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—तक्र, श्वेतपय, सात्म्य और छच्छिका ये पर्याय तक्र के हैं।

९१. तक्रभेदाः

द्विगुणाम्बु श्वेतपयस्त्वर्धोदकमुदश्वितम् ॥ १६३ ॥
तक्रं त्रिभागभिन्नं तु केवलं मथितं स्मृतम्।
तक्रस्योपरि यत्तोयं तदुदश्वित् प्रकीर्तितम् ॥ १६४ ॥

श्वेतपय—द्विगुण जल मिलाने पर श्वेत पय होता है। उदश्वित्—आधा पानी मिलाने से उदश्वित् होता है। तक्र—एक तिहाई जल मिलाने से तक्र होता है। मथित—बिना जल मिलाये ही मथ दिया जाय उसे मथित कहते हैं। तक्र का ऊपरी जल भाग भी उदश्वित् कहलाता है ॥ १६३–१६४ ॥

तक्रस्य सामान्यगुणाः

तक्रं लघु कषायोष्णं दीपनं कफवातजित्।
शोफोदरार्शोग्रहणीदोषमूत्रग्रहारुचीः ॥ १६५ ॥
गुल्मप्लीहघृतव्याधिगरपाण्ड्वामयाञ्जयेत् ।

तक्र के सामान्य गुणकर्म—तक्र लघु, कषाय, उष्णवीर्य, अग्निदीपन एवं कफ-वातशामक होता है। यह शोथ, उदररोग, अर्श, ग्रहणीरोग, मूत्रकृच्छ्र, अरुचि गुल्म, प्लीहावृद्धि, घृतव्यापद्, विष और पाण्डु रोग को नष्ट करता है ॥ १६५ ॥

समुद्धृतघृतं तक्रमर्धोद्धृतघृतं च यत्।
अनुद्धृतघृतञ्च स्यादित्येतत् त्रिविधं मतम् ॥ १६६ ॥
पूर्वं लघु च पथ्यं च गुरु वृष्यतरं परम्।
अतः परं वृष्यतमं यथाक्रममुदीरितम् ॥ १६७ ॥

पूरा घी निकाला, आधा घी निकाला और बिना घी निकाला इस प्रकार घृत की मात्रा के अनुसार तक्र तीन प्रकार का होता है। प्रथम लघु एवं पथ्य; दूसरा गुरु और शुक्रवर्धक तथा अन्तिम वृष्यतम (सर्वाधिक शुक्रवर्धक) होता है ॥ १६६–१६७ ॥

अम्लं चात्यम्लमेवान्यत्कषायं स्वादु चापरम्।
तनु सान्द्रं सान्द्रतरं गुरु विद्याद्यथोत्तरम् ॥ १६८ ॥
तत्र यदुद्धृतस्नेहं साम्लं च मधुरं च यत्।
कषायानुरसं स्वादु नातिसान्द्रं प्रशस्यते ॥ १६९ ॥
गरोदरार्शोग्रहणीपाण्डुरोगे ज्वरेऽरुचौ।
वर्चोमूत्रग्रहप्लीहस्नेहव्यापदि मेहिषु ॥ २०० ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

तक्र अम्ल, अत्यम्ल तथा कषाय-मधुर तीन प्रकार का होता है। सान्द्रता के अनुसार भी यह तीन प्रकार का होता है—तनु, सान्द्र और सान्द्रतर। ये उत्तरोत्तर गुरु होते हैं। जो तक्र बिना घी निकाला, किञ्चित् अम्ल, मधुर एवं कषायानुरस; स्वादिष्ट तथा अत्यधिक गाढ़ा न हो वह उत्तम माना जाता है। यह विष, उदररोग, अर्श, ग्रहणी, पाण्डुरोग, ज्वर, अरुचि, विबन्ध, मूत्रकृच्छ्र, प्लीहावृद्धि, स्नेहव्यापद् एवं प्रमेह में लाभकर है ॥ १९८–२०० ॥

कषायाशीतमधुरं तक्रं श्रेष्ठतमं मतम्।
तर्पणं प्रीणनं बल्यं हृद्यं पित्ताविरोधि च ॥ २०१ ॥
तक्रं केवलमम्लं च श्लेष्मानिलहरं लघु।
लेखनं दीपनीयं च रक्तपित्तप्रकोपनम् ॥ २०२ ॥

कषाय, अशीत और मधुर तक्र श्रेष्ठतम माना गया है। यह तर्पक, पोषक, बलवर्धक, हृदय के लिए हितकर तथा पित्त का अविरोधी है। अम्ल तक्र कफवातशामक एवं लघु होता है। यह लेखन, अग्निदीपन और रक्तपित्त प्रकुपित करने वाला होता है ॥ २०१–२०२ ॥

पक्वापक्वतक्रगुणाः

तक्रमामं कफं कोष्ठे हन्ति कण्ठे करोति च।
पीनसश्वासकासादौ सिद्धमेव तदिष्यते ॥ २०३ ॥

कच्चा (बिना पकाया हुआ) तक्र कोष्ठस्थित कफ को नष्ट करता है किन्तु कण्ठ में कफ उत्पन्न करता है। अतः पीनस, श्वास, कास आदि में पकाया तक्र ही हितकर होता है ॥ २०३ ॥

९२. तक्रस्य निषेधः

तक्रं नैव क्षते दद्यान्नोष्णकाले न दुर्बले।
न मूर्च्छाभ्रमदाहेषु न रोगे रक्तपैत्तिके ॥ २०४ ॥

तक्रनिषेध—क्षत, उष्णकाल, दुर्बल व्यक्ति, मूर्च्छा, भ्रम, दाह और रक्तपित्त में तक्र निषिद्ध है ॥ २०४ ॥

९३. तक्रसेवनम्

शीतकालेऽग्निमान्द्ये च कफोत्थेष्वामयेषु च।
मार्गावरोधे दुष्टे च वायौ तक्रं प्रशस्यते ॥ २०५ ॥

तक्र शीतकाल, अग्निमान्द्य, कफज रोग, स्रोतोरोध और वायुविकार में तक्र लाभकर होता है ॥ २०५ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

दोषविशेषेण तक्रगुणाः

वातेऽम्लं सैन्धवोपेतं स्वादु पित्ते सशर्करम् ।
पिबेत्तक्रं कफे चापि व्योषक्षारसमायुतम् ॥ २०६ ॥

दोषविशेष में तक्र का प्रयोग—वात दोष की अधिकता में अम्ल तक्र सेन्धा नमक मिलाकर, पित्त की अधिकता में मधुर तक्र शर्करामिश्रित, कफ की अधिकता में त्रिकटु (सोंठ, मरिच, पीपर) एवं यव क्षार मिश्रित तक्र पीना चाहिए ॥ २०६ ॥

९४. तक्रकूर्चिका

ग्राहिणी वातला रूक्षा दुर्जरा तक्रकूर्चिका ।

गुण-कर्म—तक्रकूर्चिका ग्राही, वातवर्धक, रूक्ष और पचने में भारी होती है।

९५. मण्डः

तक्राल्लघुतरो मण्डः कूर्चिकादधितक्रजः ॥ २०७ ॥

गुण-कर्म—कूर्चिका, दही तथा तक्र से उत्पन्न मण्ड तक्र से लघु होता है ॥ २०७ ॥

९६. किलाटः

गुरुः किलाटोऽनिलहा पुंस्त्वनिद्राप्रदः स्मृतः ।

गुण-कर्म—किलाट (छेना) गुरु, वातनाशक, पुंस्त्वजनक तथा निद्राकर होता है ।

९७. मोरटः

मधुरौ बृंहणौ वृष्यौ तद्वत्पीयूषमोरटौ ॥ २०८ ॥

गुण-कर्म—पीयूष और मोरट मधुर, बृंहण तथा शुक्रवर्धक होते हैं ॥ २०८ ॥

९८. नवनीतम्

नवनीतं दधिभवं घृतहेतुः शिशुप्रियम् ।
दधिमण्डोद्भवं चैव मन्थनोद्भवमेव च ॥ २०९ ॥
नवनीतं नवं हृद्यं ग्राहि रोचनदीपनम् ।
क्षयारुच्यर्दितप्लीहग्रहण्यर्शोविकारनुत् ॥ २१० ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

चक्षुष्यं शिशिरं स्निग्धं वृष्यं जीवनबृंहणम् ।
क्षीरोद्भवं हिमं ग्राहि रक्तपित्ताक्षिरोगनुत् ॥ २११ ॥
स्मृतिक्षुधाग्निशुक्रौजःकफमेदोविवर्धनम् ।
वातपित्तविषोन्मादशोफालक्ष्मीजरापहम् ॥ २१२ ॥
सर्वस्नेहोत्तमं शीतं मधुरं रसपाकयोः ।

पर्याय—दधिभव, घृतहेतु, शिशुप्रिय, दधिभण्डोद्भव और मन्थनोद्भव ये पर्याय नवनीत के हैं ।

गुण-कर्म—तत्काल निकाला हुआ मक्खन हृदय के लिये हितकर, ग्राही, रुचिकारक, अग्निदीपक होता है । यह क्षय, अरुचि, अर्दित, प्लीहावृद्धि, ग्रहणी तथा अर्श को नष्ट करने वाला, नेत्रों के लिये हितकर, शीतवीर्य, स्निग्ध, शुक्रवर्धक, जीवनदायक और बृंहण होता है । क्षीरोद्भव (दूध से निकाला मक्खन) शीतवीर्य; ग्राही, रक्तपित्त और नेत्रविकार को नष्ट करने वाला होता है । यह स्मृति, क्षुधा; जाठराग्नि, शुक्र, ओज, कफ और मेद को बढ़ाने वाला, वात, पित्त, विष, उन्माद; शोथ, अलक्ष्मी और वृद्धावस्था को दूर करने वाला है । यह सभी स्नेहों में उत्तम शीतवीर्य, रस एवं विपाक में मधुर होता है ॥ २११–२१२ ॥

९९. मधु

मधु क्षौद्रं तु माक्षीकं माक्षिकं कुसुमासवम् ।
पुष्पासवं सारघं च तच्च पुष्परसं स्मृतम् ॥ २१३ ॥

पर्याय—क्षौद्र, माक्षीक, माक्षिक, कुसुमासव, पुष्पासव, सारघ और पुष्परस ये मधु के पर्याय हैं ॥ २१३ ॥

माक्षिकं भ्रामरं क्षौद्रं पौत्तिकं छात्रकं तथा ।
आर्घ्यमौद्दालकं दालमित्यष्टौ मधुजातयः ॥ २१४ ॥

१. माक्षिक, २. भ्रामर, ३. क्षौद्र, ४. पौत्तिक, ५. छात्र, ६. आर्घ्य; ७. औद्दालक और दाल—ये आठ मधु की जातियाँ हैं ॥ २१४ ॥

माक्षिकं तैलवर्णं स्यात्क्षौद्रं तु कपिलं भवेत् ।
पौत्तिकं घृतवर्णं तु श्वेतं भ्रामरमुच्यते ॥ २१५ ॥
आपीतवर्णं छात्राख्यं पिङ्गलं चार्घ्यनामकम् ।
औद्दालं स्वर्णसदृशं दालं च पाटलं स्मृतम् ॥ २१६ ॥

माक्षिक मधु तैल के समान, क्षौद्र मधु कपिल वर्ण का, पौत्तिक मधु घी के समान, भ्रामर मधु श्वेत वर्ण का, छात्र मधु ईषत् पीत वर्ण का, आर्घ्यमधु

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पिङ्गल वर्ण का, औद्दालक मधु स्वर्ण के समान तथा दाल मधु पाटलवर्ण (गुलाबी रङ्ग का) होता है ॥ २१५–२१६ ॥

सामान्यमधुगुणाः

कषायानुरसं रूक्षं शीतलं मधुरं मधु।
दीपनं लेखनं बल्यं व्रणरोपणमुत्तमम् ॥ २१७ ॥
सन्धानं लघु चक्षुष्यं स्वर्यं हृद्यं त्रिदोषनुत्।
छर्दिहिक्काविषश्वासकासशोषातिसारजित् ॥ २१८ ॥
रक्तपित्तहरं ग्राहि कृमितृण्मोहहृत्परम्।

मधु के सामान्य गुण—मधु कषायानुरस, रूक्ष, शीतवीर्य, मधुर, अग्निदीपन, लेखन, बलवर्धक, व्रणरोपण, सन्धानजनन, लघु, नेत्रों के लिए हितकर, स्वर को उत्तम करने वाला, हृदय के लिये हितकर, त्रिदोषहर, वमन, हिचकी, विष, श्वास, कास, शोष, अतिसार और रक्तपित्त को नष्ट करने वाला, ग्राही, कृमि, तृष्णा तथा मूर्च्छा को दूर करने वाला है ॥ २१७–२१८ ॥

विशिष्टमधुगुणाः

१००. भ्रामरमधु

पैच्छिल्यात् स्वादुरूपत्वाद् भ्रामरं गुरु संज्ञितम्।
भ्रामरं कुरुते जाड्यमत्यन्तं मधुरं च तत् ॥ २१९ ॥

पिच्छिलता तथा माधुर्य के कारण भ्रामर मधु गुरु होता है। यह अत्यन्त मधुर होता है तथा जडता (जकड़न) उत्पन्न करता है ॥ २१९ ॥

१०१. क्षौद्रमधु

क्षौद्रं विशेषतो ज्ञेयं शीतलं लघु लेखनम्।

क्षौद्र मधु विशेषतः शीतल, लघु और लेखन होता है।

१०२. माक्षिकमधु

तस्माल्लघुतरं रूक्षं माक्षिकं प्रवरं स्मृतम् ॥ २२० ॥

माक्षिक मधु क्षौद्र मधु की अपेक्षा लघुतर, रूक्ष तथा सभी प्रकार के मधुओं में श्रेष्ठ होता है ॥ २२० ॥

उष्णैर्विरुध्यते सर्वं विषान्वयतया मधु।
उष्णार्तमुष्णमुष्णैर्वा तन्निहन्ति यथा विषम् ॥ २२१ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

तत्सौकुमार्याच्च तथैव सेव्यं वनौषधीनां रससम्भवाच्च ।
उष्णैर्विरुध्येत विशेषतस्तु तथाऽऽन्तरिक्षेण जलेन वाऽपि ॥ २२२ ॥

सब प्रकार का मधु विष से सम्पर्क के कारण उष्णता का विरोधी होता है। उष्णता से पीड़ित व्यक्ति के लिए या उष्ण या उष्ण पदार्थों से युक्त मधु विष के समान घातक होता है। यह सुकुमारता तथा वनौषधियों के रस से उत्पन्न होने के कारण उष्णता तथा आन्तरिक्ष जल का विशेष रूप से विरोधी है ॥ २२१–२२२ ॥

१०३. माध्वी सिता

माध्वी सिता मधूत्पन्ना मधुजा मधुशर्करा ।
माक्षिकशर्करा चैषा क्षौद्रजा क्षौद्रशर्करा ॥ २२३ ॥
यद्गुणं यन्मधु प्रोक्तं तद्गुणास्तस्य शर्कराः ।
विशेषाद् बल्यवृष्याश्च तर्पण्यः क्षीणदेहिनाम् ॥ २२४ ॥

मधुशर्करा के पर्याय—माध्वी सिता, मधूत्पन्ना, मधुजा, मधुशर्करा, माक्षिकशर्करा, क्षौद्रजा और क्षौद्रशर्करा पर्यायवाची हैं।

मधुशर्करा जिस मधु से निर्मित होती है उसी मधु के गुणकर्म उस मधुशर्करा में होता है। विशेषतः ये बलवर्धक, शुक्रजनन तथा क्षीण व्यक्तियों के लिए तर्पण होते हैं ॥ २२३–२२४ ॥

मद्यानि

१०४. शुक्तम्

शुक्तं सहस्रवेधं च रसाम्लं चुक्रमेव च ।
मुक्तसारं तथा चोक्तं दहनं नीलकारकम् ॥ २२५ ॥
विविधाभिमतं चण्डं भेदनं चाम्लमेव च ।

पर्याय—सहस्रवेध, रसाम्ल, चुक्र, मुक्तसार, दहन, नीलकारक, चण्ड, भेदन और अम्ल ये शुक्त के पर्याय हैं ॥ २२५ ॥

रक्तपित्तकरं शुक्तं सद्यो भुक्तविपाचनम् ।
जरणं भेदनं पाण्डुक्रिमिरोगहरं लघु ॥ २२६ ॥
तीक्ष्णोष्णं मूत्रलं हृद्यं कफघ्नं कटुपाकि च ।
तद्वत्तदासुतं सर्वं रोचनं तु विशेषतः ॥ २२७ ॥

गुण-कर्म—शुक्त रक्तपित्तकारक, भुक्त आहार को शीघ्र पचाने वाला, अग्निदीपन एवं भेदन होता है। यह पाण्डु एवं क्रमि रोग का नाशक, लघु, तीक्ष्ण,

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

उष्णवीर्य, मूत्रल, हृदय के लिए हितकर, कफशामक तथा कटुविपाक होता है। शुक्त में सन्धान की हुई सभी वस्तुएँ विशेषतः रुचिकारक हो जाती हैं ॥ २२६–२२७ ॥

१०५. काञ्जिकम्

काञ्जिकं चैव सौवीरं कुल्माषाभिषुतं तथा।
अवन्तिसोमं धान्याम्लमारनालं महारसम् ॥ २२८ ॥
दाहज्वरापहं स्पर्शात्पानाद् वातकफापहम्।
विबन्धघ्नमवस्रंसि दीपनं चाम्लकाञ्जिकम् ॥ २२९ ॥

पर्याय—सौवीर, कुल्माषाभिषुत, अवन्तिसोम, धान्याम्ल, आरनाल और महारस ये काञ्जिक के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—खट्टी काञ्जी स्पर्श (वाह्य प्रयोग) से दाह एवं ज्वर का नाशक तथा पान (आभ्यन्तर प्रयोग) से वात एवं कफ का शामक, विबन्धनाशक, अनुलोमन; दीपन होती है ॥ २२८–२२९ ॥

१०६. सौवीरकं तुषोदकं च (काञ्जिकविशेषः)

सौवीरकं सुवीराम्लं यवगोधूमसम्भवम्।
यवाग्रजं यवोत्थं च तुषोदं च॰ तुषोदकम् ॥ २३० ॥

पर्याय—सौवीरक, सुवीराम्ल, यवगोधूमसम्भव, यवाग्रज, यवोत्थ, तुषोद और तुषोदक ये सौवीरक और तुषोदक के पर्याय हैं ॥ २३० ॥

जरणीयं च हृत्पाण्डुकृमिरोगविदाहनुत्।
ग्रहण्यर्शोहितं भेदि सौवीरं च तुषोदकम् ॥ २३१ ॥

गुण-कर्म—सौवीरक एवं तुषोदक पाचन, हृदयविकार, पाण्डु, कृमिरोग एवं विदाह के नाशक हैं। ये ग्रहणी, अर्श के लिये हितकर एवं मलभेदक होते हैं ॥ २३१ ॥

गौडानि रसशुक्तानि मधुशुक्तानि यानि च।
यथापूर्वं गुरुतराण्यभिष्यन्दकराणि च ॥ २३२ ॥

गुण-कर्म—गुडशुक्त, रसशुक्त और मधुशुक्त यथापूर्व गुरु एवं अभिष्यन्दी होते हैं। अर्थात् मधुशुक्त से रसशुक्त और रसशुक्त से गौडशुक्त गुरु होता है ॥ २३२ ॥

यन्मस्त्वादि शुचौ भाण्डे सगुडक्षौद्रकाञ्जिकम्।
धान्यराशौ त्रिरात्रस्थं शुक्तं चुक्रं तदुच्यते ॥ २३३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—मस्तु (दही के पानी) आदि को स्वच्छ भाण्ड में गुड़, मधु और काञ्जिक के साथ तीन रात्रि तक धान्यराशि में रखने पर जो शुक्त तैयार होता है उसे चुक्र कहते हैं ॥ २३३ ॥

१०७. सुरा (मद्य) जातयः

सुरा मद्यं प्रसन्ना स्यान्मदिरा वारुणी रसा ।
वरा मण्डा मदकरी माधवी वरुत्मजा ॥ २३४ ॥
इरा कादम्बरी हाला जगलो मेदको मता ।

मद्य की जातियाँ—सुरा, मद्य, प्रसन्ना, मदिरा, वारुणी, रसा, वरा, मण्डा, मदकरी, माधवी, वरुणात्मजा, इरा, कादम्बरी, हाला, जगल और मेदक ये सब मद्य के प्रकार हैं ॥ २३४ ॥

सौरेयी मधु मैरेयी सुरा सुरभवा स्मृता ।
महासुरा च विज्ञेया त्रिविधाऽपि सुरा मता ॥ २३५ ॥
सर्वं मद्यं सुसञ्जातं मधूलकमिति स्मृतम् ।

मैरेयी, सुरा और महासुरा ये सुरा के तीन भेद हैं। सौरेयी और मधु मैरेयी के पर्याय हैं। जो मद्य अच्छी तरह तैयार हुआ है वह मधूलक कहलाता है ॥ २३५ ॥

मद्यगुणाः

दीपनं रोचनं मद्यं तीक्ष्णोष्णं तुष्टिपुष्टिदम् ।
सुस्वादु तिक्तकटुकम्लपाकरसं सरम् ॥ २३६ ॥
सकषायं स्वरारोग्यप्रतिभावर्णकृल्लघु ।
नष्टनिद्रातिनिद्रेभ्यो हितं पित्तास्रदूषणम् ॥ २३७ ॥
कृच्छ्रशूलहितं रूक्षं सूक्ष्मं मूत्रविशोधनम् ।
वातश्लेष्महरं युक्त्या पीतं विषवदन्यथा ॥ २३८ ॥

गुण-कर्म—सभी प्रकार का मद्य दीपन, रोचन, तीक्ष्ण, उष्ण, रस में मधुर-तिक्त-कटु-अम्ल-कषाय, विपाक में अम्ल, सारक, स्वर को उत्तम करने वाला, आरोग्यप्रद, प्रतिभा (कल्पनाशक्ति) और वर्ण को उत्तम करने वाला, लघु, निद्रानाश तथा निद्राधिक्य में हितकर, पित्त एवं रक्त को दूषित करने वाला, कष्टप्रद शूल का नाशक, रूक्ष, सूक्ष्म, मूत्रसंशोधक, वातकफनाशक होता है। उपर्युक्त गुण युक्तिपूर्वक पीने से होते हैं, अन्यथा यह विष के समान घातक होता है ॥ २३६–२३८ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१०८. सुरा

कासार्शोग्रहणीश्वासप्रतिश्यायविनाशनी ।
स्वेदमूत्रकफस्तन्यरक्तमांसकरी सुरा ॥ २३९ ॥
कासार्शो ग्रहणीदोषमूत्राघाता निलापहा ।
स्तन्यरक्तक्षयहिता सुरा बृंहणदीपनी ॥ २४० ॥

गुण-कर्म—सुरा कास, अर्श, ग्रहणी, श्वास, प्रतिश्याय को नष्ट करने वाली तथा स्वेद, मूत्र, कफ, स्तन्य, रक्त और मांस को बढ़ाने वाली होती है। सुरा कास, अर्श, ग्रहणीविकार, मूत्राघात एवं वात को दूर करने वाली, स्तन्य क्षय तथा रक्त क्षय में लाभकर, बृंहण और दीपन है २३९–२४० ॥

छर्द्यरोचकहृत्कुक्षितोदशूलप्रमर्दिनी ।
प्रसन्ना गुल्मवातार्शोविबन्धानाहनाशिनी ॥ २४१ ॥

प्रसन्ना वमन, अरोचक, हृदय एवं उदर की पीड़ा दूर करने वाली, गुल्म, वात, अर्श, विबन्ध तथा अनाह को नष्ट करती है ॥ २४१ ॥

१०९. यवसुरा मधूलिका च

पित्तलाऽल्पकफा रूक्षा यवैर्वातप्रकोपनी ।
विष्टम्भिनी सुरा गुर्वी श्लेष्मला तु मधूलिका ॥ २४२ ॥

यवसुरा पित्तवर्धक, किञ्चित् कफवर्धक, रूक्ष, तथा वातप्रकोप करने वाली होती है। मधूलिका विष्टम्भी, गुरु और कफवर्धक है ॥ २४२ ॥

११०. आक्षिकी सुरा

रूक्षा नातिकफा वृष्या पाचनी चाक्षिकी स्मृता ।

आक्षिकी सुरा रूक्ष, किञ्चित् कफवर्धक, शुक्रजनक एवं पाचन होती है।

१११. सीधुभेदाः

सीधुरामण्डवासः स्याच्छीतपकरसस्तथा ।

आमण्डवास, शीतरस और पक्वरस ये सीधु के भेद होते हैं।

११२. मधूकसीधुः

सीधुर्मधूकपुष्पोत्थो विदाह्यग्निबलप्रदः ॥ २४३ ॥
रूक्षः कषायः कफकृद् वातपित्तप्रकोपनः ।

महुये के फूल से बना सीधु विदाही, अग्निदीपक, रूक्ष, कषाय, कफनाशक तथा वातपित्तकोपक होता है ॥ २४३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

११३. रसासवः

बल्यः पित्तहरो वर्ण्यो मृद्वीकेक्षुरसासवः ।

अंगूर तथा ईख के रस का आसव बलबर्धक, पित्तनाशक तथा वर्ण को उत्तम करने वाला होता है ।

११४. कोहलो जगलश्च

त्रिदोषो भेद्यवृष्यश्च कोहलो वदनप्रियः ।
ग्राह्युष्णो जगलः पक्ता रूक्षस्तृट्कफशोफकृत ॥ २४४ ॥
हृद्यः प्रवाहिकाटोपदुर्नामानिलशोषजित् ।

कोहल त्रिदोषकारक, भेदन, शुक्रनाशक और रुचिकर होता है । जगल ग्राही; उष्णवीर्य, पाचन, रूक्ष, तृष्णा, कफ एवं शोथ का जनक है । यह हृदय के लिए हितकर, प्रवाहिका, आटोप, अर्श, वात एवं शोष को दूर करता है ॥ २४४ ॥

११५. बक्कसः

बक्कसो हृतसारत्वाद् विष्टम्भी वातकोपनः ॥ २४५ ॥

बक्कस सारभाग से रहित होने के कारण विष्टम्भक एवं वातप्रकोपक होता है ॥ २४५ ।,

११६. मार्द्वीकम्

मधु मद्योत्तमं हृद्यं मार्द्वीकं कथितं तथा ।
सरमभिषवक्रान्तं कामिकान्तं मदोत्कटम् ॥ २४६ ॥
मार्द्वीकं लेखनं हृद्यं नात्युष्णं मधुरं सरम् ।
अम्लपित्तानिलपाण्डु मेहार्शः कृमिनाशनम् ॥ २४७ ॥

पर्याय—मधु, मद्योत्तम, हृद्य, सर, अभिषवक्रान्त, कामिकान्त और मदोत्कट ये मार्द्वीक के पर्याय हैं ।

मार्द्वीक (द्राक्षासुरा)—लेखन, हृदय के लिए हितकर, किञ्चित् उष्ण, मधुर, सारक, अम्लपित्त, वात, पाण्डु, प्रमेह, अर्श और कृमि को दूर करने वाला होता है ॥ २४६–२४७ ॥

११७. खार्जूरम्

तस्मादल्पान्तरगुणं खार्जूरं वातलं गुरु ।
दीपनं सृष्टविण्मूत्रं विशदाल्पमदं मतम् ॥ २४८ ॥

खर्जूरसुरा द्राक्षासुरा से अल्पगुणयुक्त और वातवर्धक, गुरु, अग्निदीपक; सृष्टविण्मूत्र (मूत्र एवं मल को निकालने वाला), विशद और किञ्चित् मदकारक होता है ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

११८. गौडसीधुः शार्करसीधुश्च

कषायो मधुरः सीधु गौंडः पाचनदीपनः।
शार्करो मधुरो रुच्यो दीपनो वस्तिशोधनः॥ २४९॥
वातघ्नो मधुरः पाके हृद्य इन्द्रियबोधनः।

गुड से बना सीधु कषाय-मधुर एवं अग्निदीपन और पाचन होता है। शक्कर से बना सीधु मधुर, रुचिकारक, दीपन, बस्तिसंशोधन, वातशामक, मधुरविपाक, हृदय के लिए हितकर और इन्द्रियों को जाग्रत करने वाला होता है ॥२४८–२४९॥

कर्षणः शीतरसिकः श्वयथूदरनाशनः॥ २५०॥
वर्णकृज्जरणः स्वर्यो विबन्धघ्नोऽर्शसां हितः।

शीतरसिक कृश करने वाला, शोथ एवं उदररोगनाशक होता है। यह वर्ण को उत्तम करने वाला, जाठराग्निप्रदीपक, स्वर्य, विबन्धनाशक और अर्श के लिये हितकर होता है॥ २५०॥

११९. मध्वासवः

छेदी मध्वासवस्तीक्ष्णो मेदःपीनसकासजित्॥ २५१॥

मध्वासव छेदन करने वाला, तीक्ष्ण, मेदोरोग, पीनस तथा कास को दूर करने वाला होता है॥ २५१॥

१२०. शार्करो माधवश्च

शार्करः सुरभिः सौम्यो माधवो रूक्षणात्मकः।
आसवो मुखवासश्च सुकुमारः सुयोजितः॥ २५२॥

शर्करा का आसव सुगन्धित एवं सौम्य तथा मधु का आसव रूक्षता उत्पन्न करने वाला होता है। यह मुख को सुगन्धित करने तथा सुकुमारता उत्पन्न करने वाला होता है॥ २५२॥

१२१. सुरासवः

सुरासवस्तीक्ष्णमदः स्वादुस्तृष्णानिलापहः।

सुरासव तीक्ष्णमदकारक, स्वादिष्ट, तृष्णा तथा वात को दूर करने वाला होता है।

१२२. मैरेयः

तीक्ष्णः कषायो मदकृद्दुर्नामकफगुल्महृत्।
कृमिमेदोनिलहरो मैरेयो मधुरो गुरुः॥ २५३॥

मैरेय तीक्ष्ण, कषाय, मदकारक, अर्श, कफ एवं गुल्म का नाशक तथा कृमि, मेद एवं वात का नाशक, मधुर तथा गुरु होता है॥ २५३॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१२३. आक्षिकसीधुः

आक्षिकः पाण्डुरोगघ्नो व्रण्यः संग्राहको लघुः ।
कषायो मधुरः सीधुः पित्तघ्नोऽसृक्प्रसादनः ॥ २५४ ॥

गुण-कर्म—आक्षिक (अक्षिकी से बना) सीधु पाण्डुरोगनाशक, वर्ण को उत्तम करने वाला, संग्राही, लघु, कषाय-मधुर, पित्तशामक और रक्तप्रसादन करने वाला होता है ॥ २५४ ॥

१२४. जाम्बवसीधुः

जाम्बवो बद्धनिष्यन्दस्तुवरो वातकोपनः ।

गुण-कर्म—जामुन से बना सीधु मल-मूत्र को रोकने वाला, कषाय एवं वातवर्धक होता है ।

निर्दिशेद्रसतश्चान्यान् कन्दमूलफलासवान् ॥ २५५ ॥

इसी प्रकार अन्य कन्द, मूल तथा फल से निर्मित आसवों का परिज्ञान रस के द्वारा करना चाहिए ॥ २५५ ॥

१२५. अरिष्टः

अरिष्टो द्रव्यसंयोगसंस्कारादधिको गुणैः ।
बहुदोषहरश्चैव दोषाणां शमनश्च सः ॥ २५६ ॥
दीपनः कफवातघ्नः सरः पित्तविरोधनः ।
शूलाध्मानोदरप्लीहज्वराजीर्णार्शसां हितः ॥ २५७ ॥
पिप्पल्यादिकृतो गुल्मकफरोगहरः स्मृतः ।
चिकित्सितेषु वक्ष्यन्तेऽरिष्टा रोगहराः पृथक् ॥ २५८ ॥

अरिष्ट द्रव्यों के संयोग तथा संस्कार की विशेषता के कारण अधिक गुणकारी होता है । यह उत्कृष्ट, दोषसंशोधन तथा दोषसंशमन है । अरिष्ट अग्निदीपन, कफवातशामक, सारक, पित्तवर्धक, शूल, आध्मान, उदररोग, प्लीहा, ज्वर, अजीर्ण एवं अर्श को दूर करने वाला होता है । पिप्पल्यादि गण के द्रव्यों से बना अरिष्ट गुल्म एवं कफ रोगों का नाशक होता है । पृथक्-पृथक् रोगों का निवारण करने वाले अरिष्टों का वर्णन चिकित्साप्रकरण में करेंगे ॥ २५६–२५८ ॥

अरिष्टासवसीधूनां गुणान्कर्माणि चाऽऽदिशेत् ।
बुद्ध्या यथास्वं संस्कारमवेक्ष्य कुशलो भिषक् ॥ २५९ ॥

अरिष्ट, आसव तथा सीधु के गुण-कर्म का ज्ञान पृथक्-पृथक् संस्कारों को देख कर करे ॥ २५९ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

नवजीर्णमद्यगुणाः

नवं मद्यमभिष्यन्दि गुरु वातादिकोपनम् ।
अनिष्टगन्धं विरसमहृद्यमविदाहि च ॥ २६० ॥

सुगन्धि दीपनं हृद्यं रोचिष्णु कृमिनाशनम् ।
स्फुटस्रोतस्करं जीर्णं लघु वातकफापहम् ॥ २६१ ॥

नवीन मद्य अभिष्यन्दी, गुरु, वात आदि दोषों का प्रकोपक, दुर्गन्धयुक्त, विकृत स्वादवाला, अस्वादु तथा अविदाही होता है। इसके विपरीत, जीर्ण (पुराना) मद्य सुगन्धित, दीपन, हृद्य, रुचिकारक, कृमिहर, स्रोतों को खोलने वाला, लघु तथा वात एवं कफ को शान्त करता है ॥ २६०–२६१ ॥

१२६. वर्ज्यमद्यम्

सान्द्रं विदाहि दुर्गन्धं विरसं कृमिलं गुरु ।
अहृद्यं तरुणं तीक्ष्णमुष्णं दुर्भाजनस्थितम् ॥ २६२ ॥

अल्पौषधं पर्युषितमत्यच्छं पिच्छिलं च यत् ।
तद्वर्ज्यं सर्वदा मद्यं किञ्चिच्छेषं तु यद्भवेत् ॥ २६३ ॥

गाढ़ा, विदाह (जलन) उत्पन्न करने वाला, दुर्गन्धित, विकृत रसयुक्त, गुरु, अस्वादु, नया, तीक्ष्ण, उष्ण, खराब पात्र में रखा, कम औषध वाला, बासी, अतिस्वच्छ, पिच्छिल तथा अवशिष्ट मद्य वर्जित है ॥ २६२–२६३ ॥

तत्र यत्स्तोकसंभारतरुणं पिच्छिलं गुरु ।
कफप्रकोपि तन्मद्यं दुर्जरं च विशेषतः ॥ २६४ ॥

पित्तप्रकोपि बहलं तीक्ष्णमुष्णं विदाहि च ।
अहृद्यं फेनिलं पूति कृमिलं विरसं गुरु ॥ २६५ ॥

तथा पर्युषितं चापि विद्यादनिलकोपनम् ।
सर्वैं दोषैरुपेतं तु सर्वदोषप्रकोपनम् ॥ २६६ ॥

जिसमें कम द्रव्य दिये हों, नया, पिच्छिल एवं भारी मद्य कफप्रकोपक तथा पचने में कठिन होता है। गाढ़ा, तीक्ष्ण, उष्ण और विदाही मद्य पित्तप्रकोपक होता है। अस्वादु, फेनयुक्त, दुर्गन्धित, कृमियुक्त, विकृतरसयुक्त, गुरु तथा बासी मद्य वातप्रकोपक होता है। उपर्युक्त सभी दोषों से युक्त होने पर मद्य सभी दोषों को प्रकुपित करता है ॥ २६४–२६६ ॥

चिरस्थितं जातरसं दीपनं कफवातजित् ।
रुच्यं प्रसन्नं सुरभि मद्यं सेव्यं मदावहम् ॥ २६७ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

तस्यानेकप्रकारस्य मद्यस्य रसवीर्यतः ।
सौक्ष्म्यादौष्ण्याच्च तैक्ष्ण्याच्च विकासित्वाच्च वह्निना ॥ २६८ ॥

समेत्य हृदयं प्राप्य धमनीरूर्ध्वमागतम् ।
विक्षोभ्येन्द्रियचेतांसि वीर्यं मदयतेऽचिरात् ॥ २६९ ॥

चिरेण श्लैष्मिके पुंसि पानतो जायते मदः ।
अचिराद्वातिके दृष्टः पैत्तिके शीघ्रमेव तु ॥ २७० ॥

अनेक प्रकार का मद्य रस और वीर्य की सूक्ष्मता, उष्णता, तीक्ष्णता तथा विकासिता के कारण हृदय में पहुँच कर धमनियों के द्वारा ऊपर जाकर इन्द्रियों और मन को विक्षुब्ध कर शीघ्र ही वीर्य के द्वारा मद उत्पन्न करता है। कफप्रकृति पुरुष में मद्यपान के बाद देर से मद (नशा) आता है। वही वातप्रकृति तथा पित्तप्रकृति पुरुषों में शीघ्र आ जाता है ॥ २६७–२७० ॥

सात्विके शौचदाक्षिण्यहर्षमण्डनलालसः ।
गीताध्ययनसौभाग्यसुरतोत्साहकृन्मदः ॥ २७१ ॥

राजसे दुःखशीलत्वमात्मत्यागं ससाहसम् ।
कलहं सानुबन्धं तु करोति पुरुषे मदः ॥ २७२ ॥

अशौचनिद्रामात्सर्यागम्यगमनलोलताः ।
असत्यभाषणं चापि कुर्याद्धि तामसे मदः ॥ २७३ ॥

सात्विक पुरुष में मद होने पर सफाई, अनुकूलता, प्रसन्नता तथा प्रसाधन की इच्छा उत्पन्न होती है। इसके अतिरिक्त, वह संगीत, अध्ययन, सौभाग्य तथा मैथुन में उत्साह उत्पन्न करता है। राजस पुरुष में नशा होने पर दुःख, आत्मत्याग, साहस, कलहपरम्परा उत्पन्न होती है। तामस पुरुष में मद होने पर अस्वच्छता, निद्रा, मात्सर्य, अगम्यगमन, चंचलता तथा असत्यभाषण उत्पन्न होता है ॥ २७१–२७३ ॥

१२७. जलम्

पानीयमापः कीलालं नीरं कं सलिलं जलम् ।
अमृतं वारुणं तोयं वार्यम्भोऽम्बूदकं पयः ॥ २७४ ॥

पर्याय—पानीय, अप् ; कीलाल, नीर, क, सलिल, जल, अमृत, वारुण, तोय, वारि, अम्भस्, अम्बु, उदक और पयस् ये जल के पर्याय हैं ॥ २७४ ॥

साधारणं जलं रुच्यं दीपनं पाचनं लघु ।
श्रमतृष्णापहं वातकफमेदोघ्नपुष्टिदम् ॥ २७५ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—साधारण जल रुचिकारक, दीपन, पाचन और लघु होता है। यह श्रम, तृष्णा, वात-कफ, मेद को नष्ट करने वाला और पुष्टिदायक होता है ॥ २७५ ॥

पानीयं मधुरं हिमं च रुचिदं तृष्णास्यशोषापहं
मोहभ्रान्तिमपाकरोति कुरुते भुक्तान्नपक्तिं पराम् ॥
निद्रालस्यनिरासनं विषहरं श्रान्तार्तसंतर्पणम्
नृणां धीबलवीर्यवृद्धिजननं नष्टाङ्गपुष्टिप्रदम् ॥ २७६ ॥

गुण-कर्म—मधुर, शीतल, रुचिकर, मुखशोष तृष्णा एवं का शामक, मूर्च्छा एवं भ्रम को दूर करने वाला, खाये हुए अन्न को पचाने वाला, निद्रा एवं आलस्य को नष्ट करने वाला, श्रान्त तथा पीड़ित व्यक्तियों के लिए सन्तर्पक, बुद्धि, बल एवं शुक्र का वर्धक और क्षीण अङ्ग को पुष्ट करता है ॥ २७६ ॥

गगनाम्बु त्रिदोषघ्नं गृहीतं यत्सुभाजने ।
बल्यं रसायनं मेध्यं पात्रापेक्षि ततः परम् ॥ २७७ ॥

स्वच्छ पात्र में संगृहीत वर्षाजल त्रिदोषहर, बलवर्धक, रसायन तथा मेधा के लिए हितकर होता है। इसके बाद पात्र के अनुसार इसका गुण निर्धारित होता है ॥ २७७ ॥

अनार्तवं विमुञ्चन्ति वारि वारिधरास्तु यत् ।
तत्त्रिदोषाय सर्वेषां देहिनां परिकीर्तितम् ॥ २७८ ॥

दिव्यवाय्वग्निसंयोगात्संहताः खात्पतन्ति याः ।
शिलाप्रकरबद्धास्ताः करका अमृतोपमाः ॥ २७९ ॥

अपि नद्याः समुद्रान्ते बहिरापस्तदुद्भवाः ।
धूमावयवनिर्मुक्तास्तुषाराख्यास्तु ताः स्मृताः ॥ २८० ॥
प्राक्समुद्राम्बुसंपर्कसमीरणसमन्विताः ।

बिना ऋतु के जो पानी बरसता है वह सभी प्राणियों के लिए त्रिदोषकोपक होता है। आकाशीय वायु और अग्नि के संयोग से पत्थर के समान ठोस जो ओले आकाश से गिरते हैं वे अमृततुल्य गुणकारी हैं। नदी या समुद्र के पार्श्ववर्ती प्रदेश में जल के वाष्प से जो धूमवत् बनता है वह तुषार (बर्फ) कहलाता है। यह प्रायः पूर्वी समुद्र के जल और वायु से समन्वित होता है ॥ २७९–२८१ ॥

दिवा सूर्यांशुसंतप्तं निशि चन्द्रांशुशीतलम् ।
कालेन पक्वं निर्दोषमगस्त्योदयनिर्विषम् ॥ २८१ ॥
अंशूदकमिति ख्यातं शारदं विमलं शुचि ।
स्नानपानावगाहेषु शस्यते तद् यथाऽमृतम् ॥ २८२ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अंशूदक जल—जिस जल के ऊपर दिन में सूर्य की किरणें और रात में चन्द्रमा की किरणें पड़ें वह काल से परिपक्व होकर, दोषरहित तथा अगस्त नक्षत्र के उदय से विषरहित, स्वच्छ एवं पवित्र शरद ऋतु का जल अंशूदक कहलाता है। यह स्नान, पान तथा अवगाहन के लिए अमृततुल्य उपयोगी है ॥ २८१–२८२ ॥

चन्द्रकान्तोद्भवं वारि पित्तघ्नं विमलं स्मृतम् ।

चन्द्रकान्त (मणि से निकला) जल पित्तशामक एवं स्वच्छ होता है।

नादेयादिजलस्य गुणाः

नादेयं वातलं रूक्षं दीपनं लघु लेखनम् ।
तदभिष्यन्दि मधुरं सान्द्रं गुरु कफापहम् ॥ २८३ ॥

नदी का जल वातजनक, रूक्ष, दीपन, लघु, और लेखन होता है किन्तु मीठा और गाढ़ा होने पर अभिष्यन्दी, गुरु तथा कफ उत्पन्न करने वाला होता है ॥२८३॥

तृष्णाघ्नं सारसं बल्यं कषायं मधुरं लघु ॥ २८४ ॥

सरोवर का जल तृष्णाहर, बलवर्द्धक, कषाय-मधुर एवं लघु होता है ॥२८४॥

ताडागं वातलं स्वादु कषायं कटुपाकि च ॥ २८५ ॥

तड़ाग (तालाब) का जल वातवर्धक, मधुर-कषाय तथा विपाक में कटु होता है ॥ २८५ ॥

वातश्लेष्महरं वाप्यं सक्षारं कटु पित्तलम् ।
सक्षारं पित्तलं कौपं श्लेष्मघ्नं लघु दीपनम् ॥ २८६ ॥

वापी (बावड़ी का) जल वातकफनाशक, क्षारीय, कटुरस तथा पित्तवर्धक होता है। कुएँ का जल क्षारीय, पित्तवर्धक, कफनाशक, लघु और दीपन होता है ॥ २८६ ॥

चौण्डयमग्निकरं रूक्षं मधुरं कफकृन्न च ।

चुण्डी का जल अग्निवर्धक, रूक्ष, मधुर है किन्तु कफकारक नहीं होता है।

कफघ्नं दीपनं हृद्यं लघु प्रस्रवणोद्भवम् ॥ २८७ ॥

प्रस्रवण (झरने का) जल कफनाशक, अग्निदीपक, रुचिकर एवं लघु होता है ॥ २८७ ॥

मधुरं पित्तशमनमविदाह्यौद्भिदं स्मृतम् ।

औद्भिद (पृथ्वी के भीतर से निकला) जल मधुर, पित्तशामक, और अविदाही होता है।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

केदारं मधुरं पाके गुर्वभिष्यन्दि दोषलम् ॥ २८८ ॥

केदार (खेत का) जल मधुर, पाक में गुरु, अभिष्यन्दी तथा दोषकारक होता है ॥ २८८ ॥

तद्वत्पाल्वलमुद्दिष्टं विशेषाद्दोषलं तु तत् ।

पाल्वल (गढ़े का) जल उसी के समान विशेष रूप से दोषकारक होता है ।

सामुद्रमुदकं विस्रं लवणं सर्वदोषकृत् ॥ २८९ ॥

सामुद्र जल विस्र (आमगन्धयुक्त) नमकीन तथा सभी दोषों को बढ़ाने वाला होता है ॥ २८९ ॥

नद्यः पाषाणविच्छिन्नविक्षुब्धाभिहतोदकाः ।
हिमवत्प्रभवाः पथ्याः पुण्या देवर्षिसेविताः ॥ २९० ॥

पत्थरों के आघात-प्रतिघात से खिन्न जल वाली, हिमालय से निकल कर बहने वाली नदियाँ पथ्य, पवित्र देवताओं तथा ऋषियों द्वारा सेवित है ॥ २९० ॥

नद्यः पाषाणसिकतावाहिन्यो विमलोदकाः ।
मलयप्रभवा याश्च तज्जलं त्वमृतोपमम् ॥ २९१ ॥
पश्चिमाभिमुखा याश्च पथ्यास्ता निर्मलोदकाः ।
प्रायो मृदुवहा गुर्व्यो याश्च पूर्वसमुद्रगाः ॥ २९२ ॥

पत्थर और बालू पर बहने वाली, स्वच्छजलयुक्त, मलय पर्वत से निकली हुई नदियों का जल अमृत के समान (हितकर) होता है । पश्चिमाभिमुख बहने वाली नदियों का जल पथ्य तथा स्वच्छ होता है । पूरब समुद्र की ओर बहने वाली नदियों का जल प्रायः मृदु एवं गुरु होता है ॥ २९१–२९२ ॥

पारियात्रभवा याश्च विन्ध्यसह्यभवाश्च याः ।
शिरोहृद्रोगकुष्ठादिहेतुस्ताः श्लीपदस्य च ॥ २९३ ॥

पारियात्र, विन्ध्य तथा सह्य पर्वतों से निकली हुई नदियों का जल शिरोरोग, हृदयरोग, कुष्ठ तथा श्लीपद उत्पन्न करता है ॥ २९३ ॥

चन्द्रार्ककरसंस्पृष्टं वायुनाऽऽस्फालितं बहु ।
पर्वतोपरि यद्वारि समं पौरन्दरेण तु ॥ २९४ ॥
तस्यानुगुणमुद्दिष्टं शैलप्रस्रवणोद्भवम् ।
लेखनं दीपनं रूक्षं किञ्चिद् वातप्रकोपनम् ॥ २९५ ॥

चन्द्रमा एवं सूर्य की किरणों से संसृष्ट तथा वायु से अत्यन्त अस्फालित पर्वत के ऊपर का जल आन्तरिक्ष जल के समान होता है । प्रायः उन्हीं गुणों से युक्त

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पहाड़ी झरने से निकलने वाला जल है। यह लेखन, दीपन, रूक्ष और किंचित् वातप्रकोपक होता है ॥ २९४–२९५ ॥

आनूपजलस्य लक्षणं गुणाः

आनूपदेशजं वारि तत्सान्द्रं गुरु पिच्छिलम् ।
प्रमेहश्लीपदच्छर्दिगलगण्डास्यशोषकृत् ॥ २९६ ॥

आनूप देश का जल गाढ़ा, गुरु, पिच्छिल, प्रमेह, श्लीपद, वमन, गलगण्ड और मुखशोष उत्पन्न करने वाला होता है ॥ २९६ ॥

जाङ्गलसाधारणजलयोः गुणाः

विपर्ययं जाङ्गलं च समं साधारणं स्मृतम् ।

जाङ्गल देश का जल आनूप जल के विपरीत गुणयुक्त तथा साधारण जल सामान्य गुणयुक्त होता है ।

अगन्धमस्पष्टरसं सुशीतं तृड्विनाशनम् ।
अच्छं लघु च हृद्यं च तोयं गुणवदुच्यते ॥ २९७ ॥
पिच्छिलं कृमिलं क्लिन्नं पर्णशैवालकर्दमैः ।
विवर्णं विरसं सान्द्रं दुर्गन्धं न हितं जलम् ॥ २९८ ॥

गन्धरहित, बिना किसी व्यक्त रस के, शीतल, तृष्णाशामक, स्वच्छ, लघु और रुचिकर जल गुणकारी होता है (अतः ऐसे ही जल का सेवन करना चाहिए)। पिच्छिल, कृमियुक्त, पत्ती, शैवाल, कीचड़ आदि से सड़ा हुआ, विकृतवर्ण एवं रस वाला, गाढ़ा एवं दुर्गन्धयुक्त जल हितकर नहीं होता (अतः ऐसे जल का ग्रहण नहीं करना चाहिए) ॥ २९७–२९८ ॥

दिवाऽर्ककिरणैर्जुष्टं निशायामिन्दुरश्मिभिः ।
अरूक्षमनभिष्यन्दि तत्तुल्यं गगनाम्बुना ॥ २९९ ॥

दिन में सूर्य की किरणों से तथा रात्रि में चन्द्रमा की किरणों से संसृष्ट रूक्षतारहित तथा अभिष्यन्दरहित जल आन्तरिक्ष जल के समान होता है ॥२९९॥

कफमेदोऽनिलामघ्नं दीपनं वस्तिशोधनम् ।
कासश्वासज्वरहरं पथ्यमुष्णोदकं सदा ॥ ३०० ॥
भिनत्ति श्लेष्मसंघातं मारुतं चापकर्षति ।
अजीर्णं जरयत्याशु पीतमुष्णोदकं निशि ॥ ३०१ ॥
मद्यपानसमुद्भूते रोगे पित्तोद्भवे तथा ।
सन्निपातसमुत्थे च शृतशीतं प्रशस्यते ॥ ३०२ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गरम जल कफ, मेद, वात एवं आमदोष का नाशक, अग्निदीपन, मूत्रल, कास, श्वास एवं ज्वर को दूर करने वाला सर्वदा हितकर है। रात में गरम जल पीने से कफ के समूह को नष्ट करता है, वायु का अनुलोमन करता है तथा अजीर्ण का पाचन करता है। शृतशीत (गरम करके ठण्ढाया) जल मद्यपान से उत्पन्न विकार, पैत्तिक रोग तथा सान्निपातिक विकारों में प्रशस्त होता है ॥ ३००–३०२ ॥

क्वथितजलगुणाः

पक्वं त्रिभागार्धहीनं पादहीनं तु हैमने।
शिशिरे च वसन्ते च ग्रीष्मे चार्धावशेषितम् ॥ ३०३ ॥
विपरीतमृतुं दृष्ट्वा पादांशं चाष्टभागिकम्।

उबाला हुआ जल त्रिभागहीन ($\frac{1}{3}$ भागरहित) अर्धहीन ($\frac{1}{2}$ भागरहित) तथा पादहीन ($\frac{1}{4}$ भाग रहित) क्रमशः हेमन्त, शिशिर और वसन्त में तथा ग्रीष्म ऋतु में अर्धावशिष्ट लेना चाहिए। ऋतुविपरीत हो तो चतुर्थांश या अष्टमांश अवशिष्ट जल लेना चाहिए ॥ ३०३ ॥

यत्क्वाथ्यमानं निर्वेगं निःफेनं निर्मलं भवेत्।
चतुर्भागावशेषन्तु तत्तोयं गुणवत् स्मृतम् ॥ ३०४ ॥
तत्पादहीनं वातघ्नमर्धहीनं च पित्तजित्।
कफघ्नं पादशेषं तु पानीयं लघु दीपनम् ॥ ३०५ ॥

निर्वेग एवं फेनरहित स्वच्छ होने तक उबाला हुआ चतुर्थांश बचा हुआ जल गुणकारी माना गया है। पादहीन ($\frac{1}{4}$ भाग रहित) जल वातनाशक, अर्धहीन ($\frac{1}{2}$ भाग रहित) पित्तशामक एवं पादशेष (उबालने पर $\frac{1}{4}$ रह गया हो) कफ को दूर करने वाला, अग्निदीपक तथा लघु होता है ॥ ३०४–३०५ ॥

धारापातेन विष्टम्भि दुर्जरं पवनाहतम्।
शृतशीतं त्रिदोषघ्नं बाष्पान्तर्भावशीतलम् ॥ ३०६ ॥

ठण्ढे जल की धारा में यदि शीतल किया जाय तो वह विष्टम्भक, हवा से ठण्ढाने पर देर से पचने वाला और शृतशीत (गरम करके ठण्ढाया जल) जो स्वयं भाप निकलने से ठण्ढा हो वह त्रिदोषनाशक होता है ॥ ३०६ ॥

दिवा शृतं तु यत्तोयं रात्रौ तद्गुरुतां व्रजेत्।
रात्रौ शृतं दिवा चैव गुरुत्वमधिगच्छति ॥ ३०७ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

दिन में उबाला हुआ जल रात्रि में गुरु हो जाता है तथा रात्रि का उबाला जल दिन में गुरु हो जाता है। (अतः दोनों समय गरम करके ही जल सेवन करना चाहिये) ॥ ३०७ ॥

मूर्च्छापित्तोष्णदाहेषु विषे रक्ते मदात्यये।
भ्रमक्लमपरीतेषु तमके वमथौ तथा ॥ ३०८ ॥
ऊर्ध्वगे रक्तपित्ते च शीतमम्भः प्रशस्यते।

शीतल जल मूर्च्छा, पित्तविकार, उष्णकाल, विष, दाह, रक्तविकार, मदात्यय, भ्रम, क्लम, तमक, वमन तथा ऊर्ध्वग रक्तपित्त में ठण्डा जल प्रशस्त है ॥ ३०८ ॥

पार्श्वशूले प्रतिश्याये वातरोगे गलग्रहे ॥ ३०९ ॥
आध्माने स्तिमिते कोष्ठे सद्यः शुद्धे नवज्वरे।
हिक्कायां स्नेहपीते च शीताम्बु परिवर्जयेत् ॥ ३१० ॥

पार्श्वशूल, प्रतिश्याय, वातव्याधि, गलग्रह, आध्मान, कोष्ठबद्धता, शोधन के तुरत बाद, नवज्वर, हिचकी, स्नेहपान करने पर ठण्डा जल वर्जित है ॥३०९–३१०॥

अरोचके प्रतिश्याये प्रसेके श्वयथौ क्षये।
मन्दाग्नावुदरे कुष्ठे ज्वरे नेत्रामये तथा ॥ ३११ ॥
व्रणे च मधुमेहे च पानीयं मन्दमाचरेत्।

अरुचि, प्रतिश्याय, मुँह में पानी आना, शोथ, क्षय, मन्दाग्नि, उदररोग, कुष्ठ, ज्वर, नेत्रविकार, व्रण तथा मधुमेह में जल अल्प मात्रा में लेना चाहिए ॥ ३११ ॥

नद्यः शीघ्रवहा लघ्व्यः प्रोक्ता याश्चामलोदकाः।
गुर्व्यः शैवालसंछन्नाः कलुषा मन्दगाश्च याः ॥ ३१२ ॥

शीघ्र गति से बहने वाली तथा स्वच्छ नदियों का जल लघु होता है। मन्द गति से बहने वाली, मलिन तथा सेवार से ढकी हुई नदियों का जल गुरु होता है ॥ ३१२ ॥

प्रायेण नद्यो मरुषु सतिक्ता लवणान्विताः।
ईषत्कषायमधुरा लघुपाका बले हिताः ॥ ३१३ ॥

मरुभूमि में बहने वाली नदियों का जल प्रायः लवणमिश्रित, ईषत्कषाय तिक्त एवं मधुर, पाक में लघु तथा बलवर्धक होता है ॥ ३१३ ॥

१२८. वर्ज्यजलम्

तृणपर्णोत्करयुक्तं कलुषं विषसंयुतम्।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

योऽवगाहेत वर्षासु पिवेद्वाऽपि नवं जलम् ॥
स बाह्याभ्यान्तरान्रोगान्प्राप्नुयात्क्षिप्रमेव हि ॥ ३१४ ॥

जो घास, फूस, कूड़ा-कचरा से युक्त, गन्दे तथा विषाक्त जल में स्नान करता है तथा वर्षा का नया जल पीता है वह शीघ्र ही बाह्य एवं आभ्यन्तर रोगों से आक्रान्त होता है ॥ ३१४ ॥

अजीर्णे भेषजं वारि जीर्णे वारि बलप्रदम् ।
अमृतं भोजने वारि भुक्तस्योपरि तद्विषम् ॥ ३१५ ॥

अजीर्ण में जल औषध के समान गुणकारी, भोजन जीर्ण होने पर बलवर्धक, भोजन के समय अमृततुल्य गुणकारी तथा भोजन के तत्काल बाद विष के समान अहितकर होता है ॥ ३१५ ॥

तृषितो नैव भुञ्जीत क्षुधितो न जलं पिबेत ।
तृषितस्य भवेद्गुल्मः क्षुधितस्य दकोदरम् ॥ ३१६ ॥

प्यास लगने पर भोजन करना तथा भूख लगने पर जल पीना अहितकर है। ऐसा करने से क्रमशः गुल्म तथा जलोदर की उत्पत्ति होती है ॥ ३१६ ॥

भुक्तस्याऽऽदौ जलं पीतमग्निसादं कृशाङ्गताम् ।
अन्ते करोति स्थूलत्वमूर्ध्वमामाशये कफम् ॥ ३१७ ॥
मध्ये मध्याङ्गतां सम्यग्धातूनां जरणं सुखम् ।

भोजन के आदि में जल पीने से अग्निमान्द्य तथा कृशता होती है। भोजन के अन्त में जल पीने से शरीर की स्थूलता एवं ऊर्ध्वामाशय में कफ की वृद्धि तथा भोजन के मध्य में जल पीने से शरीर का समभाव तथा धातुओं की सम्यक् उत्पत्ति होती है ॥ ३१७ ॥

१२९. पञ्चविधभौमजलम्

भूमिः पञ्चविधा ज्ञेया कृष्णा रक्ता सिता तथा ।
पीता नीला भवेच्चान्या गुणास्तासां प्रकीर्तिताः ॥ ३१८ ॥

भूमि पाँच प्रकार की होती है—१. कृष्ण, २. रक्त, ३. श्वेत ४. पीत एवं ५. नील इनके गुण कहे गये हैं ॥ ३१८ ॥

कृष्णा च मधुरा क्षारा कषाया पीतवर्णिनी ।
रक्ता सा च भवेत्तिक्ता मधुराम्ला सिता तथा ॥ ३१९ ॥
नीला सकटुका ज्ञेया भूमिर्भागाज्जलं विदुः ।

कृष्णवर्ण की भूमि मधुर एवं क्षारीय, पीतवर्ण की भूमि कषायरस, रक्तवर्ण

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

की भूमि तिक्तरस, श्वेतवर्ण की भूमि मधुर एवं अम्लरस, तथा नीलवर्ण की भूमि कटुरसयुक्त होती है। इसीके अनुसार जल का स्वरूप निर्धारित होता है ॥ ३१९॥

सघनं मधुरं नीरं कृष्णभूमिप्रतिष्ठितम् ।
पीताश्रितं कषायं स्याद् रक्तायाः पित्तलं स्मृतम् ॥ ३२० ॥

सिताया मधुराम्लं स्यान्नीलाया कटुकं स्मृतम् ।
जलं पञ्चविधमेतद् भूमिभागेन लक्षयेत् ॥ ३२१ ॥

कृष्ण भूमि का जल घना तथा मधुर होता है। पीत भूमि का जल कषायरस, रक्त भूमि का जल पित्त गुणयुक्त, श्वेत भूमि का जल मधुर और अम्ल, तथा नीली भूमि का जल कटु होता है। इस प्रकार भूमि के अनुसार पाँच प्रकार के जल का निर्धारण करना चाहिए ॥ ३२०–३२१ ॥

१३०. नारिकेलोदकगुणाः

वृष्यं पिपासादाहघ्नं नारिकेलोदकं लघु ।
तदेव जीर्णं विष्टम्भि गुरु पित्तकरं स्मृतम् ॥ ३२२ ॥

गुण-कर्म—नारिकेलोदक (कच्चे नारियल का पानी) शुक्रवर्धक, प्यास, दाह को नष्ट करने वाला, लघु होता है। वही पुराना होने पर विष्टम्भक, गुरु तथा पित्तवर्धक होता हैं ॥ ३२२ ॥

मांसद्रव्याणि

१३१. मानुषः

मानुषः पुरुषो वाऽथ शतायुर्नर एव च ।
कान्तो मर्त्यः पुमान्वक्ता दीर्घपेशी च मानवः ॥ ३२३ ॥

पर्याय—पुरुष, शतायु, नर, कान्त, मर्त्य, पुमान्, वक्ता, दीर्घपेशी और मानव ये मानुष के पर्याय हैं ॥ ३२३ ॥

नरमांसमखाद्यं स्यान्मूत्रमालेपनं मतम् ।
नेत्ररोगहरं वृष्यं पाण्डुशोफविनाशनम् ॥ ३२४ ॥

गुण-कर्म—मनुष्य का मांस अखाद्य एवं इसका मूत्र आलेपन के लिये उपयोगी होता है। यह नेत्ररोगों का नाशक, वृष्य, पाण्डु और शोथ को दूर करने वाला होता है ॥ ३२४ ॥

१३२. स्त्री

स्त्री योषिद्वनिता योषा वासिता वामलोचना ।
प्रतीपदर्शिनी श्यामा कान्ता नार्यङ्गनाऽबला ॥ ३२५ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

रामा च कामिनी भीरुः सुन्दरी कामुका तथा ।
महिला ललना गौरी प्रोक्ता सीमन्तिनीति च ॥ ३२६ ॥
प्रमदा युवती चैव सैकवासा प्रकीर्तिता ।

पर्याय—स्त्री, योषित्, वनिता, योषा, वासिता, वामलोचना, प्रतीपदर्शिनी, श्यामा, कान्ता, नारी, अङ्गना, अबला, रामा, कामिनी, भीरु, सुन्दरी, कामुका, महिला, ललना, गौरी, सीमन्तिनी, प्रमदा, युवती और एकवासा ये पर्याय स्त्री के हैं ॥ ३२५–३२६ ॥

१३३. शरीरम्

शरीरं शकटं देहं पुरं कायं कलेवरम् ।
वपुश्चावयवस्थानमात्मा दशरथस्तथा ॥ ३२७ ॥

पर्याय—शरीर, शकट, देह, पुर, काय, कलेवर, वपु, अवयवस्थान, आत्मा और दशरथ ये शरीर के पर्याय हैं ॥ ३२७ ॥

१३४. वाचा

वाचा सरस्वती वाणी वाग्गौरी वचनी तथा ।
गिरा च भारती चैव ब्राह्मी भाषा च गीरसा ॥ ३२८ ॥

पर्याय—सरस्वती, वाणी, वाक्, गौरी, वचनी, गिरा, भारती, ब्राह्मी, भाषा, गी और रसा ये पर्याय वाचा के हैं ॥ ३२८ ॥

१३५. वायुः

वायुः प्रभञ्जनः कर्ता मारुतः श्वसनोऽनिलः ।
समीरणो मातरिश्वा पवनश्च सदागतिः ॥ ३२९ ॥

पर्याय—प्रभञ्जन, कर्ता, मारुत, श्वसन, अनिल, समीरण, मातरिश्वा, पवन और सदागति ये पर्याय वायु के हैं ॥ ३२९ ॥

प्राणोऽपान उदानश्च समानो व्यान एव च ।
कृकरो देवदत्तश्च नागः कूर्मो धनंजयः ॥ ३३० ॥
तत्र रूक्षो लघुः शीतः खरः सूक्ष्मश्चलोऽनिलः ।

वायुभेद—प्राण, अपान, उदान, समान और व्यान ये वायु के पाँच प्रकार होते हैं। ये क्रमशः कृकर, देवदत्त, नाग, कूर्म और धनंजय कहलाते हैं।

गुण—वायु-रूक्ष, लघु, शीत, खर, सूक्ष्म और चल होता है ॥ ३३० ॥

१३६. पित्तम्

पित्तं तेजोमयं तिक्तं शिखी वैश्वानरोऽनलः ।
ज्वरः पक्ता तृषाकर्ता शोषं चैव प्रकीर्त्तितम् ॥ ३३१ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—तेजोमय, तिक्त, शिखी, वैश्वानर, अनल, ज्वर, पक्ता, तृषाकर्ता; शोष ये पर्याय पित्त के हैं ॥ ३३१ ॥

पित्तं सस्नेहतीक्ष्णोष्णं लघु विस्रं सरं द्रवम् ।
आग्नेयमुष्णं विशदं सतीक्ष्णं सरं द्रवं विस्रतरं विदाहि ।
विनीलमम्लं कटुकं च पित्तं पक्काशयामाशयमध्यवर्ति ॥ ३३२ ॥

गुण-कर्म—पित्त, ईषत् स्निग्ध, तीक्ष्ण, उष्ण, लघु, विस्र (आमगन्धि); सारक एवं द्रव है। यह आग्नेय, उष्ण, विशद, तीक्ष्ण, सर, द्रव, विस्र, विदाही; नीलवर्ण, अम्ल-कटु तथा पक्वाशय-आमाशय के मध्य में स्थित होता है ॥ ३३२ ॥

१३७. श्लेष्मा

श्लेष्मा बलासः सततो बलवान्समकृत्तथा ।
सोमयोनिरनिर्वाणो सुनिद्राजनकः कफः ॥ ३३३ ॥
स्निग्धः शीतो गुरुर्मन्दः श्लक्ष्णो मृत्स्नः स्थिरः कफः ।

पर्याय—बलास, सतत, बलवान्, समकृत्, सोमयोनि, अनिर्वाण, सुनिद्राजनक और कफ ये पर्याय श्लेष्मा के हैं ।

गुण-कर्म—श्लेष्मा (कफ) स्निग्ध, शीतल, गुरु, मन्द, श्लक्ष्ण, मृदु और स्थिर होता है ॥ ३३३ ॥

स्निग्धो मृदुर्मधुरपिच्छिलशीतसान्द्रः,
श्वेतो गुरुश्च लवणानुरसो विदाहात् ।
श्लेष्मा वसत्युरसि मूर्धनि सर्वसन्धि-
ष्वामाशये वसति तत्र परं विशेषात् ॥ ३३४ ॥

कफ स्निग्ध, मृदु, मधुर, पिच्छिल, शीत, सान्द्र, श्वेत, गुरु, विदाह के कारण लवण अनुरस युक्त होता है। यह वक्ष, शिर, सभी सन्धियों में तथा विशेषतः आमाशय में रहता है ॥ ३२४ ॥

१३८. मोहः

त्रिदोषसंभवो मोहः संकरो मिश्र एव च ।
संनिपातो मतिभ्रंशः संन्यासो नष्टसंज्ञकः ॥ ३३५ ॥

पर्याय—त्रिदोषसम्भव, मोह, संकर, मिश्र, सन्निपात, मतिभ्रंश, संन्यास और नष्टसंज्ञक ये पर्याय मोह के हैं ॥ ३३५ ॥

१३९. प्रकृतयः

कृशो रूक्षोऽल्पकेशश्च चलचित्तोऽनवस्थितः ।
बहुवाग्व्योमगः स्वप्ने वातप्रकृतिकोऽधमः ॥ ३३६ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

वातप्रकृति पुरुष कृश, रूक्ष, अल्पकेशयुक्त, चंचल चित्त वाला, अव्यवस्थित, बहुभाषी, स्वप्न में आकाश में उड़ने वाला होता है । यह अधम प्रकृति है ॥ ३३६ ॥

अकालपलितो गौरः प्रस्वेदी कोपनो बुधः ।
स्वप्ने च दीप्तिमत्प्रेक्षी पित्तलो मध्यमो नरः ॥ ३३७ ॥

असमय में बाल पक जाना, गौरवर्ण, अधिक पसीना निकलना, क्रोध, बुद्धिमत्ता तथा स्वप्न में चमकीली (प्रकाशवान्) वस्तुओं को देखना यह पित्तप्रकृति का लक्षण है । यह मध्यम माना गया है ॥ ३३७ ॥

स्थिरचित्तः सुपुष्टाङ्गः सुप्रजः स्निग्धमूर्धजः ।
स्वप्ने जलाशयालोकी श्लेष्मप्रकृतिरुत्तमः ॥ ३३८ ॥

स्थिर चित्त वाला, सुपुष्ट अङ्ग वाला, अधिक सन्तानयुक्त, स्निग्धकेश तथा स्वप्न में जलाशय देखने वाला कफप्रकृति पुरुष होता है । यह उत्तम माना गया है ॥ ३३८ ॥

१४०. अस्थि

अस्थि हड्डं बलकरं संधानं देहधारणम् ।
सकलं मांसलिप्तं च सर्वमेदःसमुद्भवम् ॥ ३३९ ॥

पर्याय—हड्ड, बलकर, सन्धान, देहधारण, सकल, मांसलिप्त, सर्वमेदःसमुद्भव ये अस्थि के पर्याय हैं ॥ ३३९ ॥

१४१. मांसम्

आमिषं लोमनं मांसं रस्यं शोणितसंभवम् ।
अङ्गजं पिशितं कीरं क्रव्यं राक्षसभोजनम् ॥ ३४० ॥

पर्याय—आमिष, लोमन, रस्य, शोणितसंभव, अङ्गज, पिशित, कीट, क्रव्य और राक्षसभोजन ये पर्याय मांस के हैं ॥ ३४० ॥

१४२. वसा

वस्रा वसा पीतधरा मेदोमांससमुद्भवा ।
सर्वस्नेहप्रधाना च वसाऽस्थिजननी तथा ॥ ३४१ ॥

पर्याय—वस्रा, पीतधरा, मेद-मांससमुद्भवा, सर्वस्नेहप्रधाना और अस्थिजननी ये वसा के पर्याय हैं ॥ ३४१ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१४३. रक्तम्

रक्तं तु शोणितं विस्रमसृग्लोहितमेव च ।
आग्नेयमामिषकरं प्राणदं रससंभवम् ॥ ३४२ ॥
अशुद्धं रुधिरं चैव रक्तनाम प्रकीर्तितम् ।

पर्याय—शोणित, विस्र, असृक्, लोहित, आग्नेय, आमिषकर, प्राणद, रससंभव, अशुद्ध और रुधिर ये पर्याय रक्त के हैं ॥ ३४२ ॥

१४४. शुक्रम्

शुक्रं तेजो बलं पुंस्त्वं पौरुषं हर्षसंभवम् ।
रेतो वीर्यं वृद्धिकरं शिरःस्थं सप्तधातुजम् ॥ ३४३ ॥

पर्याय—शुक्र, तेज, बल, पुंस्त्व, पौरुष, हर्षसम्भव, रेत, वीर्य, वृद्धिकर; शिरःस्थ और सप्तधातुज ये शुक्र के पर्याय हैं ॥ ३४३ ॥

१४५. मज्जा

अस्थिसारस्तथा मज्जा बीजं तेजोऽस्थिसंभवम् ।

पर्याय—अस्थिसार, बीज, तेज और अस्थिसम्भव ये पर्याय मज्जा के हैं ।

१४६. रसः

रसः प्राणप्रदः पथ्यः षड्रसो ह्यन्नसंभवः ।
रक्तस्य धातुकर्ता च स च रक्तपिता स्मृतः ॥ ३४४ ॥

पर्याय—प्राणप्रद, पथ्य, षड्रस, अन्नसम्भव, रक्तधातुकर्ता और रक्तपिता ये पर्याय रस के हैं ॥ ३४४ ॥

१४७. सप्त धातवः

रसाद्रक्तं ततो मांसं मांसान्मेदोऽस्थि मेदसः ।
अस्थ्नो मज्जा ततः शुक्रमिति तेषां जनिक्रमः ॥ ३४५ ॥

सप्तधातु—रस से रक्त, रक्त से मांस, मांस से मेद, मेद से अस्थि, अस्थि से मज्जा और मज्जा से शुक्र ये सप्तधातु उत्तरोत्तर निर्मित होते हैं ॥ ३४५ ॥

१४८. हस्तिनामगुणाः

हस्ती द्विपो गजो नाग इभोऽथ द्विरदः करी ।
वारणः कुञ्जरो दन्ती मातङ्गः षष्टिहायनः ॥ ३४६ ॥
कुम्भी स्तम्बेरमः पद्मी सिन्धुरश्च मतङ्गजः ।
करेणुः करिणी प्रोक्ता कलभः करिशावकः ॥ ३४७ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

हस्तिनी धेनुका ज्ञेया गजस्त्री गजगामिनी ।
हस्ती कफानिलौ हन्यादुष्णः पित्तास्रकोपनः ॥ ३४८ ॥

पर्याय—द्विप, गज, नाग, इभ, द्विरद, करी, वारण, कुञ्जर, दन्ती, मातङ्ग, षष्टिहायन, कुम्भी, स्तम्बेरम, पद्मी, सिन्धु मतङ्गज ये हस्ती के पर्याय हैं। करेणु, करिणी, हस्तिनी, धेनुका, गजस्त्री और गजगामिनी ये पर्याय हस्तिनी के हैं। कलभ और करिशावक (हाथी का बच्चा) पर्यायवाची हैं।

गुण-कर्म—हस्ती का मांस कफवातशामक, उष्णवीर्य, पित्त तथा रक्त को दूषित करने वाला होता है ॥ ३४६–३४८ ॥

१४९. अश्वनामगुणाः

घोटोऽश्वस्तुरगो वाजी हरिर्हंसस्तुरङ्गमः ।
शालिहोत्रः जवी सप्तिस्तुरङ्गश्च ययुर्हयः ॥ ३४९ ॥
घोटिका वडवा वामी प्रसूकाऽश्वा च वाजिनी ।
आश्वं सलवणं स्निग्धं बल्यं च गुरु बृंहणम् ॥ ३५० ॥
घोटकस्तु कटुः पाके दीपनः कफपित्तकृत् ।
वातहृद् बृंहणो बल्यश्चक्षुष्यो मधुरो लघुः ॥ ३५१ ॥

पर्याय—घोटक, तुरग, वाजी, हरि, हंस, तुरङ्गम, शालिहोत्र, जवी, सप्ति, तुरङ्ग, ययु और हय ये पर्याय अश्व के हैं। घोटिका, वडवा, वामी, प्रसूका, अश्वा और वाजिनी ये अश्वा के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—घोड़े का मांस लवणरसयुक्त, स्निग्ध, बल्य, गुरु, बृंहण, विपाक में कटु, अग्निदीपन, कफपित्तवर्धक, वातहर, बृंहण, बलदायक, नेत्रों के लिए हितकर, मधुर तथा लघु होता है ॥ ३४९–३५१ ॥

१५०. उष्ट्रनामगुणाः

उष्ट्रः क्रमेलको धूम्रः करभो दीर्घमार्गगः ।
ग्रीवाङ्कुशः कुनासश्च दीर्घग्रीवोऽथ धूसरः ॥ ३५२ ॥
वक्रग्रीवो दीर्घजङ्घो धूम्रो दासेरको मयः ।
उष्ट्रमांसं लघु स्वादु चक्षुष्यमनिलापहम् ॥ ३५३ ॥
उष्णमर्शःप्रशमनं मेदःपित्तकफावहम् ।

पर्याय—क्रमेलक, धूम्र, करभ, दीर्घमार्गग, ग्रीवाङ्कुश, कुनास, दीर्घग्रीव, धूसर, वक्रग्रीव, दीर्घजङ्घ, धूम्र, दासेरक और मय ये पर्याय उष्ट्र के हैं।

गुण-कर्म—उष्ट्र (ऊँट) का मांस लघु, मधुर, नेत्रों के लिए हितकर, वातशामक, उष्ण, अर्शनाशक, मेद, पित्त और कफ को बढ़ाने वाला है ॥ ३५२–३५३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१५१. गर्दभः

गर्दभः शङ्कुकर्णश्च बालेयो रासभः खरः।
भारवाहो भूमिगमो धूसरो रेणुभूषितः॥ ३५४॥
गार्दभं वातनुद्‍ बल्यं बृंहणं कफपित्तकृत्।
कटु पाके लघु श्रेष्ठं तस्माद्वन्यखरोद्भवम्॥ ३५५॥

पर्याय—शंकुकर्ण, बालेय, रासभ, खर, भारवाह, भूमिगम, धूसर, रेणुभूषित ये गर्दभ (गदहा) के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—गर्दभ (गदहे) का मांस वातशामक, बलवर्धक, बृंहण, कफ-पित्तकारक, कटु, लघुपाक होता है। वन्य गर्दभ का मांस इससे उत्तम होता है॥ ३५४–३५५॥

१५२. अश्वतरः

तज्जो द्युगाम्यश्वतरः शीघ्रगो वेगपूजितः।
बल्यमाश्वतरं मासं बृंहणं कफपित्तलम्॥ ३५६॥

घोड़े एवं गदही के संयोग से उत्पन्न पशु (खच्चर) कहलाता है।

पर्याय—द्युगामी, अश्वतर, शीघ्रग और वेगपूजित ये पर्याय अश्वतर के हैं।

गुण-कर्म—अश्वतर का मांस बलकारक, बृंहण एवं कफ तथा पित्त को कुपित करने वाला होता है॥ ३५६॥

१५३. छागः

छगलो बर्करश्छागस्तथा बस्तः पयस्वलः।
अजो बूकडको मेध्यो लम्बकर्णः पशुस्तथा॥ ३५७॥

पर्याय—छगल, बर्कर, बस्त, पयस्वल, अज, बूकडक, मेध्य; लम्बकर्ण और पशु ये छाग (बकरा) के पर्याय हैं॥ ३५७॥

छागमांसं गुरु स्निग्धं लघुपाकं त्रिदोषनुत्।
अदाहि रुचिदं नातिशीतं पीनसनाशनम्॥ ३५८॥
देहधातुसमानत्वादनभिष्यन्दि दीपनम्।

गुण-कर्म—छागमांस गुरु, स्निग्ध, लघुविपाक, तीनों दोषों को नष्ट करने वाला, अविदाही, रुचिकारक, ईशत् शीत, पीनसनाशक है। यह शरीर की धातुओं के समान होने के कारण अभिष्यन्दरहित तथा अग्निदीपन होता है॥ ३५८॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१५४. मेषः

भेडो मेषो हुडो मेढ्रो उरभ्र उरणोऽविकः ।
अविः पशुस्तथैवैड एडकः पृष्ठशृङ्गकः ॥ ३५९ ॥
उर्णायू रोमशो वृष्णिर्मदपुच्छस्तु बर्बुकः ।
मेषमांसं गुरु स्निग्धं बल्यं पित्तकफप्रदम् ।
मेषपुच्छामिषं वृष्यं कफपित्तकरं गुरु ॥ ३६० ॥

पर्याय—भेड, हुड, मेढ्र, उरभ्र, उरण, अविक, अवि, पशु, एड, एडक, पृष्ठशृङ्गक, उर्णायु, रोमश, वृष्णि. मदपुच्छ और बर्बुक ये मेष के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—मेष (भेड़) का मांस गुरु, स्निग्ध, बलवर्धक, पित्तकफवर्धक है। मेषपुच्छ का मांस शुक्रवर्धक, कफपित्तकारक और गुरु होता है ॥ ३५९–३६० ॥

१५५. वृकः

ईहामृगस्तु कोकः स्याद्वृको वत्सादनोऽविभुक् ।

पर्याय—ईहामृग, कोक, वत्सादन और अविभुक ये वृक (भेड़िया) के पर्याय हैं।

१५६. व्याघ्रः

व्याघ्रः पञ्चनखो द्वीपी शार्दूलोऽथ गुहाशयः ।
पुण्डरीकस्तीक्ष्णदंष्ट्रस्तपस्वी घोरदर्शनः ॥ ३६१ ॥
द्वीपी स्निग्धो भवेच्चोष्णो मधुरो लघुदीपनः ।
वातघ्नः पित्तशमनो बल्यो वृष्यो रुचिप्रदः ॥ ३६२ ॥

पर्याय—पञ्चनख, द्वीपी, शार्दूल, गुहाशय, पुण्डरीक, तीक्ष्णदंष्ट्र, तपस्वी और घोरदर्शन ये व्याघ्र के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—बाघ का मांस स्निग्ध, उष्ण, मधुर, लघु, अग्निदीपक, वातनाशक, पित्तशामक, बलवर्धक, शुक्रजनन और रुचिकारक होता है ॥ ३६१–३६२ ॥

१५७. शरभः (व्याघ्रविशेषः)

शरभश्चित्रकायः स्यादुपव्याघ्रो मृगान्तकः ।
शूरश्च क्षुद्रशार्दूलश्चित्रव्याघ्र इतीरितः ॥ ३६३ ॥

पर्याय—चित्रकाय, उपव्याघ्र, मृगान्तक, शूर, क्षुद्रशार्दूल और चित्रव्याघ्र ये पर्याय शरभ (चीता) के हैं ॥ ३६३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१५८. सिंहः

सिंहः पञ्चमुखो दृप्तः क्रव्यात्पञ्चाननो हरिः।
केशरी मृगराजश्च विक्रान्तः श्वेतपिङ्गलः ॥ ३६४ ॥

पर्याय—पञ्चमुख, दृप्त, क्रव्यात्, पञ्चानन, हरि, केशरी, मृगराज, विक्रान्त और श्वेतपिङ्गल ये सिंह के पर्याय हैं ॥ ३६४ ॥

१५९. सूकरः

सूकरो वज्रदंष्ट्रश्च वराहो रोमशः किरिः।
दंष्ट्री दन्तायुधः क्रोडः पीनस्कन्धो बहुप्रजः ॥ ३६५ ॥
स्नेहनं बृहणं वृष्यमामघ्नमनिलापहम्।
वाराहं स्वेदनं बल्यं रोचनं श्रमनुद् गुरु ॥ ३६६ ॥
ग्रामसूकरजं विस्रं पित्तलं बलकृद्गुरु।

पर्याय—वज्रदंष्ट्र, वराह, रोमश, किरि, दंष्ट्री, दन्तायुध, क्रोड, पीनस्कन्ध और बहुप्रज ये सूकर के पर्याय हैं ॥ ३६५ ॥

गुण-कर्म—सूकर का मांस स्नेहन, बृंहण, शुक्रजनन, आमदोषहर, वातशामक, बलवर्धक, रुचिकारक, थकावट को दूर करने वाला और गुरु होता है। ग्रामसूकर-मांस दुर्गन्धयुक्त, पित्तवर्धक, बलदायक और गुरु होता है ॥ ३६६ ॥

१६०. मृगः

मृगोऽथ हरिणो न्यङ्कुः सारङ्गः पृषतो रुरुः।
एणः श्यामलपृष्ठश्च कुरङ्गश्चारुलोचनः ॥ ३६७ ॥
एणमांसं हिमं रुच्यं ग्राहि दोषत्रयापहम्।
षड्रसं बलदं पथ्यं लघु हृद्यं कफास्रजित् ॥ ३६८ ॥

पर्याय—हरिण, न्यङ्कु, सारंग, पृषत, रुरु, एण, श्यामलपृष्ठ, कुरङ्ग और चारुलोचन ये मृग के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—मृग का मांस शीतवीर्य, रुचिकारक, ग्राही, त्रिदोष को दूर करने वाला, मधुर आदि छः रसयुक्त, बलवर्धक, हितकर, लघु, हृदय के लिए हितकर; कफ तथा रक्तविकार को दूर करने वाला होता है ॥ ३६७–३६८ ॥

१६१. महिषः

महिषः कासरः शृङ्गी श्यामः कृष्णो लुलायकः।
विषाणी कलुषो दंशी पीनस्कन्धो रजस्वलः ॥ ३६९ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

महिषी मन्दगमना महाक्षीरा पयस्यिनी।
लुलायकान्ता कलुषा तुरङ्गद्वेषिणी च सा ॥ ३७० ॥
स्निग्धोष्णो महिषस्तिक्तो निद्राशुक्रबलप्रदः।
मधुरस्तर्पणो वृष्यो गुरुमांसश्च दार्ढ्यकृत् ॥ ३७१ ॥
तद्वदरण्यजो ज्ञेयो विशेषाच्छोणिते हितः।

पर्याय—कासर, शृङ्गी, श्याम, कृष्ण, लुलायक, विषाणी, कलुष, दंशी, पीनस्कन्ध और रजस्वल ये महिष के पर्याय हैं। महिषी, मन्दगमना, महाक्षीरा, पयस्विनी, लुलायकान्ता, कलुषा और तुरंगद्वेषिणी ये पर्याय महिषी (भैंस) के हैं ॥ ३६९–३७० ॥

गुण-कर्म—महिष (भैंस) का मांस स्निग्ध, उष्णवीर्य, तिक्त, निद्रादायक, शुक्रजनन, बलवर्धक, मधुर, तर्पण करने वाला, शुक्रवर्धक, मांसवर्धक और शरीर को दृढ़ करने वाला होता है। अरण्यमहिष (जंगली भैंसा) का मांस विशेषतः रक्तविकार के लिए हितकर होता है ॥ ३७१ ॥

१६२. बलीवर्दः वृषभश्च

बलीवर्दो दान्त उग्रो गोरक्षो धूर्वहः स्थिरः।
अनड्वान् वृषभो दम्यः ककुद्मान्वृषभो वृषः ॥ ३७२ ॥

पर्याय—दान्त, उग्र, गोरक्ष, धूर्वह और स्थिर ये पर्याय बलीवर्द (बैल) के पर्याय हैं। अनड्वान्, वृषभ, दम्य, ककुद्मान् और वृष ये वृषभ (सांढ़) के पर्याय हैं ॥ ३७२ ॥

१६३. गौः

गौः शृङ्गिणी सौरभेयी दोग्ध्री धेनुः पयस्विनी।
गोमांसं तु गुरु स्निग्धं पित्तश्लेष्मविवर्धनम्।
बृंहणं वातहृद्बल्यमपथ्यं पीनसप्रणुत् ॥ ३७३ ॥
कीर्तितं नात्यभिष्यन्दि मांसं प्रायस्तु जाङ्गलम्।

पर्याय—शृङ्गिणी, सौरभेयी, दोग्ध्री, धेनु और पयस्विनी ये गौ (गाय) के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—गव्य (गाय) का मांस गुरु, स्निग्ध, पित्त-कफवर्धक, बृंहण, वातनाशक, बलवर्धक, पथ्य तथा पीनस को दूर करने वाला होता है। वन्य गौ (जंगली गाय) का मांस अधिक अभिष्यन्दी नहीं होता है ॥ ३७३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१६४. मत्स्यः

मत्स्यो मीनोऽथ शकुनी कण्ठी माङ्गल्यदर्शनः।
रोहितः कण्ठकालश्च पाठीनः शकुलस्तथा ॥ २७४ ॥
कफपित्तकरा मत्स्या बल्याः शक्तिविवर्धनाः।
व्यायामिनां च दीप्ताग्नेर्व्यवायिनां च पूजिताः ॥ ३७५ ॥
कषायानुरसाः स्वादुवातघ्नाः नाति पित्तलाः।

पर्याय—मीन, शकुनी, कण्ठी, माङ्गल्यदर्शन, रोहित, कण्ठकाल, पाठीन और शकुल ये मत्स्य के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—मछली कफपित्तकर, बलवर्धक, शक्ति को बढ़ाने वाली, व्यायाम करने वाले, दीप्ताग्नि तथा मैथुन में रत पुरुषों के लिए प्रशस्त, कषाय अनुरसयुक्त, मधुर, वातनाशक तथा अतिपित्तवर्धक नहीं होती है ॥ ३७४–३७५ ॥

रोहितः सर्वमत्स्यानां वरो वृष्योऽर्धवातजित् ॥ ३७६ ॥
कषायो मधुरो रूक्षो विशदो रोचनो लघुः।

रोहित मछली सभी मछलियों में श्रेष्ठ, शुक्रवर्धक, अर्धांगवातनाशक, कषाय-मधुर, रूक्ष, विशद, रोचन और लघु होती है ॥ ३७६ ॥

ग्राही तु नन्दिकावर्तस्तस्यानु शकलः स्मृतः ॥ ३७७ ॥

नन्दिकावर्त मछली ग्राही होती है और उसके बाद शकल का स्थान है ॥३७७॥

रणजिच्छतशङ्खश्च गोमत्स्योऽलिस्त्रिकण्टकः।
कण्टकैः स तु विज्ञेयो म्रदयमाणः सुनिर्विषः ॥ ३७८ ॥
शृङ्गी तु वातशमनी तथा श्लेष्मप्रकोपणी।
विपाके मधुरो वृष्यो मुद्गरो वातहा गुरुः ॥ ३७९ ॥

रणजित्, शतशंख, गोमत्स्य, अलि और त्रिकण्टक यह कण्टकयुक्त होता है। खूब धो देने पर निर्विष हो जाता है। शृङ्गी मछली वातशामक एवं कफप्रकोपक है। मुद्गर मछली मधुरविपाक, वाजीकरण, वातवर्धक एवं गुरु है ॥ ३७८–३७९ ॥

अलिमत्स्यो गुरुः स्निग्धः कषायो रूक्ष एव च।

अलिमत्स्य गुरु, स्निग्ध, कषाय तथा रूक्ष होती है।

मुखमत्स्यो गुरुः स्निग्धः श्लेष्मलो वातनाशनः ॥ ३८० ॥

मुखमत्स्य गुरु, स्निग्ध, कफवर्धक और वातहर होती है ॥ ३८० ॥

इरसो मधुरः स्निग्धः पित्तश्लेष्मातिकोपनः ॥ ३८१ ॥

इरस मछली मधुर, स्निग्ध, अत्यधिक पित्तकफवर्धक होती है ॥ ३८१ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पुलङ्गः स्निग्धमधुरो गुरुर्विष्टम्भिशीतलः ॥ ३८२ ॥

पुलंग मछली स्निग्ध, मधुर, गुरु, विष्टम्भक और शीतवीर्य होती हे ॥ ३८२ ॥

लघवः क्षुद्रमत्स्यातु ग्राहिणो ग्रहणीहिताः ।

क्षुद्रमत्स्य (छोटी मछलियाँ) लघु, ग्राही तथा ग्रहणीरोग में हितकर होती है ।

१६५. मत्स्यभेदाः

राजीवः शकुली शृङ्गी वागूशः शल्यचुल्लकौ ।
पाठीनः कुलिशश्चैव नन्द्यावर्तश्च रोहितः ॥ ३८३ ॥

मुद्गरस्तिमिरित्याद्या ज्ञेयास्तद्भेदजातयः ।
तद्भेदो मकराख्योऽन्यो मातङ्गमकरोऽपरः ॥ ३८४ ॥

चिरलुश्च तिमिश्चैव तथाऽन्यश्च तिमिङ्गिलः ।
तिमिङ्गिलगिलश्चेति महामत्स्या अमी मताः ॥ ३८५ ॥

मत्स्यभेद—राजीव, शकुली, शृङ्गी, वागूश, शल्य, चुल्लक, पाठीन, कुलिश, नन्द्यावर्त, रोहित, मुद्गर और तिमि ये मछलियों की जातियाँ होती हैं। मकर, मातङ्गमकर, चिरलु, तिमि, तिमिङ्गिल और तिमिङ्गिलगिल ये महामत्स्य हैं ॥ ३८३–३८५ ॥

१६६. रोहितः

रक्तोऽपरो रक्तमुखो रोहितो मत्स्यपुङ्गवः ।

जो मछली रक्तवर्ण की तथा लाल मुख वाली हो वह समस्त मछलियों में श्रेष्ठ रोहू नामक मछली है ।

१६७. पाठीनः

सहस्रदंष्ट्रः पाठीनः कृष्णवर्णो महाशिराः ॥ ३८६ ॥

अनेक दाँतों वाली, कृष्णवर्ण की तथा बड़े शिर वाली मछली पाठीन कहलाती है ॥ ३८६ ॥

१६८. शफरी प्रोष्ठी च

शफरी क्षुद्रमत्स्यः स्यात् प्रोष्ठी तु क्षुद्रमत्सिका ।

पर्याय—शफरी क्षुद्रमत्स्य और प्रोष्ठी अत्यन्त क्षुद्र मत्स्य है ।

जलमीनश्चिलिचिमो मीनः ख्यातः समुद्रजः ॥ ३८७ ॥

जलमीन (चिलचिम मत्स्य) समुद्र में रहने वाली है ॥ ३८७ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

मत्स्या बलप्रदा वृष्या गुरवः कफपित्तलाः ।
उष्णाभिष्यन्दिनः स्निग्धा बृंहणाः पवनापहाः ॥ ३८८ ॥

गुण-कर्म—मछली बलवर्धक, शुक्रजनन, गुरु, कफपित्तकारक, उष्ण, अभिष्यन्दी, स्निग्ध, बृंहण और वात का शमन करने वाली होती है ॥ ३८८ ॥

१६९. नादेयमत्स्याः

नादेया बृंहणा मत्स्या गुरवोऽनिलनाशनाः ।

नदी की मछली बृंहण, गुरु तथा वातनाशक है ।

कौपा वृष्या कफाष्ठीलामूत्रकृच्छ्रविबन्धदाः ॥ ३८९ ॥
ताडागा गुरवो वृष्याः शीतला बलमूत्रलाः ।
ताडागवन्निर्झरजा बलायुर्मतिदृक्कराः ॥ ३९० ॥

कुयें में रहने वाली मछलियाँ शुक्रजनन, कफवर्धक, अष्ठीला, मूत्रकृच्छ्र और विबन्ध उत्पन्न करने वाली होती हैं । तालाब की मछलियाँ गुरु, शुक्रजनन, शीतवीर्य, बलवर्धक और मूत्रल होती हैं । झरने में रहने वाली मछलियाँ तालाबों में रहने वाली मछलियों के समान ही होती हैं विशेषतः बलवर्धक, आयुष्य एवं बुद्धि तथा नेत्र के लिये हितकर होती हैं ॥ ३८९–३९० ॥

सरोजा मधुराः स्निग्धा बल्या वातनिबर्हणाः ।
सामुद्रा गुरवो नाति पित्तला पवनापहाः ॥ ३९१ ॥
तत्रापि लवणाम्भोजाः ग्राहिणो दृष्टिनाशनाः ।
ह्रदोद्भवा बलकरा ये तु स्वच्छजलोद्भवाः ॥ ३९२ ॥

सरोवर में रहने वाली मछलियाँ मधुर, स्निग्ध, बलवर्धक एवं वात को दूर करने वाली होती हैं । समुद्र में रहने वाली मछलियाँ गुरु, अतिपित्तवर्धक नहीं और वातनाशक होती हैं । नमकीन पानी में रहने वाली मछलियाँ ग्राही तथा नेत्रों के लिए अहितकर होती हैं । ह्रद (बड़े तालाब) की मछलियाँ स्वच्छ जल में हों तो बलकर होती हैं ॥ ३९१–३९२ ॥

हेमन्ते कूपजा मत्स्याः शिशिरे सारसा हिताः ।
मधुग्रीष्माम्बुकालेषु नदीचुण्डीतडागजाः ॥ ३९३ ॥
शरत्सु नैर्झराः सर्वे वर्षोत्थाः सर्वदोषदाः ।
विपाके मधुरा वृष्या इति मत्स्याः प्रकीर्तिताः ॥ ३९४ ॥

ऋतु के अनुसार मछली का उपयोग—हेमन्त ऋतु में कूप की मछलियाँ उत्तम होती हैं । शिशिर ऋतु में सरोवर में रहने वाली मछलियाँ, वसन्त ऋतु में नदी में रहने वाली मछलियाँ, ग्रीष्म ऋतु में चुण्डी में रहने वाली मछलियाँ, वर्षा में

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

तड़ाग की मछलियाँ, शरद् ऋतु में झरनों की मछलियाँ प्रशस्त होती हैं। वर्षा ऋतु में होने वाली मछलियाँ सभी दोषों को उत्पन्न करने वाली, विपाक में मधुर तथा शुक्रवर्धक होती हैं ॥ ३९३–३९४ ॥

शिशुमाराद्दते तुल्यो मकरस्तु त्रिदंष्ट्रकः।
शिशुमारो गुरुर्वृष्यः कफकृद्वातनाशनः ॥ ३९५ ॥
बृंहणो बलदः स्निग्धस्तद्वन्मकरमादिशेत्।

त्रिदंष्ट्रक मकर (शिशुमार के अतिरिक्त) मत्स्य के तुल्यगुण है। शिशुमार गुरु, शुक्रजनन, कफवर्धक और वातनाशक, बृंहण, बलकारक, स्निग्ध होता है। इसीके समान मकर के गुण होते हैं ॥ ३९५ ॥

१७०. कच्छपः

कच्छपः कमठः कूर्मो गूढाङ्गो धरणीधरः।
कच्छेष्टः पल्वलावासो वृतः कठिनपृष्ठकः ॥ ३९६ ॥
कच्छपोऽन्यो महामत्स्यः कूर्मराजः प्रतिष्ठितः।
गुप्ताङ्गश्चित्रपृष्ठश्च धरणीधरणक्षमः ॥ ३९७ ॥

पर्याय—कमठ, कूर्म, गूढाङ्ग, धरणीधर, कच्छेष्ट, पल्वलावास, वृत, कठिनपृष्ठ ये पर्याय कच्छप के हैं। दूसरे प्रकार के कच्छप के पर्याय महामत्स्य, कूर्मराज, गुप्ताङ्ग, चित्रपृष्ठ, धरणीधरणक्षम हैं ॥ ३९६–३९७ ॥

कच्छपो बलदः स्निग्धो वातघ्नः पुंस्त्वकारकः।

गुण-कर्म—कच्छप का मांस बलवर्धक, स्निग्ध, वातनाशक और पुंस्त्वकारक होता है।

१७१. दीर्घतुण्डी (आमूषिका)

दीर्घतुण्डी नखी ज्ञेयाऽऽमूषिकाऽन्या छुछुन्दरी।

पर्याय—नखी, आमूषिका और छुछुन्दरी ये पर्याय दीर्घतुण्डी के हैं।

१७२. मूषकः (दीर्घतुण्डीविशेषः)

मूषकः खनकः पिङ्ग आखुरुन्दुरुको नखी।
मूषको मधुरः स्निग्धो व्यवायी शुक्रवर्धनः ॥ ३९८ ॥

पर्याय—खनक, पिङ्ग, आखु, उन्दुरुक और नखी ये पर्याय मूषक के हैं।

गुण-कर्म—मूषक मधुर, स्निग्ध, व्यवायी एवं शुक्रवर्धन है ॥ ३९८ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१७३. महामूषकः (दीर्घतुण्डीविशेषः)

अन्यो महामूषकः स्यान्मोषी विघ्नेशवाहनः ।
महाङ्गः सस्यमारी च भूफलो भित्तिपातनः ॥ ३९९ ॥

पर्याय—मूषक का अन्य भेद महामूषक है। मोषी, विघ्नेशवाहन, महाङ्ग, सस्यमारी, भूफल और भित्तिपातन ये पर्याय महामूषक के हैं ॥ ३९९ ॥

१७४. बिडालः

बिडालो मूषकद्वेषी वृषदंशो बिडालकः ।
शालावृकश्च मार्जारो मायावी दीप्तलोचनः ॥ ४०० ।

पर्याय—मूषकद्वेषी, वृषदंश, बिडालक शालावृक, मार्जार, मायावी और दीप्तलोचन ये बिडाल के पर्याय हैं ॥ ४०० ॥

१७५. गन्धमार्जारः (बिडालविशेषः)

लोमशोऽन्यो बिडालश्च पूतिकः पूतिकेशरः ।
सुगन्धिमूत्रपतनो गन्धमार्जारसंज्ञकः ॥ ४०१ ॥
तृतीयः पिङ्गलश्चान्य उग्र उग्रबिडालकः ।
सुगन्धिमूत्रवृषणः कस्तूरीति निगद्यते ॥ ४०२ ॥

परिचय एवं पर्याय—दूसरे प्रकार के विडाल के शरीर में बड़े-बड़े रोम होते हैं और उससे सुगन्ध आती है। यह गन्धभार्जार कहलाता है। लोमश बिडाल, पूतिक, पूतिकेशर, सुगन्धिमूत्रपतन इसके पर्याय हैं। तीसरे प्रकार का बिडाल पिङ्गल; उग्र, उग्रबिडालक या सुगन्धिमूत्रवृषण है। यह कस्तूरी कहा जाता है ॥४०१-४०२॥

१७६. शृगालः

शृगालो जम्बुकः फेरुर्गोमायुः क्रोष्टुकः शिवः ।
भल्लूको मृगधूर्तश्च शालावृकश्च फेरवः ॥ ४०३ ॥

पर्याय—जम्बुक, फेरु, गोमायु, क्रोष्टुक, शिव, भल्लूक, मृगधूर्त, शालावृक और फेरव ये पर्याय शृगाल के हैं ॥ ४०३ ॥

१७७. तरक्षुः (शृगालविशेषः)

तरक्षुर्मृगभक्षश्च तरस्वी घोरदर्शनः ।

पर्याय—मृगभक्ष, तरस्वी और घोरदर्शन ये तरक्षु के पर्याय हैं।

१७८. कुक्कुरः (शृगालविशेषः)

कुक्कुरः सारसेयश्च भषकः श्वानकः शुनः ।
भूस्तरो वक्रलाङ्गूलो भल्लूको रात्रिजागरः ॥ ४०४ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—सारभेय, भषक, श्वानक, शुन, भूस्तर, वक्रलाङ्गूल, भल्लूक और रात्रिज़ागर ये कुक्कुर के पर्याय हैं ॥ ४०४ ॥

१७९. वानरः

मर्कटो वानरः कीशो हरिः शाखामृगः कपिः ।
प्लवङ्गमो वनौकाश्च प्लवंगः प्लवगः प्लवः ॥ ४०५ ॥
कषायो बद्धविण्मूत्र आमवातकफापहः ।
वानरः पवनश्वासमेदःपाण्डुकृमीञ्जयेत् ॥ ४०६ ॥

पर्याय—मर्कर, कीश, हरि, शाखामृग, कपि, प्लवगम, वनौका, प्लवंग, प्लवग, और प्लव ये वानर के पर्याय हैं ।

गुण-कर्म—वानर का मांस कषाय, मलमूत्र को रोकने वाला होता है । यह आमवात, कफजविकार, वायु, श्वास, पाण्डु और कृमि को दूर करने वाला होता है ॥ ४०५–४०६ ॥

१८०. मयूरः

मयूरो नर्तको बर्ही नीलकण्ठः शिखी ध्वजी ।
मेघारावः कलापी च शिखण्डी चित्रपिच्छकः ॥ ४०७ ॥
मयूरमांसं सुस्निग्धं वातघ्नं शुक्रवर्धनम् ।
बल्यं मेधाकरं प्रोक्तं चक्षूरोगविनाशनम् ॥ ४०८ ॥

पर्याय—नर्तक, वर्ही, नीलकण्ठ, शिखी, ध्वजी, मेघाराव, कलापी, शिखण्डी, चित्रपिच्छक ये मयूर के पर्याय हैं ।

गुण-कर्म—मयूर का मांस-स्निग्ध, वातनाशक, शुक्रवर्धक, बलकारक, मेधा-वर्धक तथा नेत्ररोगनाशक है ॥ ४०७–४०८ ॥

१८१. भ्रमरः

भ्रमरः षट्पदो भृङ्गो भृङ्गराजः शिलीमुखः ।
द्विरेफोऽलिर्मधुकरो मधुपो मधुलिट् स्मृतः ॥ ४०९ ॥
स च षट्चरणः प्रोक्तो झंकारी पुष्पलोलुपः ।
नीलो घुमुघुमारावो मधुकृन्मधुरस्वरः ॥ ४१० ॥
अपरः क्षुद्रभृङ्गारः पूतिभृङ्गः कुभृङ्गकः ।

पर्याय—षट्पद, भृङ्ग, भृङ्गराज, शिलीमुख, द्विरेफ, अलि, मधुकर, मधुप, मधुलिट् , षट्चरण, झंकारी, पुष्पलोलुप, नील, घुमघुमारावी, मधुकृत्, मधुरस्वर ये पर्याय भ्रमर के हैं । दूसरा क्षुद्रभ्रमर है, जिसके पर्याय हैं क्षुद्रभृङ्गार, पूतिभृङ्ग और कुभृङ्गक ॥ ४०९–४१० ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

भ्रमरो रूक्ष उष्णश्च तैलयोगेक्षणापहः ।
कर्णरोगशिरोव्याधीन् मुखरोगान्निहन्ति च ॥ ४११ ॥

गुण-कर्म—भ्रमर का मांस रूक्ष, उष्णवीर्य, तैलयोगों के लिए उत्तम तथा दृष्टिनाशक होता है । यह कर्णरोग, शिरोरोग, तथा मुखरोग को दूर करने वाला होता है ॥ ४११ ॥

१८२. शुकः

शुकः कीरो रक्तमुखो मेधावी प्रियदर्शनः ।
अन्यो महान् राजशुकः शतपत्रो निगद्यते ॥ ४१२ ॥
शुको बल्योऽतिवृष्यश्च वीर्यवृद्धिकरः परः ।
वातघ्नो बृंहणो ज्ञेयस्तथा राजशुकः स्मृतः ॥ ४१३ ॥

पर्याय—कीर, रक्तमुख, मेधावी, प्रियदर्शन ये शुक (तोता) के पर्याय हैं । बड़ा तोता राजशुक या शतपत्र हैं ।

गुण-कर्म—शुक का मांस बलवर्धक, अत्यन्त वाजीकरण, उत्तम शुक्रवर्धक, वातनाशक तथा बृंहण होता है । राजशुक का मांस उपर्युक्त गुणयुक्त होता है ॥ ४१२–४१३ ॥

१८३. सारिका

गोराटिका गोकिरीटी गौरका कलहाकुला ।
मेधाविनी सारिकान्या दूतिका प्रियवादिनी ॥ ४१४ ॥
सारिका च भवेत् स्निग्धा वातहा बृंहणी स्मृता ।
वीर्यसंजननी वृष्या मेध्या चैव रसायनी ॥ ४१५ ॥

पर्याय—गोराटिका, गोकिरीटी, गौरका, कलहाकुला, मेधाविनी, दूतिका और प्रियवादिनी ये सारिका के पर्याय हैं ।

गुण-कर्म—सारिका का मांस स्निग्ध, वातशामक, बृंहण, शुक्रजनन, बाजीकरण, मेधा के लिये हितकर और रसायन होता है ॥ ४१४–४१५ ॥

१८४. चक्रवाकः

चक्रवाकस्तु चक्राह्वश्चक्री चक्ररथो रथी ।
रथाङ्गनामा रथिकः कामी चक्रोऽथ चक्रवाक् ॥ ४१६ ॥
चक्रवाको महास्निग्धः शुक्रलो गुरुरेव च ।
बल्योऽथ रुचिकृद्वातहरो दोषविनाशनः ॥ ४१७ ॥

पर्याय—चक्राह्व, चक्री, चक्ररथ, रथी, रथाङ्गनामा, रथिक, कामी, चक्र और चक्रवाक् ये चक्रवाक के पर्याय हैं ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—चक्रवाक का मांस अतिस्निग्ध, शुक्रवर्धक, गुरु, बलकारक, रुचिप्रद, वातहर और दोष को दूर करने वाला होता है ॥ ४१६–४१७ ॥

१८५. हंसः

हंसः श्वेतो धार्तराष्ट्रो राजहंसो मनोरमः ।
कलहंसोऽपरः प्रोक्तो जलपादोऽथ बन्धुरः ॥ ४१८ ॥
हंसः स्निग्धो गुरुर्वृष्यो वीर्योष्णः स्वरवर्णकृत् ।
वातास्रपित्तशमनो बृंहणो बलवर्धकः ॥ ४१९ ॥

पर्याय—श्वेत, धार्तराष्ट्र, राजहंस, मनोरम ये राजहंस के पर्याय हैं। दूसरा कलहंस कहलाता है जिसके पर्याय जलपाद और बन्धुर हैं।

गुण-कर्म—हंस का मांस स्निग्ध, गुरु, वृष्य, उष्ण, स्वर एवं वर्ण को उत्तम करने वाला, वात, रक्तविकार एवं पित्त का शामक, बृंहण तथा बलदायक होता है ॥ ४१८–४१९ ॥

१८६. कुक्कुटः

कुक्कुटस्ताम्रचूडश्च दक्षः शौण्डोऽथ विष्किरः ।
कालज्ञः कृकवाकुश्च नियोद्धा चरणायुधः ॥ ४२० ॥
कुक्कुटः स्वादुस्निग्धोष्णः स्वराग्नीन्द्रियदार्ढ्यकृत् ।
बृंहणो वातहा वृष्यो लघुर्बलकरः स्मृतः ॥ ४२१ ॥
अन्यस्तद्वद्गुणो ग्राम्यो विशेषेण गुरुस्तथा ।

पर्याय—ताम्रचूड, दक्ष, शौण्ड, विष्किर, कालज्ञ, कृकवाकु, नियोद्धा और चरणायुध ये कुक्कुट (मुर्गा) के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—कुक्कुर का मांस स्वादिष्ट, स्निग्ध, उष्ण, स्वर के लिये उत्तम, अग्निदीपक, इन्द्रियों को सुदृढ़ करने वाला, बृंहण, वातनाशक, शुक्रजनक, लघु एवं बलकारक होता है। ग्राम्य कुक्कुर का मांस उसी के समान किन्तु गुरु होता है ॥ ४२०–४२१ ॥

१८७. लावः

लावस्तु लावको ज्ञेयश्चित्रदेहश्चतुर्विधः ।
पांसुलो गौरकोऽन्यश्च पौण्ड्रको दर्भरस्तथा ॥ ४२२ ॥

पर्याय—लावक और चित्रदेह लाव के पर्याय हैं। यह चार प्रकार का होता है (१) पांशुल, (२) गौरक, (३) पौण्ड्रक, (४) दर्भर ॥ ४२२ ॥

लावो हृद्यो हिमः स्निग्धो ग्राही वह्निदीपनः ।
गुरूष्णो मधुरः किञ्चित् सर्वदोषहरो मतः ॥ ४२३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पांसुलः श्लेष्मलस्तेषां वीर्योष्णोऽनिलनाशनः।
गौरको कफवातघ्नो रूक्षो वह्निप्रदीपनः ॥ ४२४ ॥

पौण्ड्रकः पितकृत् किञ्चिल्लघुः श्लेष्मानिलापहः।
दर्भरो रक्तपित्तघ्नो हृदामयहरो हिमः ॥ ४२५ ॥

गुण-कर्म—लाव (लौआ) का मांस हृदय के लिए हितकर, शीतवीर्य, स्निग्ध, ग्राही, अग्निदीपक, गुरु, उष्ण किंचित् मधुर और सर्वदोषनाशक होता है। पांसुल का मांस कफकारक, उष्णवीर्य तथा वातनाशक होता है। गौरक का मांस कफवातहर, रूक्ष तथा अग्निदीपन है। पौण्ड्रक का मांस किंचित् पित्तवर्धक, लघु, तथा कफवातशामक होता है। दर्भर का मांस रक्तपित्तहर, हृदयरोग को दूर करने वाला तथा शीतवीर्य होता है ॥ ४२३–४२५ ॥

१८८. कोकिलः

कोकिलः परपुष्टश्च कृष्णः परभृतोऽसितः।
वसन्तदूतस्ताम्राक्षो गन्धर्वो वनभूषणः ॥ ४२६ ॥
कोकिला परपुष्टा च धूर्ता परभृताऽसिता।

पर्याय—परपुष्ट, कृष्ण, परभृत, असित, वसन्तदूत, ताम्राक्ष, गन्धर्व, वनभूषण ये कोकिल के पर्याय हैं। कोकिला, परपुष्टा, धूर्ता, परभृता और असिता ये कोकिला के पर्याय हैं ॥ ४२६ ॥

कोकिलो बृंहणः प्रोक्तो मधुरो बलवर्धनः।
पित्तघ्नः शिशिरो ग्राही चक्षुष्यः कफकासजित् ॥ ४२७ ॥

गुण-कर्म—कोकिल का मांस बृंहण, मधुर, बलवर्धक, पित्तनाशक, शीतवीर्य, ग्राही, नेत्रों के लिए हितकर तथा कफज कास को दूर करने वाला होता है ॥४२७॥

१८९. काकः (कोकिलविशेषः)

काकोऽथ वायसो ध्वाङ्क्षः काणोऽरिष्ट उलूकजित्।
बलिभुक्चिरजीवी च धूलिजङ्घो निमित्तकृत् ॥ ४२८ ॥
काकद्रोणो द्रोणकाकः स्यात्काणोऽपि च वायसः।

पर्याय—वायस, ध्वाङ्क्ष, काण, अरिष्ट, उलूकजित्, बलिभुक्, चिरजीवी, धूलिजङ्घ और निमित्तकृत् ये पर्याय काक के हैं। काकद्रोण और काणवायस ये द्रोणकाक के पर्याय हैं ॥ ४२८ ॥

रूक्षो भल्लो भल्लको भल्लशल्यो दुर्घोषः स्याद्भल्लकः पृष्ठदृष्टिः।
द्रागीश्चासौ दीर्घकेशश्चिरायुर्ज्ञेयः सोऽयं दुःखरो दीर्घदर्शी ॥४२९॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—रूक्ष, भल्लक, भल्लशल्य, दुर्बोध, भल्लक, पृष्टदृष्टि, द्रागी; दीर्घकेश, चिरायु, दुःखर और दीर्घदर्शी ये भल्ल के पर्याय हैं ॥ ४२६ ॥

१९०. भासः

भासः शिवोऽनुभासेत गृध्राकारो रजःप्रभः ।
जलकाकस्तु दात्यूहः स च स्यात् कालकण्टकः ॥ ४३० ॥

पर्याय—भास गृध्राकार, धूलिसदृश वर्ण का दिखाई पड़ता है। दात्यूह और कालकण्टक ये जलकाक के पर्याय हैं ॥ ४३० ॥

सर्वकाकभवं मांसं चक्षुष्यं दीपनं लघु ।
आयुष्यं बृंहणं बल्यं क्षतदोषक्षयापहम् ॥ ४३१ ॥

गुण-कर्म—सभी प्रकार के काक का मांस नेत्रों के लिये हितकर, दीपन, लघु, आयुष्य, बृंहण, बलकारक, क्षतविकार तथा क्षय को नष्ट करने वाला होता है ॥ ४३१ ॥

१९१. उलूकः

उलूको नक्तचारी च दिवान्धः कौशिकस्तथा ।
कौशी घर्घरको भीरुः काकशत्रुर्निशाचरः ॥ ४३२ ॥

पर्याय—नक्तचारी, दिवान्ध, कौशिक, कौशी, घर्घरक, भीरु, काकशत्रु, और निशाचर ये उलूक के पर्याय हैं ॥ ४३२ ॥

१९२. क्षुद्रोलूकः (उलूकविशेषः)

क्षुद्रोलूकः शाकुनेयः पिङ्गलो डुडुलश्च सः ।
वृक्षाश्रयी बृहद्रावः पिङ्गलाक्षो भयंकरः ॥ ४३३ ॥
औलूकं पित्तलं भ्रान्तिकरं वातप्रकोपणम् ।

पर्याय—शाकुनेय, पिङ्गल, डुडुल, वृक्षाश्रयी, बृहद्राव, पिङ्गलाक्ष और भयंकर ये क्षुद्रोलूक के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—उलूक का मांस पित्तवर्धक, भ्रम उत्पन्न करने वाला तथा वातप्रकोपक होता है ॥ ४३३ ॥

१९३. सर्पः

सर्पो दंष्ट्री भुजंगोऽहिर्भुजगोऽथ सरीसृपः ।
उरगः कञ्चुकी व्यालो द्विजिह्वोऽथ भुजंगमः ॥ ४३४ ॥
स च नागो विषधरः कुण्डली पन्नगः फणी ।
चक्षुःश्रवा दन्दशूको भोगी चाऽऽशीविषः स्मृतः ॥ ४३५ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—दंष्ट्री, भुजंग, अहि, भुजग, सरीसृप, उरग, कञ्चुकी, व्याल, द्विजिह्व, भुजंगम नाग, विषधर, कुण्डली, पन्नग, फणी, चक्षुःश्रवा, दन्दशूक, भोगी और अशीविष ये सर्प के पर्याय हैं ॥ ४३४-४३५ ॥

१९४. सर्पविशेषाः

राजिलो जलसर्पस्तु विरुलः स प्रकीर्तितः।
श्वेतो नागोऽरुणः सर्पो व्यन्तरश्चित्रवर्णकः ॥ ४३६ ॥
गोनसो मण्डलीपातः कुलङ्गः कृष्णडुण्डुभः।

सर्पविशेष—राजिल (जलसर्प या विरुल), श्वेत, अरुण, व्यन्तर, चित्रवर्णक, गोनस, मण्डलीपात, कुलङ्ग और कृष्णडुण्डुभ ये कुछ सर्पभेद हैं ॥ ४३६ ॥

विविधाग्निकृतः सर्पा वातघ्ना स्वादुपाकिनः ॥ ४३७ ॥
दर्वीकरा मण्डलिनस्तेषूक्ताः कटुपाकिनः।
स्वादवश्चातिचक्षुष्याः सृष्टविण्मूत्रमारुताः ॥ ४३८ ॥
राजीमदादयः स्वादे रसे पाके कफावहाः।
स्निग्धाः शीताः स्तब्धवर्चःसशुक्रबलवर्धनाः ॥ ४३९ ॥

गुण-कर्म—विविध प्रकार के सर्प का मांस पित्तवर्धक, वातनाशक एवं विपाक में मधुर होता है। दर्वीकर एवं मण्डली सर्प का मांस विपाक में कटु, रस में मधुर, नेत्र के लिए अति हितकर, मल तथा मूत्र को त्याग कराने वाला होता है। राजीमान् आदि सर्प का मांस रस एवं विपाक में मधुर, कफवर्धक, स्निग्ध, शीतवीर्य, मलावरोध करने वाला, शुक्रवर्धक तथा बलकारक होता है ॥४३७-४३९॥

कृष्णसर्पादयस्तेषां बल्याश्चोष्णानिलापहाः।
शुक्रसंधानकृच्छ्रेष्ठा स्निग्धाः स्वापमलापहाः ॥ ४४० ॥

कृष्ण सर्प आदि का मांस बलवर्धक, उष्णवीर्य, वातनाशक, शुक्रवर्धक, संधानकर, स्निग्ध, निद्रा तथा मल को दूर करता है ॥ ४३० ॥

१९५. मण्डूकः

मण्डूको दर्दुरो मण्डो हरिर्भेकः कसूचकः।
महावित्तस्तु मण्डव्यो राजमण्डूक उच्यते ॥ ४४१ ॥
मण्डूकः श्लेष्मलो नातिपित्तलो बलकारकः।

पर्याय—दर्दुर, मण्ड, हरि, भेक, कसूचक मण्डूक के तथा महावित्त, मण्डव्य ये राजमण्डूक के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—मण्डूक का मांस कफकारक किञ्चित् पित्तवर्धक और बलकारक होता है ॥ ४४१ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

१९६. कर्कटः (मण्डूकविशेषः)

कर्कटः स्यात्कर्कटकः कुलीरश्च कुलीरकः ।
संदंशकः पङ्कवासस्तिर्यग्गामी स चोर्ध्वदृक् ॥ ४४२ ॥
कर्कटो बृंहणो वृष्यः शीतलोऽसृग्गदापहः ।

पर्याय—कर्कटक, कुलीर, कुलीरक, संदंशक, पङ्कवास, तिर्यग्गामी और ऊर्ध्वदृक् ये पर्याय कर्कट के हैं ।

गुण-कर्म—कर्कट का मांस बृंहण, शुक्रजनन शीतवीर्य, तथा रक्तविकार को नष्ट करने वाला होता है ॥ ४४२ ॥

१९७. मलम्

मलं विष्ठा पुरीषञ्च विट् किट्टं पूतिकं च तत् ।

पर्याय—विष्ठा, पुरीष, विट् , किट्ट, पूत्तिक ये पर्याय मल के हैं ।

१९८. गोमयम् (मलविशेषः)

गोमयं गोपुरीषं स्याद्गोविष्ठा गोमलं च तत् ॥ ४४३ ॥

पर्याय—गोपुरीष, गोविष्ठा और गोमल ये गोमय के पर्याय हैं ॥ ४४३ ॥

१९९. सामान्यमूत्रनामगुणाः

मूत्रं तु गुह्यनिष्यन्दः प्रस्रावः स्रवणः स्रवः ।
मूत्रं गोजाविमहिषीगजाश्वोष्ट्रखरोद्भवम् ॥ ४४४ ॥
पित्तलं रूक्षतीक्ष्णोष्णं लवणानुरसं कटु ।
कृमिशोफज्वरानाहशूलपाण्डुकफानिलान् ॥ ४४५ ॥
गुल्मारुचिविषश्वित्रकुष्ठार्शांसि जयेल्लघु ।

पर्याय—गुह्यनिष्यन्द, प्रस्राव, स्रवण, स्रव ये पर्याय मूत्र के हैं ।

गुण-कर्म—गो, अजा, मेष, महिषी, गज, अश्व, उष्ट्र, खर इनके मूत्र पित्तवर्धक, रूक्ष, तीक्ष्ण, उष्णवीर्य, लवण, अनुरसयुक्त, कटु होता है । यह कृमि, शोथ, ज्वर, आनाह, शूल, पाण्डु, कफ, वात, गुल्म, अरुचि, विष, श्वित्र, कुष्ठ और अर्श को दूर करने वाला एवं लघु होता है ॥ ४४४–४४५ ॥

२००. गोमूत्रगुणाः (मूत्रविशेषः)

गोमूत्रं गोजलं गोम्भो गोपानीयं च गोस्रवः ।
गवापो गोकीलालं च गोनीरं सुरभीजलम् ॥ ४४६ ॥
गोमूत्रं कटुतिक्तोष्णं सक्षारं लेखनं सरम् ।
लघ्वग्निदीपनं मेध्यं पित्तलं कफवातजित् ॥ ४४७ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

मूत्रप्रयोगसाध्येषु गव्यं मूत्रं प्रयोजयेत् ।

पर्याय—गोजल, गोम्भ, गोपानीय, गोस्रव, गवाप, गोकीलाल, गीनीर और सुरभीजल ये गोमूत्र के पर्याय हैं।

गुण-कर्म—गोमूत्र कटु–तिक्त, उष्णवीर्य, क्षारीय, लेखन, सारक. लघु, अग्निदीपक, मेधाशक्ति के लिए हितकर, पित्तकर एवं कफवातहर होता है। मूत्र के साध्य रोगों में गोमूत्र का प्रयोग करें ॥ २४६–२४७ ॥

२०१. अजामूत्रम् (मूत्रविशेषः)

कासश्वासापहं शोफकामलापाण्डुरोगनुत् ।
कटुतिक्तान्वितं छागमीषन्मारुतकोपनम् ॥ ४४८ ॥

गुण-कर्म—बकरी का मूत्र कास, श्वास, शोथ, कामला, पाण्डुरोग को दूर करने वाला, रस में कटुतिक्त तथा वात को कुपित करने वाला होता है ॥ ४४८ ॥

२०२. मेषीमूत्रम् (मूत्रविशेषः)

कासप्लीहोदरश्वासशोषवर्चोग्रहे हितम् ।
सक्षारं कटुकं तिक्तमुष्णं वातघ्नमाविकम् ॥ ४४९ ॥

गुण-कर्म—भेड़ी का मूत्र कास, प्लीहोदर, श्वास, शोष तथा विबन्ध को दूर करने वाला, क्षारीय, रस में कटु–तिक्त, उष्णवीर्य और वातनाशक होता है ॥४४९॥

२०३. महिषीमूत्रम् (मूत्रविशेषः)

दुर्नामोदरशूलेषु कुष्ठमेहादिव्याधिषु ।
आनाहशोफगुल्मेषु पाण्डुरोगे च माहिषम् ॥ ४५० ॥

गुण-कर्म—भैंस का मूत्र अर्श, उदररोग, शूल, कुष्ठ, प्रमेह आदि रोग, आनाह, शोथ, गुल्म तथा पाण्डुरोग में लाभकर है ॥ ४५० ॥

२०४. गजमूत्रम् (मूत्रविशेषः)

सतिक्तं लवणं भेदि वातघ्नं पित्तकोपनम् ।
तीक्ष्णं क्षारं किलासे च नागमूत्रं प्रयोजयेत् ॥ ४५१ ॥

गुण-कर्म—हाथी का मूत्र ईषत् तिक्त एवं लवण, भेदन, वातनाशक, पित्तवर्धक, तीक्ष्ण, क्षारीय होता है। यह किलास रोग में उपयोगी होता है ॥ २५१ ॥

२०५. अश्वमूत्रगुणाः (मूत्रविशेषः)

दीपनं कटुतिक्तोष्णं वातचेतोविकारनुत् ।
आश्वं कफहरं मूत्रं कृमिदद्रुषु शस्यते ॥ ४५२ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—घोड़े का मूत्र अग्निदीपक, रस में कटुतिक्त, वातनाशक, मानस-रोगहर एवं कफनाशक होता है। यह कृमि एवं दद्रु को दूर करता है ॥ ५५२ ॥

२०६. उष्ट्रमूत्रम् (मूत्रविशेषः)

शोफकुष्ठोदरोन्मादमारुतकृमिनाशनम् ।
अर्शोघ्नं कारभं मूत्रं विजानीयाच्चिकित्सकः ॥ ४५३ ॥

गुण-कर्म—ऊँट का मूत्र शोथ, कुष्ठ, उदररोग, उन्माद, वात, कृमिरोग तथा अर्श को दूर करने वाला होता है ॥ ४५३ ॥

२०७. गर्दभमूत्रम् (मूत्रविशेषः)

गरचेतोविकारघ्नं तीक्ष्णं ग्रहणिरोगनुत् ।
दीपनं गार्दभं मूत्रं कृमिवातकफापहम् ॥ ४५४ ॥

गुण-कर्म—गधे का मूत्र विषघ्न, मानसदोषहर, तीक्ष्ण, ग्रहणीरोग को दूर करने वाला, अग्निदीपन, कृमिघ्न एवं कफशामक होता है ॥ ४५४ ॥

२०८. मानुषमूत्रम् (मूत्रविशेषः)

पित्तरक्तकृमिहरं रोचनं कफवातजित् ।
तिक्तं मोहहरं मूत्रं मानुषं तु विषापहम् ॥ ४५५ ॥

गुण-कर्म—मनुष्य का मूत्र पित्तहर, रक्तविकार एवं कृमिनाशक, रोचन, कफ-वातशामक, रस में तिक्त, मूर्च्छा तथा विष को दूर करने वाला होता है ॥ ४५५ ॥

२०९. मेदः

मेदस्तु मांससारः स्याच्छुभ्रं मांसजमीरितम् ।

पर्याय—मेद, मांससार, शुभ्र और मांसज ये मेद के पर्याय हैं।

२१०. त्वक्

त्वक्चर्मासृग्धरा कृत्तिरजिनं देहचर्म च ।
रक्ताधारो रोमभूमिः शरीरावरणं तथा ॥ ४५६ ॥

पर्याय—चर्म, असृग्धरा, कृत्ति, असिन, देहचर्म, रक्ताधार, रोमभूमि और शरीरावरण ये त्वक् के पर्याय हैं ॥ ४५६ ॥

२११. रोम

रोम लोम च त्वग्जं च चर्मजं च तनूरुहम् ।
तच्च नेत्रस्थितं पक्ष्म मुखजं श्मश्रु कथ्यते ॥ ४५७ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पर्याय—लोम, त्वग्ज, चर्मज और तनूरुह ये रोम के पर्याय हैं। नेत्र में स्थित रोम पक्ष्म तथा मुख के रोम श्मश्रु कहलाते हैं ॥ ४५७ ॥

काञ्चनादिस्तु मत्स्यान्तो वर्गः षष्ठ उदाहृतः।
धातुद्रव्यद्रवद्रव्यमांसद्रव्यसमाश्रयः ॥

इस प्रकार सुवर्णादि षष्ठ वर्ग सुवर्ण से मत्स्य तक कहा गया जिसमें धातुद्रव्यों, द्रवद्रव्यों तथा मांस का वर्णन किया गया है।

इति रसवीर्यविपाकसहिते धन्वन्तरिनिघण्टौ
सुवर्णादिः षष्ठो वर्गः ॥ ६ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

अथ मिश्रकादिः सप्तमो वर्गः

१. त्रिफला

हरीतकी चाऽऽमलकं बिभीतकमिति त्रयम् ।
त्रिफला च वरा श्रेष्ठतमं ज्ञेयं फलत्रिकम् ॥ १ ॥
त्रिफला च त्रिदोषघ्नी दीपनी स्याद् रसायनी ।
वृष्या मेहहरा दिव्या नेत्ररोगहरा मता ॥ २ ॥

हरीतकी, आमला तथा बिभीतक इन तीन के फलों को मिला कर त्रिफला कहते हैं ।

पर्याय—वरा, श्रेष्ठतम और फलत्रिक ये त्रिफला के पर्याय हैं ।

गुण-कर्म—त्रिफला त्रिदोषहर, अग्निदीपन, रसायन, शुक्रवर्धक, प्रमेहहर, तथा नेत्र के लिए उत्तम हितकर है । १–२ ॥

२. स्वादुत्रिफला

द्राक्षाखर्जूरकाश्मर्यफलानीति फलत्रयम् ।
सैव स्वादुर्द्वितीया तु त्रिफला त्रैफला स्मृता ॥ ३ ॥
चक्षुष्या दीपनी रुच्या विषमज्वरनाशिनी ।

द्राक्षा, खर्जूर और गम्भारी के फलों को मिला कर द्वितीय या स्वादु त्रिफला कहते हैं । त्रैफला उसका पर्याय है ।

गुण-कर्म—स्वादुत्रिफला नेत्र के लिए हितकर, अग्निदीपन, रुचिकारक तथा विषमज्वर को नष्ट करती है ॥ ३ ॥

३. सुगन्धित्रिफला

जातीफलं तथैला च लवंगफलमेव च ।
सुगन्धित्रिफला प्रोक्ता तृतीयं तु फलत्रिकम् ॥ ४ ॥
संग्राहि मधुरा पाके कफवातविबन्धनुत् ।

सुगन्धित्रिफला—जातीफल, इलायची तथा लवङ्ग इन तीनों के योग को तृतीय त्रिफला या सुगन्धित्रिफला कहते हैं ।

गुण-कर्म—सुगन्धित्रिफला संग्राही, विपाक में मधुर, कफ-वात तथा विबन्ध को दूर करने वाली है ॥ ४ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

४. त्रिकटु

पिप्पली मरिचं शुण्ठी त्रयमेतद्विमिश्रितम् ।
त्रिकटु त्र्यूषणं व्योषं कटुत्रयमिहोच्यते ॥ ५ ॥
दीपनं रुचिदं वातश्लेष्ममन्दाग्निशूलनुत् ।

त्रिकटु—पीपर, सोंठ तथा मरिच इन तीनों के योग को त्रिकटु कहते हैं। त्र्यूषण, व्योष और कटुत्रय इसके पर्याय हैं।

गुण-कर्म—त्रिकटु अग्निदीपक, रुचिकारक, वात-कफ, मन्दाग्नि और उदर-शूल को दूर करता है ॥ ५ ॥

५. त्रिकार्षिकं-चातुर्भद्रकञ्च

नागराऽतिविषा मुस्ता त्रयमेतत्त्रिकार्षिकम् ।
गुडूची संयुतं चैव चातुर्भद्रकमुच्यते ॥ ६ ॥
ज्वरघ्नं पाचनं प्रोक्तं त्रिदोषशमनं स्मृतम् ।
जीर्णज्वरारोचकघ्नं कण्ठामयविनाशनम् ॥ ७ ॥

त्रिकार्षिक—शुण्ठी, अतिविषा एवं मुस्ता इन तीनों के मिलाने पर त्रिकार्षिक कहलाता है।

चातुर्भद्र—त्रिकार्षिक में गुडूची मिला देने पर उसकी चातुर्भद्रक संज्ञा हो जाती है।

गुण-कर्म—यह ज्वरनाशक, पाचन, त्रिदोषहर, जीर्णज्वर, अरुचि तथा कण्ठ-रोगों को दूर करता है ॥ ६–७ ॥

६. द्वितीयं चातुर्भद्रकम्

एलात्वक्पत्रकैस्तुल्यैर्मरिचेन समन्वितैः ।
कटुपूर्वमिदं चान्यच्चातुर्भद्रकमुच्यते ॥ ८ ॥
चातुर्भद्रं रुचिकरं पित्तलं चाग्निदीपनम् ।
रूक्षोष्णं च सुगन्धि स्यात्तीक्ष्णं वर्ण्यं लघु स्मृतम् ॥ ९ ॥

द्वितीय (कटु) चातुर्भद्रक—इलायची, दालचीनी, तेजपात तथा मरिच मिलाने पर कटु चातुर्भद्रक कहलाता है।

गुण-कर्म—यह चातुर्भद्रक रुचिकारक पित्तवर्धक, अग्निदीपक, रूक्ष, उष्णवीर्य, सुगन्धित, तीक्ष्ण, वर्ण को उत्तम करने वाला और लघु होता है ॥ ८–९ ॥

७. तृतीयं चातुर्भद्रकम्

त्वगेलापत्रकैस्तुल्यैस्त्रिसुगन्धि त्रिजातकम् ।
नागकेशरसंयुक्तं चातुर्भद्रकमुच्यते ॥ १० ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

स्वरभेद श्वासकासमुखदोषविनाशनम् ।
वृष्यं बल्यं च योगार्हं चतुर्जातं रसायनम् ॥ ११ ॥

तृतीय चातुर्भद्रक (चतुर्जात)—दालचीनी, छोटी इलायची, तेजपात और नागकेशर ये चार सुगन्धित द्रव्य मिला कर तृतीय चातुर्भद्रक कहलाता है। इसे चतुर्जातक भी कहते हैं।

गुण-कर्म—यह चातुर्भद्रक स्वरभेद, श्वास, कास, मुखरोग को दूर करता है। यह वाजीकरण, बलवर्धक, औषध योगों में उपयोगी और रसायन है ॥ १०–११ ॥

८. पञ्चकोलम्

पिप्पलीपिप्पलीमूलचव्यचित्रकनागरम् ।
एकत्र मिश्रितैरेभिः पञ्चकोलकमुच्यते ॥ १२ ॥
पञ्चकोलं त्रिदोषघ्नं रुच्यं दीपनपाचनम् ।
स्वरभेदहरं चैव शूलगुल्मार्तिनाशनम् ॥ १३ ॥

पञ्चकोल—पीपल, पिपलामूल, चब्य, चित्रक और सोंठ ये पांच द्रव्य एकत्र मिला दिया जाय तो उसको पञ्चकोल कहते हैं।

गुण-कर्म—पञ्चकोल त्रिदोषहर, रुचिकारक, अग्निदीपक; पाचन, स्वरभेद, शूल तथा गुल्मरोग को दूर करता है ॥ १२–१३ ॥

९. पञ्चवल्कलम्

न्यग्रोधोदुम्बराश्वत्थप्लक्षवेतसवल्कलैः ।
सर्वैरेकत्र संयुक्तैः पञ्चवल्कलमुच्यते ॥ १४ ॥
रसे कषायं शीतं च वर्ण्यं दाहतृषापहम् ।
योनिदोषं कफं शोफं हन्तीदं पञ्चवल्कलम् ॥ १५ ॥

पञ्चवल्कल—न्यग्रोध, उदुम्बर, अश्वत्थ, प्लक्ष और वेतस इन पांच क्षीरिवृक्षों की छाल को एकत्र मिलाने पर पञ्चवल्कल कहते हैं।

गुण-कर्म—पञ्चवल्कल रस में कषाय, शीतवीर्य, वर्ण को उत्तम करने वाला, दाह, तृष्णा, योनिविकार, कफ तथा शोथ को नष्ट करने वाला होता है ॥ १४–१५ ॥

१०. पञ्चभृङ्गम्

देवदाली शमी भृङ्गा निर्गुण्डी शणकस्तथा ।
रोगान्ते स्नानपानार्थं पञ्चभृङ्गमिति स्मृतम् ॥ १६ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पञ्चभृङ्ग—देवदाली, शमी, भृङ्गराज, निर्गुण्डी तथा शणपुष्पी इन द्रव्यों के पत्र को एकत्र कर पञ्चभृङ्ग कहते हैं। पञ्चभृङ्ग से क्वथित जल रोग के पश्चात् स्नान तथा पानार्थ प्रयुक्त होता है ॥ १६ ॥

११. पञ्चपञ्चमूलम्

बिल्वोऽग्निमन्थः श्योनाकः काश्मर्यस्त्वक् च पाटला।
बलापुनर्नवैरण्डः शूर्पपर्णीद्वयं तथा ॥ १७ ॥
जीवकर्षभकौ मेदा जीवन्ती च शतावरी।
शरेक्षुदर्भकाशानां शालीनां मूलमेव च ॥ १८ ॥
गृध्रा वरी श्वदंष्ट्रा च सैरेयं करमर्दिका।
इत्यौषधैः समुद्दिष्टं पञ्चमूलकपञ्चकम् ॥ १९ ॥

पञ्चपञ्चमूल—

(१) बृहत् पञ्चमूल—बिल्व, अग्निमन्थ, श्योनाक, गम्भारी और पाटला की मूल की त्वक् एकत्र मिला कर बृहत् पञ्चमूल कहलाता है।

(२) मध्यम पञ्चमूल—बला, पुनर्नवा, एरण्ड, माषपर्णी तथा मुद्गपर्णी इन सबको मिला कर मध्यम पञ्चमूल कहते हैं।

(३) जीवनपञ्चमूल—जीवक, ऋषभक, मेदा, जीवन्ती और शतावरी को मिला कर जीवनपञ्चमूल कहते हैं।

(४) तृणपञ्चमूल—शर, इक्षु, दर्भ, काश और शालि इन द्रव्यों को मिला कर तृणपञ्चमूल कहते हैं।

(५) कण्टकपञ्चमूल—गृध्रनखी (हिंस्रा), सैरेयक, गोखरू, शतावरी और करमर्द ये सब मिल कर कण्टक पञ्चमूल कहलाता है ॥ १७–१९ ॥

१२. मध्यमपञ्चमूलम्

बलापुनर्नवैरण्डशूर्पपर्णीद्वयेन च।
मध्यमं कफवातघ्नं नातिपित्तकरं सरम् ॥ २० ॥

मध्यमपञ्चमूल—बला, पुनर्नवा, एरण्ड, माषपर्णी और मुद्गपर्णी ये पांच द्रव्य मिल कर मध्यम पञ्चमूल कहलाता है।

गुण-कर्म—यह कफवातशामक, किञ्चित् पित्तवर्धक तथा सारक होता है ॥२०॥

१३. लघुपञ्चमूलम्

शालपर्णी पृश्निपर्णी बृहती कण्टकारिका।
तथा गोक्षुरकश्चैव पञ्चमूलं लघु स्मृतम् ॥ २१ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पञ्चमूलं त्रिदोषघ्नं वातघ्नं लघुसंज्ञकम् ।
ज्वरकासश्वासशूलमन्दाग्न्यरुचिनाशनम् ॥ २२ ॥

लघुपञ्चमूल—शालपर्णी, पृश्निपर्णी, बृहती, कण्टकारी और गोक्षुर इन पांच द्रव्यों को मिला कर लघुपञ्चमूल कहलाता है ।

गुण-कर्म—लघुपञ्चमूल त्रिदोषहर विशेषतः वातनाशक होता है । यह ज्वर, कास, श्वास, शूल, मन्दाग्नि और अरुचि को नष्ट करते हैं ॥ २१–२२ ॥

१४. बृहत्पञ्चमूलम्—दशमूलम्

बिल्वोऽग्निमन्थः श्योनाकः काश्मर्यः पाटला तथा ।
ज्ञेयं महापञ्चमूलं दशमूलमुभे स्मृतम् ॥ २३ ॥

बृहत्पञ्चमूल—बिल्व, अग्निमन्थ, श्योनाक, गम्भारी और पाटला ये पांच द्रव्य मिल कर बृहत् पञ्चमूल कहलाता है । दोनों पञ्चमूल मिल कर दशमूल कहलाता है ॥ २३ ॥

उभयं पञ्चमूलं तु संनिपातज्वरापहम् ।
कासे श्वासे च तन्द्रायां पार्श्वशूले च शस्यते ॥ २४ ॥

दोनों पञ्चमूल (दशमूल) सन्निपात, ज्वर, कास, श्वास, तन्द्रा तथा पार्श्वशूल में उपयोगी है ॥ २४ ॥

१५. जीवनपञ्चमूलम्

अभीरुवीराजीवन्तीजीवकर्षभकैः स्मृतम् ।
जीवनाख्यं च चक्षुष्यं वृष्यं पित्तानिलापहम् ॥ २५ ॥

जीवन पञ्चमूल—इसमें शतावरी, वीरा (काकोली), जीवन्ती, जीवक और ऋषभक ये पांच द्रव्य हैं ।

गुण-कर्म—जीवन पञ्चमूल नेत्र के लिये हितकर, शुक्रवर्धक तथा वातपित्त-शामक है ॥ २५ ॥

१६. तृणपञ्चमूलम्

तृणाख्यं पित्तजिद्दर्भशरकाशेक्षुशालयः ।
एतैरेकीकृतं पञ्चमूलं तु तृणसंज्ञकम् ॥ २६ ॥
तृणादिपञ्चमूलं तु पित्तज्वरतृषापहम् ।
हन्ति कृच्छ्राम्लपित्तं च स्त्रीरोगं रक्तपित्तकम् ॥ २७ ॥

तृणपञ्चमूल—दर्भ, शर, काश, इक्षु और शालि ये पांच द्रव्य मिल कर तृण-पञ्चमूल कहलाता है ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

गुण-कर्म—तृणपञ्चमूल पित्तज्वर, तृषा, मूत्रकृच्छ्र, अम्लपित्त, स्त्रीरोग और रक्तपित्त का नाशक है ॥ २६–२७ ॥

१७. जीवनीयगणः

जीवकर्षभकौ मेदे काकोल्यौ द्वे च योजिते ।
द्वे शूर्पपर्ण्यौ जीवन्ती मधुकं चेत्ययं गणः ॥ २८ ॥
नाम्ना मधुर इत्युक्तो जीवनीयो रसायनः ।
जीवनो जीवनीयश्चस्वादुर्मधुरकस्तथा ॥ २९ ॥
शुक्रदोषहरो बल्यो मूत्रदोषापहारकः ।

जीवनीय गण—जीवक, ऋषभक, मेदा, महामेदा, काकोली, क्षीरकाकोली, माषपर्णी, मुद्गपर्णी, जीवन्ती और यष्टीमधु इन ओषधियों को मिलाकर मधुर या जीवनीय गण कहते हैं। रसायन, जीवन, स्वादु और मधुरक गण के नाम से भी यह जाना जाता है।

गुण-कर्म—यह शुक्रदोषनाशक, बलवर्धक तथा मूत्रदोषहर होता है ॥२८-२९॥

१८. वेशवारः

शुण्ठीमरिचपिप्पल्या धान्याकाजाजिदाडिमम् ।
पिप्पलीमूलसंयुक्तं वेशवारमिति स्मृतम् ॥ ३० ॥
वेशवारो भवेत्तीक्ष्णः सोऽग्निवीर्यस्य वर्धकः ।

वेशवार—सोंठ, मरिच, पीपल, धनियाँ, जीरक, अनारदाना और पीपरामूल इन द्रव्यों को एकत्र कर वेशवार कहते हैं।

गुण-कर्म—वेशवार तीक्ष्ण एवं अग्निदीपक होता है ॥ ३० ॥

१९. सम्भारः

कासमर्दकपत्राणां कृतं चूर्णमुलूखले ।
वेशवारसमायुक्तं सप्ताहं भाजने स्थितम् ॥ ३१ ॥
ततो हिङ्गुरसाक्तेन मिश्रितास्तेन ते तथा ।
दिवाकरकरैः शोष्या वटकाः कासमर्दकाः ॥ ३२ ॥
शाकव्यञ्जनमांसानां संभार इति ते मताः ।
अनेन संयुताः पाका वह्निवीर्यबलप्रदाः ॥ ३३ ॥

कासमर्द के पत्तों का चूर्ण ओखल में बना कर वेशवार मिला कर एक सप्ताह तक किसी पात्र में रख दे। पुनः उसमें हींग का पानी मिला कर सूर्य की किरणों में सुखा कर वटक (बड़े) बना ले। ये कासमर्दवटक शाक, व्यञ्जन और मांस के संभार कहलाते हैं। इससे संयुक्त पाक अग्नि के बल को बढ़ाते हैं ॥ ३१–३३ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

२०. शिखरिणी

दध्नः पलानि द्वात्रिंशत्त्वगेलार्धपलं तथा।
मध्वाज्यस्य पलार्धार्धं मरिचस्य पलार्धकम् ॥ ३४ ॥
पलान्यष्टौ च खण्डस्य पटे शुक्ले च गालयेत्।
कर्पूरवासिते भाण्डे छायायां स्थापयेदिह ॥ ३५ ॥
एषा शिखरिणीत्युक्ता वृष्या दीप्तिविवर्धिनी।
सदा पथ्या नियुद्धाध्वक्षीणदेहेषु पुष्टिदा ॥ ३६ ॥
आयुष्यवर्धिनी चैव सर्वरोगप्रमर्दिनी।
सा स्याद्रुचिस्थैर्यकरी नराणां सर्वदा हिता ॥ ३७ ॥

शिखरिणी—३२ पल (१.२८ कि.) दही, दालचीनी, छोटी इलायची, मधु, घृत और मरिच प्रत्येक अर्धपल (२० ग्राम), शर्करा आठ पल (३२० ग्राम) इन सबको स्वच्छ सफेद कपड़े में रगड़ कर छान ले। पुनः कर्पूर से सुवासित पात्र में छाया में रखे, यह शिखरिणी कहलाती है।

यह शिखरिणी शुक्रजनक, कान्तिवर्धक, सदैव स्वास्थ्यकर, अधिक कसरत करने या रास्ता चलने से क्षीण शरीर को पुष्ट करने वाला, आयुवर्धक, सर्वरोगनाशक, रुचिकर, स्थिरता करने वाला, मनुष्यों को सदैव हितकर होता है ॥ ३४–३७ ॥

२१. सर्वौषधिः

कुष्ठं मांसी हरिद्रे द्वे मुराशैलेयचम्पकाः।
वचाकर्पूरमुस्ताश्च सर्वौषधिकमुच्यते ॥ ३८ ॥
सर्वौषधिस्त्रिदोषघ्नी मूत्रदाहापहा मता।
रसायन्यर्शःपित्तघ्नी मुखरोगविनाशिनी ॥ ३९ ॥

सर्वौषधि—कूठ, मांसी, हरिद्रा, दारुहरिद्रा, मुरा, शैलेय, चम्पक, वच, कर्पूर और मुस्ता ये द्रव्य सर्वौषधि कहलाते हैं।

गुण-कर्म—सर्वौषधि त्रिदोषहर, मूत्रदाहनाशक एवं रसायन है। यह अर्श, पित्त एवं मुखरोग को दूर करता है ॥ ३८–३९ ॥

२२. सुगन्धामलकम्

सर्वौषधिकसंयुक्ताः शुष्काश्चाऽऽमलकत्वचः।
सुगन्धामलकं ह्येतन्निर्दिशन्ति विचक्षणाः ॥ ४० ॥
सुगन्धामलकं वृष्यं पवित्रं मूत्रदोषनुत्।
योनिदोषप्रशमनं हन्ति दोषत्रयं तथा ॥ ४१ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

सुगन्धामलक—सर्वौषधि गण से युक्त सूखे आमलकी के छिलके को सुगन्धामलक कहते हैं।

गुण-कर्म—सुगन्धामलक शुक्रजनक, पवित्र, मूत्रविकारनाशक, योनिव्यापद् तथा त्रिदोष को दूर करने वाला होता है।। ४०–४१ ॥

२३. पञ्चसुगन्धिकम्

कङ्कोलकं पूगफलं लवङ्गकुसुमानि च।
जातीफलानि कर्पूरमेतत् पञ्चसुगन्धिकम् ॥ ४२ ॥
पञ्चसुगन्धिकं शीतं रक्तपित्तविनाशनम्।
हन्त्याशु मुखवैगन्ध्यं पीनसं च कफास्रजित् ॥ ४३ ॥

पञ्चसुगन्धिक—कंकोल, सुपारी, लवंग, जातीफल और कर्पूर ये पाँच द्रव्य पञ्चसुगन्धिक कहलाते हैं।

गुण-कर्म—पञ्चसुगन्धिक शीतवीर्य, रक्तपित्त, मुखदुर्गन्ध, पीनस, कफ तथा रक्तविकार को दूर करता है ॥ ४२–४३ ॥

२४. परार्धं वाट्यपुष्पकञ्च

चन्दनं कुसुमं तुल्यं परार्धमभिधीयते।
त्रिभागकुसुमं यच्च तदुक्तं वाट्यपुष्पकम् । ४४ ॥

परार्ध—चन्दन और पुष्प समभाग मिलाने से परार्ध कहलाता है।

वाट्यपुष्पक—चन्दन में एक तिहाई पुष्प मिलाने पर वाटचपुष्पक कहलाता है ॥ ४४ ॥

२५. यक्षकर्दमः (महासुगन्धम्)

कुङ्कुमागरुकर्पूरकस्तूरीचन्दनानि च।
महासुगन्ध इत्युक्तो नामतो यक्षकर्दमः ॥ ४५ ।
यक्षकर्दम एष स्याच्छीतस्त्वग्दोषहृत्तथा।
सुगन्धिः कान्तिदश्चैव शिरोर्त्तिविषनाशनः ॥ ४६ ॥

यक्षकर्दम—कुंकुम, अगुरु, कर्पूर, कस्तूरी और चन्दन इनको मिला कर यक्षकर्दम या महासुगन्ध कहते हैं।

गुण-कर्म—यक्षकर्दम शीतल, चर्मरोगनाशक, सुगन्धित, कान्तिप्रद, शिरोरोग और विष को दूर करने वाला होता है ॥ ४५–४६ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

२६. मन्थः

सक्तवः सर्पिषाभ्यक्ताः शीतोदकपरिप्लुताः ।
नातिद्रवा नातिसान्द्रा मन्थ इत्यभिधीयते ॥ ४७ ॥
मन्थः पित्तहरो ज्ञेयो दाहारुचिविनाशनः ।
शीतः श्रमापशमनो मूर्च्छादोषापहारकः ॥ ४८ ॥

मन्थ—यदि घीसहित सत्तू का जल से इस प्रकार घोल बनाया जाय जो न अति द्रव और न अति गाढ़ा हो वह मन्थ कहलाता है ।

गुण-कर्म—मन्थ पित्तशामक, दाह एवं अरुचि को नष्ट करने वाला, शीत, श्रम तथा मूर्च्छा को दूर करता है ॥ ४७–४८ ॥

२७. सन्तर्पणम्

द्राक्षादाडिमखर्जूरैर्मर्दिताम्बु सशर्करम् ।
लाजचूर्णं समध्वाज्यं संतर्पणमुदाहृतम् ॥ ४६ ॥
तर्पणं शीतलं पाने नेत्ररोग विनाशनम् ।
बल्यं रसायनं हृद्यं शुक्र वृद्धिकरं परम् ॥ ५० ॥

सतर्पण—द्राक्षा, अनारदाना, खर्जूर को जल में शर्करा, लाजाचूर्ण, मधु और घी इनके साथ मर्दन कर जो कल्प बनता है वह सन्तर्पण कहलाता है ।

गुण-कर्म—सन्तर्पण शीतल, नेत्ररोगों का नाशक, बलवर्धक, रसायन, हृदय के लिए हितकर एवं शुक्रवर्धक होता है ॥ ४९–५० ॥

२८. पञ्चामृतम्

गव्यमाज्यं दधि क्षीरं माक्षिकं शर्करान्वितम् ।
एकत्र मिलितं ज्ञेयं दिव्यं पञ्चामृतं परम् ॥ ५१ ॥
अजीर्णभूतवातघ्नं ज्ञेयं पञ्चामृतं परम् ।

पञ्चामृत—गाय का घी, दही, दूध, मधु और शर्करा इन सबको एकत्र करने पर पञ्चामृत कहते हैं । यह दिव्य एवं उत्तम कल्प है ।

गुण-कर्म—पञ्चामृत अजीर्ण, भूतबाधा तथा वातविकार को दूर करता है ॥ ५१ ॥

२९. पञ्चगव्यम्

गोमूत्रं गोमयं क्षीरं दधि सर्पिस्तथैव च ।
समं योजितमेकत्र पञ्चगव्यमिति स्मृतम् ॥ ५२ ॥
पञ्चगव्यं देहशुद्धिकरं कफविनाशनम् ।

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पञ्चगव्य—गाय का मूत्र, गोबर, दूध, दही और घी इन सबको एकत्र करने पर पञ्चगव्य कहते हैं।

गुण-कर्म—पञ्चगव्य शरीर को शुद्ध करने वाला तथा कफनाशक होता है ॥ ५२ ॥

३०. पञ्चाम्लकम्

बीजपूरकजम्बीरं नारङ्गं साम्लवेतसम्।
फलं पञ्चाम्लकं ख्यातं तिन्तिडीसहितं परम् ॥ ५३ ॥

पञ्चाम्लक—बिजौरा नीबू, जम्बीर, नारंग, अम्लवेतस और तिन्तिडी (इमली) ये फल एकत्र पञ्चाम्लक कहलाते हैं ॥ ५३ ॥

३१. द्वितीयं पञ्चाम्लकम्

कोलदाडिमवृक्षाम्लं चुक्रिका चाम्लवेतसः।
पञ्चाम्लकं समुद्दिष्टं विद्वद्भिश्च भिषग्वरैः ॥ ५४ ॥

पञ्चाम्लक—बेर, अनार, वृक्षाम्ल, चुक्र और अम्लवेतस ये सब मिल कर पञ्चाम्लक कहलाते हैं ॥ ५४ ॥

३२. पञ्चनिम्बकम्

निम्बस्य पत्रं त्वक्पुष्पफलमूलैः समन्वितम्।
पञ्चनिम्बमिति ख्यातं नामतः शास्त्रकोविदैः ॥ ५५ ॥
पञ्चनिम्बमिदं कुष्ठपञ्चकव्रणनाशनम्।

पञ्चनिम्ब—नीम का पत्र, त्वक्, पुष्प, फल और मूल ये सब मिलकर पञ्चनिम्ब कहलाते हैं।

गुण-कर्म—पञ्चनिम्ब पाँच प्रकार के कुष्ठरोग तथा व्रण को दूर करता है ॥५५॥

३३. लवणपञ्चकम्

सैन्धवं रोमकं चैव सामुद्रलवणं तथा।
विडं सौवर्चलाख्यं च युक्तं लवणपञ्चकम् ॥ ५६ ॥

लवणपञ्चक—सैन्धव, औद्भिद् सामुद्र, विड और सौवर्चल ये पाँचों लवण मिल कर लवणपञ्चक कहलाते हैं ॥ ५६ ॥

३४. पञ्चशैरीषम्

शिरीषपत्रं त्वक्पुष्पफलमूल समन्वितम्।
विषारिः सर्वतः ख्यातं पञ्चशैरीषमुच्यते ॥ ५७ ॥

Bharatiya Vidya Bhavan, New Delhi Collection

In Public Domain. Digitization by eGangotri and Sarayu Trust

पञ्चशैरीष—शिरीष का पत्र, त्वक्, पुष्प, फल मूल ये सब मिल कर पञ्चशैरीष कहलाता है।

गुण-कर्म—पञ्चशैरीष विषनाशक होता है ॥ ५७ ॥

३५. पञ्चाङ्गम्

त्वक्पत्रफलमूलानि पुष्पं चैकस्य शाखिनः।
पञ्चाङ्गमिति बोद्धव्यं प्राज्ञैरेकत्र मिश्रितम् ॥ ५८ ॥

पञ्चाङ्ग—किसी वृक्ष की त्वचा पत्र, फल, मूल और पुष्प ये पञ्चाङ्ग कहलाते हैं ॥ ५८ ॥

३६. पञ्चसार्पकम्

शिरीषपञ्चपञ्चाङ्गमगदं पञ्चसार्पकम्।
सर्पदंष्ट्राविषध्वंसि विज्ञेयं शास्त्रकोविदैः ॥ ५९ ॥

पञ्चसार्पक—शिरीषपञ्चक के पञ्चाङ्ग (पत्र, त्वचा, पुष्प, फल और मूल) को पञ्चसार्पक कहते हैं।

गुण-कर्म—यह अगद, सर्पदंष्ट्रा के विष को नष्ट करने वाला होता है ॥ ५९ ॥

३७. पञ्चसूरणम्

अत्यम्लपर्णी-काण्डीर-मालाकन्द-द्विसूरणैः।
प्रोक्तो भवति योगोऽयं पञ्चसूरणसंज्ञकः ॥ ६० ॥

पञ्चसूरण—अत्यम्लपर्णी, काण्डीर, मालाकन्द, ग्राम्य और वन्य सूरणकन्द ये मिल कर पञ्चसूरण कहलाते हैं ॥ ६० ॥

३८. पञ्चसिद्धौषधिः

तैलकन्दः सुधाकन्दः क्रोडकन्दो रुदन्तिका।
सर्पनेत्रयुताः पञ्च सिद्धौषधिकसंज्ञकाः ॥ ६१ ॥

पञ्चसिद्धौषधि—तैलकन्द, सुधाकन्द, क्रोडकन्द, रुदन्ती और सर्पाक्षी यह पञ्चसिद्धौषधि कहलाती है ॥ ६१ ॥

३९. रक्तवर्गः

